फाल्गुन कृष्ण पक्ष, द्वादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 7 मार्च 2024
वर्ष -2, अंक -196, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



शनि व बृहस्पति के उपग्रहों पर मिल सकता है जीवन 16

देवरा-भाग 1 में जाह्नवी कपूर का नया लुक 2

## किसानों का दिल्ली कूच, चौकसी बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली पुलिस ने राजधानी की सीमाओं पर तेज की जांच

किसानों के विरोध-प्रदर्शन और दिल्ली कूच के मद्देनजर दिल्ली की सीमाओं पर बुधवार को यातायात प्रभावित हुआ। बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की वजह से दिल्ली-हरियाणा के सिंघु बॉर्डर और दिल्ली-नोएडा सीमा पर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें देखी गयीं। पुलिस ने सीमाओं और शहर के अन्य हिस्सों में अवरोधक लगाए हैं और मध्य दिल्ली की ओर जाने वाली सड़कों पर जांच तेज कर दी है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, पुलिस बल टिकरी, सिंघु और गाजीपुर सीमाओं के साथ-साथ रेलवे, मेट्रो स्टेशनों और बस अड्डों पर कड़ी निगरानी रख रहा है। एक अधिकारी ने बताया हमने तीनों सीमाओं पर सुरक्षा बढ़ा दी है। हालांकि हमने कोई सीमा या मार्ग को बंद नहीं किया है लेकिन वाहनों की जांच की जाएगी।

पुलिस उपायुक्त (बाहरी दिल्ली) जिमी चिराम ने बताया कि दिल्ली-हरियाणा सीमा पर बल पहले से ही तैनात है। उन्होंने कहा कि किसानों के दिल्ली कूच के आह्वान के मद्देनजर हम स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि सिंघु और टिकरी सीमाओं पर अस्थायी रूप से लगाए गए अवरोधकों को वाहनों की आवाजाही के लिए हटा दिया गया है। हालांकि पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवान अभी भी तैनात हैं। रेलवे, मेट्रो स्टेशनों और बस अड्डों पर अतिरिक्त पुलिस व अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है।

### 10 मार्च को देशव्यापी रेल रोको आंदोलन

किसान आंदोलन का नेतृत्व कर रहे दो प्रमुख संगठन किसान मजदूर मोर्चा और संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) ने रविवार को देश भर के किसानों से बुधवार को दिल्ली पहुंचने का आह्वान किया था। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर और जगजीत सिंह डल्लेवाल ने यह आह्वान किया था।

## पूर्व वायुसेनाकर्मी समेत सॉल्वर गैंग के 7 सदस्य गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**उप्र. पुलिस भर्ती परीक्षा**

- पेपर लीक मामले में एसटीएफ ने छह को मेरठ जबकि एक को दिल्ली से दबोचा
- प्रश्न पत्र और आंसर शीट भी बरामद, परीक्षा से एक दिन पहले मिल गया था पेपर

**अमृत विचार** : यूपी एसटीएफ ने वायुसेना के पूर्व कर्मचारी समेत उप्र. पुलिस की भर्ती परीक्षा में सेंधमारी करने वाले सॉल्वर गैंग के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया है। बुधवार को मेरठ से पकड़े गए छह आरोपियों के पास से मोबाइल से पेपर लीक करने के सबूत मिले हैं। वहीं, नोयडा से पकड़ा गया वायुसेना में रह चुका एक आरोपी प्रमोद पाठक भी उप्र. समेत अन्य राज्यों की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की भर्ती में सेंध लगाने वाले गिरोह का सदस्य है। इसके पास से भी वायुसेना का जाली आईडी कार्ड, अभ्यर्थियों के 26 एडमिट कार्ड, 38 हस्ताक्षरित ब्लैंक चेक, चार बैंक की चेक बुक, आरक्षी भर्ती के प्रश्न पत्र से संबंधित कागजात बरामद हुए हैं।

सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। एसटीएफ ने मंगलवार रात मेरठ हाईवे से पेपर लीक करने वाले जिन छह आरोपियों को गिरफ्तार किया, उनके पास से बरामद मोबाइल व लैपटॉप से पेपर लीक से जुड़ीं कई जानकारियां मिलीं। परीक्षा से एक दिन पहले ही इन्हें व्हाट्सएप पर पेपर मिल गया था। आरोपी पूछताछ में पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर कई बड़े राज खोल सकते हैं। इस गैंग में कुल 14 सदस्य बताए जा रहे हैं। फरार आठ आरोपियों की भी तलाश तेज कर दी गई है।

आरोपियों की पहचान दीपू उर्फ दीपक पुत्र दिनेश निवासी दुपहिया रोड पठानपुरा, बिट्टू पुत्र दयाराम निवासी अलीपुर थाना सरधना, प्रवीण पुत्र ओमपाल सिंह निवासी नगलाताशी, रोहित उर्फ ललित पुत्र विनोद कुमार निवासी गोलाबढ़ थाना टीपी नगर, नवीन पुत्र सुलेख चंद और साहिल पुत्र अमरनाथ निवासी शोभापुर थाना कंकरखेड़ा के रूप में हुई है।

### एसटीएफ द्वारा गिरफ्तार किया गया प्रमोद पाठक वायुसेना से हुआ था बर्खास्त

पूर्व वायुसेना कर्मचारी प्रमोद पाठक दिल्ली के मुखर्जीनगर से गिरफ्तार आरोपी और कई अन्य के साथ मिलकर प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक करने का काम करता था। इसके कुछ साथी पहले भी गिरफ्तार हो चुके हैं। जिनसे पूछताछ के बाद इसका नाम सामने आया था। प्रमोद पाठक (40) जामिया मिल्लिया इस्लामिया से ग्रेजुएट है। 2009 में वह एयरमैन के पद पर भर्ती हुआ था और 2022 तक खड़गपुर पश्चिम बंगाल, श्रीनगर व भारतीय वायु सेना के दिल्ली मुख्यालय पर तैनात रहा। नौकरी के दौरान ही उसने 2017 में अलीगढ़ में सेना में भर्ती के लिए फिजिकल ट्रेनिंग सेंटर खोला था। 2018 में मित्र मोनू के साथ मिलकर वायुसेना, नेवी, कोस्ट गार्ड, दिल्ली पुलिस, एसएससी जीडी व उप्र की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली कराने का गैंग चलाने लगे। सूचना पर वायुसेना के अधिकारियों जांच कराई। जिसके बाद 18 अगस्त, 2022 में प्रमोद को वायुसेना से बर्खास्त कर दिया गया।

### एक नजर

#### सेंसेक्स और निफ्टी बढ़त के साथ नए शिखर पर

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार बुधवार को शुरुआती गिरावट से उबरते हुए लाभ में रहे और दोनों मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गए। यूरोपीय बाजारों में तेजी के बीच बैंक और चुनिंदा आईटी शेयरों में लिवाली से बाजार में मजबूती आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 408.86 अंक यानी 0.55 प्रतिशत उछलकर नए रिकॉर्ड स्तर 74,085.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 474.14 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 117.75 अंक यानी 0.53 प्रतिशत मजबूत होकर नए शिखर 22,474.05 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 140.9 अंक तक चढ़ गया था।

#### प्रशिक्षु विमान दुर्घटनाग्रस्त महिला पायलट घायल

**गुना।** मध्यप्रदेश की गुना हवाईपट्टी पर आज एक प्रशिक्षु विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार महिला पायलट नैनसी मिश्रा (22) घायल हो गई। पुलिस ने कहा कि प्रशिक्षु विमान राज्य के नीमच से सागर जिले के ढाना तक की उड़ान पर था। उड़ान के दौरान महिला पायलट को कुछ तकनीकी परेशानी प्रतीत हुई। इसके बाद उसने गुना हवाईपट्टी पर अनुमति के बाद आपातकालीन लैंडिंग कराई। लैंडिंग के दौरान विमान झाड़ियों में जा घुसा।

**प्रधानमंत्री ने कहा-संदेशखालि के गुनहगारों को बचाने में लगी ममता सरकार**

## महिलाओं पर अत्याचार ने किया शर्मसार

### बोले-संदेशखालि का ज्वार पूरे बंगाल में फूटेगा, तृणमूल कांग्रेस का कर देगा सफाया

बारासात (पश्चिम बंगाल), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि संदेशखालि में नारी शक्ति पर अत्याचार का घोर पाप हुआ है और इससे हर किसी का सिर शर्म से झुक गया है। आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेतृत्व वाली सरकार राज्य की महिलाओं के गुनाहगारों को बचाने के लिए पूरी शक्ति लगा रही है जबकि उसे हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक में झटका लगा है। राज्य सरकार के इस व्यवहार से बंगाल की महिलाएं... देश की महिलाएं आक्रोश में हैं। नारी शक्ति के आक्रोश का यह ज्वार संदेशखालि तक ही सीमित नहीं रहने वाला है, बल्कि यह पूरे बंगाल तक जाएगा और पूरे राज्य में टीएमसी को खत्म कर देगा। संदेशखालि में तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख और उनके साथियों पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने के आरोप हैं।

प्रधानमंत्री ने बुधवार को उत्तर 24 परगना जिले के मुख्यालय बारासात में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से आयोजित 'नारी शक्ति वंदन अभिनंदन' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधा, कहा कि 'संदेशखालि का ज्वार' पूरे पश्चिम बंगाल में फूटेगा, जहां 'नारी शक्ति' लोकसभा चुनावों में राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी को हराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

मोदी ने तृणमूल कांग्रेस सरकार पर राज्य में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के बजाय तुष्टीकरण की राजनीति को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि तुष्टीकरण और तोलाबाजों के दबाव में काम करने वाली टीएमसी सरकार कभी भी बहन-बेटियों को सुरक्षा नहीं दे सकती है। वहीं दूसरी तरफ केंद्र की सरकार है जिसने बलात्कार जैसे संगीन अपराध के लिए फांसी की सजा तक की व्यवस्था की है। लेकिन यहां नारी पर अत्याचार का घोर पाप हुआ है।



### पानी के भीतर देश की पहली मेट्रो का किया लोकार्पण

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कोलकाता मेट्रो के एस्प्लेनेड-हावड़ा मैदान खंड का लोकार्पण किया। यह खंड देश में पहली बार पानी के अंदर बने परिवहन सुरंग के माध्यम से हुगली नदी के नीचे से होकर गुजरता है। लोकार्पण कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री ने स्कूल के छात्रों के साथ एस्प्लेनेड से हावड़ा मैदान तक मेट्रो की यात्रा की। यह सुरंग देश की उन्नत अभियांत्रिकी क्षमताओं का साक्ष्य है। प्रधानमंत्री के साथ राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुईं। अधिकारियों ने बताया कि 4.8 किलोमीटर लंबा हावड़ा मैदान-एस्प्लेनेड खंड ईस्ट वेस्ट कॉरिडोर का हिस्सा है और इसका निर्माण 4,960 करोड़ रुपये की लागत से 14 अप्रैल 2009 को शुरू हुआ था।

### ईडी को अवमानना याचिका की अनुमति

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख की हिरासत सीबीआई को नहीं सौंपे जाने के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ अवमानना याचिका दायर करने की बुधवार को अनुमति दी। ईडी की ओर से पेश डिप्टी सॉलीसिटर जनरल धीरज त्रिवेदी ने अवमानना याचिका दाखिल करने की अनुमति देने का अनुरोध किया था।

### सीबीआई को सीआईडी ने शाहजहां शेख की हिरासत सौंपी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सीआईडी ने संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर हमले के मामले में मुख्य आरोपी शाहजहां शेख की हिरासत अंततः बुधवार शाम को सीबीआई को सौंप दी। सीआईडी ने यह कदम कलकत्ता हाईकोर्ट द्वारा उसे केंद्रीय एजेंसी को सौंपने के लिए लगातार दो दिन दिए निर्देश के बाद उठाया। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह संदेशखालि में ईडी टीम पर हमले की जांच को सीबीआई को स्थानांतरित करने और मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को सौंपने के उसके मंगलवार के आदेश को तुरंत लागू करे। सीबीआई टीम अपराह्न चार बजे से पहले ही भवानी भवन पहुंच गई। लेकिन सीआईडी ने शाहजहां को शाम 6:48 बजे केंद्रीय एजेंसी को सौंपा।

## मंत्रिमंडल में कई मंत्रियों का कामकाज होगा कम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पुराने मंत्रियों के विभागों में फेरबदल संभव, नए मंत्रियों को जल्द आवंटित होंगे विभाग

**अमृत विचार** : प्रदेश मंत्रिमंडल में शामिल पुराने मंत्रियों का बोझ कम करते हुए चार नए मंत्रियों को विभाग आवंटित किए जाने की तैयारी है। नए बने मंत्रियों को जहां जल्द ही विभाग आवंटित किए जाएंगे वहीं, कई मंत्रियों के विभाग में भी फेरबदल हो सकता है। दरअसल कुछ मंत्रियों के पास दो से पांच विभागों तक की जिम्मेदारी है। ऐसे में मंत्रियों का बोझ हल्का किया जा सकता है।

जिन चार नेताओं को मंगलवार को मंत्रीपद सौंपा गया है उनमें ओपी राजभर, दारा सिंह चौहान, अनिल कुमार और सुनील कुमार शर्मा शामिल हैं। इनमें से राजभर और दारा पिछली योगी सरकार में भी मंत्री रह चुके हैं। दरअसल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली पहली भाजपा सरकार में ओम प्रकाश राजभर 9 मार्च 2017 को कैबिनेट मंत्री बने जिन्हें पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सौंपा गया था।

हालांकि, 20 मई 2019 को राजभर को गठबंधन विरोधी गतिविधियों के कारण मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर दिया गया था। फिलहाल ये विभाग नरेंद्र कश्यप के पास हैं जो कि इस मौजूदा कैबिनेट में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हैं। वहीं, दारा सिंह चौहान के पास वन विभाग था। वर्तमान में इस विभाग का जिम्मा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), डॉ. अरुण कुमार सक्सेना के पास है। डॉ. सक्सेना के प्रोफाइल में पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन शामिल है।

बहरहाल, वर्तमान में चार से पांच विभाग रखने वाले कुछ मंत्रियों की बात की जाए तो इनमें धर्मपाल सिंह के पास पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज और नागरिक सुरक्षा विभाग हैं। वहीं, योगेन्द्र उपाध्याय के पास उच्च शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग हैं। जबकि, राकेश सचान के पास सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग हैं।

## गैंगरेप की शिकार किशोरियों की आत्महत्या के बाद पिता ने जान दी

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- 29 फरवरी को लगाया था दोनों पीड़िताओं ने गले में फंदा
- भाई ने कहा- समझौते के लिए धमका रहे थे गैंगरेप के आरोपी

**अमृत विचार** : घाटमपुर के एक ईंट भट्ठे में पिछले हफ्ते गैंगरेप के बाद दुष्कर्म का वीडियो बनाने के मामले में आत्महत्या करने वाली दो किशोरियों में से एक के पिता ने आरोपी पक्ष से मिल रही धमकियों के बाद बुधवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनके बेटे ने आरोप लगाया कि गैंगरेप के आरोपी समझौते के लिए धमकी दे रहे थे। इसी कारण पिता ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना घाटमपुर के बरौली गांव के ईंट भट्ठे में परिवार के साथ मजदूरी करने वाली दो नाबालिग चचेरी बहनों के साथ भट्ठे के ठेकेदार रामस्वरूप, उसके पुत्र रज्जू और भांजे संजू ने सामूहिक दुष्कर्म किया था। दुष्कर्म की वीडियो और फोटो खींच कर उन्हें ब्लैकमेल कर रहे थे। जिससे आहत दोनों किशोरियों ने 29 फरवरी को ईंट भट्ठे के निकट पेड़ पर एक साथ फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। किशोरी के भाई का आरोप है कि आरोपी और ईंट भट्ठा संचालक मामला रफा-दफा करने को लेकर दबाव डाल रहे थे, लेकिन कांग्रेस महिला विंग ने मामले को ट्वीट कर दिया। जिस पर पुलिस ने तीनों आरोपियों रामस्वरूप, रज्जू और संजू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अब घटना के एक सप्ताह बाद बुधवार को एक किशोरी के पिता ने गांव से करीब डेढ़ किमी दूर पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी ने घटनास्थल पहुंचकर मामले की जांच की। इस संबंध में थाना प्रभारी सिसोलर ने बताया कि तहरीर मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी।

## पूर्व सांसद धनंजय सिंह को सात साल की सजा

जौनपुर, एजेंसी

- अपहरण, रंगदारी मांगने के मामले में पाए गए थे दोषी

जौनपुर की एमपी-एमएलए विशेष कोर्ट ने अपहरण और रंगदारी मांगने के मामले में बुधवार को बाहुबली पूर्व सांसद धनंजय सिंह और उनके एक सहयोगी को सात-सात साल की कैद और जुर्माने की सजा सुनाई। जिला शासकीय अधिवक्ता सतीश पांडेय ने बताया कि 10 मई 2020 को नमामि गंगे के परियोजना प्रबंधक के अपहरण, रंगदारी मांगने, षड्यंत्र रचने तथा अपशब्द कहने और धमकी देने के मामले में विशेष एमपी-एमएलए अदालत के न्यायाधीश शरद कुमार त्रिपाठी ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह और उनके सहयोगी संतोष विक्रम को मंगलवार को दोषी ठहराया था। बुधवार को उन्हें सात-सात साल की कैद और 75-75 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। यह सजा के बाद धनंजय अब चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हो गए हैं।

सजा का ऐलान होते ही न्यायालय परिसर में जमा धनंजय सिंह के तमाम समर्थक मायूस हो गए। धनंजय सिंह ने 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ने की पूरी तैयारी की थी।

## पहले सैफई-इटावा के नाम से डरते थे लोग

कार्यालय संवाददाता, इटावा



- अब परिस्थितियां बदल गईं, तेरा-मेरा नहीं चलता, पीएम के विजन से चहुंओर विकास
- सीएम ने सैफई विवि में 500 बेड के सुपर स्पेशियलिटी हास्पिटल का किया लोकार्पण
- आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय बनाने के लिए दिवंगत मुलायम सिंह का जताया आभार

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि पहले लोग इटावा व सैफई के नाम से डरते थे लेकिन अब परिस्थितियां बदल गई हैं। प्रधानमंत्री मोदी के विजन, सबका साथ सबका विकास के बाद अब यूपी में तेरा-मेरा नहीं चलता है। यूपी सरकार भी स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में लगी है। सैफई में आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय बड़ी उपलिब्ध है। ग्रामीण क्षेत्र में विश्वविद्यालय की स्थापना करने के लिए वह सपा संस्थापक दिवंगत मुलायम सिंह यादव को आभार और श्रद्धांजलि देते हैं। मुख्यमंत्री सैफई विवि में 490 करोड़ की लागत से बने 500 बेड के सुपर स्पेशियलिटी हास्पिटल का लोकार्पण करने के बाद विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने 14 गैर शैक्षणिक स्टाफ को नियुक्ति पत्र दिए। मुख्यमंत्री को जब पता चला कि इन कर्मचारियों में कई प्रदेशों के लोग हैं तो काफी खुश हुए और कहा कि आज सैफई में लघु भारत के दर्शन हुए हैं। इस दौरान उनके साथ उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री ने सुनाया 28 वर्ष पुराना किस्सा

मुख्यमंत्री ने इटावा, सैफई के नाम से लोगों में व्याप्त दहशत को एक किस्से के रूप में सुनाया। बताया कि वह तीन संतों के साथ 1996 में जयपुर से कानपुर जा रहे थे। आगरा पहुंचने में रात हो गई थी। तब उनको पुलिस ने रोक लिया और आगे न जाने की सलाह दी। पूछने पर बताया कि आगे जाओगे तो कुछ भी घटना हो सकती है।

## क्वांटम ग्रुप के चेयरमैन के ठिकानों पर आयकर छापा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- टैक्स चोरी के आरोप में अधिकारियों ने की छानबीन

**अमृत विचार** : आयकर विभाग के अधिकारियों ने बस्ती के क्वांटम ग्रुप के अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव के ठिकानों छापेमारी की है। लखनऊ और गोरखपुर की टीम ने मंगलवार की सुबह बैरीहवा मोहल्ले में उनके आवास पर छापा मारा। यह कार्रवाई बुधवार तक चलती रही। राकेश पर आरोप है कि, कंपनी के लेनदेन में टैक्स की चोरी की है। अधिकारियों ने राकेश से पूछताछ भी की है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, क्वांटम ग्रुप के अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव के संबध को कानपुर के तंबाकू व्यापारी केके मिश्रा से जोड़कर देखा जा रहा है। हाल ही में कानपुर के तंबाकू व्यापारी केके मिश्रा के आवास पर आयकर की रेड पड़ी थी। बस्ती के रहने वाले राकेश श्रीवास्तव ना सिर्फ व्यवसाई हैं, बल्कि राजनीतिक रसूख के लिए भी जाने जाते हैं। उन्होंने बस्ती नगर पालिका का चुनाव भी लड़ा है। इन दिनों चर्चा रही कि वह बसपा से लोकसभा चुनाव भी लड़ सकते हैं। राकेश क्वांटम ग्रुप ऑफ कंपनीज के अध्यक्ष हैं, जिसका दफ्तर लखनऊ, नोएडा सहित कई जिलों में है।

## अयोध्या-देहरादून विमान सेवा शुरू

**अयोध्या।** अयोध्या से उत्तराखंड के देहरादून के लिए फ्लाइट का संचालन बुधवार से शुरू हो गया। देहरादून एयरपोर्ट से सुबह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए विमान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विमान सुबह साढ़े नौ बजे टेकऑफ हुआ और दोपहर करीब 12 बजे अयोध्या पहुंचा। अयोध्या एयरपोर्ट निदेशक विनोद कुमार के मुताबिक देहरादून से 71 यात्री अयोध्या पहुंचे। यह सेवा सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को संचालित होगी। उड़ान देहरादून से सुबह 9.40 बजे चलकर 11.30 बजे अयोध्या पहुंचेगी, यहां से 12.15 बजे चलकर 1.55 बजे देहरादून पहुंचेगी।

**कारगर व्यवस्था** | ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती विश्वविद्यालय के छात्रों ने फसलों की निगरानी के लिए बनाई डिवाइस

## अल्ट्रासोनिक-इंफ्रारेड तरंगों से होगी फसलों की सुरक्षा

जीशान कदीर, लखनऊ

**अमृत विचार** : अब जानवरों से घबराने की जरूरत नहीं, भाषा विश्वविद्यालय का तैयार पेटेंट फसलों की न सिर्फ निगरानी करेगा, बल्कि उसको नुकसान से भी बचाएगा। विवि प्रशासन का दावा है कि देश में तैयार पहला पेटेंट जानवरों को नुकसान पहुंचाए बिना खदेड़ने की क्षमता रखता है।

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती विश्वविद्यालय (भाषा) के कुलपति प्रोफेसर नरेन्द्र बहादुर सिंह बताते हैं कि उप्र में किसानों की जितनी समस्या उपज को लेकर है, उससे कहीं अधिक उसे बचाने की। इसके लिए विवि की इंजीनियरिंग संकाय की डॉ. ममता शुक्ला द्वारा पेटेंट तैयार किया गया है। इसमें बॉयोटेक्नॉलाजी कंप्यूटर साइंस ग्रुप के छात्रों की टीम भी शामिल है। डॉ. ममता बताती हैं कि सोलर और बैट्री पर आधारित डिवाइस खेतों में लगते ही फसलों की निगरानी करेगी। इसका संपर्क किसान के मोबाइल से होगा। जैसे ही कोई जानवर अथवा कीट (नीलगाय, खरगोश, चूहा, पतिंगा) खेतों में घुसेगा, डिवाइस का सेंसर ऑन हो जाएगा। ऐसे में मोबाइल भी अलर्ट करने लगेगा। किसान द्वारा मोबाइल से एक क्लिक करते ही डिवाइस के सहारे अल्ट्रासोनिक वेव्स और इंफ्रा रेड किरणें निकलने लगेंगी। चंद लम्हों में जानवर अथवा कीट इतना परेशान हो जाएगा कि उसे खेत छोड़ना ही पड़ेगा। डॉ. ममता बताती हैं कि केन्द्र सरकार की अनुमति से डिजाइन पेटेंट तैयार हो गया है, जल्द ही ये बाजार में आकर किसानों को लाभ देगा।



### डिवाइस को दिया गया ए वन एग्रीकल्चर का स्वरूप

भाषा विवि की टीम द्वारा तैयार डिवाइस को ए वन एग्रीकल्चर का स्वरूप दिया गया है। डॉ. ममता बताती हैं कि अभी इसका स्वरूप प्रोटो टाइप (छोटा) है, लेकिन खपत के हिसाब से इसे विस्तार देने की भी तैयारी है।

**फसलों को नुकसान से बचाने को इनोवेशन का कराया पेटेंट**

### नुकसान पहुंचाने वाले दो मिनट में होंगे खेत से बाहर

तैयार डिवाइस से निकलने वाली अल्ट्रासोनिक और इंफ्रा रेड तरंगों से किसी भी जानवर अथवा कीट- पतंगे को शारीरिक नुकसान नहीं पहुंचेगा। ये तरंगे मानसिक तौर पर बेचैन करेंगी। जिससे फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले पशु, कीट दो मिनट के भीतर ही खेत से बाहर होंगे।

### 70 से 80 फीसद तक क्षति पहुंचाते हैं कीट और जंतु

धान की फसल में 40 से 50 फीसद तक नुकसान कीटों द्वारा किया जाता है। गोदाम में 17 से 20 फीसद तक अनाज चूहों द्वारा नष्ट किये जाते रहे हैं। फल चूषक कीट एवं फल मक्खी द्वारा 70 से 80 फसल तक फसलों का नुकसान होता है। पक्षियों द्वारा ज्वार, बाजरा, रागी करीब 70 फीसद तक नष्ट की जाती है।

# फिट और उपलब्ध होने पर घरेलू क्रिकेट खेलना अहम: रोहित

## बोर्ड के निर्देशों की अनदेखी पर इशान किशन और श्रेयस अय्यर को केंद्रीय अनुबंध से किया गया था बाहर



धर्मशाला, एजेंसी

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा चाहते हैं कि राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं बनाने वाले खिलाड़ी खुद को घरेलू क्रिकेट के लिए उपलब्ध रखें, बशर्ते बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने उन्हें 'अनफिट' घोषित न किया हो।

बीसीसीआई ने अनुबंधित क्रिकेटरों को घरेलू क्रिकेट को प्राथमिकता देने की सलाह दी थी और रणजी खेलने के बोर्ड के निर्देशों की अनदेखी पर इशान किशन और श्रेयस अय्यर को केंद्रीय अनुबंधित पूल से बाहर कर दिया था। इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम टेस्ट से पूर्व रोहित ने स्पष्ट किया कि यह कदम सभी पर लागू होता है। रोहित ने कहा कि खिलाड़ियों को खुद को घरेलू क्रिकेट के लिए उपलब्ध कराना होगा जब तक कि उन्हें चिकित्सा समूह से प्रमाण पत्र नहीं मिल जाए उन्हें आराम की जरूरत है। अगर आप उपलब्ध हैं, आप फिट हैं, अगर आप ठीक हैं, तो यह अहम है कि हम जाएं और खेलें। रोहित धर्मशाला टेस्ट की तैयारी में व्यस्त हैं लेकिन फिर भी उन्हें रणजी के सेमीफाइनल को देखने का समय मिला है, जिसमें उनकी अपनी घरेलू टीम मुंबई ने भाग लिया था। उन्होंने कहा कि आपने इस सप्ताह खेली गई रणजी देखी। मैंने मुंबई और तमिलनाडु का मुकाबला देखा। मुझे लगता है कि विदर्भ ने जीत हासिल की। कप्तान ने कहा कि जब इस तरह के मुकाबले होते हैं तो आप देखते हैं कि गुणवत्ता और हर चीज सबके सामने आ जाती है।

### अश्विन की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम

**धर्मशाला।** कप्तान रोहित शर्मा ने 100वां टेस्ट मैच खेलने की तैयारी में लगे रविचंद्रन अश्विन को दुर्लभ प्रतिभा का खिलाड़ी करार देते हुए कहा कि इस ऑफ स्पिनर की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम होगी। भारत 5 मैच की शृंखला में पहले ही 3–1 से अजेय बढ़त हासिल कर चुका है तथा इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाले टेस्ट मैच के परिणाम का शृंखला के नतीजे पर कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन यह मैच अश्विन और इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो का 100वां टेस्ट होगा। रोहित ने कहा कि किसी भी खिलाड़ी के लिए 100 टेस्ट खेलना बड़ी उपलब्धि होती है। वह हमारे लिए मैच विजेता खिलाड़ी रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 5–7 वर्षों में उसके प्रदर्शन को देखिए। प्रत्येक शृंखला में उसने योगदान दिया है। उस जैसे खिलाड़ी दुर्लभ होते हैं। अश्विन के नाम पर टेस्ट में 507 विकेट दर्ज हैं। भारतीय कप्तान ने रजत पाटीदार का भी समर्थन किया। रोहित ने कहा कि पाटीदार योग्य खिलाड़ी है। मैं उसे पसंद करता हूं। मैं उसे एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी के रूप में देखता हूं। हमें उसे कुछ और समय देना होगा। रोहित ने कहा कि टीम की मुश्किल परिस्थितियों में वापसी करने की क्षमता असाधारण है।

# मां ने अस्पताल में कहा था, टेस्ट मैच चल रहा है तुम्हें जाना चाहिए: अश्विन

धर्मशाला, एजेंसी



- माता-पिता के त्याग को याद कर भावुक हुए भारतीय ऑफ स्पिनर

चेन्नई के अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में लेटी चित्रा रविचंद्रन बार-बार बेहोश हो रही थीं, लेकिन जब उन्होंने बेटे अश्विन को अपने पास देखा तो उनके मन में बस एक सवाल था, 'तुम यहां क्यों आए?' मां के बीमार होने होने पर अश्विन राजकोट में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे मैच के बीच में घर चले गए। अश्विन की मां अचेत थी और अस्पताल में भर्ती थी।

अश्विन ने कहा कि जब मैं अस्पताल पहुंचा, तो मेरी माँ होश में आने के बाद बेहोश हो जा रही थी। मुझे वहां देखने के बाद उन्होंने पहली चीज मुझसे पूछी, 'तुम क्यों आए'? अगली बार जब वह होश में आई तो उसने कहा, मुझे लगता है कि तुम्हें वापस जाना चाहिए क्योंकि टेस्ट मैच चल रहा है। इस ऑफ स्पिनर ने अपने माता-पिता रविचंद्रन और चित्रा के त्याग को याद करते हुए कहा कि दोनों ने उन्हें क्रिकेटर बनाने के लिए कई कुर्बानियां दी है।

उन्होंने कहा कि मेरा पूरा परिवार क्रिकेट और मेरे करियर को सुविधाजनक बनाने के लिए बना है। यह आसान नहीं है। यह उनके लिए कठिन रहा है। यह उनके लिए भावनात्मक तौर पर काफी उतार-चढ़ाव से भरा रहा है। मैं अब 35 साल से अधिक का हूं और मेरे पिता अब भी ऐसे मैच देखते हैं जैसे यह मेरा पहला मैच हो। यह उनके लिए बहुत मायने रखता है। अगर मै तुलना करूं तो मेरे मैच मुझ से ज्यादा उनके लिए मायने रखते हैं। अश्विन के पिता क्रिकेट के प्रशंसक है। वह टीएनसीए के प्रथम श्रेणी लीग मैचों को देखने के लिए भी मैदान पर मौजूद रहते हैं।

## खेल डायरी

### विदर्भ रणजी फाइनल में, अब मुकाबला मुंबई से

**नागपुर, एजेंसी।** तेज गेंदबाज आदित्य ठाकरे और यश ठाकुर की गेंदबाजी से विदर्भ ने बुधवार को मध्य प्रदेश को 62 रन से हराकर रणजी के फाइनल में जगह बनाई जहां उसका सामना 41 बार के चैंपियन मुंबई से होगा। मध्य प्रदेश ने मैच के पांचवें और अंतिम दिन सुबह अपनी दूसरी पारी 6 विकेट पर 228 रन से आगे बढ़ाई। तब वह लक्ष्य से 93 रन पीछे था लेकिन ठाकरे और ठाकुर (दोनों दो–दो विकेट) की तेज गेंदबाजी के सामने उसके बल्लेबाज नहीं चल पाए और टीम 258 रन पर आउट हो गई। यह तीसरा अवसर है जबकि विदर्भ ने रणजी फाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले दोनों अवसरों पर वह चैंपियन बना था। उसने 2017–18 में दिल्ली और 2018–19 में सौराष्ट्र को हराया था। मध्य प्रदेश 2021–22 का रणजी चैंपियन है। उसके सामने 321 रन का लक्ष्य था तथा 6 विकेट गंवाने के बावजूद उसके पास जीतने का मौका था लेकिन उसके निचले क्रम के बल्लेबाज नहीं चल सके। ठाकरे ने कल के अविजित बल्लेबाज कुमार कार्तिकेय को बोल्ड करके उन्हें खाता भी नहीं खोलना दिया। ठाकरे ने अनुभव अग्रवाल (0) को भी बोल्ड करके मध्य प्रदेश का स्कोर 8 विकेट पर 234 रन कर दिया। सारांश जैन (25) ने कुछ देर तक संघर्ष किया। ठाकुर ने उनको बोल्ड करके विदर्भ की जीत तय की।

**इंडियन वेल्स मास्टर्स टूर्नामेंट**

### अंतिम क्वालीफाइंग राउंड में हारे नागल

**इंडियन वेल्स (अमेरिका), एजेंसी।** भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल इंडियन वेल्स मास्टर्स टूर्नामेंट के अंतिम क्वालीफाइंग दौर में द. कोरिया के सियोंग चान होंग से हार गए। मंगलवार को खेले गए इस मैच में नागल को 6–2, 2–6, 6–7 (4–7) से हार का सामना करना पड़ा। नागल ने क्वालीफाइंग के पहले दौर में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले अमेरिका के खिलाड़ी स्टीफन डोस्टानिक को सीधे सेटों में हराया था। क्वालीफाइंग के दूसरे दौर में हारने के बावजूद नागल को 10 रैंकिंग अंक और 14400 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि मिली। नागल इस साल के शुरू में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे थे।

### एमबापे के दो गोल की मदद से पीएसजी क्वार्टर फाइनल में

**सैन सेबेस्टियन (स्पेन), एजेंसी।** किलियन एमबापे के दो गोल की मदद से पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने रीयाल सोसिडाड को 2–1 से हराकर चैंपियंस लीग फुटबाल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पीएसजी की जीत में दोनों गोल एमबापे ने किए जिससे उनकी टीम 4–1 के अंतर से जीत गई। पीएसजी ने पहले दौर का मैच 2–0 से जीता था और उसमें भी एमबापे ने एक गोल किया था। एमबापे पहले ही कह चुके हैं कि पीएसजी के साथ यह उनका अंतिम सत्र होगा। पीएसजी ने अभी तक चैंपियंस लीग का खिताब नहीं जीता है। वह 2020 में उपविजेता रहा था जबकि 2021 में उसने सेमीफाइनल ने जगह बनाई थी। इस बीच म्यूनिख में खेले मैच में बायर्न म्यूनिख ने हैरी केन के दो गोल से लाजियो को 3–0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

### खेलो इंडिया में भाग लेने वाले खिलाड़ी होंगे सरकारी नौकरी के पात्र: अनुराग ठाकुर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि खेलो इंडिया में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी मिलेगी। ठाकुर ने कहा कि खेलो इंडिया यूथ यूनिवर्सिटी खेलो इंडिया पैरा गेम्स और खेलो इंडिया विंटर गेम्स के सभी खेलों के खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी में मौका मिलेगा। खेल मंत्री ने एक्स पर लिखा, हमारे प्रधानमंत्री के अनुरूप एक मजबूत खेल पारिस्थितिकी तंत्र के दृष्टिकोण को जमीनी स्तर पर प्रतिभा का पोषण करना और खेल को आकर्षक और व्यवहार्य करियर विकल्प में बदलना। खेलो इंडिया एथलीट अब सरकारी नौकरियों के लिए पात्र होंगे। उन्होंने कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, इंडिया स्पोर्ट्स के परामर्श से यह अभूतपूर्व कदम अब खेलो इंडिया गेम्स– यूथ, यूनिव से पदक विजेताओं की सरकारी नौकरियों के लिए पात्रता बढ़ाता है। इसके अतिरिक्त, विभिन्न खेलों में समावेशिता सुनिश्चित करने के लिए खेलों और आयोजनों को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है। ये संशोधित नियम भारत को एक खेल महाशक्ति बनाने में हमारे एथलीटों का समर्थन करने में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक हैं।

# मैच को यादगार बनाने उतरेगा भारत जीत संग स्वदेश जाना चाहेगा इंग्लैंड

## भारतीय ऑफ स्पिनर अश्विन और इंग्लैंड के बेयरस्टो खेलेंगे अपना 100वां टेस्ट मैच

धर्मशाला, एजेंसी



तीन मैच में जीत से शृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने वाली भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाले टेस्ट मैच को अपने स्टार ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के लिए यादगार बनाने की कोशिश करेगी जिनका यह 100वां मैच होगा। इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो का भी यह 100वां मैच होगा और उनकी टीम भी जीत के साथ अभियान का समापन करने को प्रतिबद्ध है।

भारत ने रांची में चौथा टेस्ट जीत कर घरेलू धरती पर शानदार रिकार्ड बरकरार रखा। अब भारत की निगाह शृंख़ला 4-1 से जीत कर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में शीर्ष पर पहुंचने की है। वहीं, यहां की पिच और मौसम को देखकर इंग्लैंड को घरेलू धरती पर होने का अहसास हो रहा है। मैच के पहले दो दिन तापमान 10 डिग्री तक रहने की संभावना है। मैच की पूर्व संध्या पर पिच सपाट नजर आ रही है लेकिन नमी से शुरू में तेज गेंदबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है, लेकिन स्पिनरों की भूमिका को कम नहीं आंका जा सकता है।

हाल में यहां खेले गए रणजी मैचों में टीमों ने कई बार 300 रन से अधिक का स्कोर बनाया। बड़ौदा ने एक मैच में 482 रन बनाए जो वर्तमान सत्र में इस मैदान पर सबसे बड़ा स्कोर है। हालांकि भारत के दो तेज गेंदबाजों और तीन स्पिनरों के साथ उतरने की संभावना है। जसप्रीत बुमराह की वापसी से भारतीय आक्रमण मजबूत हुआ है। मोहम्मद सिराज तेज गेंदबाजी और अश्विन, जडेजा और कुलदीप के कंधों पर स्पिन की जिम्मेदारी होगी। कुलदीप ने 2017 में इसी मैदान पर टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। केएल राहुल ने अभी तक पूर्ण फिटनेस हासिल नहीं की है और ऐसे में रजत पाटीदार को एक और मौका मिल सकता है। टीम में जगह बनाए रखने के लिए यह उनके पास आखिरी मौका हो सकता है।

भारतीय टीम प्रबंधन के पास मध्यक्रम में देवदत्त पडिक्कल के रूप में एक अन्य विकल्प है। सरफराज खान ने राजकोट में पहले मैच में शानदार बल्लेबाजी की थी लेकिन रांची में उनका बल्ला नहीं चला था और वह उसकी भरपाई यहां करना चाहेंगे। यशस्वी जायसवाल एक और बड़ी पारी खेल कर किसी एक शृंखला में 700 से अधिक रन बनाने वाले दूसरे भारतीय बनने की कोशिश करेंगे। केवल सुनील गावस्कर के नाम यह उपलब्धि हैं।

**मैच : सुबह 9.30 बजे से**

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, केएस भरत, देवदत्त पडिक्कल, आर अश्विन, रविंद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मो. सिराज, मुकेश कुमार, आकाश दीप।

**इंग्लैंड:** बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन फॉक्स, टॉम हार्टले, मार्क वुड, जेम्स एंडरसन, शोएब बशीर।

# धर्मशाला की पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल: स्टोक्स

धर्मशाला, एजेंसी



इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने धर्मशाला की पिच को पूरी तरह से बल्लेबाजी के अनुकूल बताया और यही मुख्य कारण है कि उन्होंने भारत के खिलाफ शुरू होने वाले टेस्ट के लिए एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज को टीम में नहीं चुना।

धर्मशाला में सामान्य से अधिक ठंड होने से गेंदबाजों की दिलचस्पी बनी रहती है लेकिन पिच पर कोई घास नहीं छोड़े जाने से इंग्लैंड के बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। इंग्लैंड ने अंतिम एकादश में ओली रोबिन्सन की जगह मार्क वुड को लिया है। स्टोक्स ने कहा कि यहां पहुंचने से पहले हम सोच रहे थे कि आक्रमण में 3 तेज गेंदबाज और 1 स्पिनर शामिल होगा लेकिन फिर जब हमने विकेट देखा और आज इसे फिर से देखा तो मुझे लगता है कि दो तेज गेंदबाजों और दो स्पिनरों के साथ जाना शायद सही होगा।

उन्होंने कहा कि हमें लगा कि हम जहां हैं, उसके कारण शायद विकेट पर थोड़ी घास होगी लेकिन विकेट बल्लेबाजी के अनुकूल दिखता है इसलिए दो तेज गेंदबाजों को खेलना और फिर भी बैश (शोएब बशीर) तथा टॉम (हार्टले) के होने से हमें एक अच्छा मिश्रण मिलता है। मैं इस बारे में थोड़ा अनिश्चित हूं कि जैसे-जैसे टेस्ट आगे बढ़ेगा तो क्या होगा। इंग्लैंड ने स्टोक्स और कोच ब्रेंडन मैकुलम के नेतृत्व में शुरू हुए 'बैजबॉल' युग में पहली बार टेस्ट शृंखला गंवाई है।

### इंग्लैंड ने तेज गेंदबाजों और स्पिनरों पर लगाया दांव

**धर्मशाला।** इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट के लिए तेज गेंदबाजी के साथ स्पिनरों को टीम में तरजीह दी है। इंग्लैंड की टीम और प्रबंधन ने बुधवार को पिच का निरीक्षण किया गया। जिसके बाद उन्होंने टीम में एक बदलाव करते हुए तेज गेंदबाजों को कल होने वाले मैच में खिलाने के लिए ओली रॉबिन्सन की जगह मार्क वुड प्लेइंग इलेवन में शामिल किया है। इंग्लैंड ने कल के टेस्ट के लिए स्पिनर टॉम हार्टले और शोएब बशीर को टीम में बरकरार रखने का फैसला किया। हालांकि चौथे टेस्ट में 70 ओवर के दौरान बशीर की उंगली में चोटिल हो गई थी।

# केवल 'वास्तविक' पहलवानों को ही ट्रायल्स में भाग लेने देगा महासंघ

नई दिल्ली, एजेंसी




कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने स्पष्ट किया है कि वह 10 मार्च से शुरू होने वाले दो दिवसीय चयन ट्रायल्स में केवल उन्हीं पहलवानों को भाग लेने की अनुमति देगा जो अपने मूल राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। डब्ल्यूएफआई ने पहलवानों को एक से अधिक वजन वर्गों में प्रतिस्पर्धा की अनुमति का भी फैसला किया है। डब्ल्यूएफआई ने लिखा कि जयपुर में आयोजित सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने वाले पहलवान अपने राज्य की वास्तविकता की पुष्टि करने के लिए डब्ल्यूएफआई की लाइसेंस बुक, जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड लेकर आएंगे। हरियाणा के कई पहलवानों ने जयपुर में तदर्थ समिति द्वारा कराई राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अरुणाचल और सिक्किम का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने कहा कि सिक्किम और अरुणाचल मान्यता प्राप्त इकाइयां नहीं है। हम किसी को प्रतिस्पर्धा से नहीं रोक सकते हैं लेकिन पहलवान को अपने मूल राज्य का प्रतिनिधित्व करना होगा। अगर अरुणाचल का कोई पहलवान ट्रायल्स में आता है तो हम उसे भाग लेने की अनुमति देंगे।

# शबनीम ने महिला क्रिकेट में सबसे तेज गेंद फेंकी

नई दिल्ली, एजेंसी

- 130 किमी से अधिक की रफ्तार से द. अफ्रीका की तेज गेंदबाज ने डाली गेंद



द. अफ्रीका की तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल ने महिला क्रिकेट में अब तक की सबसे तेज गेंद फेंककर नया इतिहास रचा। गेंद की रफ्तार नापने वाली मशीन 'स्पीड गन' आने के बाद यह पहला अवसर है जबकि महिला क्रिकेट में किसी गेंदबाज ने 130 किमी से अधिक की रफ्तार से गेंद की।

डब्ल्यूपीएल में मुंबई इंडियंस से खेलते हुए इस्माइल ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के दौरान 132.1 किमी (80.08 मील) प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद करके नया रिकॉर्ड बनाया। महिला क्रिकेट की यह सबसे तेज गेंद ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान मेग लैनिंग के पैड से टकराई। यह तीसरे ओवर की दूसरी गेंद थी। मुंबई के खिलाड़ियों ने पगबाधा की अपील की लेकिन अंपायर ने ठुकरा दिया। द. अफ्रीका से महिला टी-20 विश्व कप में भाग लेने वाली इस्माइल ने पिछले साल घरेलू धरती पर खेली गई इस प्रतियोगिता के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। उन्होंने 2016 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 128 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद की थी। इस्माइल ने 2022 में महिला विश्व कप के दौरान दो बार 127 किमी की रफ्तार से गेंद की थी। इस्माइल ने कहा कि जब मैं गेंदबाजी करती हूं तो वास्तव में बड़ी स्क्रीन की तरफ नहीं देखती हूं। इस्माइल हालांकि इस मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई तथा उन्होंने 4 ओवर में 46 रन देकर 1 विकेट लिया।

## बॉलीवुड हलचल

# अजय देवगन की फिल्म मैदान का पोस्टर जारी



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता अजय देवगन की आने वाली फिल्म मैदान का पोस्टर रिलीज हो गया है। फिल्म मैदान फुटबॉल कोच सैय्यद अब्दुल रहमान के जीवन पर आधारित है। अमित शर्मा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अजय देवगन ने 1952 से 1962 तक रहे भारतीय फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाई है। उन्हें आधुनिक भारतीय फुटबॉल का वास्तुकार भी कहा जाता है। अजय देवगन ने सोशल मीडिया पर मैदान का पोस्टर शेयर किया, जिसमें उन्हें युवाओं को गले लगाते हुए देखा जा सकता है। पोस्टर में टैगलाइन है 'एक आदमी, एक विश्वास, एक भावना और एक राष्ट्र'। अजय देवगन ने पोस्टर के कैप्शन में लिखा, एक व्यक्ति, एक टीम, एक राष्ट्र और उस अटूट विश्वास का गवाह बनें, जिसने फुटबॉल के इतिहास पर एक अविश्वसनीय छाप छोड़ी। फिल्म में प्रियामणि, रुद्रनील घोष और गजराज राव भी हैं। बोनी कपूर, आकाश चावला, अरुणव जॉय सेनगुप्ता और जी स्टूडियो द्वारा निर्मित यह फिल्म ईद पर रिलीज होने वाली है।

### योद्धा के लिए सिद्धार्थ ने की कड़ी मेहनत



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा ने फिल्म योद्धा के लिए कड़ी मेहनत की है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी योद्धा का निर्माण करण जौहर ने किया है। फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पाटनी और राशी खन्ना की अहम भूमिका है। योद्धा में सिद्धार्थ आर्मी जवान हैं। फिल्म में कई एक्शन दृश्य हैं। कोरियोग्राफर क्रेग मैक्रै ने चाकू की तकनीक और हाथ से हाथ का मुकाबला डिजाइन किया है। सिद्धार्थ की छह महीने की तैयारी में फिटनेस आहार भी शामिल था। पुष्कर ओझा ने कहा कि हमने बेहतरीन विवरण के साथ स्टोरीबोर्ड किया। फिर, फाइट कोरियोग्राफर हमारे साथ बैठा और इसमें जोड़ा। जब सिद्धार्थ ने दृश्य में प्रवेश किया, तो उन्होंने सबसे पहले मॉक सेट पर एक्शन किया। निर्देशक सागर आम्ब्रे का कहना है कि उन्होंने सिद्धार्थ के किरदार अरुण को पारिवारिक व्यक्ति के रूप में गढ़ा है। अरुण सच्चे सैनिक हैं।

# देवरा-भाग 1 में जाह्नवी कपूर का नया लुक



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री जाह्नवी कपूर के जन्मदिन पर उनकी आने वाली फिल्म 'देवरा' से उनका लुक रिलीज कर दिया गया है। 'देवरा: भाग 1' में मैन ऑफ मास एनटीआर जूनियर मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म की मुख्य कलाकार जाह्नवी कपूर आज अपना जन्मदिन मना रही हैं और उन्हें विश्व स्तर पर शुभचिंतकों और नेटिज़न्स से प्यार मिल रहा है। आज विशेष अवसर को चिह्नित करते हुए, 'देवरा: पार्ट 1' के निर्माताओं ने जाह्नवी कपूर को शुभकामनाएं देने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया और एक नए पोस्टर का अनावरण किया, जिसमें जाह्नवी 'थंगम' के किरदार में नजर आ रही हैं। निर्माताओं ने लिखा, हमारी प्यारी थंगम, जाह्नवी कपूर को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं! जाह्नवी ने इसे अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा किया और लिखा, सेट पर वापस आने का इंतजार नहीं कर सकती, कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित, देवरा का निर्माण युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा किया गया है, जिसे नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत किया गया है। देवरा का पहला भाग 10 अक्टूबर 2024 को देश भर में सिनेमाघरों में रिलीज होगा।

### रामचरण संग आरसी 16 में होंगी जाह्नवी

**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री जाह्नवी कपूर दक्षिण भारतीय फिल्मों के स्टार रामचरण के साथ फिल्म आरसी 16 में नजर आएगी। जाह्नवी कपूर का आज जन्मदिन है। इस खास दिन पर जाह्नवी कपूर की एक फिल्म की अनाउंसमेंट भी हुई है, जिसमें वह राम चरण के साथ नजर आएंगी। वृद्धि सिनेमा प्रोडक्शन कंपनी और मैत्री मूवी मेकर्स ने जाह्नवी की एंट्री आरसी 16 में कन्फर्म की है। यह फिल्म पैन इंडिया लेवल पर रिलीज होगी। इस फिल्म को सुकुमार ने लिखा है और एआर रहमान ने संगीत तैयार किया है।

# जीनत बोलीं- मेरे बिना मेरी बायोपिक बनाना मूर्खता



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री जीनत अमान ने अपनी बायोपिक की ख्वाहिश जाहिर की है जीनत सोशल मीडिया पर लगातार फैंस को अपना अपडेट देती रही हैं। जीनत ने इंस्टाग्राम पर अपनी पुरानी फोटो शेयर की और इसी के साथ मैसेज भी लिखा। इसमें उन्होंने अपनी बायोपिक की ख्वाहिश जाहिर की है। जीनत ने कैप्शन में लिखा, हो सकता है कि आप इसे एक बूढ़ी औरत की शिकायत कहकर खारिज कर दें, लेकिन मेरी राय में, मुझे शामिल किए बिना मेरे बारे में बायोपिक बनाना मूर्खता होगी। बिल्कुल स्पष्ट रूप से, कोई भी मुझे उस तरह नहीं जानता जैसे मैं जानती हूं। इसलिए इस संबंध में कोई भी शोध मेरे इनपुट के बिना अधूरी, यहां तक कि त्रुटिपूर्ण भी होगा। मैं शर्त लगाती हूं कि मेरे बारे में सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध हर तथ्य के लिए सैकड़ों और तथ्य हैं जो केवल मुझे पता हैं। यहां बहुत सारे मील के पत्थर, उपाख्यान और व्यक्तिगत रहस्योद्घाटन हैं जो मेरी यात्रा को समझने के लिए अभिन्न अंग हैं। यह वास्तव में एक दिलचस्प जीवन रहा है। जीनत ने लिखा, संभावित बायोपिक को लेकर मेरी बात हुई है और मैं खुद धीरे–धीरे इस विचार पर विचार कर रही हूं। क्या ऐसा होगा? कौन जानता है? मेरी बायोपिक के लिए संवेदनशील निर्देशक, बहादुर लेखक, बेदाग कलाकार की जरूरत होगी...!

### बिग गर्ल्स डोंट क्राई का ट्रेलर रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** ओटीटी प्लेटफार्म अमेजन प्राइम वीडियो की नई सीरीज 'बिग गर्ल्स डोंट क्राई' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। 'बिग गर्ल्स डोंट क्राई' एक गर्ल्स बोर्डिंग स्कूल की कहानी है और इसमें सारे मुख्य किरदार यंग लड़कियां हैं। यह सीरीज नित्या मेहरा द्वारा बनाई गई है और इसका निर्देशन सुधांशु सरिया, करण कपाड़िया और कोपल नैथानी के साथ नित्या ने किया है। बिग गर्ल्स डोंट क्राई ट्रेलर' का ट्रेलर 'वंदना वैली' स्कूल में बोर्डिंग लाइफ की झलक दिखाता है, जहां 7 लड़कियों का एक ग्रुप स्कूल पर शासन करने के इरादे से अपने आखिरी साल की तैयारी कर रहा है। एक लड़की, काव्या यादव दोस्त बनाने और जीवन जीने की उम्मीद में स्कूल में आती है, लेकिन जल्द ही उसे पता चल जाता है कि यहां के माहौल में ढलने के लिए उसे कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। 'बिग गर्ल्स डोंट क्राई' 14 मार्च से अमेजन प्राइम पर स्ट्रीम होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com. आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### किशुनपुर गांव में मृत मिला मोर, पहुंची विभागीय टीम

**रूरा।** थाना क्षेत्र के किशुनपुर में बुधवार की भोर पहर राष्ट्रीय पक्षी मोर मृत अवस्था में पड़ा मिला। प्रधान पति सुशील कुमार ने बताया कि गांव के मदन पांडेय के घर के पीछे खड़े नीम के पेड़ के नीचे एक मोर मृत अवस्था में पड़ा मिला। उसकी मौत होने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। उन्होंने वन कर्मियों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे वन कर्मी मृत मोर को ले गए। पोस्टमार्टम के बाद उसे दफनाया जाएगा।

### होटल मालिक पर अंगूठी चोरी का आरोप

**रूरा।** कस्बे के एक गेस्ट हाउस में बारात में आए युवक ने होटल संचालक पर अपनी अंगूठी चोरी करने का आरोप लगाया है। कानपुर नगर के बाकरगंज बिठूर निवासी बबोल ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि वो मंगलवार को अपने भाई की बारात में कस्बे में आया था। बुधवार की भोर पहर वह नहर किनारे शौच क्रिया के लिए गया था। जिसके बाद वह हाथ-पैर धोने एक होटल पर गया। जहां पर उसने अपनी दो अंगूठी उतार कर नल के ऊपर रख दी। हाथ-पैर धोने के बाद जब उसने देखा तो अंगूठियां गायब। उसने पास में खड़े होटल मालिक से अपनी अंगूठी के बारे में पूछा तो उसने साफ इंकार कर दिया। जबकि पीड़ित का आरोप है की अंगूठी गायब होने के दौरान वहां होटल मालिक मौजूद था। इस बावत थाना प्रभारी डीएन दुबे ने बताया कि शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है।

# महाशिवरात्रि कल, सजने लगे शिवालय

## एसडीएम-सीओ ने बाणेश्वर मंदिर में मेले की तैयारियों का लिया जायजा, शिव मंदिरों में गूंजेंगे जयकारे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार:** महाशिवरात्रि पर जिले भर के शिव मंदिरों में शुक्रवार को बोल बम के जयकारे गूंजेंगे। इसको लेकर शिवालयों में तैयारियां तेज हो गई हैं। शिवालयों में रंगाई-पुताई और सफाई के साथ ही आकर्षक झालरों से सजावट शुरू हो गई है। मंदिरों में सुबह से ही पूजन को देखते हुए सुरक्षा के भी इंतजाम किए जा रहे हैं।

जिले के प्रमुख शिवालयों में महाशिवरात्रि की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। महाशिवरात्रि पर्व पर शुक्रवार को अकबरपुर के शुक्ल तालाब नर्मदेश्वर मंदिर, नबीपुर के झाड़ीबाबा आश्रम, नयागंज शिव मंदिर, रूरा के बाणेश्वर मंदिर, डेरापुर के कपालेश्वर मंदिर समेत अन्य प्रमुख मंदिरों में सुबह से पूजन-अर्चन शुरू होगा। कड़री के भागवतेश्वर मंदिर, बाघपुर के योगेश्वर मंदिर, शोभन मंदिर के नर्मदेश्वर, रंजीतपुर के पवन तनय आश्रम, स्ततेश्वर मंदिर, मुंडेश्वर महादेव मैथा, हरदियानाला के पागल बाबा मंदिर, शिवली के महाकालेश्वर, ओमकारेश्वर मंदिर, रामेश्वर मंदिर, औनहां के अकोढेश्वर में विशेष पूजा अर्चना का आयोजन किया जाएगा।

रनियां के पातालेश्वर मंदिर के पट सुबह आरती होने के बाद खोले जाएंगे। जिसके चलते बुधवार को भक्तों ने शिव मंदिरों में रंगाई-पुताई जा रही है। साथ ही साफ-सफाई की और आकर्षक झालरों को भी लगाया गया है। वहीं बनीपारा जिनई स्थित बाणेश्वर महादेव मंदिर में शिवरात्रि महापर्व पर लगने वाले पंद्रह दिवसीय मेले व कावरियों की भीड़ को देखते हुए बुधवार को एसडीएम डेरापुर भूमिका यादव, सीओ अकबरपुर तनु उपाध्याय, तहसीलदार रणविजय सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और कर्मचारियों व मेला व्यवस्थापक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्रीय लेखपाल ज्ञानेंद्र सिंह, मंदिर के पुजारी हरिमोहन गोस्वामी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शत्रुघ्न सिंह, सतेंद्र पाठक आदि लोग उपस्थित रहे।


शिवली के जागेश्वर मंदिर में रंगाई-पुताई करते श्रमिक।


रसूलाबाद के धर्मगढ़ बाबा मंदिर में तैयारियां चल रही हैं।

### रसूलाबाद के धर्मगढ़ मंदिर में उमड़ेगी आस्था, इसरार ने कराया था निर्माण

महाशिवरात्रि के मौके पर रसूलाबाद के धर्मगढ़ मंदिर में भी अस्था का ज्वार उमड़ेगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में कांवरिए व श्रद्धालु यहां जलाभिषेक को पहुंचेंगे। लोगों ने बताया कि 1943 में इसरार हुसैन ने स्वप्न के बाद शिव चबूतरे पर मंदिर का निर्माण शुरू कराया था। इसे 1941 में तत्कालीन एसओ नागेंद्र सिंह ने पूरा कराया। सद्भाव व एकता के प्रतीक इस मंदिर में महाशिवरात्रि के मौके पर बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं व कांवरियों के मद्देनजर तैयारियां शुरू हो गई हैं।

### शिवली का जागेश्वर मंदिर अद्भुत

शिवली में पांडु नदी किनारे स्थित प्राचीन जागेश्वर मंदिर सुख व समृद्धि का दायक है। बुजुर्गों के अनुसार पहले यहां घना जंगल था। बगल में बंजारों का पड़ाव पड़ा था। उनकी गाय का दूध रोजाना गायब हो जाता था। बंजारों ने चुपके से देखा कि गाय एक निश्चित स्थल पर दूध गिरा देती थी, जिसकी खोदाई कराने पर शिवलिंग निकला, तो स्थापना करा दी गई। यहां महाशिवरात्रि में बड़ी संख्या में लोग पूजन व जलाभिषेक को पहुंचते हैं। वहीं लोधेश्वर महादेव का जलाभिषेक करने के बाद वापस आकर कांवरिए भी यहां पूजन करते हैं।

### महाशिवरात्रि की मान्यता

ऐसा माना जाता है कि इस दिन शिवजी की आराधना करने से सभी की मनोकामनाओं की पूर्ति होती है। इस बार 8 मार्च को महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाएगा। पतारी निवासी आचार्य प्रियंक दीक्षित बताते हैं कि महाशिवरात्रि के दिन ही भगवान शिव लिंग के स्वरूप में प्रकट हुए थे। मान्यता है कि इसी दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था। महाशिवरात्रि पर कुंवारी कन्याएं पूरे दिन व्रत रखती हैं और शिव भक्ति में लीन रहकर अच्छे वर की प्राप्ति के लिए कामना करती हैं।

### ऐसे करें पूजन

आचार्य प्रियंक दीक्षित बताते हैं कि महाशिवरात्रि के दिन सुबह स्नान कर पूजा का संकल्प लें और शिव मंदिर में जाएं। भगवान शिव और माता पार्वती का स्मरण करते हुए जलाभिषेक करें। पूजा के दौरान शिव मंत्रों का जाप करें। सबसे पहले शिवलिंग में चंदन का लेप लगाकर पंचामृत से शिवलिंग को स्नान कराएं। इसके बाद मिट्टी या तांबे के लोटे में पानी या दूध भरकर ऊपर से बेलपत्र, आक-धतूरे के फूल, चावल आदि शिवलिंग पर चढ़ाएं। फिर दीपक और कपूर जलाएं। पूजा करते समय 'ऊं नमः शिवाय' मंत्र का जाप करें। भगवान शिव की पूजा करने के बाद गोबर के उपलों की अग्नि जलाकर तिल, चावल और घी की आहुति दें।


बिठूर से जल लेकर बाणेश्वर मंदिर जाते कांवरिया। अमृत विचार

### दैत्यराज बाणासुर ने की थी शिवलिंग की स्थापना

बनीपारा जिनई स्थित पौराणिक बाणेश्वर महादेव मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र है। इतिहास लेखक प्रो. लक्ष्मीकांत त्रिपाठी के अनुसार सिठऊपुरवा (श्रोणितपुर) बाणासुर की राजधानी थी। दैत्यराज बलि के पुत्र बाणासुर ने मंदिर में विशाल शिवलिंग की स्थापना की थी। श्रीकृष्ण-बाणासुर युद्ध के बाद यह स्थल विध्वंस हो गया था। बाद में परीक्षित के पुत्र जन्मेजय ने जीर्णोद्धार कराकर इसका नाम बाणपुरा जन्मेजय रखा था, जो अपभ्रंश रूप में बनीपारा जिनई के नाम से जाना जाता है। मंदिर के पास शिव तालाब, टीला, ऊषा बुर्ज, विष्णु व रेवंत की मूर्तिया इसकी पौराणिकता को प्रमाणित करती हैं। महाशिवरात्रि पर भगवान शिव के जलाभिषेक व पूजन के लिए दूरस्थ स्थानों व आसपास के जनपदों से आने वाले श्रद्धालु व कांवरिए यहां पहुंचेंगे।

### आस्था का केंद्र अमरौधा का महाकालेश्वर मंदिर

वैभव व समृद्धि का केंद्र रहे शाहपुर का अस्तित्व तो नहीं बचा, लेकिन राजघराने का उपासना स्थल महाकलेश्वर मंदिर अमरौधा के पास यमुना किनारे अभी आस्था का केंद्र बना है। मंदिर में गदर के दौरान 1857 में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के अनुचरों ने शरण ली थी। अंग्रेजों द्वारा ध्वस्त कराए गए मंदिर में 1884 में उदासी साधु बाबा जीवनदास जी महाराज ने पुनः प्राण प्रतिष्ठा कराई थी। यह मंदिर आस्था का केंद्र है।

### धर्मिक सद्भाव का संदेश देता कपालेश्वर मंदिर

डेरापुर से दो किमी सेंगुर नदी किनारे स्थित कपालेश्वर शिव मंदिर हिंदू-मुस्लिम एकता का संदेश देता है। मंदिर व मजार जुड़ी होने से दोनों धर्म के लोगों की आस्था का केंद्र है। कुछ लोग मजार को नीमनाथ की समाधि तो कुछ लोग पीर पहलवान की मजार बताते हैं। 1894 में मंदिर का निर्माण पं. कनौजीलाल मिश्र ने कराया था। मठ का गुंबद छोटा होने से बाद में ऊपर बड़ा गुबंद बनवाया गया।

# दिल्ली जा रहे बालक की ट्रेन में थमी सांस

संवाददाता, मंगलपुर

- दिल की बीमारी के इलाज को जा रहा था दिल्ली
- रास्ते में लक्ष्मी एक्सप्रेस में अचानक बिगड़ी हालत

**अमृत विचार।** दिल की बीमारी का कराने ट्रेन से दिल्ली जाते समय बिहार निवासी बालक की हालत बिगड़ गई। ट्रेन रुकवाकर बालक को झींझक सीएचसी ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

बिहार के छपरा निवासी नीरज गिरी का दस वर्षीय बेटा आर्यन हृदय रोग से पीड़ित था। पिता उसका उपचार कराने के लिए लक्ष्मी एक्सप्रेस से दिल्ली जा रहे थे। तभी मंगलवार की देर शाम आर्यन की ट्रेन में अचानक हालत बिगड़ गई। जानकारी होने पर झींझक स्टेशन पर ट्रेन को रुकवा कर गंभीर हालत में आर्यन को झींझक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

परिजनों के मुताबिक आर्यन के दिल में छेद था और उसी का उपचार करने के लिए दिल्ली के एक अस्पताल ले जा रहे थे। तभी उसकी हालत बिगड़ गई। सीएचसी ले जाने पर उसे डॉक्टर ने मृत बताया। कागजी कार्रवाई के बाद परिजन शव लेकर बिहार रवाना हो गए।

## हादसे में घायल किसान की मौत

**रसूलाबाद।** सड़क हादसे में घायल हुए किसान की बुधवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। एक घायल इलाज चल रहा है।

अलीपुर रामहर के राधेश्याम गांव के साहदाब के साथ मंगलवार को किस्त जमा करने बाइक से आ रहे थे। मेघजाल गांव के सामने रसूलाबाद-विषधन मार्ग पर वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी थी, राधेश्याम और साहदाब घायल हो गए थे। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रसूलाबाद पहुंचाया गया था, जहां प्राथमिक उपचार कर राधेश्याम और साहदाब की हालत गंभीर होने पर उन्हें हैलट अस्पताल कानपुर रेफर किया था। जहां बुधवार को राधेश्याम ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

# बैठक में गैरहाजिर रूरा ईओ का रोका गया वेतन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- जिलाधिकारी ने गोवंश संरक्षण की बैठक की
- जिले में अब तक 1969 गोवंशों की हुई मौत

**अमृत विचार।** डीएम की अध्यक्षता में अवशेष निराश्रित गोवंश संरक्षण/भरण पोषण व विस्तारीकरण के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में किया गया। इस दौरान अस्थाई संचालित गौशालाओं के स्थान पर बोर्ड लगाने व लिखित रूप में संरक्षक के रूप में कार्मिक को नामित किए जाने के निर्देश दिए गए। वहीं बैठक से नदारद रहने पर रूरा नगर पंचायत के ईओ का वेतन रोका गया है।

बुधवार को बैठक में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी राजीव वशिष्ठ ने डीएम आलोक सिंह को बताया कि जनपद में ग्रामीण गौआश्रय स्थलों में 8172 एवं शहरीय गौआश्रय स्थलों में 2552 गौवंश संरक्षित है। अभी तक मृत गोवंशों की संख्या 1969 है। कुल 1336 गोवंश इच्छुक ग्रामीणों को सुपुर्द किए गए हैं। जिसके बाद अब तक कुल संरक्षित किए गए गोवंशों की संख्या 14029 है। सभी खंड विकास अधिकारियों ने बताया कि ब्लाक स्तर पर निराश्रित गोवंश संरक्षण के कुल प्राप्त लक्ष्य 2800 के सापेक्ष 2898 गोवंशों को संरक्षित किया गया है। जबकि नगरीय निकाय स्तर पर निराश्रित गोवंश संरक्षण के कुल प्राप्त लक्ष्य 1200 के सापेक्ष 1221 गोवंशों को संरक्षित किया गया है। जिनकी शत-प्रतिशत ईयर टैगिंग सुनिश्चित की गई है।

डीएम ने विशेष गौसंरक्षण अभियान में कुल 17 नवनिर्माणाधीन एवं कुल 39 विस्तारीकृत अस्थाई गौआश्रय स्थलों के लक्ष्य के सापेक्ष समीक्षा की। जिसमें बताया गया कि अभी तक मात्र 20 अस्थाई गौआश्रय स्थलों का विस्तारीकृत किया गया है। डीएम ने कड़ी फटकार लगाते हुए बीडीओ मलासा, डेरापुर, झींझक, अमरौधा व राजपुर को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। कहा कि सभी अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर गोवंशों का सही आंकलन कर उन्हें संरक्षित कराएं। उन्होंने सीवीओ को नवनिर्माणाधीन वृहद गौशाला का भ्रमण कराए जाने के निर्देश दिए।

अकबरपुर बीडीओ व ईओ को जैनपुर में पेंट फैक्ट्री के सामने हाईवे व अकबरपुर थाने के समीप हाईवे पर बार-बार आने वाले अन्ना पशुओं को तत्काल संरक्षित कराए जाने को कहा। डीएम ने अनियंत्रित पशुओं के लिए ट्रैंक्लिाइज़र की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने विकासखंड अमरौधा में प्राप्त शिकायत के आधार पर यमुना नदी के माध्यम से गांव में झुंड के रूप में आने वाले गोवंशों को तत्काल पकड़वाने को कहा। इस मौके पर एडीएम न्यायिक अमित राठौर, डीडीओ गोरखनाथ भट्ट, परियोजना निदेशक वीरेंद्र सिंह समेत सभी बीडीओ मौजूद रहे।


अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम आलोक सिंह। अमृत विचार

# तीन माह से नहीं बन रहा एमडीएम

संवाददाता, राजपुर

- बीईओ ने पूर्व प्रधानाध्यापक के चार्ज न देने का दिया हवाला

**अमृत विचार।** ब्लॉक क्षेत्र के खासबरा गांव के संविलियन विद्यालय में तीन महीने से मिडडे-मील न बनने से स्कूल के बच्चों को भूखे पेट ही पहना पढ़ रहा है। मामला अफसरों को जानकारी में होने के बावजूद शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई न होने से अभिभावकों में रोष व्याप्त है।

खासबरा गांव के संविलियन विद्यालय में इंचार्ज प्रधानाध्यापक स्नेहलता, सहायक अध्यापक रंजीत कुमार, यासमीन, ब्रजेश बाबू, श्रषि सचान, शिक्षामित्र राघवेंद्र व आराधना की तैनाती है। विद्यालय में कक्षा एक से आठ तक कुल 142 बच्चे हैं। बुधवार को 96 बच्चे ही स्कूल पहुंचे। प्रधानाध्यापक स्कूल में नहीं पहुंची। मौजूद सहायक अध्यापक रंजीत कुमार ने बताया कि प्रधानाध्यापक आपदा प्रबंधन की बैठक में माती गई है। स्कूल की छात्र-छात्राओं ने बताया कि पिछले तीन महीने से स्कूल में मिडडे-मील नहीं बन रहा है। बच्चों को खाली पेट ही पढ़ाई करनी पड़ रही है।

इस बावत इंचार्ज प्रधानाध्यापिका कहना है कि सितंबर 2023 में स्कूल में इंचार्ज प्रधानाध्यापक के पद पर ऋषि सचान तैनात थे। एमडीएम में लापरवाही बरतने पर बीईओ ने ऋषि सचान को पद से हटाकर उन्हें इंचार्ज की जिम्मेदारी दी थी। हालांकि पहले तैनात रहे प्रधानाध्यापक ने चार्ज नहीं दिया और न ही मिडडे मील से संबंधित अभिलेख दिए हैं। जिससे एडीएम खाते का संचालन नहीं हो पा रहा है। जनवरी तक निजी स्तर से भोजन बनवाती रही। उसके बाद से मिडडे मील बनना बंद हो गया।


खासबरा संविलियन स्कूल में भूखे पेट पढ़ते बच्चे। अमृत विचार

## सड़क हादसे में बच्ची की मौत

**मूसानगर।** सुल्तनापुर में बोलेरो गाड़ी की टक्कर से दो वर्षीय मासूम की मौत हो गई। पुलिस ने बोलेरो चालक को हिरासत में ले लिया है।

कस्बे के विकास नगर निवासी रघुराज सिंह ने बताया कि उनकी बहू निशा तीन दिन पहले अपने दो वर्षीय पुत्र शान्तनु के साथ सुल्तनापुर अपने फूफा के यहां शादी में गई थी। बुधवार को नाती शान्तनु सुल्तनापुर गांव में दरवाजे पर खेल रहा था, तभी तेज रफ्तार बोलेरो कार ने टक्कर मारी दी, जिससे उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मां निशा का रो-रो कर बुरा हाल है। वह बार बार बेहोश हो जाती और अपने बच्चे को याद करती है। शान्तनु एकलौता बेटा था। उसके पिता अनिल गुजरात में प्राईवेट नौकरी करते हैं। थानाध्यक्ष अमरेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि बाबा की तहरीर पर बोलेरो चालक अनोक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# बेमौसम बारिश से ईंट उद्योग को नुकसान

संवाददाता, शिवली

- बारिश के पानी में कच्ची ईंट बनी मिट्टी, संचालक परेशान

**अमृत विचार।** बेमौसम बारिश ने मैथा तहसील क्षेत्र के ईंट उद्योग को लाखों का नुकसान पहुंचाया। इससे पहले भी हुई बारिश में भट्ठा मालिकों को काफी घाटा उठाना पड़ा था। ज्यादातर भट्ठों पर तैयार ईंट पानी में गलकर खराब हो गई हैं।

पिछले सप्ताह शुक्रवार देर शाम से रविवार तक बारिश व ओलावृष्टि ने ईंट भट्ठा मालिकों को कर्ज में डुबो दिया है। बताया जाता है कि प्रत्येक ईंट निर्माता को बारिश के चलते करीब दस से पंद्रह लाख रुपये का नुकसान हुआ है। लाखों ईंट बारिश की भेंट चढ़ गई हैं। बारिश के कारण भट्ठों में तैयार कच्ची ईंट मिट्टी बन गई हैं। क्षेत्र के भट्ठों में लाखों की संख्या में कच्ची ईटों को खुले में सूखने के लिए रखा गया था। सूखने के बाद उसे चेंबर में डालकर पकाया जाता है, लेकिन अचानक आई बारिश ने किए कराये पर पानी फेर दिया।

नवंबर से जून तक कच्ची ईंटें तैयार होती हैं और पकाने के बाद उसकी बिक्री होती है। नुकसान की भरपाई होना काफी मुश्किल है। ऐसे में ईंटों के नुकसान होने से नए सिरे से ईंट का निर्माण एवं मजदूरी भुगतान के लिए राशि की व्यवस्था करना मुश्किल होता है। लेबर को छह महीने पहले लाखों रुपये एडवास देने पड़ते हैं। बैरी भट्ठे के संचालक मयंक त्रिवेदी व बाघपुर के भट्ठा संचालक रंजीत सिंह ने बताया कि इस वर्ष जब से पथाई का काम शुरू हुआ है, तब से लगातार हुई बारिश से बहुत नुकसान पहुंचा है।

## सार-संक्षेप

### श्रीकृष्ण जन्म होते ही मची धूम

**रसूलाबाद।** कंस ने अपनी बहन देवकी का विवाह मित्र वसुदेव से कराया। जब वह देवकी और वसुदेव को उनके राज्य लेकर जा रहा था। तभी आकाशवाणी हुई कि देवकी के गर्भ से पैदा होने वाली आठवीं संतान कंस की मृत्यु का कारण बनेगी। यह बात डूडावर में श्रीमदभागवत कथा के पांचवें दिन व्यास उपेंद्र शास्त्री ने श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनाते हुए कही। उन्होंने कहा कि आकाशवाणी सुनते ही कंस क्रोधित हो उठा और वसुदेव को मारने दौड़ा। देवकी ने अपने पति के प्राणों की रक्षा के लिए कहा कि जो संतान जन्म लेंगी। वह सब कंस को सौंप देगी। कंस ने दोनों को बंदीगृह में डाल दिया। देवकी ने सात बच्चों को जन्म दिया और कंस को सौंप दिया। लेकिन सातवीं संतान के रूप में बलराम को योगमाया ने माता रोहिणी के गर्भ में पहुंचा दिया। माता देवकी की आठवीं संतान के रूप में भगवान विष्णु ने श्रीकृष्ण अवतार के रूप में पृथ्वी पर जन्म लिया। भगवान विष्णु के आदेश से वसुदेव जी ने यमुना पार कर कृष्ण को नंद जी के यहां पहुंचा दिया। नंद के यहां श्रीकृष्ण जन्म की बधाइयां बजने लगी।

### गोष्ठी में बागवानी फसलों पर चर्चा

**कानपुर देहात।** जनपद स्तरीय दो दिवसीय बागवानी किसान मेला-गोष्ठी का एडीएम वित्त ने शुभारंभ किया। इस दौरान बागवानी फसलों पर चर्चा करते हुए किसानों को जानकारी दी गई। ईको पार्क में डीडीओ गोरखनाथ भटट् ने लगे स्टालों को देखा। कृषि विज्ञान केंद्र दिलीपनगर के उद्यान विशेषज्ञ अरुण कुमार ने किसानों को फल एवं शाकभाजी फसलों का कम लागत में अधिक उत्पादन करने पर जानकारी दी। विशेषज्ञ डॉ. खलील खां व डॉ. शशिकांत ने मृदा स्वास्थ के प्रबंधन की जानकारी, सीएसए कानपुर के वैज्ञानिक डॉ. शिवानंद पांडेय ने फलों के समय सामायिकी प्रबंध, सहायक प्राध्यापक एवं निदेशक छत्रपति साहू जी महाराज विश्व विद्यालय कानपुर डॉ. हिमांशू त्रिवेदी ने औद्यानिक फसलों आदि की जानकारी दी। मंडलीय उप निदेशक उद्यान कानपुर बलजीत सिंह व उप कृषि निदेशक राम बचन राम ने किसानों को जायद मौसम में उड़द, मूंग आदि फसलों के बीज के बारे में जानकारी दी।


भदेसा में बच्चों का शैक्षिक स्तर जांचती राज्य परियोजना की टीम। अमृत विचार

### टीम ने कस्तूरबा व पीएम श्री विद्यालयों का देखा हाल

**कानपुर देहात।** राज्य परियोजना के वरिष्ठ विशेषज्ञ समेकित शिक्षा ने टीम के साथ कस्तूरबा व पीएम श्री विद्यालयों का निरीक्षण कर बच्चों की पढ़ाई का स्तर जांचा। साथ ही स्कूलों में उपलब्ध संसाधनों को भी देखा। बुधवार को राज्य परियोजना के वरिष्ठ विशेषज्ञ नंदकुमार गुप्ता ने टीम के विपुल शिवसागर के साथ सबसे पहले सरवनखेड़ा विकासखंड में पीएम श्री योजना में चयनित विद्यालय भदेसा का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कायाकल्प के 19 पैरामीटर में खेल मैदान के लिए स्थान, प्रयोगशाला एवं पुस्तकालय बनाने के लिए उपयुक्त स्थल और बच्चों के शैक्षणिक स्तर का अवलोकन किया गया। साथ ही पिछले तीन साल की कंपोजिट ग्रांट के व्यय संबंधी अभिलेख, कक्षा 1, 2 व 3 के बच्चों का निपुण स्तर देखा गया। वरिष्ठ विशेषज्ञ ने विद्यालय स्टाफ के साथ बैठक कर शिक्षकों को योजना का महत्व बताते हुए टीम के रूप में कार्य करने की अपील। इस दौरान बीईओ सरवनखेड़ा अजीत प्रताप सिंह, जिले के राज्य संदर्भदाता समूह सदस्य अनंत त्रिवेदी, प्रधानाध्यापक जफर अख्तर, राजेश चौहान, अनीता राय उपस्थित रहे। इसके बाद टीम ने अकबरपुर ब्लाक के उच्च प्राथमिक विद्यालय स्वरूपपुर व विकासखंड अमरौधा स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय गौर का निरीक्षण किया गया। शाम को बीएसए कार्यालय में सभी खंड शिक्षा अधिकारियों व जिला समन्वयकों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

**मिलेगी राहत** — 56 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा पकरी-शिवली मार्ग, हनुमान गढ़ी मंदिर तक बनेगी सड़क

# पीडब्ल्यूडी मंत्री ने 51 परियोजनाओं का किया शिलान्यास

संवाददाता, रूरा

**अमृत विचार।** क्षेत्र के काशीपुर गांव में लोक निर्माण मंत्री ने विभिन्न 51 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। जिसके तहत काशीपुर गांव से हनुमान गढ़ी मंदिर तक करीब डेढ़ किमी सड़क बनाई जाएगी।

बुधवार को रूरा क्षेत्र के काशीपुर गांव पहुंचे प्रदेश सरकार के लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद ने 51 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। जिसमे काशीपुर गॉव से काशीपुर हनुमान गढ़ी मंदिर तक जाने वाले करीब डेढ़ किलोमीटर लंबी सड़क व 56 करोड़ रुपये की लागत से बन रही पकरी-शिवली मार्ग का शिलान्यास किया। लोक निर्माण मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति का हवाला देकर अधिकारियों को चेतावनी दी कि यदि निर्माण में गड़बड़ी हुई तो सख्त कर्रवाई की जाएगी। इसलिए समय से मानक के अनुरूप ही कार्य करें।

उन्होंने बताया कि सरकार के पास विकास कार्यों को लेकर धन की कमी नहीं है।

राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि वह पकरी से शिवली तक सड़क निर्माण के लिए पिछले एक साल से लोक निर्माण मंत्री से मांग कर रही थी। जिसे उन्होंने पूरा किया है। सड़क का निर्माण एक माह के अंदर शुरू कर छह माह में पूरा करा लिया जाएगा। जिससे लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत मिलेगी। इस मौके पर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, राज्यमंत्री अजीत पाल, कन्नौज सांसद सुब्रत पाठक, एमएलसी अविनाश सिंह चौहान, रसूलाबाद विधायक पूनम संखवार, पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी, कार्यक्रम संयोजक हेमंत सिंह हेमू सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।


काशीपुर में लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद, मंत्री राकेश सचान, राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, राज्यमंत्री अजीत पाल, सांसद सुब्रत पाठक, विधायक पूनम संखवार।


दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद।

## डेयरी में सप्लायर्स ने किया हंगामा

**कानपुर देहात।** आनंदा डेयरी बंद होने व भुगतान न होने का आरोप लगाकर दूध सप्लाई करने वालों ने हंगामा काटा। डेयरी मैनेजर ने भी डेयरी बंद होने की बात कही है।

अकबरपुर क्षेत्र में आनंदा दूध डेयरी संचालित है। जहां पर आसपास क्षेत्र के दूधिये दूध की सप्लाई करते हैं। बुधवार को बड़ी संख्या में डेयरी पहुंचे दूध सप्लायरों ने डेयरी बंद होने व भुगतान न होने की बात कहते हुए हंगामा शुरू कर दिया। दूध सप्लायर गगन यादव, शिवजी आदि ने बताया कि आनंदा दूध डेयरी बंद हो रही है और वहां काम करने वाले अधिकांश कर्मचारी डेयरी छोड़ जा चुके हैं। तकरीबन 60 दूध सप्लायरों का लगभग करोड़ों रुपयों का भुगतान बकाया है। पूर्व में पांच दिनों में ही दूध का भुगतान कर दिया जाता था।

## एक नजर

### सड़क किनारे मिला शव, हत्या का आरोप

**कानपुर।** शिवराजपुर थानाक्षेत्र में मौसी के घर से लौट रहे बाइक सवार का शव नून नदी के पास सड़क किनारे पड़ा मिला। परिजनों ने रंजिश में हत्या का आरोप लगाया। थाना ककवन के नदिया खुर्द के रहने वाले 32 वर्षीय रमाशंकर मंगलवार को वह अपनी मौसी बिल्हौर निवासी विमला देवी के घर रानेपुर गए थे। भाई रमाकांत ने बताया कि लौटने पर उनका शव शिवराजपुर थानाक्षेत्र में नून नदी पुल के किनारे पड़ा था। परिजनों का आरोप है कि गांव के लोगों ने रंजिश में हत्या कर दी और हादसे का रूप दे दिया। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हादसे में मौत की पुष्टि हुई है। शिवराजपुर थाना प्रभारी ने बताया कि जांच की जा रही है।

### महीनों से लटके मामले घंटे भर में निस्तारित

**कानपुर।** केडीए उपाध्यक्ष एवं डीएम राकेश कुमार सिंह की पहल पर संपत्तियों को लेकर प्राधिकरण अभिलेखों में दाखिल खारिज (नामांतरण) को शिविर लगाया गया। महीने से लटके मामलों का घंटे भर में निस्तारण हो गया। नामांतरण शिविर में 33 आवेदन आए। लंबित प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर आवेदकों को नामान्तरण पत्र निर्गत किए। यहां विशेष कार्याधिकारी सत शुक्ल, अजय कुमार, बृजेन्द्र उपाध्याय, विधि अधिकारी, एसबी राय सहित कई अफसर मौजूद रहे।

# रात में उखाड़े बोर्ड, सुबह थमा दी रेट लिस्ट

## बिरहाना रोड के सौंदर्यीकरण कराने के नाम पर हो रही वसूली पर सभी व्यापारी हुये लामबंद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बिरहाना रोड के सौंदर्यीकरण के नाम पर हो रही वसूली के खिलाफ कई व्यापारी संगठन लामबंद हो गये हैं। बिना बताए रात में दुकानों के बोर्ड उखाड़ने और उसके बाद रंगाई-पुताई व नये बोर्ड लगाने के नाम पर थमाई गई रेट लिस्ट को अवैध बताया है। व्यापारियों ने नगर निगम और स्मार्ट सिटी के अधिकारियों पर आरोप लगाया कि सरकार को बदनाम करने की साजिश हो रही है। जब पैसा सरकार की ओर से दिया गया है तो नगर निगम किस बात के व्यापारियों से पैसे वसूल रहा है। अवैध वसूली पर रोक नहीं लगी तो सड़क पर प्रदर्शन किया जायेगा।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री अतुल द्विवेदी ने कहा कि बिरहाना रोड के सौंदर्यीकरण के नाम पर व्यापारियों का आर्थिक उत्पीड़न हो रहा है। नगर निगम अधिकारियों ने ज्वैलर्स एसोसिएशन के साथ बैठक कर सारी चीजें तय कर लीं और कार्य शुरू कर दिये गये। दूसरे व्यापारी संगठनों को बुलाया तक नहीं। एक प्राइवेट संस्था ने रातों-रात बिना बताये कई प्रतिष्ठानों के बोर्ड उतार दिये, इसके बाद नये बोर्ड और पेंटिंग कराने के नाम पर वसूली शुरू कर दी गई। उन्होंने बताया कि करीब 80 लोगों की सूची नगर निगम ने तैयार की है जिनकी दुकानों के स्पेस और पिलरों के हिसाब से पैसे तय कर दिये। उन्होंने बताया कि जब बिरहाना रोड के विकास के लिये अलग से बजट आवंटित किया गया तो व्यापारियों से किस बात का पैसा लिया जा रहा है।

यह पूरी तरह से अवैध वसूली है। उन्होंने कहा कि यहां पर ज्वैलर्स के साथ ही पान वाले भी हैं, सब पैसे नहीं दे सकते हैं।


बिरहाना रोड में दुकानों के पिलरों की हुई पुताई। अमृत विचार

### बाजार में यह काम हो रहे हैं

बिरहाना रोड बाजार को लखनऊ के हजरतगंज बाजार की तर्ज पर डेवलप किया जा रहा है। यहां मार्केट की दुकानें एक रूप में की जानी हैं व एक रूप में साइन बोर्ड लगने हैं। साइन बोर्ड का बैक ग्राउंड ब्लैक या फिर रेड के साथ व्हाइट रंग के होंगे। अधिकारियों के अनुसार इससे बिरहाना रोड की सुंदरता में चार चांद लगेंगे। इसके साथ ही यहां बिजली के तारों को अंडरग्राउंड करने के साथ फसाड पेटिंग का काम भी शुरू कर दिया गया है। बाजार के दोनों ओर पाथवे को अतिक्रमण मुक्त किया जाना है। क्षेत्रीय पार्षद विकास जायसवाल ने बताया कि क्षेत्र में 10 ऐसी गलियां हैं जो ऊपर नीचे हैं। इन्हें एक समान करना है। ज्वैलर्स की दुकानों को देखते हुये सड़क पर लाइटिंग बढ़ाई जानी है। खंभे बदले जाएंगे।

### यह संगठन विरोध में

- अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल
- बिरहाना रोड व्यवसायिक संघ
- कानपुर तिरपाल व्यापार मंडल
- इलेक्ट्रानिक व फुटकर व्यापारी

**200** दुकानें बिरहाना रोड मार्केट में

**80** दुकानदारों को भेजा गया पेंटिंग का बिल

**09** लाख से ज्यादा का खर्च वसूल रहे

**2.35** करोड़ से होना है सौंदर्यीकरण

- **तिरपाल व फुटकर व्यापारी बोले-हर व्यापारी ज्वैलर्स नहीं, यहां पान वाला भी काम कर रहा**
- **नगर निगम और स्मार्ट सिटी कानपुर पर फूटा गुस्सा, ज्ञापन देने के बाद भी नहीं हुई सुनवाई**

### 80 प्रतिष्ठानों को थमाया 9 लाख से ज्यादा बिल

नगर निगम ने बिरहाना रोड के 80 प्रतिष्ठानों को नौ लाख 11 हजार तीन सौ रुपये के बिल की सूची थमाई है। सूची में पिलरों की संख्या व दुकान की स्पेस के अनुसार बोर्ड लगाने के एवज में पैसे की डिमांड की जा रही है। इनमें ज्वैलर्स के साथ ही तिरपाल उद्योग, इलेक्ट्रानिक्स, फुटकर व अन्य व्यवसाय से जुड़े व्यापारियों से पैसे मांगे जा रहे हैं।

बिरहाना रोड के सौंदर्यीकरण के लिए दुकानों के बाहर बने पिलर की पेंटिंग का ठेका दिया गया है। इसके लिए चालीस रुपये फीट का रेट तय हुआ है। जो बिल भेजा गया है, उसमें अगर कोई गड़बड़ी है तो व्यापारियों से बात-चीत कर उसे सुधारा जाएगा। केवल पेंटिंग के पेमेंट ही व्यापारियों को करना है बाकी सौंदर्यीकरण का काम सरकारी खर्च पर किया जाएगा।

**- विद्यासागर यादव, सहायक नगर आयुक्त, जोनल प्रभारी जोन एक**


नवीन मार्केट का सुंदरीकरण का काम केडीए ने कराया, एक रुपया भी व्यापारी का नहीं लगा। जब एनओसी दी गई तब फर्म और ठेकेदार को पैसा दे दिया गया। हम सारे टैक्स दे रहे हैं। - **पं. आशू शर्मा, उपाध्यक्ष, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल**


चोरों के तरीके से बोर्ड उखाड़ ले गये, सुंदरीकरण के नाम पर वसूली हो रही है। नगर निगम के जोनल अधिकारी कह रहे हैं कि हमें सिर्फ आप लोगों से पैसे वसूल कर ठेकेदार को देने हैं। **-अतुल द्विवेदी, महामंत्री, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल**


ज्वैलर्स वाले पैसे देने को राजी हैं तो इसका मतलब यह नहीं कि आम व्यापारियों से भी पैसे वसूले जायेंगे। यहां पान की गुमटी भी हैं। तिरपाल वाले भी हैं। - **सुपार्श्व चन्द्र जैन (रायसाहब), अध्यक्ष, कानपुर तिरपाल व्यापार मंडल**


सरकार को बदनाम करने की साजिश अधिकारी और उनके ठेकेदार कर रहे हैं। यह काम नगर निगम को खुद ही कराना चाहिये। इसमें पब्लिक क्यों पैसे दे। दो पिलर पोतने के 5 हजार कौन देगा। **- यशपाल भाटिया, भाटिया फोटो डील्स**


नगर निगम में नगर आयुक्त को ज्ञापन देने गये, वहां वह मिले नहीं, जिसके बाद ज्ञापन वहीं चस्पा करके आये हैं। इसके बाद आभी तक कोई आया नहीं है। पैसे देने का विरोध हैं।

**- रजत सक्सेना, महामंत्री, कानपुर तिरपाल व्यापार मंडल**


यहां करीब 200 दुकाने हैं। अखबारों से पता चला कि 2.5 करोड़ रुपये पास हुये हैं। फिर ठेकेदार व्यापारियों से क्यों वसूली करेगा। बात पैसे की नहीं है बात सही व गलत की है।

**- राजेश गुप्ता कुमार, इलेक्ट्रॉनिक व्यपारी**

# एमआरएफ सेंटर बनाने में लापरवाही, फर्म ब्लैक लिस्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर के पहले मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) सेंटर का निर्माण दो साल बाद भी पूरा नहीं हो सका है। इससे कूड़ा का निस्तारण करने में नगर निगम को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। सरायमीता पनकी में निर्माणाधीन सेंटर का निर्माण करीब एक करोड़ रुपये से किया जा रहा है। इसे 120 दिन में बनाया जाना था, लापरवाही पर नगर आयुक्त ने फर्म को ब्लैक लिस्ट कर दिया है।

नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि श्री महाकालेश्वर इंटरप्राइजेज (प्रो. श्री बबलू विष्वकर्मा) को कई नोटिस दिए जाने के बाद उन्होंने 28 फरवरी को कार्य पूरा करने का आश्वासन दिया था, बावजूद इसके अभी तक कार्य पूरा नहीं किया गया है। ऐसे में फर्म को ब्लैकलिस्ट किया गया है। फर्म अब नगर निगम के किसी भी टेंडर में प्रतिभाग नहीं कर सकेगी।

# अर्द्धसैनिक बल ने किया फ्लैग मार्च

**रूरा।** आगामी लोकसभा आम चुनाव को देखते हुए शांति व्यवस्था के तहत थाना रूरा के ग्रामीण इलाकों में पुलिस ने अर्द्धसैनिक बलों के साथ फ्लैग मार्च किया।

बुधवार को प्रभारी निरीक्षक रूरा देवनारायण, कस्बा चौकी इंचार्ज राकेश सिंह ने आईटीबीपी 36वीं वाहिनी के असिस्टेंट कमांडेट संदीप तोमर व पुलिस फोर्स के साथ चिलौली, इंदरूख, मड़ौली समेत संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया। चौकी इंचार्ज ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने में लोग पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

# चार पिस्टलों के साथ अंतर्राज्जीय शस्त्र तस्कर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **मुंगेर की पिस्टलें प्रयागराज, प्रतापगढ़ में बेचता था**
- **सात मैगजीन, नकदी व मोबाइल फोन भी बरामद**

**अमृत विचार।** अवैध शस्त्रों की तस्करी करने वाले अंतर्राज्जीय गिरोह के एक सदस्य को एसटीएफ ने रेलबाजार पुलिस की मदद से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ को शातिर के पास से चार 32 बोर की पिस्टल, सात मैगजीन, नकदी व मोबाइल फोन बरामद हुआ है।

लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शस्त्रों आदि की तस्करी करने वाले अपराधियों के सक्रिय रहने की सूचना एसटीएफ के उच्चाधिकारियों को प्राप्त हो रही थी। जिसके बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर एसटीएफ फील्ड इकाई कानपुर के निरीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कार्रवाई शुरू की। मुखबिर की सूचना पर एसटीएफ और रेलबाजार पुलिस ने टाटमील चौराहे के पास से बिहार के मुंगेर जिले से अवैध पिस्टलें ला रहे तस्कर को गिरफ्तार किया। उसने अपना नाम राजाराम निवासी सराय मुरार सिंह थाना मानधाता प्रतापगढ़ बताया। 2002 में हत्या में वह जेल गया था। जेल में उसकी मुलाकात मुंगेर के शस्त्र तस्कर निरंजन राम से हुई थी। वर्ष 2007 में निरंजन राम जेल से जमानत पर छूटकर उसके घर पहुंचा तथा कुछ दिन रुका। निरंजन राम के साथ ही राजाराम ने मुंगेर की पिस्टलों की तस्करी का काम शुरू कर दिया। वर्ष 2016 में एसटीएफ प्रयागराज ने थाना कोहडोर प्रतापगढ़ से गिरफ्तार कर जेल भेजा था। वर्ष 2019 में मुंगेर से पिस्टल की खेप लाते समय जमालपुर जक्शन से जीआरपी ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जेल से छूटने के बाद मुंगेर निवासी राजन के साथ अवैध पिस्टल का कारोबार करने लगा। तस्करी की पिस्टलें प्रयागराज व आसपास के जिलों के अपराधियों को बेच देता था। रानीगंज प्रतापगढ़ के दुबे जी नामक व्यक्ति, जिनसे वह कभी मिला नहीं है, उनके भेजे गए व्यक्तियों को पिस्टलें देता है। 18 फरवरी को तीन पिस्टलें दुबे जी की ओर से भेजे गए व्यक्ति को दी थीं। तीन मार्च को मुंगेर से पिस्टल लेकर कानपुर आया था जहां पर दुबे जी ने बताए गये व्यक्ति को एक पिस्टल देनी थी तथा शेष पिस्टल प्रतापगढ़ में देनी थीं। एसटीएफ के कानपुर निरीक्षक शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी के पास से चार अवैध 32 बोर पिस्टल, सात मैगजीन बरामद की गई है। राजाराम पर जिला प्रतापगढ़ समेत अन्य जनपदों में 19 से ज्यादा मुकदमे हैं।


शातिर राजाराम।



# सिस्टम ने घंटों तड़पाया, डॉक्टर ने देख कर मिनटों में निपटाया

## जिला अस्पताल में डॉक्टर को दिखाने के लिए मरीजों को करना पड़ता घंटों इंतजार

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** किसी मरीज के लिए जिला अस्पताल में अपना रजिस्ट्रेशन कराना, ओपीडी में दिखाना, जांच करवाना, दवा आदि लेना किसी युद्ध से कम नहीं है। यहां रोजाना करीब एक हजार से अधिक मरीज इलाज के लिए आते हैं। पर घंटों की जद्दोजहद के बाद उनको डॉक्टर के महज चंद मिनट ही मिल पाते हैं। मरीजों के इस दर्द को बयां करती तस्वीरें रोजाना सामने आती हैं।

जिला अस्पताल में डाक्टरों की कमी व समय से उनके न बैठने के चलते मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पर्चा काउंटर से लेकर डॉक्टर कक्ष तक इस समय मरीजों की भीड़ हो रही है। डॉक्टरों के इंतजार में फर्श पर मरीज दर्द से कराहते हैं और बुखार से तपते रहते हैं। रोजाना घंटों लाइन में लगकर धक्का मुक्की संग मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे बड़ी कमीं अस्पताल में डॉक्टर्स की है।

कुछ डॉक्टरों के कंधे पर मरीजों का इलाज हो रहा है। उसमे भी कुछ रोजाना गायब या देरी से आने के कारण मरीजों को लाभ नहीं मिल पा रहा। इसमें भी कई पद खाली चल रहे है। ऐसे में महत्वपूर्ण त्वचा रोग के डॉक्टर के पद खाली होने से बीमारों को इलाज के लिए छटपटाना पड़ रहा है। बड़ी संख्या में बीमार इलाज के लिए दूसरे अस्पताल जाने को भी मजबूर हो रहे हैं।


बुधवार को जिला अस्पताल में लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

### तीमारदारों को खुद स्ट्रेचर खींचना पड़ता

पर्चा बनवाने के बाद मरीज जब डॉक्टर को दिखाने के लिए पहुंचता है तो कक्ष सूने मिलते हैं। ओपीडी में सुबह 8 बजे से डॉक्टर को बैठना है लेकिन अधिकतर डॉक्टर 9 और 10 बजे ही बैठते हैं। इसमें भी डॉक्टर कई बार राउंड पर जाने की बात कहकर चले जाते हैं। इससे मरीजों को इलाज के लिए इंतजार करना पड़ता है। जबकि इस समय ओपीडी में एक हजार से अधिक मरीजों की भीड़ हो रही है। सबसे ज्यादा मरीज खांसी, जुकाम, बुखार के पहुंच रहे हैं। मरीजों को तमाम दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। अस्पताल में मरीजों के तीमारदारों को स्वयं स्ट्रेचर खींचना पड़ता है। आए दिन व्हील चेयर पर बैठाकर एक्सरा कराने के लिए भी तीमारदार मरीज को ले जाते हुये दिखायी देते हैं। इस सबके बावजूद जिम्मेदार गंभीर नहीं हो रहे हैं। वार्ड में भर्ती मरीजों की व्यवस्थाओं पर नजर डालें तो यहां हर रोज चादर को लेकर भी तीमारदार को झंझट करनी पड़ती है। साफ सफाई की व्यवस्था तो ठीक है लेकिन तीमारदारों के सामने कई तरह की परेशानियां भी हैं।

प्रयास यही रहता है कि जो भी मरीज आये हैं वह बगैर इलाज के वापस न जायें। आए दिन राउंड लेकर डॉक्टर चेक किए जाते हैं। मरीजों से भी बात की जाती है। प्रमुख रोगों के डॉक्टर मिल जायें तो और भी अच्छा रहेगा। इसको लेकर शासन को पहले ही जानकारी दी जा चुकी है। **डॉ. पीके सिंह, सीएमएस**

### जांच रिपोर्ट मिलती दूसरे दिन

अस्पताल के आंकड़ों से पता चलता है कि हर रोज 15 से 20 मरीज रेफर होते हैं। सीटी स्केन की जांच भी दूसरे दिन मिल पाती है। ऐसी स्थिति ब्लड जांच की भी है। इसके लिए भी मरीजों को दूसरे दिन आना पड़ता है। अस्पताल की ओपीडी में मरीजों को पर्चा बनवाने में कोई दिक्कत न हो। इसके लिए चार काउंटर बने हुए हैं लेकिन दो काउंटर पर ही पर्चे बनाने का काम होता है। इससे लाइन में लगकर मरीजों को पर्चा बनवाने के लिए आधे-आधे घंटे तक इंतजार करना पड़ता है। इस पर भी आए दिन यहां धक्का मुक्की होती है। हंगामा होता है। इस सबके बाद भी व्यवस्था को लेकर गंभीरता नहीं दिखायी जा रही है। इससे मरीजों को दिक्कतें हो रही हैं।

### किससे कहें अपनी बात

शहर के रानीकालोनी निवासी सरोजनी ने बताया कि आधा घंटे में उनका पर्चा बन पाया। एक घंटा घर से अस्पताल तक आने में लगा। आबू नगर निवासी कल्यान सिंह ने बताया कि बच्चे की दवा के लिए पर्चा बनवाने में लंबी लाइन में लगकर इंतजार करना पड़ा। यदि जो काउंटर बंद हैं उन्हें चालू करा दिया जाये तो जो दिक्कतें हो रही हैं, वह खत्म हो जाएंगी, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है।

# बारिश और ओले के बाद खिली धूप से मिली राहत

**फतेहपुर।** पिछले दिनों हुई झमाझम बारिश और आसपास गिरे ओलों के बाद आकाश साफ हो गया। वहीं मौसम के आई तब्दीली से दो दिनों में न्यूनतम ताप 07 डिग्री नीचे सरका और 10 सेंटीग्रेट पर टिक गया। जबकि बुधवार अधिकतम पारा 25 डिग्री दर्ज किया गया। हालात यह थे फाल्गुन कृष्ण नवमीं ठिठुर उठी। दिन में खिली धूप के बाद भी ठंडक महसूस हुई।

मंगलवार की रात जाड़े में जकड़ी रही। सुबह से आकाश साफ रहा। भोर हवाएं से घुली ठंडक ने लोगों को गर्म कपड़े पहनने पर मजबूर किया। सुबह 6.35 बजे सूर्योदय हुआ। उस वक्त मामूली बादल छाए थे। वहीं मार्च के पहले सप्ताह में सर्दी चरम पर रही। जिससे लोग घरों में कैद रहे। ठिठुरन के बीच बच्चे स्कूल गए तो कामगार दफ्तर। 8.30 बजे से खिली धूप लोगों को रास आने लगी। इसके बाद लगातार धूप में तेजी आई। दोपहर 2.30 बजे से पूरब, पश्चिम उत्तर दिशाओं से चल रहीं हवाएं परेशान करने लगी। जिससे शहरी गर्म कपड़ों में पैक रहे। शाम 4.30 बजते ही मौसम तेजी से बिगड़ा। इसके बाद लगातार सर्दी बढ़ने लगी। 6.20 बजे सूर्यास्त के बाद पूरा शहर सर्दी के आगोश में नजर आया। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो आने वाले दिनों में आकाश साफ रहेगा। जिससे तापमान में भी मामूली बढ़ोतरी की संभावना है। इन दिनों में सर्दी महसूस देगी।


मंदिर में सम्पन्न होती शादी। अमृत विचार

# मिसाल: बिना दहेज के सुधीर-मुस्कान का विवाह

संवाददाता असोथर

- इस विवाह का गवाह बना प्राचीन ब्रम्हदेव मंदिर

**अमृत विचार।** नगर पंचायत असोथर क्षेत्र प्राचीन ब्रम्हदेव बाबा मंदिर परिसर एक साहसिक विवाह का गवाह बना। असोथर क्षेत्र के बेरूई गांव के रहने वाले रमेश साहू के बेटे सुधीर की शादी धूमधाम से कराई गई। ब्रम्हदेव मन्दिर में दोनों पक्षों के रिश्तेदारों एवं ग्रामीणों के सहयोग से हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार बिना दहेज के लेन-देन के शादी संपन्न हुई।

बहरामपुर गांव निवासी लल्लू साहू की बेटी मुस्कान ने सुधीर को अपनी खुशी से जीवन साथी चुना। मुस्कान ने बताया कि वह अपने माता-पिता की दो बहनें व एक भाई है। परिवार में आर्थिक तंगी रहती है। पिता सूरत में किसी दूसरी महिला से शादी रचा कर परिवार को अकेला छोड़ दिया है। इसके बाद से परिवार एक तरह से अनाथ हो गया। परिवार को लेकर गांव में कई तरह के ताने मारे जाते थे। समाज और रिश्तेदारों के सहयोग से विवाह बेरूई गांव के रमेश साहू के बेटे सुधीर साहू से बिना किसी दान-दहेज के खुशी भरे माहौल में हो गया है। बताया कि मुस्कान आठवीं पास है और सिलाई-बुनाई जानती है।

शादी के अवसर पर बड़ी संख्या में दोनों तरफ से स्वजन और रिश्तेदारों, ग्रामीणों ने उपस्थित होकर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। दूल्हे के पिता रमेश ने बताया कि शादियों में दहेज न मिलने के कारण गरीब परिवार की लड़कियों से संबंध नहीं करते थे। जिससे गरीब परिवार के ऊपर अपनी बेटियों की शादी की चिंता बढ़ जाती थी। इसीलिए अपने बेटों की शादी बिना दहेज के करूंगा।

# 20 दिन बाद भी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा हत्यारोपी

**फतेहपुर।** पत्नी की गला दबाकर हत्या करने के बाद फरार आरोपी पति 20 दिन बाद भी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सका है। पुलिस आरोपी की तलाश में आसपास के जिलों में दबिश दे रही है। मृतका के परिजनों ने हत्यारोपी को एसपी से पकड़ने की मांग की है।

ललौली थाना क्षेत्र के थवई निवासी वीर सिंह की पुत्री पारूल उर्फ कौशिकी की शादी असोथर थाना क्षेत्र के कंधिया निवासी मोनू सिंह ऊर्फ रावेंद्र सिंह के साथ हुई थी। शराब के नशे में मोनू आयदिन पत्नी के साथ मारपीट और प्रताड़ित करता था। पारूल को 14 फरवरी की दोपहर मां रेनू ने फोन किया था। फोन पर बातचीत न होने पर मां को बेटी के साथ अनहोनी की आशंका हुई थी। वह परिवार के साथ पुत्री पारूल के घर कंधिया पहुंची थी। जहां चारपाई में पारूल का शव मिला था।

दरवाजा तोड़कर शव को निकाला गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पारूल की गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई थी। पुलिस ने पति मोनू सिंह पर हत्या का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी थी। करीब 20 दिन बाद हत्यारोपी पति का सुराग नहीं लग सका है। प्रभारी निरीक्षक विनोद मौर्या ने बताया कि हत्यारोपी की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। फिलहाल अभी उसकी सही लोकेशन नहीं मिल पा रही है। जल्द ही उसे पकड़ लिया जाएगा।

# फ्लैग मार्च कर लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया

संवाददाता बिंदकी

- सशस्त्र सीमा बल ने नगर के प्रमुख क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया
- अचानक सड़क पर भारी फोर्स देखकर लोग हुए हैरान

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए बुधवार को एसएसबी यानि सशस्त्र सीमा बल ने नगर व क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। अचानक भारी बल देखकर लोग हैरान हो गए हालांकि जब लोगों को पता चला कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर यह फ्लैग मार्च किया जा रहा है तो लोगों की उत्सुकता समाप्त हुई।

आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर शासन प्रशासन और पुलिस लगातार तैयारी में जुटा हुआ है। इसी को लेकर बुधवार को नगर और क्षेत्र में सशस्त्र सीमा बल द्वारा पुलिस के साथ फ्लैग मार्च किया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार दुबे के नेतृत्व में फ्लैग मार्च नगर के मोहल्ला मुगल रोड खजुहा चौराहा, बजरिया मेन बाजार, फाटक बाजार, बजाजा गली, गांधी चौराहा तहसील रोड, ललौली चौराहा के अलावा खजुहा जोनिहा सरकंडी जिगनी आलमगंज मिस्सी खूंटा आदि कस्बा गांव में फ्लैग मार्च किया गया। पुलिस के अनुसार सशस्त्र सीमा बल तथा पुलिस के द्वारा फ्लैग मार्च किया गया है यह फ्लैग मार्च आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए किया गया है। इसके अलावा लोगों में सुरक्षा की भावना उत्पन्न करने के लिए उनका आत्मविश्वास पैदा करने के लिए यह फ्लैट मार्च किया गया है। इस मौके पर क्राइम इंस्पेक्टर श्याम प्रकाश पांडे के अलावा सब इंस्पेक्टर रमेश चंद, भारत सिंह, सरनाम सिंह के अलावा विशाल सिंह, विकास यादव, हरिंदर सहित अधिकारी व पुलिस के जवान मौजूद रहे।

### लोगों को निडर रहने का संदेश दिया

**फतेहपुर।** लोकसभा चुनाव को मद्देनजर बुधवार को बिंदकी नगर में सुरक्षा बलों ने फ्लैग मार्च करते हुए लोगों को निडर रहने का संदेश दिया। लोकसभा चुनाव को लेकर शासन-प्रशासन लगातार अपनी तैयारी में जुटा हुआ है। जिसको लेकर बुधवार को नगर और तहसील क्षेत्र में सशस्त्र सीमा बल अर्थात एसएसबी द्वारा पुलिस के साथ फ्लैग मार्च किया गया। बिंदकी पुलिस क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार दुबे के नेतृत्व में यह फ्लैग मार्च नगर के मोहल्ला मुगल मार्ग, खजुहा चौराहा, बजरिया, मेन बाजार, फाटक बाजार, बजाजा गली, गांधी चौराहा, तहसील रोड, ललौली चौराहा के अलावा खजुहा, जोनिहा, सरकंडी, जिगनी, आलमगंज, मिस्सी, खूंटा आदि कस्बा गांव में फ्लैग मार्च किया गया। बता दें कि यह फ्लैग मार्च आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए लोगों में सुरक्षा की भावना उत्पन्न करने के उद्देश्य, उनका आत्मविश्वास आदि पैदा करने के लिए ही किया गया है। इस अवसर पर क्राइम इंस्पेक्टर श्याम प्रकाश पांडेय, सब इंस्पेक्टर में रमेशचंद्र, भारत सिंह, सरनाम सिंह के अलावा कांस्टेबल विशाल सिंह, विकास यादव, हरेंदर सिंह सहित सीमा बल के अधिकारी और जवान मौजूद रहे।

# ट्रेन से गिर कर यात्री घायल

**फतेहपुर।** बिंदकी व औंग रेलवे स्टेशन के बीच किसी ट्रेन से एक यात्री गिरकर घायल अवस्था में पड़ा था। जिसकी जानकारी बिंदकी स्टेशन मास्टर को हुई तो तुरंत घटना से आरपीएफ को अवगत कराया। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचे हेड कॉन्सटेबल आरपीएफ जवान कमलेश कुमार घायल यात्री को एंबुलेंस से इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर घायल को भर्ती कर उसका इलाज कर रहे है। वहीं आरपीएफ जवान ने बताया कि यह बिंदकी व औंग रेलवे स्टेशन के बीच किसी ट्रेन से गिरकर घायल हो गया है। घायल ठीक से कुछ बता नही रहा सिर्फ नाम रामलाल बता रहा है।

# रुद्र महायज्ञ में अरण्य मंथन से प्रकट हुई अग्नि

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- बूढ़ेनाथ स्वामी मंदिर में आयोजित किया गया है सात दिवसीय कार्यक्रम

**अमृत विचार।** देवमई ब्लाक के मुसाफ़ा गांव में विशाल रुद्र महायज्ञ एवं रासलीला का मंचन 14 मार्च तक धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन कराया जाएगा।

प्राचीन स्वयं-भू शिवलिंग बाबा श्रीबूढ़ेनाथ स्वामी मंदिर के दरबार में बुधवार के दिन चित्रकूट से आये पांच आचार्यों और पांच ऋषियों द्वारा अरणी मंथन के साथ वैदिक मंत्रोच्चार कर अग्नि मंडप में अग्नि प्रगट की गई। अग्नि देवता के प्रकट होते ही बम भोले के जयकारे से क्षेत्र गूंज उठा। मुख्य यजमान आशीष गुप्ता ने पत्नी के साथ यज्ञ वेदी की पूजा अर्चना की। रूद महायज्ञ में यज्ञ मंडप में प्रवेश के साथ हवन पूजन का अनुष्ठान शुरू हुआ। इससे पूर्व मुख्य आचार्य पंडित शिवकांत व अन्य आचायों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पंचाग पूजन व ब्राहमण पूजन अनुष्ठान कराया। इसके बाद यज्ञ मंडप की परिक्रमा के बाद यजमान को यज्ञ मंडप में प्रवेश कराया गया। अनुष्ठान के दौरान यज्ञ मंडप में बनाए गए पंच वेदियों में देवी देवताओं का प्राण प्रतिष्ठ कराया गया। साथ ही रूद्र अष्टाध्याय पाठ, रूद्राभिषेक व अग्निमंथन के साथ हवन प्रारंभ किया गया। अग्नि प्रकट होते ही वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन शुरू हो गया। यज्ञ मंडप में श्रद्धालुओं ने फेरे लेने शुरू कर दिया है। विशाल रुद्र महायज्ञ एवं रासलीला में क्षेत्र के लोगों का आना शुरू हो गया है। कार्यक्रम में आसपास ही नहीं बल्कि अन्य जिले के लोग भी आते हैं। मुसाफ़ा गांव में महान संत शोभन सरकार और मौनी सरकार का जन्म स्थल भी है। बाबा बूढ़ेनाथ स्वामी मंदिर के प्रति लोगों में अत्यंत आस्था है। बाबा से मांगी गई मनोकामना पूर्ण होती है।

इस मंदिर का इतिहास लगभग 600 वर्ष से अधिक बताया जाता है। ग्रामीणो का कथन है कि इस मंदिर में बड़े बड़े विद्वान संतो ने तपस्या की है। जिसमें विरक्तनंद शोभन सरकार व मौनी सरकार का भी नाम आता है। वृंदावन से आई रासलीला मंडली के व्यास अमित तिवारी के सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा गुरुवार की रात्रि से कृष्ण जन्म लीला का जीवत मंचन किया जाएगा। इस मौके पर अमित तिवारी, गौरव शुक्ला, संजय तिवारी, अनुभव, प्रांजुल, लक्ष्मी तिवारी, शिवा, दीपक, प्रशांत, संजय, प्रतीक सहित अन्य लोग व्यवस्था में लगे रहे।


मंदिर के कार्यक्रम में धार्मिक अनुष्ठान करते लोग। अमृत विचार

# नाटक से भ्रूण हत्या के खिलाफ किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने किया आयोजन
- मतदान को लेकर छात्राओं ने वॉल पेंटिंग भी की

**अमृत विचार।** शहर के डा. भीमराव आम्बेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर के छठवें दिन बुधवार को स्वयं सेविकाओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अभिग्रहीत ग्राम वासियों को भ्रूण हत्या निषेध व पर्यावरण संरक्षण के लिये प्रेरित किया। प्राथमिक विद्यालय गढ़ीवा के बच्चों ने भी नुक्कड़ नाटक को प्रस्तुत किया। अधिक संख्या में लोग नुक्कड़ नाटक देखने पहुंचे तथा नाटक की प्रशंसा भी की।

नुक्कड़ नाटक के बाद स्वयं सेविकाओं ने मतदाता को जागरूक करने के लिये वाल पेन्टिंग भी की। राष्ट्रीय सेवा योजना के बौद्धिक सत्र में पंजाब नेशनल बैंक के शाखा प्रबन्धक मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने छात्राओं को आनलाइन बैंकिंग के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि हमें सुरक्षा के साथ आनलाइन बैंकिंग का उपयोग करना चाहिये। अंजान व्यक्ति के साथ खाते से सम्बन्धित कोई भी जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए। प्राचार्या प्रो. सरिता गुप्ता ने भी छात्राओं को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि हम सभी को जाति वर्ग भाषा वर्ण आदि से ऊपर उठकर एकता की भावना के साथ स्वस्थ समाज का निर्माण करना चाहिए।


नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करती छात्राएं।

### लोक नृत्य पेश कर खूब बटोरी तालियां

**बिंदकी फतेहपुर।** एसआरएस रूरल डेवलपमेंट ट्रस्ट द्वारा विद्यालय में लोक नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मनमोहक लोक नृत्य प्रस्तुत कर कलाकारों ने खूब तालियां बटोरी। वहीं छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। क्षेत्र के जोनिहा कस्बे के डॉ भीमराव अंबेडकर जूनियर हाई स्कूल में एसआरएस रूलर डेवलपमेंट टेस्ट द्वारा संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से प्रोडक्ट ग्रांट योजना के अंतर्गत लोक नृत्य कार्यक्रम किया गया। पलक विश्वकर्मा एवं पार्टी द्वारा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति की गई। ट्रस्ट की सचिव स्नेह लता सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सचिन, लता सिंह ने छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुतीक्षण सिंह, विद्यालय के प्रबंधक आनंदपाल सिंह, अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, संचालक नरेश पाल सिंह रहे।

## सार-संक्षेप



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते राष्ट्रीय अध्यक्ष।

### रथ यात्रा लेकर पहुंचे जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**फतेहपुर।** जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबू सिंह कुशवाहा बुधवार को जनपद में संपूर्ण भागीदारी रथ यात्रा लेकर पहुंचे। पार्टी के जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह मौर्य ने बताया कि यह रथ यात्रा पूर्वांचल से शुरू हुई है। रथ यात्रा बुधवार को कौशांबी से होते हुए धाता से खागा, खागा से फतेहपुर सम्राट अशोक चौराहा पहुंची। जहां पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सम्राट अशोक की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। उसके बाद जनसभा को संबोधित करते हुए बताया कि आने वाली लोकसभा चुनाव में आप सभी लोग अपने मत का प्रयोग करें और पार्टी को मजबूत करें। इस मौके पर डा. संतोष सिंह लोधी, ज्ञान प्रकाश मौर्य, प्रवक्ता चंद्रपाल सिंह, अजीत कुशवाहा एडवोकेट, महासचिव राजेश मौर्य, उपाध्यक्ष अभय कुशवाहा, मंडल सचिव संतोष कुशवाहा, पूर्व युवा महासचिव इरफ़ान सिद्दीकी, उत्तम कुशवाहा, अजय पटेल, विपिन कुमार, अजय कुमार, रविंद्र मौर्य, रामप्यारी, संतोष कुशवाहा सहित पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### ठगी के 3.70 लाख रुपये खाते में कराए वापस

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली के ओमकार नगर वीआईपी रोड के रहने वाले अनुराग उत्तम ने 13 फरवरी को पुलिस अधीक्षक को एक प्रार्थना पत्र दिया था। जिसमें बताया था कि आनलाइन ट्रेडिंग करने की बात बताकर उससे करीब नौ लाख रूपया आनलाइन माध्यम से ट्रांसफर करा लिया गया है और कोई लाभ नहीं दिया गया। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने मामला संज्ञान में लेकर साइबर क्राइम पुलिस थाना टीम को त्वरित कार्यवाही के लिए आदेश दिया था। जिस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए आवेदक से ट्रांसफर हुए रूपयो का विवरण प्राप्त करते हुए तत्काल पोर्टल पर शिकायत दर्ज की गई। विधिक कार्यवाही कराते हुये अब तक कुल 3.70 लाख रूपये पीड़ित के बैंक खाते में वापस कराया गया। बताया कि शेष धनराशि के बरामदगी के सम्बन्ध में भी प्रयास किए जा रहे हैं। खाते में अपनी धनराशि वापस पाने के बाद पीड़ित ने आभार व्यक्त किया है।

### दस किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**फतेहपुर।** मादक पदार्थों की बिक्री और तस्करी पर रोक लगाने के लिए एसपी के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने चेकिंग के दौरान लाखो रुपए का गांजा पकड़ा है। पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए गांजा तस्कर यूपी के कई जिलों में गांजा की सप्लाई करते हैं। हुसैनगज थाना क्षेत्र के प्रभारी राम केवल पटेल ने बताया कि असनी चौकी प्रभारी उग्रेस दत्त त्रिपाठी ने टीम के साथ गंगा पुल से पहले बसफ़रा तिराहा के चेकिंग कर रहे तभी दो युवक एक स्कूटी से आते दिखे जिनको रोका गया तो स्कूटी को छोड़कर दोनों युवक भागने लगे। पुलिस टीम ने दोनों को घेरकर पकड़ लिया। पुलिस ने जब स्कूटी के सीट के पास एक बोरे को खोलकर देखा तो उसमें गांजा बरामद किया। थाना प्रभारी ने बताया की पकड़े गए दोनों गांजा तस्कर शाहरुख खां और भीम सिंह कंजड़ ने बताया कि यह लोग बांदा से रायबरेली गांजा की तस्करी कर ले जा रहे थे। इन लोगों के पास से 10 किलो गांजा जिसकी कीमत एक लाख रुपए है।

**नई सुविधा** यू-विन पोर्टल पर घर बैठे होगा रजिस्ट्रेशन, पूरे देश में कहीं भी करा सकेंगे टीकाकरण

# टीके के लिए अब नहीं लगाने पड़ेंगे चक्कर

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** महिलाओं को बार बार अस्पताल जाने से मिलेगी मुक्ति। सहयोगी संस्था यूएनडीपी के क्षेत्रीय समन्वयक ने बताया कि उत्तर प्रदेश में इसे पायलट प्रोजेक्ट के तहत लखनऊ एवं बाराबंकी दो जिलों में शुरू किया गया था। कहा कि अस्पतालों में बच्चों को बीसीजी, हैपेटाइटस, डिप्थीरीया, पोलियो समेत गर्भवती महिलाएं टीकाकरण कराने के लिए आती हैं।

टीकाकरण के लिए फील्ड स्टॉफ लोगों को सूचना देता था। इस टीकाकरण के लिए लोगों को पहले अस्पताल में पंजीकरण के बारे में पता लगाना पड़ता था। साथ ही टीकाकरण हो रहा है या नहीं, इस बारे में भी बार-बार अस्पतालों से पता करना पड़ता था। टीकाकरण का पता चलने के बाद लोग अस्पतालों का रुख करते थे। जिससे अब छुटकारा मिल गया है। कोरोना महामारी के समय कोविन पोर्टल के माध्यम से लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा दी गई थी। अब उसी तर्ज पर अब यू-विन पोर्टल पर गर्भवती व नवजात शिशु से पांच वर्ष तक की आयु के बच्चों को टीके लगवाने के लिए टीकाकरण केंद्रों की जानकारी व ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा होगी। लोग आसानी से टीका लगवाने के लिए बुकिंग करा सकेंगे। टीका लगवाने का डिजिटल प्रमाण पत्र भी प्राप्त होगा। यू-विन पोर्टल पर पंजीकरण के बाद बच्चों व गर्भवती को देश भर में कहीं भी टीका लगवाने की सुविधा दी जाएगी। एसीएमओ डा. इस्तियाक अहमद ने बताया कि इस पोर्टल के संचालन के लिए जल्द ही आशा और एएनएम को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### यू-विन के फायदे

परिवार के सभी सदस्यों के टीकाकरण का डाटा एक साथ एक ही जगह पर उपलब्ध होगा। पूरे देश में टीका की आपूर्ति एवं उपयोग की केन्द्रीयकृत निगरानी हो सकेगी। स्वास्थ्य कार्यकर्ता के कार्यों का आकलन भी हो सकेगा।

**ऐसे करें उपयोग**

यू-विन पोर्टल या ऐप को मोबाइल में डाउनलोड कर आप खुद को तथा अपने परिवार के सदस्यों को रजिस्टर कर इसका लाभ उठा सकते हैं। मोबाइल नंबर को यू-विन एप पर रजिस्टर करते हैं। वहां आपका नाम, पता, आधार नंबर आदि विवरण आ जाता है।

# किसान नेता की जमीन पर कब्जा, डीएम से शिकायत

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** किसान नेता की जमीन पर गांव के दबंग लोगों ने जबरन कब्जा कर निर्माण कार्य करा लिया। विरोध करने पर लाठी-डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस में शिकायत की तो किसान नेता सहित अन्य लोगों पर कार्यवाही कर दी। पीड़ित किसान नेता ने परिवार के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है।

बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के दुगरेई गांव के रहने वाली पीड़ित महिला छेददी पत्नी शिवमंगल ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर प्रार्थना पत्र देते हुए आरोप लगाया कि उनके मकान की निकासी व दरवाजा बंद करने की नीयत से 28 फरवरी के दिन गांव के कुछ दबंग लोगों ने लाठी-डंडे से हमला कर दिया। जबरन उनकी जमीन में नींव खोदकर नाली सीसी मार्ग और दीवार खड़ी कर दी। घर को जाने का रास्ता पूरी तरह से बंद हो गया है। उसी दिन कोतवाली पुलिस को शिकायत पत्र दिया तो उसके पुत्र दीपू व देवरानी रामरती को कोतवाली में बैठालकर न्याय न दिलाकर दोनों का चालान कर दिया। पीड़ित महिला ने आरोप लगाया कि वह अब लोग घर से बेघर हो गए हैं।

# लोगों में कैंसर बांट रहा कारखाने का काला धुंआ

**जिंदगी से खेल**

- नेशनल हाईवे किनारे कारखाने उगल रहे हैं प्रदूषण
- कारखानों में मानकों की जा रही अनदेखी

संवाददाता औंग, फतेहपुर

**अमृत विचार।** नेशनल हाईवे स्थित मलवां ब्लॉक के ग्राम आशापुर डाक बंगले के विपरीत दिशा में स्थापित एक टायर जलाने वाली कम्पनी से निकले काले धुंआ लोगों को कैंसर जैसी घातक बीमारी बांट रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि गत वर्ष रहसूपुर गांव के पांच लोगों की कैंसर से मौत हो चुकी है।

जिससे क्षेत्र में दहशत रहती है। गत वर्ष ग्राम आशापुर के सुशील (40 वर्ष) गुलाब सिंह (33वर्ष) रज्जन की पत्नी ( 50 वर्ष ) प्रकाश की पत्नी ( 70 वर्ष ) राजभान की पत्नी ( 45 वर्ष ) कैंसर के कारण मृत्यु हो चुकी है। वर्तमान समय में आसपास गांवों में बड़ी तेजी से कैंसर फैलने की जानकारी प्राप्त हुई है।



गोधरौली क्षेत्र में मौत बांटते कारखाने। अमृत विचार

### कार्रवाई का दिया गया था आदेश

जिलाधिकारी सी. इंदुमती ने एसडीएम बिंदकी को प्रदूषण फैलाने वाली फैक्ट्रियों के खिलाफ कार्रवाई करने को आदेशित किया था। मौके पर मौजूद तत्कालीन थाना प्रभारी विद्या यादव को केमिकल कचरा फेंकने वाले वाहनों को सीज कर ठेकेदारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने को कहा था। इसके बावजूद भी कहीं कहीं फैक्ट्रियों से केमिकल कचरा निकाल कर सार्वजनिक स्थानों में फेंका जा रहा है।

### क्या कहते हैं स्थानीय लोग



जहर उगल रहे हाईवे किनारे के कारखानों को यदि समय रहते बन्द नहीं किया गया तो वह दिन दूर नहीं जब यहां के प्रत्येक घर में कैंसर का मरीज देखने को मिलेगा।

सौरभ गुप्ता, भाजपा देवमई मण्डल अध्यक्ष



इन कारखानों की जांच होने के बाद भी अन्दर ही अन्दर संचालन जारी है, भ्रष्टाचार इतना बढ़ गया है कि लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ होने के बावजूद खामोशी छाई हुई है।

–सोनू गुप्ता, निवासी ग्राम छिवली

### कैंसर फैलने का कारण

ग्राम सादीपुर के पास स्थापित फैक्ट्रियों द्वारा वायुमंडल में प्रदूषण, उसके अपशिष्ट से भूगर्भ में जल प्रदूषण, खेतों की मिट्टी में अपशिष्ट का मिशन हो जाने के कारण अनाज व सब्जियों में प्रदूषण भरपूर मात्रा में व्याप्त हो गया है। फैक्ट्रियों में वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का उपयोग न करने, वायू प्रदूषण यन्त्र संचालित न करने तथा केमिकल अपशिष्ट सार्वजनिक जमीन में डालने की जांच कई बार हो चुकी हैं। इस मामले से सम्बन्धित पहले से ही एक जनहित याचिका हाई कोर्ट प्रयागराज में दाखिल है। सार्वजनिक जांच में भूगर्भ जल संरक्षण में पानी में अधिकतर क्रोमियम की मात्रा पाई गई है। जनवरी माह में जिलाधिकारी सी इंदुमती गोधरौली गांव पहुंची थी और बदहाली देखा था।

# एंटी रैबीज इंजेक्शन को तरस रहे मरीज

संवाददाता फतेहपुर

- चार पीड़ित आने पर ही लगाते हैं इंजेक्शन
- 24 घंटे के भीतर इंजेक्शन लगाने का है नियम

**अमृत विचार।** इन दिनों अस्पतालों में कुत्ते और बंदर के काटने के मामले ज्यादा आ रहे हैं। इन मरीजों को एंटी रैबीज का इंजेक्शन लगाया जाता है। इंजेक्शन लगवाने आने वालों को चार केस होने का फेर परेशान कर रहा है। पर्याप्त मात्रा में इंजेक्शन होने के बाद भी मरीजों को लाभ नहीं मिल रहा है। ऐसे में लोग निजी क्लीनक जाने को मजबूर हैं।

कुत्ते व बंदर के काटने से व्यक्ति रैबीज का शिकार हो सकता है। इससे बचाने के लिए जिला अस्पताल और सीएचसी में एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाया जाता है। इंजेक्शन होने के बाद भी सीएचसी और ग्रामीण क्षेत्रों में इंजेक्शन लगवाना मुसीबत साबित हो रहा है। इसका कारण है कि चार डोज का फेर। जानकारों की मानें तो एक वायल में चार एंटी रेबीज की डोज होती है जो एक बार खुलने के दो घंटे



के अंदर खराब हो जाती है। स्वास्थ्य कर्मी कई बार अन्य केस न आने पर वायल नहीं खोलते, जबकि कुत्ता या बंदर काटने के 24 घंटे के भीतर एंटी रैबीज इंजेक्शन जरूरी होता है। परेशान लोग मजबूर होकर निजी क्लीनक में महंगे दामों में एंटी रेबीज का इंजेक्शन लगवा रहे हैं।

24 घंटे बाद लग रहा एंटी रेबीज कुत्ता-बंदर काटने के 24 घंटे में इंजेक्शन लगाने की गाइडलाइंस है। विभागीय आंकड़ों में ज्यादातर सीएचसी में रोजाना 50 मरीजों को इंजेक्शन लगाने का दावा किया जाता है। वहीं जानकारों की माने तो इंजेक्शन तो लग रहे हैं लेकिन तय समय सीमा के बाद। आज के मरीजों को कल और कल के मरीजों को परसों बुलाकर इंजेक्शन लगाने का कोटा पूरा किया जा रहा है।

> एक मरीज होने पर भी वॉयल खोलकर इंजेक्शन लगाने के निर्देश हैं। दवा की एक वॉयल से चार को इंजेक्शन लगाया जा सकता है। एक मरीज होने पर अन्य मरीजों के आने तक उसे कुछ देर इंतजार कराया जा सकता है। अगले दिन बुलाना गलत है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> डॉ. इस्तियाक अहमद, एसीएमओ

# जिला अस्पताल में नहीं है दिल के मरीजों का इलाज

## हृदय रोग विशेषज्ञ सिर्फ ईसीजी के सहारे इलाज का कर रहे प्रयास

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** हार्ट के मरीजों को जिला अस्पताल कानपुर रेफर किया जा रहा है। जिले में एक हृदय रोग विशेषज्ञ तो हैं लेकिन इलाज के संसाधन नहीं होने से मरीजों को छोटी परेशानी पर भी बड़े शहरों की ओर दौड़ लगानी पड़ रही है। ऐसे में अटैक पड़ने पर कानपुर ले जाते कई मरीजों की रास्ते में ही मौत हो जाती है।

जिला अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ के रूप में डा. राजीव तिवारी की तैनाती है। जिला अस्पताल के हृदय रोग विशेषज्ञ होने के बावजूद वह हृदय रोगियों का ढंग से उपचार नहीं कर पा रहे हैं। कारण है कि हृदय रोगियों के इलाज के लिए जिला अस्पताल में सिर्फ ईसीजी उपलब्ध है, बाकी कोई संसाधन नहीं है। सीएचसी, पीएचसी, जिला अस्पताल समेत जिले में कहीं पर भी हृदय रोग संबंधी कोई संसाधन न होने से हृदय के मरीजों को बड़े शहरों का सहारा लेना पड़ रहा है। अचानक अटैक पड़ने या हृदय से संबंधित कोई बड़ी समस्या पर जब रोगी को यहां से ले जाते हैं तब तक कई मरीजों की रास्ते में ही मौत हो जाती है। इन हालातों में जिले के हृदय रोगियों को महानगरों के बड़े-बड़े मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का ही सहारा है।



### युवा भी आ रहे हार्ट अटैक की चपेट में

कोरोना के बाद से हार्ट अटैक की घटनाएं कुछ ज्यादा ही देखने सुनने को मिल रही हैं। पहले हार्ट अटैक की समस्या उम्र दराज लोगों में ज्यादा होती थी लेकिन अब युवा भी तेजी से इसकी चपेट में आ रहे हैं। जबकि पहले हृदय रोग की समस्या सिर्फ उम्र दराज व्यक्तियों में ही ज्यादा देखी जाती थी। वहीं लोगों को इलाज नहीं मिल रहा।

> हाथ- पैर और शरीर के खुले हिस्से की धमनियां सिकुड़ती हैं। खून का दबाव हार्ट की तरफ बढ़ता है। जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ने के साथ हार्ट अटैक की संभावना ज्यादा हो जाती है। सीने में दर्द है, पसीना आ रहा है और घबराहट हो रही है तो तुरंत इकोस्प्रिन की गोली देनी चाहिए। यह अटैक के पूर्व के लक्षण हो सकते हैं। इसके बाद तुरंत ही नजदीकी अस्पताल में चिकित्सक को ब्लड प्रेशर की जांच करने के बाद उपचार करने में बिल्कुल देरी न करें। समय से उपचार दिया जाना जरूरी है।
>
> डा. राजीव तिवारी, हृदय रोग विशेषज्ञ

## महिला को टक्कर मार गिरा बाइक सवार, दोनों घायल

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के बिसौली गांव के पास भिटौरा रोड पर बाइक सवार ने पैदल जा रही महिला को टक्कर मार दिया और खुद भी गिर गया। जिससे महिला व बाइक सवार दोनों घायल हो गए। घायल अवस्था में दोनों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर घायलों का इलाज कर रहे है।

कोतवाली क्षेत्र के अलादातपुर गांव निवासी राजेन्द्र बिसौली गांव के पास भिटौरा रोड पर स्थित एशिया कोल्ड स्टोर में काम करता है। रोज की तरह वह कोल्ड स्टोर में काम करने घर से आया था और उसकी पत्नी विमला देवी दोपहर में उसको घर से खाना देने आयी थी। कोल्ड स्टोर से खाना देकर वह रोड के किनारे किनारे जैसे ही चंद कदम आगे बढ़ी तभी हुसेनगंज थाना क्षेत्र के घनश्यामपुर भटहा गांव निवासी पंकज बाइक पर सवार होकर आ रहा था। स्कूल के सामने रोड पर ब्रेकर बने होने की वजह से उसने भी अपनी बाइक फुटपाथ पर उतार दिया। फुटपाथ पर पैदल चल रही विमला देवी को टक्कर मार दी।

# जाम बना नासूर, दिन भर पुलिस परेशान

**समस्या**

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- बिंदकी नगर में महानगरों जैसे रहते जाम के हालात
- स्कूली बच्चों समेत मरीजों के फंसते हैं वाहन

**अमृत विचार।** बिंदकी नगर में लगने वाला जाम अब नासूर बन गया है। वाहनों की कतार दाद में खाज का काम कर रही है। इस जाम से बड़े ही नहीं बच्चों को भी परेशानी उठानी पड़ती है, यही हालत बाजारों के भी रहे। बुधवार को लगने वाले जाम से खाकी जूझती नजर आई।

नगर में जाम की यह समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। सुबह से लेकर देर रात तक लोगों को इससे जूझना पड़ता है। ऐसे में बाजारों में बढ़ता अतिक्रमण और घिरते फुटपाथ भी समस्या का ओर बढ़वा दे रहे हैं।

लोगों का कहना है कि शीघ्र ही इस समस्या का निदान कराया जाना चाहिए। बुधवार को दोपहर घंटों भारी वाहनों का जाम लगा रहा। जिसे खुलवाने के लिए खाकी सड़क पर नजर आयी। स्कूली बच्चे से लेकर आने वाले रहगीर भी फंसे रहे। कानपुर-बांदा सागर मार्ग स्टेट हाइवे होने से रोड पर छोटे और भारी वाहनों का दबाव रहता है। रोडवेज बसे जाम में फंसने से यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ती है।



अक्सर यही नजारा रहता है नगर की सड़कों का। अमृत विचार

### शासन को लिखा पत्र

लोक निर्माण विभाग अधूरे बाईपास निर्माण को लेकर एक दशक से जूझ रहा। प्रशासन ने किसानों से सहमति के आधार पर भूमि की बात की थी। कुछ किसानों ने बिना भूमि अधिग्रहित कराये अपनी भूमि सरकार को विक्रय करने से किनारा खींच लिया। जिससे बाईपास निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका। वहीं किसानों की भूमि अधिग्रहण को लेकर लोक निर्माण विभाग ने शासन को पत्र लिखा है।

### 11 सालों से बाईपास लटका अधर में

पिछले ग्यारह सालों से बिंदकी बाईपास अधर में लटका हुआ है। जिसकी वजह आधा दर्जन किसानों के खेत पर लोक निर्माण विभाग ने सड़क तो बना ली, लेकिन इन किसानों को मुआवजा नहीं दिया। कुछ किसान सर्किल रेट का चार गुना मुआवजा की मांग कर सरकार को अपनी भूमि विक्रय करने से हाथ खड़े किए हैं।

### लोगों ने व्यक्त किया रोष



यह समस्या लोगों के लिए नासूर होती जा रही है। इसका निदान शीघ्र ही होना चाहिए। सड़क गड्ढा युक्त होने से जाम की ओर बढ़ रहा है। कानपुर-बांदा सागर मार्ग के साथ बिंदकी बाईपास का निर्माण पहले हो जाना चाहिए। लेकिन लोक निर्माण विभाग की लापरवाही से आज भी बाईपास अधूरा है, जिससे नगर के अन्दर जाम की समस्या पैदा हो गई।

–सुमन गुप्ता डोली



बिंदकी में कानपुर-बांदा सागर स्टेट हाईवे पर सालों से जाम की समस्या बनी हुई है। जाम के निजात के लिए तमाम तरह की कवायदें हुई मगर नतीजा कुछ नहीं हासिल हुआ। इस समस्या से लोगों को निजात मिले समय-समय पर मुद्दा भी बनता रहा, इसके लिए लोगों को भी आगे आना होगा।

–स्वाती ओमर, महिला नेता

# ट्रैक्टर की टक्कर से महिला की हुई मौत

संवाददाता फतेहपुर

- घायल पिता और पुत्र को अस्पताल में भर्ती कराया हादसे के बाद चालक फरार

**अमृत विचार।** बाइक सवार पत्नी और बच्चे के साथ घर जा रहा था, तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने बाइक में टक्कर मार दिया। टक्कर लगते ही महिला सड़क पर गिर गई। ट्रैक्टर का टायर चढ़ने से महिला की मौके पर मौत हो गई जबकि पिता-पुत्र घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल पिता-पुत्र को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

थरियांव थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर रामपुर गांव के रहने वाले अशोक पासी (35) अपनी पत्नी सुमैना (27) और चार वर्षीय पुत्र रौनक के साथ बाइक से अपनी ससुराल गया था। अशोक पासी अपनी ससुराल हरी सिंह मजरे मवई थाना हुसैनगज से बाइक से पत्नी और बच्चे के साथ मवई किसी काम से करीब दोपहर में तीन बजे गए थे और बाइक में पेट्रोल भराकर वापस ससुराल जा रहे थे तभी लड़की बसावनापुर के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर लगते ही तीनों लोग बाइक से सड़क पर गिर गए और महिला के ऊपर से ट्रैक्टर का टायर चढ़ गया। जिससे मौके पर ही मौत हो गई।

स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए दोनों घायल पिता पुत्र को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। महिला के पिता राम आसरे ने बताया कि दामाद बेटी और नाती के साथ घर आये थे और बाइक में पेट्रोल भराने गए थे तभी ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मार दिया।

# प्रधानमंत्री का भाषण लाइव देखा

संवाददाता फतेहपुर

- दो नगरपालिका, आठ नगर पंचायतों के साथ 13 ब्लाकों में हुआ कार्यक्रम
- जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने किया प्रतिभाग

**अमृत विचार।** नारी शक्ति वन्दन कार्यक्रमों के अभियान में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सम्बोधन का लाइव प्रसारण कार्यक्रम जिले के 23 स्थानों पर आयोजित किए गए। जिसमें देश के विकास में आधी आबादी की जिम्मेदारी तंय करते हुए उनके विकास को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई गई। प्रधानमंत्री ने कहा कि गांव-गांव लखपती दीदी खड़ी करना संकल्प है। जल्द ही खेती के कार्य को सरल सहज बनाने को ड्रोन पायलेट दीदी खेतों में अपनी पहचान व ताकत का एहसास कराएंगी।

जिला महामंत्री व अभियान संयोजक उदय लोधी ने बताया बुधवार को नगर पालिका परिषद फतेहपुर के कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल, देवमई विकास खंड के कार्यक्रम में सांसद केन्द्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, खजुहा में विधायक राजेंद्र सिंह पटेल, विजयीपुर में विधायक कृष्णा पासवान, नगर पंचायत हथगाम में पूर्व मंत्री रणवेंन्द्र प्रताप सिंह, खागा नगर पंचायत में जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, विकास खंड असोथर में जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह सहित पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे। देवमई विकास खंड कार्यक्रम में उपस्थित साध्वी निरंजन ज्योति द्वारा प्रधानमंत्री सम्बोधन प्रसारण उपरांत उपस्थित महिलाओं को देश भर में महिलाओं के हितों को ध्यान में रखकर संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। सभी कार्यक्रमों में महिला स्वयं सहायता समूहों की पदाधिकारियों के साथ ही भाजपा जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चे के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



देवमई ब्लाक में प्रधानमंत्री का लाइव भाषण सुनते लोग। अमृत विचार

## सड़क हादसे में बाइक सवार की हुई मौत

**फतेहपुर।** राधानगर थाना क्षेत्र के केवई गांव मोड़ व आरवीएस स्कूल के पास दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। उसके बाद रोड से गुजरी रोडवेज बस ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दिया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उ अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

राधानगर थाना क्षेत्र के मदनपुर गांव निवासी धर्मपाल का पुत्र शोनू बाइक पर सवार होकर घर से शहर लाही का तेल पिराई कराने आ रहा था। जब वह थाना क्षेत्र के केवई मोड़ आरवीएस स्कूल के पास पहुंचा, तभी सामने से आई दूसरी बाइक से उसकी भिड़ंत हो गई। उसी समय रोड से गुजरी रोड वेज बस ने शोनू को टक्कर मार दिया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना समाजसेवी अशोक तपस्वी को हुई तो अपनी एम्बुलेन्स के साथ मौके पर पहुंचे और जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां सोनू को मृत घोषित कर दिया गया।

## सार-संक्षेप



बंदर के शव की अंतिम यात्रा निकालते लोग। अमृत विचार

### बीमारी से बंदर की मौत, निकाली अंतिम यात्रा

**बहुआ।** महीने भर से बीमार चल रहे एक बंदर का पहले तो कस्बेवासियों से इलाज कराया लेकिन बुधवार को बंदर की सांसें थम गईं। बंदर की हुई मौत से लोगों की भीड़ जुट गई और लोगों ने शव की अंतिम यात्रा निकालकर अंतिम संस्कार किया। बहुआ कस्बे में बुधवार को एक अजब-गजब नजारा देखने को मिला। एक बंदर जो काफी दिनों से बीमार चल रहा था। बंदर का इलाज राजनगर मोहल्ले के रहने वाले लोगों ने कराया लेकिन बंदर की बुधवार सुबह मौत हो गई। बुधवार को उसकी सांसें थमने के बाद मोहल्लेवासियों ने सभासद विजयनगर संदीप शुक्ला सभासद अन्नू सिंह को मामले की जानकारी दी। जानकारी पर नगर पंचायत के सफाई कर्मचारी व अन्य कर्मचारियों ने सहयोग कर बंदर के शव की अंतिम यात्रा निकाली और शव का विधि-विधान से अंतिम संस्कार कर दिया।

### मधुमक्खियों के हमले से वृद्ध गंभीर

**फतेहपुर।** खेत मे लगे नलकूप पर खेतों की रखवाली कर रहे बुजुर्ग पर मधुमक्खियों ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजनों को जानकारी हुई तो तुरन्त उसको इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर इलाज कर रहे है। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के पिलखिनी गांव निवासी राम शिरोमन गांव के पास स्थित खेतो की रखवाली करने के लिए अपने ट्यूबवेल पर था। तभी मधुमक्खियों ने हमला कर उसको घायल कर दिया। परिजनों को जानकारी हुई तो किसी तरह मधुमक्खियों को भगा कर घटना की सूचना एंबुलेंस को दिया।

### एक्सपोजर विजिट के लिए रवाना हुए दिव्यांग बच्चे

**फतेहपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित परिषदी विद्यालयों के दिव्यांग छात्र-छात्राओं के समुचित ज्ञान के लिए एक्सपोजर विजिट कराया गया। बीएसए पंकज यादव के नेतृत्व में समेकित शिक्षा के अंतर्गत बुधवार को खागा तहसील के दिव्यांग बच्चों को एक्सपोजर विजिट के लिए रवाना किया गया। खागा तहसील के बच्चों को एक्सपोजर विजिट के लिए तथागत भगवान बुद्ध की तपोस्थली कौशांबी का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान यहां पर बच्चों को बौद्ध धर्म एवं जैन धर्म के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित क्षेत्र का बच्चों ने अवलोकन किया। भ्रमण के दौरान बच्चों को श्रीलंका द्वारा स्थापित बौद्ध मंदिर तथा कंबोडिया द्वारा स्थापित बौद्ध मंदिर एवं जैन के 24वें तीर्थंकर महावीर जैन के मंदिर का भ्रमण कराया गया। एक्सपोजर विजिट में तहसील के चारों विकास खण्डों से कुल 68 बच्चे 10 अभिभावक एवं 15 स्पेशल एजुकेटर्स एवं जिला समन्वयक समेकित शिक्षा अरुण कुमार मिश्र शामिल रहे।

### 46 वाहनों का हुआ चालान

**फतेहपुर।** एसपी के निर्देश पर बुधवार को चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 46 वाहनों का चालान कर एक वाहन से एक हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला है। वहीं दो लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है।

### दो मामलों में हुआ समझौता

**फतेहपुर।** पति-पत्नी के बीच पारिवारिक विवाद से संबंधित मामलों में काउंसलिंग की कार्यवाही में बुधवार को काउंसलर सदस्य रेखा सरोज व कविता रस्तोगी, महिला आरक्षी ममता शर्मा ने काउंसलिंग कराते हुए दो मामलों में समझौता कराया।

**लापरवाही** पुष्टाहार से लेकर आंगनबाड़ी से संचालित होने वाली योजनाओं पर करना होता है काम

# स्मार्टफोन मिला पर कार्यकत्रियां हाईटेक नहीं हुई

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को हाईटेक करने के लिए उन्हें स्मार्ट फोन दिया गया था। जिससे आंगनबाड़ी केन्द्रों पर चलने वाली सभी गतिविधियां ऑनलाइन हो सकें। पोषण ट्रेकर एप से कुपोषित बच्चों सहित पूरा डाटा अब मोबाइल पर ऑनलाइन होना था। लेकिन कई आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को यह रास नहीं आ रहा है और वह अभी तक हाईटेक नहीं हो सकी हैं।

आंगनबाड़ी के कंधों पर क्षेत्र के बच्चों की देखभाल की जिम्मेदारी होती है। करीब दो साल पहले




आंगनबाड़ी के सभी कार्यों को ऑनलाइन अपडेट के लिए जिले की 2230 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्ट फोन दिया गया था। स्मार्ट फोन से लैस होने के बाद बच्चों के पुष्टाहार और देखभाल समेत आंगनबाड़ी से संचालित होने वाली योजनाओं को ज्यादा प्रभावी तरीके से लागू करने की बात कही गई थी। इसके लिए उन्हें विभाग की ओर से प्रशिक्षित भी किया गया था। बावजूद इसके जिले की कई आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां अभी तक हाईटेक नहीं हो सकी हैं। किसी को मोबाइल चलाना नहीं आ रहा तो किसी को ऑनलाइन डाटा फीड करना नहीं आ रहा है। इसके लिए वह सम्बन्धित विद्यालय के शिक्षकों की मदद ले रही हैं या फिर ग्राम प्रधान की सहायता से डाटा फीड करा रही हैं। विभागीय सूत्रों की मानें तो खजुहा, विजयीपुर और बहुआ ब्लाक की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ ऐसी समस्या अधिक हो रही है। जिस कारण आनलाइन डाटा फीड होने में लेटलतीफी हो रही है। हालांकि अफसरों का कहना है कि सभी जरूरी प्रयास किए जा रहे हैं। प्रयास है कि किसी के भी सामने कोई दिक्कत नहीं आए।

> अगर किसी आंगनबाड़ी कार्यकत्री को कहीं दिक्कत आ रही है तो वह विभाग को सूचना दे। उन्हें फिर से प्रशिक्षित करने का काम किया जाएगा। हालांकि अभी तक कहीं से ऐसी कोई शिकायत सामने नहीं आई है। –इस्तियाक अहमद, एसीएमओ

# युवक की हत्या के बाद गांव में पसरा सन्नाटा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** बकेवर थाना क्षेत्र के कंसाही में युवक को गोली से मार देने की घटना के बाद दूसरे दिन गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। कोई चहल-पहल नजर नहीं आयी। महिलाएं कुछ जगहों पर एकत्रित थी, लेकिन बात करने से संकोच कर रही थीं।

शीलू उर्फ इंद्र कुमार की हत्या के बाद से कंसाही में खामोशी छायी है। दूसरे दिन भी पुलिस परिजनों से बातचीत की लेकिन मर्डर का क्लू नहीं हासिल कर सकी। दो माह पहले हुए विवाद के तत्थों पर कुछ लोगों को थाने लाकर पूछताछ की गई लेकिन कोई सुराग न मिलने पर घर जाने दिया गया। हत्या के 40 घंटे बीतने के बाद भी ग्रामीण उस पल को भुला नहीं पा रहे हैं। ग्रामीण सुबह होते ही काम पर निकल गए। महिलाएं जगह-जगह एकत्र थी, उनमें काना फूंसी हो रही थी, लेकिन खुलकर कोई बात नहीं कर रहे थे। शीलू उर्फ इंद्रकुमार पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहा था। जिसकी हत्या का खुलासा करने में पुलिस उलझी नजर आ रही है। मृतक के परिजनों ने जांच दौरान कहाकि उनकी किसी से दुशमनी नहीं है।

## एक नजर

### श्रीमद् भागवत कथा कल से, तैयारियां तेज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर में होने वाली श्रीमद् भागवत कथा के भव्य आयोजन के लिए वृंदावन धाम के कारीगरों द्वारा पंडाल सजाया जा रहा है। सुप्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य आदित्य मनोहर पाठक शुक्रवार शिवरात्रि के दिन से श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराएंगे। नगर के मोहल्ला अशोक नगर स्टेशन वाली गली स्थित लाला लक्ष्मी नारायन की बगिया में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। आयोजक प्रेमा देवी गुप्ता ने बताया कि दोपहर 01 बजे से शाम 5 .30 बजे तक कथा होगी जबकि 14 मार्च को कथा विराम के बाद हवन पूजन और 15 मार्च को भंडारा व दुर्गा जागरण होगा। तैयारियां पूर्ण की जा रही है।

### शराब के नशे में महिला के साथ की मारपीट

**तिर्वा, कन्नौज।** ठठिया थाना क्षेत्र के सिसैयेनपुर्वा गांव निवासी स्वेता देवी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि दो दिन पहले पड़ोस के ही रहने वाले सुरेश व महेश शराब के नशे में गालीगलौज कर रहे थे। विरोध करने पर आरोपियों ने लातघूंसों से मारपीट कर घायल कर दिया। बीचबचाव करने आई बेटी के साथ भी आरोपियों ने मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जल्दी न काटे जाएं बकाएदारों के बिजली के कनेक्शन

## जिले की प्रभारी राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने वसूली के नाम पर शोषण न करने को कहा

चुनाव की आहट

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



कलेक्ट्रेट सभागर में अधिकारियों के साथ बैठक करतीं उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी व डीएम शुभ्रान्त शुक्ल। अमृत विचार

- अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में दिए कई निर्देश

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिले की प्रभारी/उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। प्रभारी मंत्री ने यूपी पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड (बिजली विभाग) के एक्सईएन से कहा कि वसूली के नाम पर जनता का शोषण बंद हो। कर अधिकारी वसूली करें लेकिन गलत तरीके से कनेक्शन न काटा जाए। उन्होंने बिजली से होने वाले हादसों पर भी ध्यान देने को कहा। साथ ही खुले तार, झुके पोल आदि की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। निर्माण कार्य मार्च में ही पूरा करने को कहा। माना जा रहा है कि लोकसभा क्षेत्र के चुनाव आने हैं, बिजली का मामला सभी से जुड़ा है। इस वजह से स्थानीय नेताओं की बात पर वसूली व कनेक्शन न काटने को कहा गया है।

बुधवार को बैठक में उच्च शिक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि सरकार की जो जनकल्याणकारी योजनाएं हैं उनका पारदर्शी तरीके से लाभ मिले। ग्राम पंचायत स्तर पर 43 हेल्थ सेंटर खोलने, कुपोषित बच्चों को स्वस्थ्य करने, खाद्य सामग्री समय से देने के निर्देश दिए। 13,873 नए पेंशनरों को पेंशन योजना से जोड़ने को सराहनीय बताया गया। कहा कि ऋण योजना के लाभार्थियों को बैंकों में किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। बैठक में बताया गया कि नवंबर 2023 से अब तक करीब 3000 गोवंशों को आश्रय स्थलों में संरक्षित किया गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 170 ग्रामों को मॉडल गांव बनाया गया है।

उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत गांवों में बिछाई गई पाइप लाइन से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। राज्य मंत्री को बताया गया कि ऑपरेशन कायाकल्प के तहत 92 प्रतिशत कार्य हो गया है और जल्द पूरा करने को कहा गया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, डीएम शुभ्रान्त शुक्ल, एडीएम आशीष सिंह, सीडीओ रामकृपाल चौधरी, डीएफओ डॉ. हेमंत सेठ, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अनुपम राय, समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी तनुज त्रिपाठी व भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया मौजूद रहे।

# मैनुअल नहीं, वोटर टर्नआउट रेशियो एप पर भरना होगा मतदान प्रतिशत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- लोकसभा चुनाव को लेकर एप हुआ लांच, कलेक्ट्रेट में दिया गया प्रशिक्षण
- पीठासीन अधिकारी करेंगे अपडेट और मुख्य निर्वाचन अधिकारी तक जाएगी रिपोर्ट

**अमृत विचार।** भारत निर्वाचन आयोग ने वोटर टर्नआउट रेशियो एप लांच किया है। इसके जरिए ही बूथों पर होने वाले मतदान का प्रतिशत अपडेट किया जाएगा। इसकी जानकारी पीठासीन अधिकारी से लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी तक होगी। नए एप को लेकर गूगल मीट के जरिए कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशिक्षण दिया गया।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के तहत सेक्टर मजिस्ट्रेटों को बताया गया कि वोटर टर्नआउट रेशियो एप से मतदान के समय वोटरों की संख्या और कहां-कितने प्रतिशत मतदान की जानकारी मिलेगी। इस एप में चुनाव से संबंधित डाटा समय-समय पर फीड किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल ने एप की विस्तृत जानकारी के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट और पीठासीन अधिकारी को प्रशिक्षित करने की बात कही। कहा जिससे रिकार्ड मिलने के बाद उसे भरने में किसी प्रकार की समस्या न हो और डेटा सबको समय-समय पर पता चलता रहे। उन्होंने बताया कि एआरओ, सेक्टर मजिस्ट्रेट और सेक्टर मजिस्ट्रेट, पीठासीन अधिकारी को जोड़ेंगे। मतदान खत्म होने और पोलिंग पार्टी के वापस लौटने के बाद डेटा का सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद अंतिम आंकड़ों को एप पर अपलोड कर दिया जाएगा। एप पर पुरुष और महिला मतदाताओं की संख्या भी अलग-अलग दिखेगी। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार ने बताया कि जिले में कुल 140 सेक्टर मजिस्ट्रेट हैं। हर सेक्टर के पास 10 से 12 बूथ की जिम्मेदारी होगी। एप नया लांच हुआ है, उसका ही प्रशिक्षण दिया गया।

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर रहेगा जोर

लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। बूथों पर पैरामिलिट्री फोर्स रहेगा। मतदाताओं को घबराने व भयभीत होने की जरूरत नहीं है। निडर होकर मतदान करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पहले लैंड ऑर्डर में फोकस करते थे अब इससे आगे बढ़ने की आवश्यकता है, जिससे पोलिंग रेशियो को बढ़ाया जा सके। यदि हर सेक्टर में 500-500 वोटर बढ़ जाए तो निर्वाचन आयोग की मंशा के मुताबिक राष्ट्रीय औसत 67 प्रतिशत के लक्ष्य तक आसानी से पहुंच जाएगा। बताया गया है कि जिले में मतदान का प्रतिशत 60 से 61 फीसदी है, उसे बढ़ाने को कहा गया है। बैठक में उपजिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह, सीडीओ रामकृपाल चौधरी रहे।



नगर में गस्त करते निरीक्षक व कस्बा प्रभारी। अमृत विचार

# पुलिस ने की अराजकतत्वों की तलाश

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** उच्चाधिकारियों के निर्देशन पर पुलिस गश्त कर न सिर्फ संवेदनशील इलाकों में दस्तक दे रही है बल्कि अभियान चलाकर संदिग्धों व अराजकतत्वों की तलाश भी कर रही है।

मंगलवार की देर रात निरीक्षक जयंती प्रसाद गंगवार व उपनिरीक्षक रोबिन सिंह ने पुलिस कर्मियों के साथ नगर के जीटी रोड, तिर्वा रोड, चकोर गली, गांधी नगर, रेलवे रोड, फर्रूखाबाद रोड, रामगंज आदि स्थानों पर भ्रमण कर जनता को शांति व सुरक्षा का संदेश दिया। निरीक्षक ने कहा कि समाज के जागरूक लोग अराजकतत्वों की सूचना पुलिस दें जो साम्प्रदायिक माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं। इस दौरान जितेन्द्र कुमार, गजेन्द्र सिंह, अमन कुमार, दीपांशु गंगवार, सुरेन्द्र सिंह, सुधीर चौहान, डेविड, जीतू, विनय आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# बिजली के झूलते तारों से किसान की मौत, दो झुलसे

कार्यालय संवाददाता,कन्नौज

- खेत से आलू व भूसे की ट्राली निकालते समय हादसा
- लाइन बनाने के दौरान ठेकेदार करते लापरवाही

**अमृत विचार।** बिजली के झूलते तार किसानों की जान के दुश्मन बन गये हैं। विभाग को इसकी जानकारी के बाद भी वह मूकदर्शक बना हुआ है। इन झूलते तारों की चपेट में आने से सदर कोतवाली क्षेत्र के देवकली बांगर गांव में एक किसान की मौत हो गई जबकि दो अन्य झुलस गये।

बिजली विभाग की लापरवाही का शिकार सबसे अधिक किसान हो रहे हैं। इसकी मुख्य वजह जब बिजली लाइनों का निर्माण कराया जाता है तो काम को देखने विभागीय जेई मौके पर नहीं जाते हैं। अपने कक्ष में बैठकर काम को पास कर देते हैं। इसीका नतीजा होता है कि इन ढीले तारों की चपेट में सबसे अधिक किसान आ जाते हैं। इन्हीं की चपेट में देवकली बांगर गांव निवासी रामकरन कुशवाहा के अलावा राजू कुशवाहा व प्रकाश नारायण मिश्रा आ गये। इससे रामकरन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो साथी झुलस गये। घटना मंगलवार की है जब उक्त लोग खेत से आलू के पैकेट ट्रैक्टर ट्राली पर लाद कर कोल्ड स्टोरेज जा रहे थे। खेत के रास्ते से निकली ढीले बिजली के तारों की लाइन की चपेट में ट्राली आ गई। ऊपर बैठे तीनों लोग चपेट में आ गई और हादसा हो गया। यह कोई पहला हादसा नहीं है। इसी तरह का हादसा गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र में बीते माह हो चुका है। जब एक ट्रक ढीले तारों की चपेट आया तो चालक की मौत हो गई थी।

### हर गांव में ढीले बिजली के तार

**कन्नौज।** बिजली के ढीले तार हर गांव में मिलेंगे। खेत से या चकरोड से निकले बिजली के ढीले तार किसानों के ट्रैक्टर को छू जाते हैं। खास बात तो यह है कि जिन लाइनों को चकरोड या मार्ग से क्रास किया जाता है वहां पर भी विभाग ऊंचाई नहीं कराता है। इससे चकरोड से निकलते समय ट्रैक्टर इन लाइनों को छूते हुए निकलता है।

### आर्थिक मदद देकर निपटाया जाता मामला

**कन्नौज।** ढीले तार होने के बाद भी बिजली विभाग इन तारों को ऊंचाई से बंधवाने का प्रयास नहीं करता है। जब कोई हादसा हो जाता है तो संबंधित आर्थिक सहायता देकर मामले को निपटा देता है। इससे सरकारी धन का दुरुपयोग तो होता ही है साथ ही लोगों की जान चली जाती है। लाइन बनते समय विभागीय अधिकारी निरीक्षण कर लें तो किसानों को जान गंवानी न पड़े।

### बोले जिम्मेदार

जिले के जिन स्थानों पर ढीले बिजली के तार हैं उनको ठीक कराया जायेगा। लाइनमैन को इस कार्य में लगाया जायेगा। वह इसकी जानकारी विभाग के अधिकारी को देंगे, इसके बाद काम कराया जायेगा।

-मगन सिंह( अधिशाषी अभियंता विद्युत कन्नौज)

## सार-संक्षेप




बैठक लेते ब्लाक प्रमुख अजय वर्मा। अमृत विचार

### आवासहीन बंजारों को मिलेंगे मुख्यमंत्री आवास

**तिर्वा-कन्नौज।** विकास खंड सभागार में बुधवार को खंड विकास सभागार में उमर्दा ब्लॉक क्षेत्र के सभी बी डी सी सदस्यों तथा ग्राम प्रधानों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। ब्लाक प्रमुख अजय वर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में खंड विकास अधिकारी दयाराम यादव ने कहा कि किसी भी ग्राम सभा में अगर किसी दिव्यांग के पास अपना कोई आवास नहीं है तो उसका पंजीकरण कर राज्य सरकार प्राथमिकता के आधार पर बनवाएगी। आवास के निर्माण के लिए लाभार्थी को 90 दिनों का मनरेगा के माध्यम से अतिरिक्त भुगतान करेगी। ब्लाक प्रमुख ने कहा कि बंजारा समाज के आवास हीन लोगों को मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना का लाभ दिया जायेगा। क्षेत्र पंचायत व प्रधानों की संयुक्त बैठक के लिए कोई बड़ा हाल नहीं है, इसलिए ब्लाक परिसर में नए सभागार का निर्माण कराया जाएगा। कई सड़कों व पुलियों के के निर्माण सहित सभी प्रस्ताव ध्वनि प्रस्ताव से पारित कर दिए हैं। इस अवसर पर एस डी ओ कुलदीप राजपूत,क्षेत्र पंचायत सदस्य सतेंद्र राजपूत, राम गोपाल वर्मा, अजीत बाथम, ग्राम प्रधान प्रधान प्रताप वर्मा, ऋषि राजपूत, संजय वर्मा, अर्जुन राजपूत, शिव कुमार, जय करन भी मौजूद रहे।




स्टेट बैंक के सामने प्रदर्शन करते कांग्रेसी। अमृत विचार

### एसबीआई से साठगांठ कर चुनावी बॉन्ड छुपा रही भाजपा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कांग्रेस पार्टी ने एसबीआई शाखा छिबरामऊ के बाहर प्रदर्शन कर शाखा प्रबंधक को ज्ञापन दिया। मोदी सरकार पर लगाए जनता को गुमराह करने के आरोप लगाए। धरना प्रदर्शन करते हुए यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष अंबुज शुक्ला ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने बीजेपी की इलेक्टोरल बॉन्ड योजना को असंवैधानिक करार देते हुये इसे रद्द कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने योजना के तहत राजनीतिक दलों को प्राप्त चंदे का खुलासा करने के 6 मार्च तक निर्देश दिये थे किन्तु भाजपा सरकार भारतीय स्टेट बैंक से सांठगांठ कर चुनावी चंदे को छुपा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को डर है कि चुनावी चंदे को अगर सार्वजनिक कर दिया, तो उनके कई पूंजीपति मित्रों की जानकारी पूरे देश को हो जाएगी। इसलिए उन्होंने आगामी 30 जून तक जानकारी देने का समय मांगा है। कहा कि भाजपा अपने चंदे का देश के सामने सार्वजनिक करे। ऐसा न करने पर कांग्रेस पार्टी आन्दोलन करेगी। इस दौरान अमोल दीक्षित, शिवम यादव, राज चतुर्वेदी, विवेक यादव, अर्जुन वर्मा ब्लॉक अध्यक्ष, विकास मिश्रा, अमित कुमार, रोहित गुप्ता, सम्राट दीक्षित, यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

### छूटे हुए परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा 13 से

**कन्नौज।** डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि इंटरमीडिएट के जो परीक्षार्थी प्रयोगात्मक परीक्षा नहीं दे सके हैं, उनका प्रैक्टिकल 13 व 14 मार्च को होंगे। इससे पहले 16 फरवरी को भी मौका मिला था। डीआईओएस ने बताया कि जल्द ही परीक्षा केंद्र घोषित कर दिया जाएगा। उसके बाद गैरहाजिर रहने वाले छात्र-छात्राओं को मौका नहीं मिलेगा।

# बरुआहार का था फंदे पर लटके मिले युवक का शव

**तिर्वा, कन्नौज।** सडक किनारे संदिग्ध अवस्था में फंदे पर लटके मिले युवक की शिनाख्त हो गई है। युवक ठठिया के बरुआहार का रहने वाला था।

थाना ठठिया के कडेरा पुलिया के पास कंहईपुर्वा गांव के सामने निकले रजवाह के किनारे मंगलवार की दोपहर में पेड़ पर एक युवक का शव फंदे से लटका मिला था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवाकर उसकी शिनाख्त शुरू कराई लेकिन सफलता नहीं मिलने पर पुलिस ने उसे मर्चरी में रखा दिया। दूसरे दिन कोतवाली के बरूआहार गांव के लोगों ने पहुंचकर उसकी शिनाख्त सुनील पुत्र बच्चीलाल के रूप में की। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौंप दिया।

# ओलावृष्टि से क्षति का किसानों को मिले मुआवजा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज




छिबरामऊ में नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी नेता। अमृत विचार

- कांग्रेसियों ने तहसीलों में ज्ञापन देकर उठाई मांग

**अमृत विचार।** जिला कांग्रेस कमेटी ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम की गैर मौजूदगी में तहसीलदार सदर को सौंपा। तीनों तहसीलों में ज्ञापन देकर ओलावृष्टि से किसानों को हुए नुकसान का मुआवजा दिलाए जाने की मांग की गई।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल की अगुवाई में कांग्रेसियों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि कुछ दिनों पहले प्रदेश में भारी ओलावृष्टि एवं अतिवृष्टि के कारण जनपद के किसानों की गेहूं, आलू, तिलहन आदि की खाड़ी फसलें बर्बाद हो गईं। मुख्यमंत्री घोषणा की थी कि नुकसान का मुआवजा 24 घंटे के अंदर दिया जाएगा लेकिन अब तक ऐसा नहीं हुआ है।

उन्होंने मुख्यमंत्री के आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की। इस दौरान जिला प्रवक्ता अरविंद दुबे, घनश्याम यादव, रमाशंकर राठौर, एहसान उल हक, सत्यप्रकाश शर्मा, डॉ. रामकृष्ण राजपूत, फराद हुसैन उर्फ गुड्डु गांधी, अशोक कनौजिया, राम भरोसे कमल, श्यामू, जितेंद्र सिंह चौहान, आशुतोष त्रिपाठी, मोहित कुमार, हरिशरण, निलेश सहित आदि दर्जनों कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।

तिर्वा प्रतिनिधि के अनुसार बुधवार को कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओ ने तहसील पहुंच कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल, अशोक कनौजिया, फरहाद हुसैन, जितेद्र सिह, श्यामू, असलम खां श्री कृष्ण समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

छिबरामऊ प्रतिनिधि के अनुसार कांग्रेसियों ने नायब तहसीलदार को ज्ञापन देकर मांगें रखीं। इस दौरान पूर्व जिला उपाध्यक्ष विनोद दुबे, जिला महासचिव शशिकांत गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद शाक्य, नगर अध्यक्ष बहार कुरैशी, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अमोल दीक्षित, ब्लॉक अध्यक्ष विकास मिश्रा, जिला महासचिव प्रियंका दुबे, सेवादल प्रदेश महासचिव देवकीनंदन, जिला महासाचिव सौरव त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष आदेश श्रीवास्तव व जिलासचिव चंद्रभान सिंह आदि मौजूद रहे।

# गृह कलह से तंग महिला ने फंदा लगाकर जान दी

**सौरिख,कन्नौज।** गृह क्लेश से तंग आकर महिला ने फंदा लगाकर जान दे दी। परिजन फंदे से उतार कर अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

थाना क्षेत्र के गांव सहरोई निवासी माधुरी पत्नी महेंद्र प्रताप सिंह (50) ने बुधवार की दोपहर लगभग एक बजे गृह क्लेश से तंग आकर घर के कमरे में जाकर साड़ी से फंदा बनाकर गला कस लिया. काफी देर तक कमरे से बाहर न निकलने पर परिजनों ने जाकर देखा तो वह फंदे पर लटकी थी।

परिजनों ने दरवाजा खोल उसे नीचे उतारा और सौ शौया अस्पताल छिबरामऊ ले गए जहां देखते ही डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

बेहतरी की कोशिश

सदर से विधायक व राज्य मंत्री असीम अरुण ने लिया गोद, निधि से कराए जाने हैं काम

# जिला अस्पताल का सवा करोड़ से उच्चीकरण

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल में करीब सवा करोड़ रुपये की लागत से उच्चीकरण का काम शुरू किया गया है। फिलहाल सोलर पैनल और हाईमास्ट लाइट लगाने का काम शुरू हो चुका है।

सीएमएस डॉ. शक्ति बसु ने बताया कि सदर विधायक व समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण ने जिला अस्पताल को गोद लेकर अपनी निधि से कार्य स्वीकृत किए हैं। जानकारी दी कि जो कार्य स्वीकृत हैं उनमें वार्ड दो (मेडिसिन), वार्ड 3 (सर्जरी) के उच्चीकरण के साथ ही ट्रामा सेंटर से मुख्य अस्पताल तक के रास्ते पर टिनशेड की व्यवस्था, मुख्य द्वार पर हाईमास्ट लाइट, महिला अस्पताल में 60 किलोवाट तो पुरुष में 50 किलोवाट के सोलर पैनल, महिला अस्पताल के भवन से पुरुष अस्पताल तक की सड़क के साथ चारों तरफ की सड़कों का निर्माण, गेट के बाहर हरियाली उपवन में तीमारदारों के बैठने की व्यवस्था आदि काम शामिल हैं। बताया कि सोलर पैनल का काम शुरू करा दिया गया है। इसके साथ ही अस्पताल के गेट पर हाईमास्ट लाइट लगाने का काम शुरू हो गया है।



सीएमएस डॉ. शक्ति बसु। अमृत विचार

### डॉक्टरों की कमी भी पूरी हो तो बने बात

जिला अस्पताल में डॉक्टरों की कमी होने से तमाम संसाधन उपलब्ध होने के बाद भी पूरी क्षमता से जनता को लाभ नहीं दिया जा पा रहा है। सीएमएस ने बताया कि मौजूदा समय में केवल एक सर्जन हैं जबकि दो और की जरूरत है। इसी तरह से गायनेकोलाजिस्ट (स्त्री रोग एवं प्रसूति विशेषज्ञ) एक हैं, दो और चाहिए। हड्डी संबंधि समस्याओं के लिए एक ही विशेषज्ञ डॉक्टर हैं जबकि कमसे कम दो और मिलें तो बात बन जाए। बाल रोग विभाग में अभी तीन डॉक्टर संविदा पर कार्यरत हैं। छह डॉक्टरों की जरूरत है लेकिन फिलहाल दो और मिल जाएं तो मरीजों को सेवा दी जा सकेगी। डॉक्टरों की मांग को लेकर शासन को पत्र भेजा गया है।

### मन कक्ष को मनोचिकित्सक का इंतजार

सीएमएस ने बताया कि जिला अस्पताल का मन कक्ष करीब साल भर पहले शुरू हुआ था। इसका उद्देश्य मनोविकार से ग्रसित रोगियों का इलाज करना था। शुरू में यहां मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. गंगाराम की तैनाती हुई थी। संविदा पर आए इन डॉक्टर के समय प्रतिदिन करीब 20-25 मनोरोगी काउंसिलिंग व इलाज के लिए आते थे लेकिन उन्होंने दिसंबर में नौकरी छोड़ दी। तबसे मन कक्ष में डॉक्टर नहीं हैं जिससे रोगियों की संख्या भी गिरी है। फिलाहर साइकेट्रिक सोशल नर्स, क्लीनिकल साइक्लाजिस्ट व साइक्लाजिस्ट सोशल वर्कर कार्यरत हैं। यह सभी स्कूल कॉलेजों में जाकर छात्र-छात्राओं को अवसाद, तनाव से निपटने के उपाय बताने के साथ काउंसलिंग भी करती हैं। मनोचिकित्सक की तैनाती को लेकर विभाग से मांग की गई है।

# दिन भर सूरज की लुकाछिपी फिर चलीं ठंडी हवाएं

कार्यालय संवाददाता,कन्नौज

**अमृत विचार।** ठंड का मौसम धीरे-धीरे उतार की तरफ है और सूरज की तपिश बढ़ने लगी है। चार फरवरी तक बादल, बारिश और ओला के बाद अब मौसम खुलने लगा है। बुधवार को फिर से मौसम बदलता दिखाई दिया जब सूरज दिन भर बादलों की ओट में जाता और आता रहा। ठंडी हवाओं से लोगों को सर्दी का अहसास भी होता रहा। अगले तीन दिन तक बादल छाए रहने की संभावना है। हालांकि बारिश के कोई आसार नहीं हैं।

मौसम बदलाव के साथ तापमान में बढ़ोतरी शुरू हो गई है लेकिन अचानक बढ़ी गर्मी से फिर से चक्रवाती विक्षोभ सक्रिय हुआ है। इसके चलते ही बुधवार को दिन भर बादलों की आवाजाही बनी रही। साथ ही ठंडी हवाएं भी चलतीं रहीं जिससे लोग कम से कम एक स्वेटर पहनने को मजबूर रहे। कृषि मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरेंद्र कुमार ने बताया कि फिर से सक्रिय हुए चक्रवाती विक्षोभ के चलते बादल छा रहे हैं। जानकारी दी कि बुधवार को न्यूनतम तापमान 9.6 तो अधिकतम 24.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वहीं पछुआ हवाएं 17-18 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलतीं रहीं।

### मक्का-मूंगफली की करें अब बुवाई

डॉ. अमरेंद्र ने किसानों को सलाह दी है कि जिनका आलू खुद गया है उसे जल्द से जल्द पैक करके कोल्ड स्टोरेजों में पहुंचा दें। जायद की मक्का व मूंगफली बोने का सटीक समय है। जल्द बुवाई कर दें। पूर्व में हुई बारिश वरदान साबित हुई है बिना पलेवा के ही बुवाई की जा सकती है। जो किसान जायद की मक्का करते हैं वे पहले दलहन की फसल करें।

**खण्ड शिक्षा अधिकारी विकास खण्ड-हसेरन**
**जनपद-कन्नौज**

**नीलामी सूचना**

कार्यालय जिलाधिकारी महोदय जनपद कन्नौज के आदेश पत्रांक/एस0एस0ए0/3870-78/2023-24/दिनांक 31/10/2023 द्वारा विकास खण्ड हसेरन में संचालित विद्यालयों में कुल जर्जर 2 विद्यालयों के ध्वस्तीकरण की नीलामी प्रक्रिया किया जाना है। अतः विकास खंड हसेरन में कुल जर्जर 2 विद्यालयों की नीलामी अधोहस्ताक्षरित की अध्यक्षता में सहायक एवं वित्तलेखाधिकारी बेसिक शिक्षा/समग्र शिक्षा जनपद कन्नौज एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत हसेरन की समिति द्वारा स्थान कार्यालय खंड शिक्षा अधिकारी वि0ख0 हसेरन में दिनांक 12/03/2024 को किया जाना है। नीलामी सम्बंधित अधिकतम जानकारी निविदादाता /ठेकेदार ब्लॉक संसाधन केंद्र हसेरन से नीलामी दिनांक 12/03/2024 से पूर्व प्राप्त कर सकते हैं।

खण्ड शिक्षा अधिकारी
विकास खण्ड – हसेरन
जनपद – कन्नौज

# प्राथमिक स्कूल ललियाभोज के स्टाफ पर होगी कार्रवाई

## राज्य परियोजना लखनऊ की दो सदस्यीय टीम ने देखे स्कूल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** राज्य परियोजना लखनऊ से आई दो सदस्यीय टीम ने जिले के परिषदीय स्कूलों व कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। हसेरन ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक स्कूल ललियाभोज में 29 नामांकन के सापेक्ष नौ ही विद्यार्थी मौके पर मिले। तीन शिक्षकों के सापेक्ष दो ही उपस्थित थे। बिना सूचना के एक गैरहाजिर मिलने पर टीम ने नाराजगी जताई। साथ ही रजिस्टर अव्यवस्थित मिले। इस वजह से पूरे स्टाफ पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

बीईओ मुख्यालय विपिन कुमार ने बताया कि बुधवार को आई टीम में अधिष्ठान यूनिट के वरिष्ठ विशेषज्ञ जीवेंद्र सिंह ऐरी व सलाहकार निर्माण कार्य के रवि शामिल थे। प्राथमिक स्कूल ललियाभोज में सहायक शिक्षक शिखर मिश्रा गैरहाजिर मिले। बीईओ ने बताया कि ब्लॉक उमर्दा क्षेत्र के प्राथमिक स्कूल तिलसरा के निरीक्षण में बच्चों का लर्निंग आउटकम चेक किया गया, जिससे टीम संतुष्ट हुई और सहायक शिक्षक प्रतिमा निगम की तारीफ की। पीएमश्री में चयनित कंपोजिट विद्यालय कनौली में नामांकित 172 छात्र-छात्राओं के सापेक्ष 104 उपस्थित मिले। निर्माण कार्य को सलाहकार रवि शर्मा ने चेक किया। शैक्षिक स्तर न्यून मिलने पर प्रधानाध्यापक इदरीशा बेगम को चेतावनी देते हुए सुधार करने को कहा गया।


प्राथमिक विद्यालय तिलसरा में छात्र-छात्राओं से जानकारी करती लखनऊ की टीम।

- ललियाभोज में शिक्षक गैरहाजिर, कनौली में शैक्षिक स्तर न्यून मिला

### भागलमल में छात्र संख्या कम, पंजिका अधूरी

सौरिख ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक स्कूल सराय भागलमल में भी 104 छात्र-छात्राओं के सापेक्ष 45 ही उपस्थित मिले। अन्य दस्तावेज व उपस्थिति पंजिका अधूरी मिलने पर रोष व्यक्त किया गया। कस्तूरबा विद्यालय छिबरामऊ के निरीक्षण में 96 छात्राओं के सापेक्ष 85 उपस्थित मिलीं। शयन कक्ष के बेड टूटे थे। इस पर प्रभारी वार्डन अरुणा शुक्ला को सुधार कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर डीसी एमआईएस विश्वनाथ शर्मा, डीसी प्रशिक्षण गौरव दीक्षित व डीसी बालिका शिक्षा रोहित तिवारी मौजूद रहे।

# किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों को पकड़ा

संवाददाता, गुरसहायगंज-कन्नौज

- स्कूल के कमरे में बंधक बना दिया था घटना को अंजाम
- जिला अस्पताल में लिया गया सैंपल, होगा डीएनए टेस्ट

**अमृत विचार।** स्कूल के कमरे में किशोरी को बंधक बनाने और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने पकड़ लिया। रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की है। दोनों आरोपियो का जिला अस्पताल में सैंपल लिया गया जिसका डीएनए टेस्ट किया जाएगा।

बता दें कि चार फरवरी की रात नौ बजे के करीब एक मोहल्ला निवासी किशोरी को बृजेश पुत्र रामविलास निवासी मो. अफसरी व राजवीर पुत्र सुनील निवासी पश्चिमी बाईपास रामगंज ने ग्राम इस्माइलपुर स्थित बंद पड़े स्कूल के कमरे में बंधक बना लिया था। इसके बाद बारी-बारी से दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।


पुलिस की गिरफ्त में दुष्कर्म के आरोपी।

बुधवार को निरीक्षक जयंती प्रसाद गंगवार, कांस्टेबल निर्भय, सचिन कुमार, अभिषेक त्यागी ने दोनों अभियुक्तों गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा है। इससे पहले पुलिस दोनों को लेकर जिला अस्पताल पहुंची जहां डॉ.रवि शर्मा की अगुवाई में उनका सैंपल डीएनए टेस्ट के लिए लिया गया। जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

## रिपोर्ट दर्ज कराई

**तिर्वा।** ठठिया थाना के एक गांव निवासी पीड़ित ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि मलगंवा गांव निवासी गनुआ किशोरी को फुसलाकर साथ ले गया है। पीड़ित ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।


योग शिविर में मौजूद छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

# योग निद्रा का कराया गया अभ्यास

संवाददाता, जसोदा-कन्नौज

**अमृत विचार।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज फतेहपुर जसोदा में योग शिविर के छठवें दिन छात्र छात्राओं व स्टाफ को योग निद्रा का अभ्यास कराया गया। बुधवार को महायोग शिविर में प्रशिक्षक आकाश गुप्ता के द्वारा छात्र-छात्राओं को कई योग आसनों को सिखाया गया। प्रधानाचार्य शिवमोहन सिंह कुशवाहा ने सभी को योग का महत्व बताया। बताया कि विद्यालय के फिजिकल एजुकेशन टीचर एवं योग गुरु आकाश गुप्ता ने शिक्षा निदेशक उ.प्र. लखनऊ द्वारा आयोजित 05 दिवसीय कार्यक्रम 13 से 17 फरवरी को लखनऊ में प्रतिभाग किया था। इस दौरान सस्मित कुमार द्विवेदी, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

# भारत केसरी व यूपी केसरी की कुश्ती बराबर रही

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- दो दिवसीय विराट दंगल का हुआ समापन, जितेंद्र पहलवान ने भीम को दी पटकनी

**अमृत विचार।** स्वर्गीय ओम प्रकाश पाठक, पूर्व विधायक वनबारी लाल दोहरे, मदन पहलवान, मुरारी लाल सैनी की पुण्य तिथि पर शहर के बोर्डिंग मैदान पर दो दिवसीय विराट दंगल का बुधवार को समापन हो गया। दंगल में यूपी केसरी अभिनायक सिंह झीझक कानपुर देहात व भारत केसरी रामेश्वर पहलवान के बीच कुश्ती बराबर पर छूटी। यह कुश्ती 51 हजार रुपये की रही।

बुधवार के दंगल का शुभारंभ मल्लावा विधायक आशीष सिंह आशू व भाजपा जिलाध्यक्ष ने पहलवानों का हाथ मिलवा कर किया। इस मौके पर जितेंद्र पहलवान क्षेमकली कन्नौज व भीम पहलवान कासगंज के कांटे के मुकावले में जितेंद्र को जीत मिली। इसी तरह विराट बनारस व चमन के मुकाबले में विराट जीते। मोहित व राजा अली का मुकावला हुआ राजा को जीत मिली। अदनानअली व विक्रम के मुकावले में अदनान अली जीते, शैलेंद्र व मेदा थापा की कुस्ती बराबर रही। सरताज व मुनीर की कुश्ती में सरताज जीते, इसके अलावा दंगल में यूपी केशरी अभिनायक सिंह झीझक कानपुर देहात व भारत केशरी रामेश्वर पहलवान की बीच बीस मिनट तक कुश्ती चली बराबर रही। यह कुश्ती 51 हजार रुपये की थी। दंगल में नेपाल, जम्मू, राजस्थान, समेत कई प्रांतों के पहलवानों ने अपने दांव पेच दिखाये। इसी तरह कई अन्य मुकावले हुए।

दंगल की व्यवस्था देखने के लिये दंगल अध्यक्ष छोटू यादव व दंगल संयोजक अन्नू सैनी के अलावा सदस्य के रुप में भाजपा कार्यकर्ता नितीश तिवारी, श्याम जी मिश्रा, विशाल शुक्ला, अमन मिश्रा, शुभम वर्मा, हैपी सिंह, अमित तिवारी, अर्पित यादव, श्याम राठौर, शिवम मिश्रा, विदित जोशी, ऐशू कनौजिया, सुमित यादव, अचल अवस्थी, ग्राम प्रधान राम लखन राजपूत आदि मौजूद रहेंगे।


भीम पहलवान को पटकनी देते जितेंद्र पहलवान। अमृत विचार


भारत केशरी रामेश्वर यादव व यूपी केशरी अभिनायक सिंह की कुश्ती के लिये हाथ मिलवाते भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया व अन्य। अमृत विचार

# दबंगों ने किया तंग तो चिपका दिया 'घर बिकाऊ' का पर्चा

संवाददाता, छिबरामऊ-कन्नौज

- प्रशासन से मदद न मिलने पर पलायन के लिए मजबूर होने की कही बात

**अमृत विचार।** ग्राम अतराजपुर निवासी कुछ ग्रामीण अपने दरवाजे पर 'घर बिकाऊ' का पर्चा चस्पा कर पलायन को मजबूर हैं। उनका आरोप है कि गांव के ही दबंगों द्वारा प्रताड़ित किए जाने तथा प्रशासन से मदद न मिलने पर यह नौबत आईहै।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अतराजपुर निवासी कई ग्रामीणों के दरवाजे पर 'मेरा घर बिकाऊ है, क्योंकि हमें पलायन करने को मजबूर किया जा रहा है' लिखा पर्चा चस्पा दिखाई देने पर ग्रामीणों से बात की गई। उन्होंने बताया कि वह वैश्य समाज से आते हैं। उनका आरोप है कि पिछले कई वर्षों से गांव के ही कुछ दबंग लोग उनके साथ गाली गलौज तथा मारपीट करते हैं। घर के सामने रात में दीवार बनाते और कूड़ा डालते हैं। विरोध करने पर जान से मार देने की धमकी देते हैं। चार मार्च को एक साथी को रात में किसी धारदार चीज से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था, जिसका पुलिस ने अब तक मुकदमा दर्ज नहीं किया है और न ही प्रशासन कोई मदद कर रहा है। इसीलिए आज हम कई परिवारों ने जान और माल की सुरक्षा के मद्देनजर यह फैसला लिया कि अपने मकान बेंचकर गांव से पलायन कर जाएंगे। वहीं, बहवलपुर चौकी इंचार्ज विनोद कश्यप ने बताया कि कूड़ा डालने को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था। इनका डॉक्टरी परीक्षण कराकर दोनों पक्ष की तरफ से कार्रवाई की जा रही है।



दरवाजे पर चस्पा बिकाऊ का कागज।

## सार-संक्षेप

### निर्भीक होकर करें मतदान, अराजकतत्व जायेंगे जेल

**कन्नौज।** लोक सभा चुनाव को शांति व निर्भीकता से सम्पन्न कराने के लिये ठठिया थाने के इंसपेक्टर ने पुलिस के साथ कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीणों के निर्भक होकर मतदान करने को कहा। थाना ठठिया के प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय सिंह ने थाना ठठिया क्षेत्र के मतदान केंद्र तिजलापुर, ऐमा, जनखत, उमरन, सिंगरी, सहियापुर मतदान स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान बाउंड्रीवाल के अलावा अन्य व्यवस्थायें जांची। शिक्षकों से गांव के संबंध में पूछताछ की। इसके बाद संबंधित गांव में पहुंच कर लोगों से बात कर मतदान केंद्र की जानकारी ली और संदिग्ध व्यक्तियों के बारे में पूछा। इंसपेक्टर ने गांव के लोगों से कहा कि वह भय मुक्त होकर मतदान करें। कोई जबरन वोट डलवाने की बात कहे तो इसकी जानकारी दें, जिससे संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

### फरियादियों को गर्मी में राहत देगा एसपी कार्यालय

**कन्नौज।** पुलिस कार्यालय में फरियाद लेकर आने वालों को गर्मी के मौसम में गुड़ के साथ ठंडा पानी मिलेगा। सीओ सदर ने इस की पहल शुरू की है। बुधवार को वह एसपी की गैर मौजूदगी में फरियादियों की शिकायतें सुन रहे थे। गर्मी में दूर दराज से चल कर एसपी के पास फरियाद लेकर आने वाले फरियादियों को दफ्तर में ठंडे पानी के साथ देशी गुड़ दिया जायेगा। बुधवार को सीओ सदर कमलेश कुमार एसपी की गैर मौजूदगी में फरियादियों की शिकायतें सुन रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में फरियादी आए तो गुड़ खाकर पानी पिये फिर अपनी फरियाद पुलिस अधीक्षक से करें।

### भाभी की खोज में असलहे लेकर हरदोई गए थे युवक

**तिर्वा, कन्नौज।** वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने बिना नंबर की बाइक पर सवार लोगो को रुकने का संकेत दिया। वे भागने लगे तो दौड़ाकर पकड़ लिया। तलाशी ली तो दो अवैध असलाह के साथ कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने पूछताछ की तो उन्होंने अपने नाम एमपी के भिण्ड जनपद के थाना लाहर गांव मेहदी निवासी आशीष चौहान पुत्र राघवेंद्र व खरौली निवासी विजेंद्र सिकरवार पुत्र वीर सिंह बताए। कोतवाल विजय सिंह ने बताया कि दोनों युवकों से अवैध असलाह बरामद हुए। उन्होंने बताया कि एक माह पहले भाभी किसी के साथ चली गई थी। उसकी खोज मे हरदोई गए थे। तीन दिन तक खोज के बाद जब वह व्यक्ति व भाभी नहीं मिली तो घर वापस जा रहे थे। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### 'खोखले दावे कर रही है प्रदेश सरकार'

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ओलावृष्टि में किसानों की फसलों को पहुंचे नुकसान के मुआवजे की मांग करते हुए सपा के पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार खोखले दावे कर रही है। उन्होंने कहा कि किसानों का ट्यूबवेल का बिल माफ कर दिया गया है। वहीं बिल जमा न होने पर किसानों के कनेक्शन पहले ही काट दिए गए थे और फिर जबरदस्ती बिल जमा कराया गया। अब सरकार कह रही है कि किसानों का ट्यूबवेल का बिजली बिल माफ कर दिया गया। यह सिर्फ एक दिखावा है, क्योंकि आगे लोकसभा चुनाव आ रहे हैं। चुनाव खत्म होने के बाद बिल को दोगुना वसूला जाएगा।

### नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में आईं महिलाएं

**जलालाबाद/तालग्राम।** नगर पंचायत तालग्राम कार्यालय में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया। इसमें भाजपा विधायक अर्चना पांडेय ने केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाकर लोगों को जागरूक किया। बताया कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने व सुरक्षा के लिए सरकार तमाम योजनाओं का संचालन कर रही है। कार्यक्रम में एलईडी स्क्रीन लगाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उद्बोधन सुनाया गया। इस दौरान हरनाथ सिंह राजपूत, राजा चैरसिया, पंकज ठाकुर, अनिल मिश्रा, अतुल गुप्ता, संजय पटेल सहित महिलाएं मौजूद रही। इसी प्रकार जलालाबाद ब्लाक सभागार में ब्लॉक प्रमुख प्रतिभा दोहरे, बीडीओ सोनिया श्रीवास्तव व भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष मंगलम् पांडेय के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अवनीश दोहरे, सत्येंद्र कटियार, निर्मल, गोलू, पिंकी तिवारी, रीमा पाल, पिंकी राजपूत, अल्का दुबे, सुधा, शारदा, शिखा, पूनम, सोनी, राधिका आदि महिलाएं मौजूद रहीं।

### रोवर्स-रेंजर्स तीन दिवसीय शिविर का समापन

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नेहरू पीजी कॉलेज में चल रहे रोवर्स-रेंजर्स तीन दिवसीय शिविर के समापन पर प्राचार्य प्रो. जयवीर सिंह ने रोवर्स-रेंजर्स को दीक्षा दिलाई। प्राचार्य ने कहा कि रोवर्स रेंजर्स सर्वांगीण विकास एवं सामाजिक उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करता है। जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड श सुमनलता यादव ने 'खिड़कियों के पार से झाँकती हैं बेटियाँ' गीत द्वारा सार्थक ढंग से स्त्री सशक्तीकरण एवं समाज में स्त्रियों की भूमिका को रेखांकित किया। डीओसी परशुराम पाल ने रोवर्स-रेंजर्स में प्रवेश की प्रतिज्ञा दिलवाई। रेंजर्स ने गीतांजलि, रानी लक्ष्मीबाई, सावित्रीबाई फुले, भारत माता एवं रोवर्स ने सरदार भगत सिंह नामक टोलियां बनाई। रोवर्स-रेंजर्स द्वारा निर्मित टेंट, रंगोली व बिना बर्तन के भोजन का निरीक्षण प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा किया गया। टोलियों में भारत माता व भगत सिंह टोली को सर्वोत्तम स्थान, गीतांजलि व सावित्रीबाई फुले टोली को अतिउत्तम स्थान तथा रानी लक्ष्मी बाई को उत्तम स्थान प्रदान किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर साथी मौजूद रहे।

### चित्रकला में 2349 परीक्षार्थी गैरहाजिर

**कन्नौज।** यूपी बोर्ड की परीक्षाओं में सुबह की पाली हाईस्कूल में चित्रकला का पेपर हुआ। पंजीकृत 25,699 परीक्षार्थियों में 23,350 ने परीक्षा दी और 2349 ने इम्तिहान छोड़ दिया। दूसरी ओर डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। यहां से ही परीक्षा केंद्रों का हाल देखा। कंट्रोल रूम के सह प्रभारी आशीष शुक्ल ने बताया कि सुबह की ही पाली में इंटरमीडिएट में व्यावसायिक शिक्षा में कुल पंजीकृत 276 छात्र-छात्राओं में से 266 ने परीक्षा दी और 10 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट में कला वर्ग के परीक्षार्थियों का इतिहास का पेपर था। इसमें पंजीकृत 1349 में से 1270 ने परीक्षा दी और 79 गैरहाजिर रहे। बताया गया है कि सात मार्च यानि आज हाईस्कूल में सामाजिक विषय और इंटरमीडिएट में रसायन विज्ञान की परीक्षा होगी।

### मतदाता जागरुकता रैली निकाली

**कन्नौज।** शहर के पीएसएम पीजी कॉलेज कन्नौज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का बुधवार को समापन हो गया। प्राचार्य डॉ. अजय सिंह ने अनुशासन का महत्व बताया। स्वयंसेवकों ने मोबाइल के दुष्प्रयोग एवं स्वच्छता अभियान पर नुक्कड़ नाटक, देश भक्ति गीत व अन्य कार्यक्रम पेश किए। समापन समारोह डॉ. रमेश सिंह के नेतृत्व में हुआ। स्वयंसेवकों ने मतदाता जागरुकता रैली निकाली जिसमें ग्राम वासियों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। संचालन डॉ. लक्ष्मी नारायण सिंह ने किया। इस मौके पर डॉ. सुरेंद्र कुमार, डॉ. वरुण वशिष्ठ, रेनू त्यागी, डॉ. शिव नारायण आदि रहे।

# शिक्षक छुट्टी पर गया, नहीं आया विश्वविद्यालय से सत्यापन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- तत्कालीन बीएसए ने चार अगस्त 2023 को सत्यापन के लिए लिखा था पत्र
- एंटी करप्शन की टीम की ओर से 29 फरवरी को वरिष्ठ लिपिक को पकड़ने का मामला

**अमृत विचार।** एंटी करप्शन की टीम से जिस प्राथमिक स्कूल गौरीबांगर के शिक्षक अनुराग सिंह ने शिकायत की थी, वह सात मार्च तक छुट्टी पर चला गया है और आठ को शिवरात्रि का अवकाश है। साथ ही बेसिक शिक्षा कार्यालय की ओर से बताया गया है कि बीटेक के अभिलेख का सत्यापन विश्वविद्यालय से नहीं आया है। इस वजह से नियमों के तहत अवशेष वेतन निकालना मुश्किल है।

> अनुराग सिंह के सभी शैक्षिक अभिलेखों के सत्यापन की रिपोर्ट नहीं आई है इस वजह से एरियर नहीं निकाला जा सकता है। जिन-जिन अध्यापकों के अभिलेखों का सत्यापन आ जाता है, उनकी प्रक्रिया पूरी कर लाभ दिया जाता है।
>
> -उपासना रानी वर्मा, बीएसए

बताया गया है कि तत्कालीन बीएसए कौस्तुभ सिंह ने चार अगस्त 2023 को छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के कुलसचिव को पत्र लिखकर चार सहायक अध्यापकों के बीटेक शैक्षिक अभिलेखों का सत्यापन कराने के लिए पत्र भेजा था। इसमें शिक्षक अनुराग सिंह के भी शैक्षिक अभिलेख शामिल हैं। उस दौरान उन्होंने जल्द ही सत्यापन रिपोर्ट मांगी थी, जिससे अवशेष वेतन दिया जा सके।

दरअसल, 29 फरवरी को कानपुर से आई एंटी करप्शन टीम के नेतृत्वकर्ता इंस्पेक्टर मृत्युंजय मिश्र ने बीएसए कार्यालय के वरिष्ठ लिपिक विमल पांडेय को रिश्वत लेने के आरोप में पकड़ा था। कार्यालय के सीसीटीवी फुटेज वायरल होने के बाद से एंटीकरप्शन के कारनामे की पोल खुल गई। उसके बाद लखनऊ से आईं एएसपी (एंटीकरप्शन) इंदुप्रभा सिंह ने दो दिनों तक मामले की जांच की है। उसकी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को दी गई है। जब वह पहले दिन यहां आईं थीं तो डीएम शुभ्रान्त शुक्ल व एसपी अमित आनंद से भी मिलीं थीं। अधिकारियों ने इसे शिष्टाचार भेंट बताया है।

### एक पद पर दो भाइयों के नौकरी करने का आरोप

एंटी करप्शन की टीम वाले मामले के बाद फिर से मृतक आश्रित पद पर दो भाइयों के नौकरी करने का मामला सुर्खियों में आ गया है। यूटा जिलाध्यक्ष पंकज सिंह भदौरिया का आरोप है कि वरिष्ठ बाबू विमल पांडेय कन्नौज में और उनके भाई अनिल पांडेय मैनपुरी में अपने पिता के निधन के बाद से आश्रित तौर पर कनिष्ठ लिपिक पद पर नौकरी कर रहे हैं। आरोप है कि कई बार शिकायत होने के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई है। विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से एक पद पर दो लोग नौकरी कर रहे हैं। इस बारे में बीएसए का तर्क है कि अगर कोई मामला होता है तो आरोप प्रत्यारोप का दौर चलता है। यह जांच का विषय है। हालांकि उनके जिले में आने से पहले इस मामले की कई बार जांच हो चुकी है ऐसा उनको बताया गया है।

**इस बार का हाल** शुरुआती दौर में वेबसाइट न चलने से ऑनलाइन आवेदनों पर असर

# समाज कल्याण विभाग से कम छात्रों को वजीफा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- वर्ष 2023 में हुए थे 29,238 पंजीकरण, इस साल 24,666 ही रह गए

**अमृत विचार।** समाज कल्याण विभाग से इस बार काफी कम छात्र-छात्राओं को वजीफा मिलेगा। माना जा रहा है कि शुरुआती दौर में महीनों वेबसाइट नहीं चली। उसके बाद सर्वर में समस्या के चलते वेबसाइट जोर नहीं पकड़ पाई। इसी वजह से पंजीकरण और आवेदन कम हो गए। वर्ष 2022-23 में कुल पंजीकरण 29,238 थे जो वर्ष 2023-24 में घटकर 24,666 ही रह गए। इस हिसाब से 4572 विद्यार्थियों कम हो गए हैं।

सामान्य वर्ग और अनुसूचित जाति-जनजाति के छात्र-छात्राओं को वजीफा व शुल्क प्रतिपूर्ति समाज कल्याण कार्यालय से दिया जाता है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया होती है। इसके बाद संबंधित विद्यालय व समाज कल्याण का मुख्य काम होता है। बताया गया है कि उच्च शिक्षा ले रहे छात्र-छात्राओं के आवेदन वाले महाविद्यालयों की पुष्टि पर मुहर विश्वविद्यालय की ओर से लगाई जाती है।

> छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए जो ऑनलाइन आवेदन आए हैं, उनका सत्यापन पूरा हो गया है। कम आवेदन आने की वजह से संख्या कम है। वर्तमान में विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के नामांकन भी कम हुए हैं। इस वजह से भी असर पड़ा है। सभी पात्रों को लाभ मिलेगा।
>
> - सृष्टि अवस्थी, जिला समाज कल्याण अधिकारी

पिछले साल काफी मात्रा में छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति मिलने से छात्र-छात्राएं छूट गए थे। इसका ठीकरा विश्वविद्यालय पर ही फोड़ा गया था।

अबकी वेबसाइट न चलने की समस्या कम आवेदन का कारण बताया जा रहा है। दूसरी ओर कहा यह भी जा रहा है कि वर्ष 2023-24 में छात्र संख्या कम होने से आवेदन कम हुए हैं। सामान्य वर्ग के 2148 और अनुसूचित जाति के 2424 पंजीकरण कम हुए हैं।

### वर्ष 2022-23 के आंकड़े

- 29238 पंजीकरण हुए (दोनों वर्गों को मिलाकर)
- 35942 फार्म इंटेरेड
- 31699 अस्थाई लॉक
- 28979 अंतिम प्रस्तुतिकरण
- 27730 विद्यालयों ने प्राप्त किए
- 26442 कॉलेज की ओर से सत्यापित
- 952 शैक्षिक संस्थाओं ने निरस्त किए
- 26194 आवेदन विद्यालयों ने फारवर्ड किए

### वर्ष 2023-24 के आंकड़े

- 24666 पंजीकरण हुए (दोनों वर्गों को मिलाकर)
- 25887 फार्म इंटेरेड
- 17086 अस्थाई लॉक
- 20818 अंतिम प्रस्तुतिकरण
- 19552 विद्यालयों ने प्राप्त किए
- 18672 कॉलेज की ओर से सत्यापित
- 400 शैक्षिक संस्थाओं ने निरस्त किए
- 18479 आवेदन विद्यालयों ने फारवर्ड किए

# आंख की नसों में सूजन से जा सकती है रोशनी

संवाददाता, तिर्वा-कन्नौज

- मेडिकल कॉलेज के नेत्र विभाग में तीन मरीजों का हुआ इलाज

**अमृत विचार।** आंख की रोशनी में सहायक नसों में सूजन देखकर नेत्र विभाग के डॉक्टर ने तीन मरीजों को भर्ती कर दवाओं के सहारे उनकी रोशनी पुनः वापस करा दी।

राजकीय मेडिकल कॉलेज के नेत्र विभाग में प्रतिदिन 50 से अधिक मरीजों का ओपीडी मे चेकअप किया जा रहा है। इसके साथ ही ओपीडी में आए मोतियाबिंद से पीड़ित कई मरीजों को भर्ती व ऑपरेशन कर रोशनी लौटाई जा रही है। एक सप्ताह में 12 साल की अपर्णा शुक्ला, 50 साल की अफसाना, 60 साल के अशोक ने ओपीडी में डॉ. आलोक रंजन को दिखाकर आंख की रोशनी काफी कम होने की शिकायत की। जांच में आंख की नसों में सूजन पाई गई। उन्हें भर्ती कर दवाओं के सहारे आंखें ठीक कर दीं। डॉ.रंजन ने बताया कि नसों में सूजन से आंखों की रोशनी कम हो जाती है। यह नस के दबने के कारण सूजन आती है जिससे दिखाई देना कम हो जाता है। अगर समय रहते इसका इलाज नहीं होता तो यह मनुष्य को अंधा बना देता है। बताया कि इस रोग से पीड़ित मरीजों को तीन दिन तक भर्ती कर ग्लूकोज से दवा नसों तक पहुंचा कर इलाज होता है।


डॉ. राजीव रंजन।

**इसलिए होती है समस्या :** नसों में सूजन, शरीर मे विटामिन डी की कमी, कोई वायरस की चपेट में आना, टीबी वायरस।

## एक नजर

### तीन बच्चों को मां ट्रेन में छोड़कर चली गई

**फर्रुखाबाद।** रेलवे स्टेशन कायमगंज पर गाड़ी संख्या 05379 पर तीन लावारिस बच्चे पुलिस को मिले हैं। इनमे मुस्कान (2), राधा (3) तथा रीना (5) वर्ष की है। बच्चे अपने मां का नाम अंजू पिता का नाम दुर्गविजय बता रहे हैं। बच्चे फर्रुखाबाद से अपनी मम्मी के साथ कायमगंज गये थे। ट्रेन में मम्मी के द्वारा बच्चों को छोड़कर जाना बताया गया है। बच्चे अपना घर का पता नहीं बता पा रहे हैं। बच्चों को जलपान कराकर आरपीएफ के द्वारा फर्रुखाबाद लाया गया। चाइल्ड हेल्पलाइन टीम के द्वारा बच्चों को बाल संरक्षण कार्यालय ले जाया गया। संबंधित कार्रवाई के बाद बच्चों को सी डब्लू सी के समक्ष पेश किया जा रहा है। संबंधित बच्चों के संबंध में किसी को कोई भी जानकारी हो तो उप निरीक्षक जितेन्द्र कुमार को मोबाइल नम्बर 8859303000 पर दे।

### मार्ग दुर्घटना में एक घायल

**कायमगंज-फर्रुखाबाद।** मार्ग दुर्घटना में कंपिल निवासी सोनी घायल हो गई। परिजन सीएचसी लाए। जहां उनका इलाज किया गया।

### दो लोगों ने पी लिया जहर

**कायमगंज-फर्रुखाबाद।** गांव कुबेरपुर निवासी अफजल खा, चिलांका निवासी सानू ने कीटनाशक पदार्थ पी लिया।

# फूड प्वाइजनिंग से एक ही परिवार के 15 सदस्य बीमार

## तीन दिन तक घर में ही पड़े रहे बीमार, रिश्तेदार ने दी सूचना तो मौके पर पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने तीन को भर्ती कराया

संवाददाता, कायमगंज-फर्रुखाबाद


अस्पताल में भर्ती गुड्डी देवी।


मौके पर मौजूद स्वास्थ्य टीम। अमृत विचार

- गृहस्वामी को दूध में जहरीला पदार्थ होने की आशंका

**अमृत विचार।** कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव सलेमपुर टिलियां में फूड प्वाइजनिंग से एक ही परिवार के 15 सदस्यों की हालत बिगड़ गई। तीन दिन तक पूरा परिवार घर मे बेहोश पड़ा रहा। अचानक पहुंचे रिश्तेदार ने सूचना दी। सूचना पर पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर उपचार शुरू किया। गम्भीर हालत में तीन को ले जाकर अस्पताल में भर्ती कराया।

मिली जानकारी के अनुसार इस परिवार का दूध उनके मकान की छत पर रखी बरोसी में हंडिया में गर्म किया जाता है। सुबह से शाम तक दूध उपलों की आग में धीरे-धीरे पकता है और शाम को ठंडा करके दूसरे बर्तन में दही बनाने के लिए जमा दिया जाता है। दही को मथकर मट्ठा तैयार किया गया था। उसे पूरे परिवार ने नाश्ते के साथ पिया। इसे पीने के बाद सभी की हालत बिगड़ गई। परिवार के मुखिया राम प्रकाश वर्मा (58), नित्या (5), निधी (6), पूनम (15), अजय (14), रतनावती (20), उदयवीर (22), बालकराम (25), पूनम (12), राजकुमारी (50), नैनशी (3), भीमसेन (13), गुड्डीदेवी (60) व धर्मवीर सहित सभी लोग फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए। फूड पॉइजनिग का शिकार हुए यह सभी लोग अपने घर के अंदर ही तीन दिन तक गंभीर हालत में पड़े रहे। गांव के किसी आदमी ने भी नहीं जाना। इसी बीच बुधवार को उनका कोई रिश्तेदार अचानक घर पहुंचा। उसने घर पर दस्तक दी तो घर का हाल जाना।

एक बच्चा जिसने वह मट्ठा नहीं पिया था, वह ठीक था। बाकी सब लोग बेहाल मिले। यह देखकर रिश्तेदार ने इसकी सूचना स्वास्थ्य विभाग को दी। सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम जिसमें डॉ. अनुराग कुशवाहा स्टाफ अनूप कुमार, ऋतिक गंगवार डीएचओ रत्नेश कुमार सभी पीड़ित के गांव पहुंचे। स्वास्थ्य टीम ने सभी पीड़ितों का परीक्षण किया और तुरंत प्राथमिक उपचार दिया। प्राथमिक उपचार से पूनम प्रथम तथा पूनम द्वितीय अजय, बालक राम और भीमसेन की हालत में सुधार आ गया। बाकी बचे पीड़ितों को गंभीर हालत में तत्काल उपचार के लिए मौके से लाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया गया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डाक्टरों की टीम ने उनका उपचार किया। इसके बाद उनकी हालत में काफी सुधार हो रहा है। उपचार से मिली राहत के बाद होश में आए परिवार के मुखिया 58 वर्षीय रामप्रकाश वर्मा ने बताया कि उनके दूध की हंडिया दूध उबालने के लिए छत पर ही रखी जाती है।

उन्होंने आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी छत से और मकानों की छतें भी मिली हैं। ऐसा लग रहा है कि हमसे बुराई मानने वाले किसी व्यक्ति ने जानबूझकर उनकी दूध की हंडिया में कोई जहरीला पदार्थ मिला दिया। जिसे हम लोग नहीं जान पाए और इस दूध से बने मट्ठे को पीने के बाद ही हमारे परिवार के सभी लोगों की हालत बिगड़ गई। उन्होंने कहा कि एक बच्चे ने मट्ठा पीने से ही मना कर दिया था। अक्सर यह बच्चा केवल दूध ही पीता है। दही या मट्ठा नहीं लेता। इसलिए वह बच गया। उसे फूड प्वाइजनिंग नहीं हुई। एक ही परिवार के सभी सदस्यों को एक साथ हुए फूड प्वाइजनिंग से गांव में सनसनी फैल गई और यह प्रकरण क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। राम प्रकाश का यह भी कहना था कि तीन दिन तक हम सब लोग घर में अंदर बेहोश पड़े रहे। कहा कि अगर घर से कोई दिख नहीं रहा है तो कोई न कोई पड़ोसी उस हालत में जानकारी कर सकता था। खासकर जब घर का कोई व्यक्ति बाहर आ जा नहीं रहा था। मेरे रिश्तेदार के आने से पहले तक उनके घर पर कोई नहीं आया।

बरहाल स्वास्थ्य विभाग की टीम ने तत्परता दिखाते हुए घर पहुंच कर प्राथमिक उपचार दिया और ज्यादा गंभीर लोगों को अस्पताल में लाकर इलाज करके स्थिति को संभाला। देर हो जाती तो पूरा परिवार ही अनहोनी की आशंका का शिकार हो सकता था। राम प्रकाश द्वारा कही गई बात में कितनी सच्चाई है, यह तो बचे हुए मट्ठे को जांच के लिए लैब में भेजा जाए, तो ही पता चलेगा कि मट्ठा में यदि जहर था तो वह किस प्रकार का था। या फिर फूड पॉइजनिंगका कारण दूसरा रहा।

## रोवर्स-रेंजर्स को मतदाता जागरुकता की दिलाई शपथ

**कायमगंज-फर्रुखाबाद।** लक्ष्मी यदुनंदन महाविद्यालय में रोवर्स-रेंजर्स का प्रवेश प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई।

बुधवार को एलवाई डिग्री कालेज में रोवर्स-रेंजर्स के तीन दिवसीय प्रवेश प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन सर्वप्रथम प्रशिक्षुओं को ध्वज शिष्टाचार की ट्रेनिंग दी गई। जिला प्रशिक्षक गाइड भारती मिश्रा ने प्रेरणा गीत के माध्यम से प्रशिक्षुओं को प्रोत्साहित किया। उन्होंने सभी को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। स्काउट ट्रेनर योगेश कुमार द्वारा विभिन्न प्रकार के ध्वजों के बारे में बताते हुए स्काउट गाइड के ध्वज के इतिहास व उसके प्रतीकों के बारे में बताया गया। स्काउट ट्रेनर तरुण कुमार शुक्ला ने प्रशिक्षुओं को विभिन्न प्रकार की गांठों का अभ्यास करवाया। अंत में प्राचार्य ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर डॉ देवेंद्र कुमार, विपिन सिंह, डॉ मनीषा सक्सेना, ब्रजेश वर्मा, रितिक गुप्ता, अरविंद कुमार, अभिषेक चतुर्वेदी आदि रहे।

# अनुपम की मां के खाते में 4.30 करोड़ ट्रांसफर करने पर दो अभियंता निलंबित

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद


अधिशासी अभियंता राम कुमार।


अधिशासी अभियंता जोध कुमार। अमृत विचार

- अब तक 1.58 करोड़ की संपत्ति कुर्क कर चुकी है स्थानीय पुलिस बेनामी संपति और तलाश रहे
- अभी तक दोनों निलंबित अभियताओं पर एफआईआर नहीं

**अमृत विचार।** राज्य स्तरीय माफिया अनुपम दुबे की मां के खाते में 4 करोड़ 30 लाख रुपये रोक के बाद स्थानांतरित करने पर लोक निर्माण विभाग के दो अधिशासी अभियन्ताओं को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस अब तक माफिया अनुपम दुबे की 1 अरब 58 करोड़ की संपत्ति कुर्क कर चुकी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐसे अधिकारियों पर भी कार्यवाही शुरू कर दी जो माफियाओं की मदद कर रहे हैं। लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खण्ड और निर्माण खंड के अधिशासी अभियंताओं को माफिया अनुपम दुबे के फर्जी खातों में करोड़ों का भुगतान करने पर निलंबित किया गया है। कानपुर मंडल के एकमात्र माफिया बसपा नेता अनुपम दुबे के खातों को जिला अधिकारी और पुलिस अधीक्षक द्वारा सील किया गया था।

इसके बावजूद भी प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता जोध कुमार और निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता रामकुमार पिथोरिया ने माफिया के फर्जी खातों में 4.30 करोड़ का भुगतान कर दिया। मामला डीएम वीके सिंह व एसपी विकास कुमार ने गंभीरता से लेते हुए शासन को वस्तुस्थिति से अवगत कराया था।

मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी व एसपी की रिपोर्ट पर दोनों अधिशासी अभियंताओं पर निलंबन की कार्रवाई की। दोनों अधिशासी अभियंताओं के खिलाफ निलंबन का आदेश जारी हो गया है। हालांकि पुलिस ने अभी तक दोनों अधिशासी अभियंताओं पर कोई एफआईआर दर्ज नहीं की है।

# कागजों में बांटी मनरेगा की मजदूरी, स्पष्टीकरण तलब

संवाददाता, शमसाबाद-फर्रुखाबाद

- डीडीओ को शमसाबाद ब्लॉक में मिली खामियां

**अमृत विचार।** विकास खंड कार्यालय शमसाबाद का डीडीओ ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें कई खामियां मिलीं। मनरेगा मजदूरी मिलने की शिकायत की जब डीडीओ ने जांच की तो रजिस्टर में मजदूर की मनरेगा मजदूरी चढ़ी मिली। जब डीडीओ ने पीड़ित मजदूर से फोन पर बात की तो उसने मजदूरी न मिलने की बात कही। डीडीओ ने सचिव से स्पष्टीकरण तलब किया है।

डीडीओ श्याम कुमार दोपहर को कार्यालय पहुंचे तो उन्हें परिसर में गंदगी मिली। मजदूर ऋषभ राजपूत द्वारा मनरेगा मजदूरी न मिलने की शिकायत की गई थी। डीडीओ ने की गई शिकायत की जांच की तो रिपोर्ट में सचिव दिलीप कुमार ने मजदूरी के रुपए पीड़ित को मिल जाना दर्शाया। डीडीओ ने जब पीड़ित ऋषभ राजपूत से मोबाइल पर बात की तो उसने मजदूरी न मिलने की बात कही। डीडीओ ने सचिव दिलीप कुमार को फोन पर जमकर लताड़ लगाते हुए स्पष्टीकरण तलब किया है। उन्होंने बीबीएम मेराज व उजैर के कक्ष में गंदगी देख नाराजगी जताई। अलमारी में अव्यवस्थित तरीके से अभिलेख रखे देख उनका पारा चढ़ गया। डीडीओ ने फटकार लगाते हुए वेतन काटने की चेतावनी दी। मनरेगा कार्यालय में खुले में अभिलेख रखे देख उन्होंने व्यवस्थित तरीके से रखने के निर्देश दिए। बाबू राज भारती व एकाउंटेंट सुनील कटियार को फटकार लगाई। कर्मचारियों को बुलाकर अभिलेखों की बारीकी से जांच की।

# दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद


विक्रम राजपूत।


पंचनामा भरती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र में बुधवार को ट्रैक्टर की टक्कर से बाइकसवार युवक की मौत हो गई। वह अपनी बहन के घर गमी में जा रहा था। मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने घायल को 108 एंबुलेंस से सीएचसी मोहम्मदाबाद पहुंचाया, जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया।

थाना जहानगंज के गांव बंथल शाहपुर निवासी विश्वनाथ राजपूत का 28 वर्षीय पुत्र विक्रम राजपूत अपनी बहन प्रतिमा के घर दनिया हुसैनपुर जा रहा था। वहां पर 8 दिन पूर्व किसी की मृत्यु हो गई थी। जिस कारण वह बहन के घर जा रहा था। संकिसा रोड पर नीब करोरी की तरफ से आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची 112 ने घायल युवक को 108 से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद पहुंचाया। जहां डॉक्टर सनी मिश्रा ने युवक विक्रम राजपूत को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने टैक्टर चालक व टैक्टर को हिरासत में लिया। विक्रम राजपूत की शादी 5 वर्ष पहले महालक्ष्मी से हुई थी। विक्रम का एक चार वर्षीय पुत्र सार्थक है। मृतक के पिता विश्वनाथ ने बताया की विक्रम दिल्ली में ओला में गाड़ी चलाता था। 4 दिन पहले ही वह गांव आया था। माता देवकी पत्नी महालक्ष्मी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

# बंच केबिल डालते समय पोल के साथ मजदूर नीचे गिरा, मौत

संवाददाता, कायमगंज-फर्रुखाबाद

- परिजनों ने ठेकेदार पर लगाया गले पोल पर चढ़ाने का आरोप
- उलियापुर में ठेकेदारी पर कर रहा था काम

**अमृत विचार।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र में बुधवार को ठेकेदार के कहने पर बंच केबिल डालने के लिए पोल पर चढ़े मजदूर की पोल के साथ गिरने से मौत हो गई।


अंकुश।

कोतवाली कायमगंज के ग्राम भटासा निवासी प्रेमचंद जाटव का 21 वर्षी पुत्र अंकुश कायमगंज में भगवती टॉकीज के निकट पोल पर चढ़कर बंच केबल डाल रहा था। पोल गला होने के कारण टूट गया। जिसकी वजह से अंकुश पोल के साथ नीचे जा गिरा। गिरने के बाद वह गंभीर रूप से घायल हो गया। भाई सुग्रीव ने अंकुश को कायमगंज सीएससी पहुंचाया। डॉक्टर ने अंकुश को मृत घोषित कर दिया। सुग्रीव ने बताया कि बिजली विभाग का ठेकेदार विकास उलियापुर क्षेत्र में अंकुश से बंच केबिल डलवा रहा था। अंकुश ने पोल के गले होने के कारण चढ़ने से मना कर दिया था। ठेकेदार विकास ने अपनी जिम्मेदारी पर अंकुश को पोल पर चढ़ने को मजबूर किया था। अंकुश की मौत पर उसकी मां कलानी व पत्नी संध्या आदि परिजन बुरी तरह बिलखते रहे। अंकुश का 2 वर्ष पूर्व जौनपुर की संध्या से विवाह हुआ था। उसके एक वर्ष की पुत्री है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## बाइकों की सीधी भिड़ंत में एक की मौत, तीन घायल

**फर्रुखाबाद।** थाना राजेपुर क्षेत्र में बुधवार की शाम बाइको में हुई आमने सामने भिड़ंत में एक बाइक सवार की मौत हो गई। जबकि दूसरी बाइक पर सवार पिता-पुत्र व मां घायल हो गईं।

फतेहगढ कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हाथी खाना के रहने वाले अनिल पुत्र रामदास अपने दोस्त जितेंन्द्र निवासी नरेना मऊ के साथ गंगा पार क्षेत्र से भेड़ बकरी खरीदने गए थे। वह बाइक से अपने घर लौट रहे थे। दूसरी तरफ कुबेरपुर निवासी नरेंद्रपाल अपनी पत्नी शोधरा तथा पुत्र भगवानदीन को बाइक से लेकर अपने गांव जा रहे थे। यह दोनों जैसे ही जमापुर मोड़ के पास पहुंचे बैसे ही दोनों की बाइको में आमने सामने टक्कर हो गई। अनिल की घटनास्थल पर मौत हो गई। उसके साथ बैठा जितेन्द्र फरार हो गया। दूसरी बाइक पर सवार पिता-पुत्र समेत मां को अस्पताल भेजा गया।

# महादेव की पालकी यात्रा निकाली

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद


पालकी यात्रा निकाल रहे भक्त। अमृत विचार

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि से पूर्व ऐतिहासिक प्राचीन महाभारत कालीन श्री पांडेश्वर नाथ द्वादश ज्योतिर्लिंग शक्तिपीठ मंदिर से महादेव की पालकी यात्रा बड़ी धूमधाम से निकाली गई।

महाकाल मंडली के भक्तों के द्वारा महाकाल का रुद्राभिषेक भोले बाबा एवं पार्वती माता का सोलह श्रंगार हल्दी रसम ,मेहंदी, लोकगीत ,मंगल गीत के साथ दुल्हन एवं दूल्हे का सिंगार किया गया। सुंदर आकर्षक दिव्य एवं भव्य रथ पर बैठाया तो महाकाल बाबा को पालकी में बिठाया गया ।नगर में पालकी यात्रा रेलवे रोड, चौक, घूमना बाजार, नितगंजा बाजार, स्टेट बैंक, रेलवे रोड घूमती हुई पार्वती माता के दरवाजे श्री पांडेश्वर नाथ मंदिर पर पहुंची वहां बारातियों का स्वागत हुआ। रास्ते में भोले बाबा की बारात में देव, दानव, मानव, भूत, प्रेत चल रहे थे। उज्जैन क्षेत्र के डमरु और लगडे, घंटा, शंख, घड़ियाल के द्वारा पूरा नगर शिवमय हो गया। जय महाकाल, जय शिव शंकर, जय भोलेनाथ से नगर गूंज उठा। नगर में जगह-जगह महा आरती प्रसाद वितरण किया गया। पालकी शोभा यात्रा में विभिन्न झांकियां थीं। श्री बालाजी महाराज, महाकाल की धून, धर्म ध्वजा, शंकर-पार्वती महाकाली का अखाड़ा, काली शंकर के दर्शन पाकर धन्य हो गए। मंदिर पहुंचकर शिव पार्वती का उनकी सुंदर झांकी भक्तों ने मंगल गीत के भावनृत्य किया। प्रमुख पुजारी उमेश शर्मा ने महा आरती उतारी और भक्तों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा सृष्टि के देवता का सनातन धर्म के विवाह संस्कार देता है। हम सबको मानव जीवन रूपी प्रेरणा देता है। हमारा प्रमुख उद्देश्य भारतीय संस्कृति का जन जागरण करना है। जय महाकाल सबके जीवन मंगल में करते हैं। इस अवसर पर नगर के शिवभक्तों ने भाग लिया। मंदिर के पुजारी उमेश शर्मा, राजेश शर्मा ,गोपाल शर्मा, प्रखर शर्मा अनुज राजपूत बाबा आदि रहे।

# किसानों का शक्ति प्रदर्शन रोकने को वार्ता का दौर जारी

संवाददाता, अमृतपुर-फर्रुखाबाद

- किसानों के तेवर देखकर पुलिस-प्रशासन चौकन्ना

**अमृत विचार।** दस दिन से धर्मपुर मढ़ी के पास मैदान मे चल रही किसान यूनियन (भानू गुट) की महापंचायत का कार्यक्रम प्रस्तावित था। कार्यक्रम को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से महापंचायत स्थल पर मुस्तैद रहा। प्रशासन और किसान नेताओं के बीच कई दौर की वार्ता बनतीजा रही। वार्ता का क्रम जारी है।

वार्ता से कोई ठोस निर्णय न निकल पाने से किसान कई बार उग्र हुए। किसान जिलाधिकारी को मौके पर बुलाने पर डटे रहे। जिलाधिकारी के मौके पर न आने से किसानों ने ट्रैक्टर रैली के लिए कूच करने का ऐलान कर दिया। जिसके बाद हरकत मे आए प्रशासन ने किसान नेताओं से वार्ता शुरू की। एसडीएम रविन्द्र सिंह, सीओ रविन्द्र नाथ राय ने किसानों से बात कर मामला सुलझाने का प्रयास किया परंतु जिलाधिकारी को मौके पर बुलाने के लिए अडिग किसान प्रशासनिक अधिकारियों की बात सुनने को तैयार नहीं हो रहे थे। खबर लिखे जाने तक प्रशानिक अधिकारियों और किसान नेताओं के बीच वार्ता जारी थी। एडीएम सुभाष चंद्र प्रजापति, अपर पुलिस अधीक्षक संजय सिंह, एसडीएम रविन्द्र सिंह, सीओ रविन्द्र नाथ राय, एसओ अमृतपुर मिनेश पचौरी, एसओ राजेपुर कामिल खान अपनी टीमों के साथ धरनास्थल पर डटे रहे।

**निरीक्षण** — जिलाधिकारी को मिलीं अव्यवस्थाएं, पंचायत सचिव पर लटकी निलंबन की तलवार

# गौशाला की बदहाली पर सीवीओ व बीडीओ से जवाब तलब

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद


गोशाला का निरीक्षण करते डीएम वीके सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह ने सितवनपुर पिथू गोशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण में गोशाला में बहुत अधिक गंदगी पाई गई। सही तरह से सफाई न होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। डीएम ने बीडीओ को निर्देश दिया कि पंचायत सचिव से स्पष्टीकरण लिया जाए कि इस लापरवाही में क्यो न निलंबित कर दिया जाये। वहीं जिलाधिकारी द्वारा गोशाला की खराब स्थिति पर सीवीओ व बीडीओ से स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया।

गोशाला में सभी व्यवस्थाएं अस्त-व्यस्त पाई गईं। गोवंश दुर्बल पाये गये। गोशाला में 521 गौवंश हैं, जिनमे 8 दुधारू है। गोशाला में एक केयरटेकर व 14 गोपालकों की नियुक्ति बताई गई। जिलाधिकारी ने हाजिरी रजिस्टर से उपस्थिति का मिलान किया। दिसंबर महीने के खर्चे का हिसाब चेक किया। गौशाला के मैनेजर द्वारा कोई भी कार्य सही ढंग से नही किया जा रहा है। प्रधान द्वारा बताया गया कि गौशाला में रोज 25 से 26 क्विंटल भूसा खर्च हो रहा है। बीडीओ ने बताया कि उनके क्षेत्र में कोई भी आवारा जानवर छुट्टा नही घूम रहा है। जिलाधिकारी द्वारा डीडीओ को निर्देशित किया कि सभी बीडीओ व ईओ से यह प्रमाणपत्र लिया जाए कि उनके क्षेत्र में कोई भी खुला गोवंश नहीं घूम रहा है। सभी को गोशाला में रखा गया है। गायों को चारा सही से दिया जाये। गोशाला में 550 बीधे जमीन है। जिससे 20 बीघे पर शेड व 95 बीघे में चारा बोया गया है। बाकी खाली पड़ी है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि गोशाला की खाली पड़ी जमीन पर चारा, जौ बरसीम, नैपियर घास उगाई जाये, जिसका उपयोग गोशाला में किया जाये। जो शेष बचे उसको उपजिलाधिकारी, सीवीओ व बीडीओ की समिति की निगरानी में बाजार में बेंचा जाये। जिससे गौशाला की आय बढ़ाई जा सके। गोवंश के गोबर व मूत्र के सही इस्तेमाल के निर्देश दिए। गोशाला की रंगाई पुताई कराने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाओं को 15 दिन में ठीक कर लिया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी कर्मी अपने तैनाती क्षेत्र में ही निवास करें। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## दवा दुकानों में छापे एक लाइसेंस निरस्त

**फर्रुखाबाद।** दवा की दुकानों पर छापे में अनियमितताएं मिलने पर उन्हें नोटिस दी गई। वहीं रोक के बाद भी दवाएं बेचने पर फतेहगढ़ के एक मेडिकल स्टोर का लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है।

औषधि निरीक्षक रजत कुमार पांडेय ने जहानगंज स्थित आर्यन मेडिकल स्टोर से दो नमूने लिये। अमित मेडिकल स्टोर में फार्मासिस्ट नहीं मिला। कमियां मिलने पर नोटिस जारी किया गया। त्रिवेदी मेडिकल स्टोर में नमूने लिये गए। मोहम्मदाबाद स्थित शिव फार्मेसी को नोटिस जारी किया है।

औषधि निरीक्षक ने बताया कि फतेहगढ़ स्थित रोमिल सोमिल मेडिकल स्टोर का सहायक आयुक्त मेडिकल स्टोर का लाइसेंस निरस्त कर दिया है।

## सार-संक्षेप


साइकिल रेस को हरी झंडी दिखा कर रवाना करते जवाहर सिंह गंगवार व यूनुस अंसारी।

### अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी यूनुस अंसारी ने दिखाई रेस को हरी झंडी

**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ महोत्सव का शुभारंभ दौड़ एवं साइकिल रेस से किया गया। दोनों प्रतियोगिताओं का शुभारंभ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार एवं पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मोहम्मद युनुस अंसारी ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर किया। फतेहगढ महोत्सव के संयोजक रिजवान अहमद ताज,व्यापारी नेता अलादीन ,शिक्षक नेता मजहर मोहम्मद खान ,राजीव बाजपेई मंजुल कार्यवाहक कोच शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे। प्रथम तीन के अलावा प्रोत्साहन पुरस्कार 20वें नंबर तक आने वाले खिलाड़ियों को भी दिया जाएगा। इस मौके पर मोहम्मद यूनुस अंसारी ने कहा कि फतेहगढ महोत्सव के जरिये हम लोग फर्रुखाबाद की संस्कृति को संजो कर रखे हुए हैं। इस महोत्सव के माध्यम से हम युवा पीढ़ी को फर्रुखाबाद के इतिहास की यादें तरोताजा करा रहे है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अर्थम् महान्तमासाद्य विद्यामैश्वर्यमेव वा।
विचरत्यसमुन्नद्धो य: स पंडित उच्यते॥

जो व्यक्ति विपुल धन-संपत्ति, ज्ञान, ऐश्वर्य, श्री इत्यादि को पाकर भी अहंकार नहीं करता, वह ज्ञानी कहलाता है।

## संपादकीय

# बीमा योजना के तहत

प्रकृति पर निर्भरता के कारण खेती में जोखिम और अनिश्चितताएं आम हैं। सूखा, बाढ़, बेमौसम बरसात और ओलावृष्टि आदि सीधे खेती को प्रभावित करते हैं। ऐसी परिस्थिति में फसलों का बीमा करना प्रमुख रणनीति मानी जाती है। फसल बीमा किसानों को फसल के नुकसान की स्थिति में भुगतान के माध्यम से जोखिम से निपटने में मदद करता है और कृषि क्षेत्र में आपदा भुगतान पर बोझ को कम करके सरकार की मदद करता है। किसानों की समस्याओं पर ध्यान देते हुए सरकार ने वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) शुरू की थी। जिसका उद्देश्य कम पैदावार या पैदावार के नष्ट हो जाने की स्थिति में किसानों को मदद मुहैया कराना था। सरकार द्वारा किए गए प्रयासों के कारण, योजना के तहत कवरेज साल-दर-साल बढ़ रहा है। गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार पीएमएफबीवाई के कार्यान्वयन के पिछले 8 वर्षों में 56.80 करोड़ किसानों के आवेदन पंजीकृत किए गए हैं और 23.22 करोड़ से अधिक किसान आवेदकों को दावे प्राप्त हुए हैं। इस दौरान किसानों ने प्रीमियम के अपने हिस्से के रूप में लगभग 31,139 करोड़ रुपये चुकता किए, जिसके आधार पर उन्हें 1,55,977 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान दावे के रूप में किया गया। यह योजना खासकर उन किसानों का बोझ कम करने में मदद कर रही है, जो खेती के लिए ऋण लेते थे और खराब मौसम में फसल बर्बादी के कारण उसी ऋण को चुका पाने में असमर्थ रहते थे। इसके बावजूद देश में फसल बीमा को किसानों के बीच ज्यादा लोकप्रियता नहीं मिली है। इसका कारण यह है कि अधिकांश राज्यों द्वारा उनके प्रीमियम सब्सिडी शेयर का समय पर भुगतान नहीं कराया जाता है।

गौरतलब है कि भारतीय फसल बीमा 'क्षेत्र दृष्टिकोण' पर काम करता है। क्षेत्रीय दृष्टिकोण तभी अच्छा काम करता है जब किसानों की उपज और फसल काटने के प्रयोगों में उपज के बीच सहसंबंध अधिक हों। इस शर्त को शायद ही कभी पूरा किया जाता है जिसके परिणामस्वरूप 'बुनियादी जोखिम' होता है, यानी, किसान को फसल का नुकसान होता है लेकिन मुआवजा नहीं मिलता है। इसके अलावा, उन लोगों के लिए जिन्हें अंततः मुआवजा मिलता है, अधिकांश मामलों में भुगतान में काफी देरी होती है। कई बदलावों के बाद पीएमएफबीवाई शुरू की गई, जो पहले की समान योजनाओं का एक उन्नत संस्करण है। हालांकि कई मुद्दे और चुनौतियां हैं, अतः इस योजना के उद्देश्य की पूर्ति हेतु सरकार को योजना के समक्ष आने वाली उपरोक्त सभी चुनौतियों के संबंध में जल्द-से-जल्द समाधान का रास्ता तलाशना चाहिए।

# कैंसर से जंग की नई उम्मीदें



निरंकार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

औषधियों के परिणाम-परीक्षण की एक सुनिश्चित वैज्ञानिक पद्धति है। औषधियां प्राय: विषों और ड्रगों से बनती है। अतएव पहला परीक्षण किया जाता है कि वे स्वास्थ्य और जीवन को खतरे में तो नहीं डाल देंगी। लेकिन डीएस रिसर्च सेन्टर ने तो मानवीय भोज्य पदार्थों में सम्मिलित पोषक ऊर्जा को प्राप्त करके औषधियां तैयार की थीं।

कैंसर के नए इलाजों में जहां इम्यूनोथेरेपी एक बड़ी उम्मीद के रूप में देखी जा रही है वहीं कुछ परंपरागत तौर तरीकों में बड़े बदलाव से भी इस जानलेवा बीमारी को काबू में करने की कोशिशें लगातार जारी हैं। इम्यूनोथेरेपी प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने और शरीर को कैंसर कोशिकाओं को खोजने और नष्ट करने में मदद करने के लिए शरीर द्वारा या प्रयोगशाला में बनाए गए पदार्थों का उपयोग करती है।

पिछले 20 सालों में दुनिया भर में कैंसर के मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। हर साल देश और दुनिया में कैंसर से लाखों मौत होती है। भारत में कैंसर के मामलों पर किए गए और बीएमसी कैंसर जर्नल में प्रकाशित आइसीएमआर (भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद) के 2022 के एक अध्ययन में अनुमान जाहिर किया कि 2025 तक भारत में कैंसर के 2.98 करोड़ मामले हो सकते हैं। ये नीति आयोग के अनुमान के हिसाब से इस साल भारत की 1.4 अरब आबादी की दो फीसदी होगी। आईसीएमआर का अध्ययन इनमें से 40 फीसदी मामलों की वजह इन सात में से एक कैंसर को बचाता है-फेफड़े, स्तन, भोजन नलिका, मुख, पेट, लीवर और गर्भाशय ग्रीवा।

कैंसर के नए इलाजों में जहां इम्यूनोथेरेपी एक बड़ी उम्मीद के रूप में देखी जा रही है वहीं कुछ परंपरागत तौर तरीकों में बड़े बदलाव से भी इस जानलेवा बीमारी को काबू में करने की कोशिशें लगातार जारी हैं। इम्यूनोथेरेपी प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने और शरीर को कैंसर कोशिकाओं को खोजने और नष्ट करने में मदद करने के लिए शरीर द्वारा या प्रयोगशाला में बनाए गए पदार्थों का उपयोग करती है। इम्यूनोथेरेपी से कई अलग-अलग प्रकार के कैंसर का इलाज अब होने लगा है। उधर कैंसर के इलाज में भारतीय मसाले बेहद कारगर हैं। आईआईटी मद्रास के अनुसंधानकर्ताओं ने कैंसर के इलाज के लिए इनका पेटेंट करवाया है। 2028 तक बाजार में उपलब्ध होने की उम्मीद है। मुंबई स्थित देश के सबसे बड़े टाटा मेमोरियल कैंसर हास्पिटल और रिसर्च सेंटर की तरफ से अब इस जानलेवा बीमारी को लेकर एक उम्मीद जगाने वाली खबर सामने आई है। मुंबई के टाटा मेमोरियल सेंटर के एक शोध में यह दावा किया गया है कि उन्हांने कैंसर की एक बेहद किफायती संभावित दवा (टेबलेट) ढूंढ ली है, जो कैंसर सेल्स को फिर से बढ़ने से रोक सकती है और कैंसर ट्रीटमेंट थेरेपी के दुष्प्रभावों को कम करने में सहायक है।

टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल ने अपने नए शोध के जरिए एक टैबलैट विकसित की है। टैबलेट कैंसर ट्रीटमेंट थेरेपी यानि कीमोथेरेपी के दुष्प्रभावों को कम करने में असरदार होगा। यह टैबलेट कीमोथेरेपी जैसे ट्रीटमेंट के बुरे प्रभावों को 50 प्रतिशत तक कम करने में मददगार साबित हो सकती है। टाटा के डाक्टर्स इस टैबलेट पर करीब 12 साल से काम कर रहे हैं। चूहों पर प्रयोग कर इस दवा का सकारात्मक असर दिखा। इस दवा को जून-जुलाई में फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथारिटी ऑफ इण्डिया (एफएसएसएआई) से मंजूरी मिलने की संभावना है। कैंसर ट्रीटमेंट के दुष्परिणामों (कीमोथेरेपी और रेडियोथेरेपी) पर असर का परीक्षण चूहों और इंसानों दोनों पर किया गया। लेकिन इसकी रोकथाम का परीक्षण अभी सिर्फ चूहों पर किया गया है। इसके लिए मानव परीक्षण यानि ह्यूमन ट्रायल पूरा करने में लगभग पांच साल का समय लगेगा।

वैकल्पिक चिकित्सा के क्षेत्र में कई दशकों से काम करने वाली संस्था डीएस रिसर्च सेंटर ने पोषक ऊर्जा से कैंसर की औषधि तैयार करके यही काम किया है। वैज्ञानिक परीक्षणों में भी इस औषधि के नतीजे बेहतर पाए गए हैं। जाधवपुर विश्वविद्यालय के नैदानिक अनुसंधान केन्द्र (सीआरसी) के निदेशक डा.टी.के. चटर्जी के अनुसार- 'डीएस रिसर्च सेंटर की पोषक ऊर्जा से तैयार की गई औषधि सर्वपिष्टी के पशुओं पर किए गए परीक्षण के परिणाम उत्साहजनक पाए गए है। यदि पशुओं के शरीर पर सर्वपिष्टी का प्रयोग किए जाने के बाद सीआरसी ने उत्साहजनक परिणाम प्राप्त किए हैं तो ऐसे ही परिणाम इसे मानव शरीर पर प्रयोग करने से भी प्राप्त किए जा सकते हैं, जो कैंसर उपचार के इतिहास में युगान्तरकारी घटना होगी। सीआरसी विभिन्न रोगों के लिए दवाईयों का नैदानिक परीक्षण करता है। इसी सिलसिले में उन्होंने सर्वपिष्टी का भी नैदानिक परीक्षण किया था।

किसी दवाई की प्रभावकारिता का स्तर सुनिश्चित करने के लिए समान्यतः दो प्रकार का परीक्षण किया जाता है-पहला, औषधीय (फार्माकोलॉजिकल) परीक्षण और दूसरा, विष विद्या संबंधी (टोक्सीकोलॉजिकल) परीक्षण ये परीक्षण आयातित सफेद चूहों पर किए गए। पशु शरीर में कैंसर कोशिकाओं का प्रविष्ट कराया गया और जब ट्यूमर निर्मित हो गया तब हमने दवा देना शुरू किया। पोषक ऊर्जा के परीक्षण की स्थिति में 14 दिनों बाद जो प्रतिक्रियाएं देखी गईं उनमें कोशिकाओं की संख्या स्पष्ट रूप से कम होना शुरू हो गई थी। पशु शरीर में कोई अल्सर पैदा नहीं हुआ। ट्यूमर विकास दर 46 प्रतिशत तक कम हो गई थी ओर दवाई की विषाक्तता लगभग शून्य थी। ऐसे सकारात्मक परिणाम हाल के समय में नहीं देखे गए थे।

औषधियों के परिणाम-परीक्षण की एक सुनिश्चित वैज्ञानिक पद्धति है। औषधियां प्रायः विषों और ड्रगों से बनती है। अतएव पहला परीक्षण किया जाता है कि वे स्वास्थ्य और जीवन को खतरे में तो नहीं डाल देंगी। लेकिन डीएस रिसर्च सेन्टर ने तो मानवीय भोज्य पदार्थों में सम्मिलित पोषक ऊर्जा को प्राप्त करके औषधियां तैयार की थीं इसलिए वे औषधियां मानव स्वास्थ्य के लिए सर्वथा अनुकूल थी। यहां तक कि औषधि के सेवन का माध्यम भी दुग्ध शर्करा को बनाया गया था जो एक मानवीय भोज्य है और स्वास्थ्य पर इसका कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है। डीएस रिसर्च सेंटर के संस्थापक वैज्ञानिक डॉक्टर उमाशंकर तिवारी के अनुसार सर्वपिष्टी कोई औषधीय सूत्र नहीं है बल्कि पोषक ऊर्जा वर्ग की औषधीय का प्रतिनिधित्व करती है जो कल 1621 मानवीय भोज्यों के विस्तार से काट छांट कर विकसित पोषक ऊर्जा है।

सन् 1982 में सेंटर ने कैंसर की औषधि तैयार की। इस औषधि के परीक्षण के लिए प्रारंभ से ही नीति बनी कि केवल ऐसे रोगियों की तलाश की जाए। जिन्हें अस्पताली चिकित्सा के धर्मकांटे ने चिकित्सा के लिए अयोग्य मानकर अंतिम रूप से छोड़ दिया हो। खोजबीन करके इस तरह के रोगियों तक पोषक ऊर्जा की खुराकें पहुंचाई जाने लगी। उन्हें यह भी कह दिया गया कि अपने कष्टों के लिए और स्वास्थ्य के विकास के लिए जो भी औषधियां वे लेते रहे हैं उन्हें लेते रहें। परीक्षण अभियान शुरू हुआ। अन्ततः औषधि की सफलता और उसके प्रभाव परिणाम की सकारात्मकता रोगियों के अपने अनुभवों तक सीमित नहीं रही, वह जांच रिपोर्टों से भी प्रमाणित हुई और पारंपरिक चिकित्सा के वर्तमान सूत्रधारों को अक्सर विस्मित भी करती रही। पर यह औषधि बाजार में उपलब्ध नहीं है।

हमारे भोजन में प्रयोग होने वाले मसालों से तैयार नैनोमेडिसिन ने फेफड़े, स्तन सर्विकल, मुख, बृहदान्त्र व थॉयराइड सेल लाइन के खिलाफ कैंसर रोधी गतिविधि दिखाई है, लेकिन ये सामान्य कोशिकाओं के लिए सुरक्षित है। पशुओं पर यह अध्ययन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है, अब क्लिनिकल ट्रायल की तैयारी चालू है। प्रोफेसर नागराज का नैनो-इमल्शन की स्थिरता महत्वपूर्ण विचार था। हालांकि कैंसर कोशिकाओं के साथ सक्रिय अवयवों व उनके सम्पर्क के तरीकों की पहचान करने के लिए और अधिक अध्ययन प्रयोगशालाओं में जारी रखेंगे। वास्तव में पारंपरिक कैंसर उपचार में थेरेपी की तुलना में नैनो-ऑन्कोलाजी के ढेरों फायदे तो हैं ही, इसके कोई साइड इफेक्ट्स भी नहीं हैं। अपने भोजन में इन मसालों का महत्व हमेशा से है। हमारी रसोई में हल्दी, जीरा, मेथी, इलायची, काली मिर्च, अजवाइन, तेजपत्ता व गरम मसालों की मौजूदगी बताती है। हम पुरातन वक्त से इनके महत्व को समझ रहे हैं। कैंसर जैसा खतरनाक रोग भारतीयों के लिए भीषण संकट खड़ा कर रहा है। कैंसर की दवाओं की सुरक्षा व लागत को लेकर निरंतर प्रयोग जारी हैं। इस तरह से तैयार की जाने वाली दवाएं सुरक्षित साबित हो सकती हैं। साथ ही इन मसालों के शुद्ध रूप को रोजाना के भोजन में शामिल कर हम इन रोगों से खुद को सुरक्षित रखने के प्रयास भी कर सकते हैं।

## प्रसंगवश

# सेमीकंडक्टर क्षेत्र में छलांग

भारत का सेमीकंडक्टर मिशन बड़ी सफलताओं के साथ बहुत ही कम समय में अमरीका, ताइवान और दक्षिण कोरिया की तरह प्रमुख चिप हब बन रहा है। वह दिन अब ज्यादा दूर नहीं, जब देश में सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित हो जाएगा। इतना ही नहीं, देश में जल्द ही विश्वस्तरीय भारत सेमीकंडक्टर रिसर्च सेंटर की स्थापना होने जा रही है। यह सेंटर रिसर्च की दिशा में मील का पत्थर बनेगा। अभी हाल में केन्द्र सरकार ने तीन सेमीकंडक्टर इकाइयां लगाने को मंजूरी दी है। अगले 100 दिन के भीतर तीनों इकाइयों का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। ये इकाइयां 20 हजार उन्नत प्रौद्योगिकी कार्यों में प्रत्यक्ष रोजगार और लगभग 60 हजार अप्रत्यक्ष रोजगारों का सृजन करेंगी।



प्रकाश श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

उत्तर प्रदेश सरकार ने भी राज्य को सेमीकंडक्टर क्षेत्र में अग्रणी रखने के लिए कौशल प्रशिक्षण/अनुसंधान और विकास में कंपनियों को समर्थन देने प्रतिबद्धता पर जोर दिया है। प्रदेश सरकार ने यूपी सेमीकंडक्टर नीति-2024 के तहत राज्य में सेमीकंडक्टर इकाइयां स्थापित करने पर निवेशकों के लिए सब्सिडी और छूट देने की घोषणा की है। यह सभी छूट केंद्र द्वारा दी जाने वाली छूट के अलावा होगी। निवेश प्रोत्साहन और ब्याज सब्सिडी के अलावा भूमि लेनदेन पर स्टांप शुल्क और पंजीकरण शुल्क पूरी तरह से माफ कर दिया जाएगा। सरकार मुख्यमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत पांच वर्षों तक हर वर्ष 500 छात्रों को 20,000 की वार्षिक वित्तीय सहायता भी प्रदान करेगी। इसका फोकस बीटेक और एमटेक ग्रेजुएट्स पर होगा।

भारत में सेमीकंडक्टर उद्योग का परिदृश्य सार्थक रूप से नए आयाम और मायने की ओर बढ़ रहा है। इन आयामों से जहां डिजिटल प्रौद्योगिकियों और उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा, वहीं आईटी क्षेत्र में लाखों नई नौकरियां भी बढ़ेंगी। साधारण शब्दों में, सेमीकंडक्टर को आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स का 'मस्तिष्क' कहा जाता है। कोई शक नहीं कि भविष्य की हमारी दुनिया जिस मजबूत आधार पर टिकी हुई होगी, वह है सेमीकंडक्टर।

देश को सेमीकंडक्टक्टर उत्पादन का वैश्विक हब बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता किसी से छिपी नहीं है। भारत ने रक्षा क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर होने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। सरकार ने यह तथ्य अच्छी तरह समझा है कि युवाओं की क्षमता का इस्तेमाल देश में ही किया जाए। सरकार ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में स्टार्ट-अप और एसएमई (छोटे और मध्यम उद्यमों) का समर्थन करने के लिए एक पैनल भी बनाया है। प्रौद्योगिकी से जुड़े विशेषज्ञ सेमीकंडक्टर को आज के युग का 'न्यू ऑयल' कहते हैं। लगभग हर प्रमुख सेमीकंडक्टर कंपनी की भारत में मौजूदगी है। भारत के युवा दुनिया के कुछ सबसे उन्नत चिप्स डिजाइन करते हैं, प्रोडक्ट की पैकेजिंग और टेस्टिंग भी करते हैं लेकिन उन्हें बनाने के लिए अमेरिका, चीन, दक्षिण कोरिया या ताइवान भेजा जाता है। भारत के विदेशी मुद्रा भंडार के लिए ये एक बड़ा बोझ है जिसे आने वाले समय में निश्चित कम किया जा सकेगा।

भारत में 300 से ज्यादा ऐसे बड़े कॉलेजों की पहचान की गई है, जहां सेमीकंडक्टर पर कोर्स उपलब्ध होंगे। आजीविका संवर्धन के लिए स्किल्स एक्वीजीशन एंड नॉलेज अवेयरनेस फॉर लिविलीहुड प्रमोशन (संकल्प) कार्यक्रम शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य ईएसडीएम/सेमीकंडक्टर उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 10 मिलियन लोगों को प्रशिक्षण प्रदान करना है। सरकार ने हाल में, नेशनल क्वांटम मिशन को मंजूरी दी है। 2023-24 से 2030-31 तक के लिए 6003.65 करोड़ रुपये का बजट घोषित किया गया है।

आंकड़ों की बात की जाए तो 2014 में भारत का इलेक्ट्रानिक्स उत्पाद 30 बिलियन डॉलर से भी कम था। 2014 से पहले भारत में सिर्फ 2 मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स थीं। आज इनकी संख्या बढ़कर 200 से ज्यादा हो चुकी है। अगर ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी की बात करें तो 2014 में भारत में 6 करोड़ यूजर्स थे। आज उनकी संख्या भी लगभग बढ़कर 80 करोड़ यूजर्स से ज्यादा हो चुकी है। मौजूदा दशक में ही भारत का सेमीकंडक्टर बाजार 110 अमेरिकी डॉलर तक जा सकता है जो वैश्वक व्यवसाय का 11 फीसद है। वैश्विक कंसल्टिंग कंपनी मैकेंजी के अनुसार 2030 तक सेमीकंडक्टर उद्योग का राजस्व एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स एंड सेमीकंडक्टर एसोसिएशन के अनुसार सेमीकंडक्टर का भारतीय बाजार 2028 तक 80.3 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है।

# एआई: सावधान मनुष्य यदि विज्ञान है तलवार



डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के ज़रिए ज़बरदस्त बदलाव के दावे किए जा रहे हैं। जैसे कि 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता असिस्टेंट' की मदद से विद्यार्थी बिना शिक्षक संपर्क के भी शैक्षिक संसाधनों का पता करके उनको उपयोग में ला सकते हैं।

विज्ञान जहां दिन-प्रतिदिन हमारे जीवन को सुगम बनाता रहा, वहीं इसके दुष्प्रभाव मानवता के समक्ष संकट भी उत्पन्न करते रहे। यही कारण रहा कि समय-समय पर चिंतकों-विचारकों ने इसके प्रति 'सावधान मनुष्य यदि विज्ञान है तलवार' जैसे तमाम संकेत देकर विज्ञान के संयमित और संतुलित प्रयोग के प्रति सचेत भी किया।

शिक्षा में विज्ञान का क्रमिक प्रवेश होने से शिक्षा गुणवत्ता में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है। चाहे वह शिक्षण विधियों को ज्यादा विद्यार्थी अनुकूल बनाने में सूचना संचार प्रौद्योगिकी का उपयोग हो अथवा विद्यार्थियों को स्व-निर्देशात्मक सामग्री की उपलब्धता। विज्ञान ने गूढ़ व जटिल संरचनाओं को लाइव मोड में विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया तो उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी एक क्लिक में प्रस्तुत किया। वर्तमान समय 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' या 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता' (एआई) का है। इस दिशा में निरंतर हो रहे शोध एवं नवाचारों ने इसे मानव के समक्ष एक ऐसी चुनौतीपूर्ण स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया है कि पुनः इस बात पर ज़ोर-शोर से चर्चा होने लगी है कि इसके उपयोग की सीमाएं क्या हों। कहीं ऐसा तो नहीं कि यह 'कृत्रिम मेधा' वास्तविक मेधा के समक्ष सच में संकट खड़ा कर दे।

यहां हम 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता' क्या है और शिक्षा में इसका क्या भविष्य है, इस बिंदु पर विचार करेंगे। कृत्रिम बुद्धिमत्ता कंप्यूटर द्वारा नियंत्रित विज्ञान का ऐसा सॉफ़्टवेयर, रोबोट अथवा अन्य कोई टूल है जो मनुष्य की तरह सोचने का तरीक़ा प्रस्तुत करता है। यहां विशेष बात यह है कि 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता' मानव द्वारा निर्मित उपकरण अथवा मशीन की मेधा है इसलिए इसकी तुलना प्राकृतिक बुद्धिमत्ता से करना बेमानी है। हां, इतना ज़रूर है कि इसके दुरुपयोग की संभावनाएं भी इसके उपयोग जितना ही प्रबल हैं।

शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के ज़रिए ज़बरदस्त बदलाव के दावे किए जा रहे हैं। जैसे कि 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता असिस्टेंट' की मदद से विद्यार्थी बिना शिक्षक संपर्क के भी शैक्षिक संसाधनों का पता करके उनको उपयोग में ला सकते हैं। इसकी मदद से विद्यार्थियों की रुचियों-रुझानों का पता लगाना आसान होगा तथा उनके अनुरूप आवश्यक संसाधन-संदर्भों की सहज उपलब्धता होगी। इससे संबंधित उपकरणों की मदद से बच्चों का सतत आकलन करते हुए त्वरित फीडबैक, सहयोग व पुनर्बलन सुगम होगा।

निस्संदेह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के आने से शिक्षा में सीखने-सिखाने की नवीन संभावनाओं के द्वार खुलेंगे पर इससे जुड़ा दूसरा पक्ष भी है। वह है इसके अनियोजित व दुराग्रही प्रयोग के दुष्परिणाम। इस क्षेत्र के विशेषज्ञों का मानना है कि किसी भी टूल में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' केवल उतनी ही जानकारी भर है जितनी जानकारी पर इसे सेट किया गया है। इसमें भावनात्मक स्तर पर सोचने-समझने और तदनुरूप प्रतिक्रिया का अभाव होता है। इससे विभिन्न स्तरों पर पक्षपात अथवा पूर्वाग्रह पूर्ण व्यवहार की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। अधिकांशतः 'डेटा आधारित' होने के कारण इसके द्वारा प्रदत्त जानकारियां भ्रामक, त्रुटिपूर्ण या अपूर्ण हों, इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता। अतः यहां से प्राप्त जानकारियों की पर्याप्त एवं वैध पुष्टि आवश्यक होगी। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोगी पहलुओं में यह भी गिना जाता है कि यह विद्यार्थी की शिक्षक पर निर्भरता कम करते हुए उसके वैयक्तिक स्तर पर सीखने के अनुभवों में वृद्धि करेगी। पर यहां विचारणीय यह भी है कि शिक्षण अधिगम के दौरान शिक्षक की भूमिका एक सतत एवं सहयोगी निगरानी कर्ता की भी होती है। नितांत वैयक्तिकता विद्यार्थियों को सहभागिता और सामाजीकरण से दूर कर देगी। सीखना- सिखाना एक अनुकूल परिवेश में सृजित किया जाने वाला अनुभव है जो इस कृत्रिम परिस्थिति में भटकाव का कारण बन सकता है। मशीनों पर अधिक निर्भरता न केवल रोज़गार के अवसरों को कम करेगी बल्कि नैतिक मानदंडों, मान्यताओं, मानवीय मूल्यों, और सामाजिक जीवन के लिए अनिवार्य और अपरिहार्य तत्वों को भी कमज़ोर करेगी इसकी भी संभावनाएं व्यक्त की जा रही हैं शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के सार्थक उपयोग हेतु इसकी संभावित कमियों को ध्यान में रखते हुए बेहद सजग व संतुलित क्रियान्वयन योजना तैयार करनी आवश्यक होगी। इसको शिक्षकों का विकल्प मानने या बनाए जाने के बजाय यह ज्यादा ज़रूरी होगा कि इन दोनों के मध्य सहक्रियात्मक संबंध स्थापित किए जाएं जिनमें मशीन और भावना का समन्वित सम्मिलन हो।

## सोशल फोरम

# सर्वहारा की सामाजिकता

ऐसे ही एक दिन शाम को टहलने निकले। लगा सड़क पर भीड़ बहुत बढ़ गई है। सामने से आती हुई गाड़ियां ऐसे लग रही थीं मानों उड़ती चली आ रहीं हैं। जरा दाएं-बाएं होने में देर की नहीं कि रौंद कर निकल जाएंगी। दुनिया बहुत हड़बड़ी में है।

टहलते हुए कालपी रोड पर आ गए। चार-पांच किलोमीटर की टहलाई काफी दिन बाद हुई थी। नहर के पास सड़क थोड़ा ऊंची है। सड़क किनारे बनी पुलिया के पास खड़ा एक आदम, अपनी साइकिल पकड़े, नहर के बहते पानी को देख रहा था। चुप खड़ा। पास पहुंचकर बातचीत शुरू हुई। बात करते हुए साइकिल सवार साइकिल पकड़े हुए मेरे साथ पैदल चलने लगा। बताया कि काम के सिलसिले में भौंती जाता है। करीब 28 किलोमीटर की दूरी। मतलब करीब 56 किलोमीटर की दूरी रोज साइकिल से रोजी-रोटी के सिलसिले में तय होती है।



अनूप शुक्ल
कानपुर

हमने कहा- 'यह तो बहुत दूर पड़ जाता है।' 'का करें? पेट के कारण सब करना पड़ता है।'- उसने निर्लिप्त भाव से जवाब दिया।

घर, परिवार और बाल-बच्चों के बारे में बात करते हुए वह साथ चलता रहा। जिस सड़क पर हम चल रहे थे वह ऊंचाई पर थी। ढलान से नीचे उतरते हुए वह हमारे साथ पैदल चल रहा था। हमने कहा- 'अब तुम चलो। ढलान भी है। इसी के सहारे दूर तक चले जाओगे। आराम रहेगा।' इस पर वह बोला- 'हां लेकिन साथ चलते हुए थोड़ा बोल-बतिया ले रहे हैं तो रास्ता अच्छा कट गया।' फिर थोड़ी देर और साथ चलने के बाद साइकिल पर सवार होकर चला गया। साथ चलते हुए बोलते-बतियाते हुए रास्ता आसानी से कटने की बात सुनकर लगा कि दुनिया में अकेलेपन से मुक्ति की चाहना कितनी है लोगों में। लोग अकेलापन महसूस करते हैं। उससे मुक्त होना चाहते हैं। लेकिन तमाम कारणों से मौके नहीं मिलते। सोशल मीडिया पर लोगों की भयंकर भागीदारी इस अकेलेपन से मुक्ति की चाहना का ही परिणाम है। अपने को अभिव्यक्त करके सामाजिक हो जाने का एहसास लोगों को इससे जोड़ता है। अलग बात है कि लोगों की सामाजिकता की चाहना को सोशल मीडिया अपनी कमाई के लिए उपयोग करता है।

-फेसबुक वॉल से

# सीता की प्रतिष्ठा में वृद्धि की जाए



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

नगरी के उत्थान पतन के इतिहास में एक अध्याय और जुड़ा है। अब एक बार फिर इसके दिन बहुरे हैं। इसे स्थायित्व देने हेतु कुछ बातें मैं जरूरी समझता हूं।

मनु के द्वारा बसाई गई विश्व प्रसिद्ध अयोध्या नगरी का इतिहास आरोहों अवरोहों से परिपूर्ण रहा है। वह कई बार बसी और उजड़ी। कहीं लिखत पढ़त में तो नहीं, किंतु एक लोक श्रुति के अनुसार इस नगरी को सीता जी का शाप है। परिस्थितियां और कारण कुछ भी रहे हों, पर उन जगज्जननी को यहां वह सम्मान और न्याय तो नहीं ही मिल सका, जिसके वे योग्य थीं। वे त्रिलोकपति श्रीराम से वैसी ही अभिन्न हैं जैसे वाणी और उसका अर्थ तथा जल और उसकी लहर। गोस्वामी तुलसीदास ने सही ही कहा है,"गिरा अरथ जल बीचि सम,कहियत भिन्न न भिन्न। बन्दौं सीता राम पद जिन्हइ परम प्रिय खिन्न"।। गोस्वामी जी ने गुणग्राम भी दोनों के साथ साथ गाए जाने के इशारे किए हैं।" सीतारामगुणग्राम पुण्यारण्य विहारिणौ। वन्दे विशुद्ध विज्ञानौ कवीश्वर कपीश्वरौ"। युद्धोपरांत लंकापुरी से वापस लाए जाने पर,राम ने उनसे कटु वचन भी कहे,जैसा कि वाल्मीकि रामायण में उल्लेख है। पश्चात् उनकी चारित्रिक शुचिता की 'अग्नि परीक्षा'ली गई थी, जिसमें वे पूर्णतया उत्तीर्ण हुईं थी। यही नहीं आदि कवि ने लिखा है कि रावण पहले उन्हें अपने महल में ही ले गया था। लंकापुरी का समस्त वैभव,अपनी पत्नियां और स्वयं को भी उनके अधीन करने का आश्वासन देता हुआ अपनी भार्या बनाने का प्रलोभन देता रहा।

यह सीता जी का ही आत्मबल था कि वे झुकीं नहीं और प्रलोभनों को तिरस्कृत करती हुईं, उसे फटकार लगाई। तब विफल खल नायक ने उन्हें अशोक वाटिका में आवासित करवा दिया। अयोध्या आकर, राजपाट सम्हालने के बाद, श्रीराम ने उनका परित्याग 'लोकापवाद'को शमित करने हेतु किया था,न कि उनके अशुचि होने के कारण। हालांकि अन्याय तो हो ही गया। ऐसे में यदि यह नगरी अभिशप्त हुई,तो बात समझ में आती है। कालिदास के 'रघुवंश'में एक वृत्तांत आया है। राम पुत्र कुश(महाराज कुशध्वज) रात अपने महल में लेटे थे।अर्द्ध रात्रि को जब वे तंद्राग्रस्त थे, तो एक विवर्ण मुख नारी सामने आ कर खड़ी हुई। महाराज चकित रह गए कि चारों ओर से सुरक्षित उनके शयन कक्ष में यह कौन नारी प्रवेश कर सकी। नारी बोली,'राजन्! मैं अयोध्या नगरी हूं। जबसे तुम्हारे पिता जी संपूर्ण नगर निवासियों सहित संतानिक लोक प्रस्थान कर गए, तब से मैं सूनी पड़ी हूं। महाराज कुश तत्काल तैयार हुए और दल बल सहित अयोध्या पहुंचकर उसे फिर से बसाया।

नगरी के उत्थान पतन के इतिहास में एक अध्याय और जुड़ा है। अब एक बार फिर इसके दिन बहुरे हैं। इसे स्थायित्व देने हेतु कुछ बातें मैं जरूरी समझता हूं। सीता जी के सम्मान में वृद्धि की जाय। निर्मित हो रहे मंदिर परिसर में किसी उचित स्थान पर सीताराम युग्म की प्रतिमा स्थापित हो, तथा उन माता के भूमि से उद्भव से लेकर पृथ्वी के गर्भ में समाने तक के चित्र या विग्रह प्रतिष्ठित किये जाएं। अयोध्या में कन्याओं को ग्रेजुएशन तक की निःशुल्क शिक्षा देने वाला महाविद्यालय सरकार खोले। सनातन धर्मावलंबी अब कभी भी अपने इस धाम का अवरोह नहीं देखना चाहेंगे।

# पुलिस हिरासत में भी असुरक्षित

जब विश्व श्रमिक संगठनों के वजूद और हड़ताल के विचार से दुनिया अनजान थी। तब 8 मार्च 1857 को न्यूयार्क में बेकरी की गंदी अंधेरी कोठरियों में बेहद कम मजदूरी पर 12 से 14 घंटे काम करने वाली महिलाओं ने त्रस्त हो कर काम ठप किया और सड़क पर आ गई। 8 मार्च को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने की नींव मैडम क्लारा जेटकिन के प्रयासों से दूसरी अंतराष्ट्रीय महिला कांग्रेस में पड़ी। अभी तक महिला दिवस मार्च के किसी भी दिन मानने की प्रथा थी। किंतु प्रथम विश्व युद्ध के समय 8 मार्च को तमाम कामकाजी महिलाओं ने अपनी फैक्ट्री और उद्योगों से निकल कर एक नारा दिया हमें रोटी चाहिए। युद्ध नहीं हजारों महिला और पुरुष एक रैली के रूप में बाहर निकले। इस आंदोलन से रूसी क्रांति की नींव पड़ी। इसके बाद इसे कामकाजी महिला दिवस के रूप में मनाया और जाना गया।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

देश में महिलाओं के उत्पीड़न की घटनाएं लगातर बढ़ रही हैं। यह बहुत ही दुखद है कि जब हम इस बार का महिला दिवस आयोजित कर रहे है नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट बहुत ही चौकाने वाली आई है। इसके अनुसार पुलिस हिरासत में भी महिलाएं असुरक्षित हैं। 2017 से 2022, के मध्य 5 वर्षों में ऐसी 270 घटनाएं हुई है, जिनमे पुलिस, जेल अधिकारियों आदि ने हिंसा की घटनाओं को अंजाम दिया। पुलिस हिरासत में रेप के मामले यूपी और एमपी में सर्वाधिक हैं। जहां क्रमशः 92, और 42, मामले दर्ज हुए एनसीआरबी के अकड़े बताते हैं कि महिलाओं पर हिंसा ब्लैक मेलिंग, दहेज उत्पीड़न बच्चियों पर रेप की घटनाएं लगातार बढ़ी है। निसंदेह भारतीय श्रमिक वर्ग को इन अपराधों को रोकने को आगे आना होगा, जिसमें महिलाओं की बड़ी भूमिका होगी।



कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार



कार्यक्रम में मौजूद मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

# गंभीर रोगियों को जिले में मिलेगा इलाज

## 16 सुपर स्पेशियलिटी विभाग के अलावा अन्य जरूरी सुविधाओं की होगी शुरुआत, किए जाएंगे जरूरी शोध

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई के अंतर्गत बेहतर चिकित्सकीय सुविधायें मुहैया कराने के लिए करीब 500 करोड की लागत से बन रहे 500 बेड के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बन जाने से चिकित्सा विश्वविद्यालय में नेफ्रो, कार्डियो, न्यूरो, गैस्ट्रो, आंको आदि की सुविधा मरीजों को मिल सकेंगी। विशेषज्ञ चिकित्सक व सर्जन इलाज के लिए मौजूद रहेंगे।

साथ ही आने वाले समय में अधिकांश सुपर स्पेशलिटी विषयों की पढ़ाई एवं शोध भी यहां शुरू हो सकेंगे। सुपर स्पेशलिटी ब्लाक के बन जाने से जिले व आस-पास के जिलों तथा निकटवर्ती प्रदेशों के गंभीर रोगों से पीड़ित मरीजों का इलाज समय से शुरू हो सकेगा। ऐसे मरीजों को बड़े शहरों की ओर इलाज के लिए नहीं दौड़ना पड़ेगा।



सैफई में 500 बेड के सुपर स्पेशियलिटी हास्पिटल का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री योगी एवं उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

500 बेड सुपर स्पेशलिटी ब्लाक में अभी 16 सुपर स्पेशलिटी विभाग के अलावा अन्य जरूरी एलाइड सुविधाओं की शुरूआत होगी। इसके प्रमुख विभागों में न्यूरो सर्जरी, न्यूरोलाजी, कार्डियो वैस्कुलर थोरोसिक सर्जरी (सीवीटीएस), प्लास्टिक सर्जरी, आंकोसर्जरी (कैंसर सर्जरी), पीडियाट्रिक सर्जरी, यूरोलाजी, यूरोसर्जरी, कार्डियोलाजी, रेडियोथैरेपी, रेडियो डायग्नोसिस, रेडिएशन आंकोलाजी, गैस्ट्रो सर्जरी आदि प्रमुख होंगे। इसके अलावा आने वाले समय में सुपर स्पेशलिटी ब्लाक में जरूरी सुपर स्पेशलिटी कोर्से की पढ़ाई तथा शोध भी होगें। जिससे राज्य में सुपर स्पेशलिटी चिकित्सकों की कमी को पूरा किया जा सकेगा।

### ये मिलेंगी सुविधाएं

इस सुपर स्पेशलिटी ब्लाक में अत्याधुनिक ओपीडी, आईपीडी, आपातकालीन चिकित्सा के अलावा गहन चिकित्सा सुविधायें उपलब्ध होगी। सुपर स्पेशलिटी चिकित्सालय प्रदेश तथा देश के सभी हिस्से से आए मरीजों को सरकारी दर पर बेहतर चिकित्सकीय सुविधायें उपलब्ध कराएगी।

## छात्रों ने अस्पताल की खिड़कियां तोड़ीं

**बकेवर।** कस्बा स्थित 50 शैया अस्पताल की खिड़कियों के कांच को आए दिन छात्रों द्वारा पत्थर फेंक कर तोड़ने की शिकायत सीएमएस ने जनता इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य से की है। अस्पताल के पीछे की ओर स्थित कमरों में कई खिड़कियों के कांच लगभग पूरी तरह से टूट चुके हैं। सीएमएस डॉ. वीरेंद्र भारती ने अस्पताल का भ्रमण कर जब स्थिति को देखा तो उन्होंने कॉलेज के प्रधानाचार्य अनिमेष वर्मा से छात्रों की शिकायत की। कहा कि वह ऐसे छात्रों को समझाएं तथा उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई करें।

## थार चालक पर मामला दर्ज

**इटावा।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र में तीन मार्च की रात कार व थार गाड़ी की टक्कर में एक युवक की मौत व तीन लोग घायल हो गए थे। मामले में मध्य प्रदेश में जिला मुरैना के थाना पोरसा क्षेत्र के गांव तरेनी निवासी रामबली सिंह तोमर ने थार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्वप्टि डिजायर कार में उसका 25 साल का बेटा अंकित, गोलू तोमर, अन्नू व एक अन्य बैठे थे। तभी थार जीप के ड्राइवर ने टक्कर मार दी। उसमें बैठे लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। अंकित को अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। उनका आरोप है कि घटना साजिशन प्रतीत हो रही है।

## सार-संक्षेप

### अचानक पेट दर्द होने से युवक की मौत

**जसवंतनगर।** क्षेत्र के मोहल्ला मोहन की मडैया में मंगलवार की रात को एक युवक के पेट में अचानक दर्द उठा। परिवार के लोग उसे अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मौत को संदिग्ध मानते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया है। उक्त मोहल्ला निवासी सोनू (32) पुत्र कैलाश सिंह अपने घर पर था तभी उसके पेट में अचानक दर्द उठा। परिवार के लोग उसे सीएचसी ले गए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई हरिओम ने बताया है कि मंगलवार की रात को उसके भाई के पेट में अचानक दर्द उठा था, जिस पर हम परिजन उसे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाए, लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सीएचसी पहुंचे सिटी इंचार्ज इमरान फरीद ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक युवक मजदूरी करता था। उसकी पत्नी से विवाद होने पर वह कुछ माह पहले मायके गई हुई थी। मौत की घटना के बाद से ही मृतक युवक की बूढ़ी मां व अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।




जागरुकता रैली निकालते केके कालेज के विद्यार्थी। अमृत विचार

### रैली और नाटक से जगाई मतदान की अलख

**इटावा।** ग्राम सराय एसर स्थित केके कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर एनएसस स्वयंसेवकों ने सामूहिक रूप से लक्ष्य गीत गया। कार्यक्रम अधिकारी मुरली कुमार ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से स्वयंसेवकों में सामुदायिक नेतृत्व की क्षमता आती है। साथ हीं उनमें सेवा भावना एवं चरित्र निर्माण का सृजन होता है। स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक और गांव में रैली निकालकर मतदान के लिए लोगों को जागरूक किया। ग्रामवासियों ने स्वयंसेवकों के साथ मतदान की शपथ ली। प्रधान सरवर सिंह, देवांशु, साहिल,पीयूष, शिवम, सौम्या, प्रतीक, अंशुल, डिंपल,ज्योति, अंजली, एकता, वैशाली, सिवांगू, इकरा, शिवानीनिहाल आदि मौजूद रहे।

### स्टेशन परिसर में मिला वृद्ध का शव

**इटावा।** जीआरपी थाना क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे स्टेशन परिसर में एक वृद्ध का शव पड़ा मिला। एंबुलेंस के माध्यम से उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने मौत की पुष्टि कर दी। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। उम्र 75 वर्ष बताई जा रही है।

### घरेलू कलह में दो लोगों ने खाया जहरीला पदार्थ

**इटावा।** जिले के अलग अलग स्थानों पर दो लोगों ने घरेलू कलह से परेशान होकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पहली घटना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कटरा बल सिंह में हुई जहां घरेलू कलह से परेशान प्रहलाद (50) पुत्र श्रीराम ने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगडने पर परिजन ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। दूसरी घटना बलरई थाना क्षेत्र के गांव सरामई में हुई जहां किसी बात से नाराज अभिषेक कुमार (20) पुत्र विनोद ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। जिला अस्पताल में उसका उपचार चल रहा है।

## एक नजर

### नुमाइश पंडाल में आज विवाह बंधन में बंधेंगे 100 जोड़े

**इटावा।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत आयोजन गुरुवार को नुमाइश पंडाल में होगा, यहां 1100 से अधिक जोड़ों की शादी कराई जाएगी। इसकी तैयारिया पूरी कर ली गई हैं। जनप्रतिनिधि और अधिकारी नव दंपतियों को आशीर्वाद देंगे। जिला समाज कल्याण अधिकारी रवीन्द्र कुमार शशी ने बताया कि इस योजना के तहत 100 से अधिक जोड़ों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। विवाह समारोह 7 मार्च को सुबह 11 बजे से नुमाइश पंडाल में होगा।

### शिवरात्रि को लेकर दो दिन के लिए रूट डायवर्जन

**इटावा।** महाशिवरात्रि के त्योहार को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने यातायात को सुगम बनाने के लिए दो दिन के लिए रुट डायवर्जन किया है। फर्रुखाबाद की तरफ से आने वाले भारी वाहन बसरेहर फर्रुखाबाद अंडर ब्रिज की ओर आना चाहते हैं वह वाहन कर्री पुलिया से सैफई हवाई पट्टी से होते हुए आईटीआई चौराहे से हाइवे होकर निकलेंगे। मानिकपुर मोड़ से फर्रुखाबाद की ओर जाने वाले वाहन आईटीआई चौराहा से हवाई पटटी कर्री पुलिया होते हुए जाएंगे। बस स्टैंड से रोडवेज की बसें फर्रुखाबाद की तरफ चौधरी पम्प तिराहा एसएसपी चौराहा आईटीआई हवाईपटटी होकर जाएंगी। लुहन्ना चौराहा की ओर से यमुना ब्रिज की तरफ जाने वाले वाहन लुहन्ना चौराहा से सांई धरम कांटा सराए भूपत होते हुए जाएंगे।

### हिरनों में संघर्ष, सांभर घायल

**इटावा।** इटावा सफारी पार्क की डियर सफारी में हिरनों में हुए आपसी संघर्ष में एक वृद्ध नर सांभर घायल हो गया। उसका इलाज सफारी के डाक्टर कर रहे है। सफारी पार्क के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. विनय कुमार सिंह ने बताया है कि इटावा सफारी पार्क की डियर सफारी में रह रहा एक वृद्ध नर सांभर आपसी संघर्ष के दौरान घायल हो गया है।

## गैंगस्टर के मामले में चार को तीन-तीन साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

● **कोर्ट ने छह-छह हजार रुपये जुर्माना भी लगाया**

**अमृत विचार।** विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर अधिनियम यज्ञेश चंद्र पांडे ने गैंगस्टर एक्ट के 14 साल पुराने मामले की सुनवाई करते हुए चार आरोपियों को दोषी पाया। कोर्ट ने उन्हें तीन-तीन साल की सजा सुनाई। इसके अलावा उन पर छह-छह हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर उन्हें तीन-तीन माह का अतिरिक्त कारावास भोगना पड़ेगा।

जिला शासकीय अधिवक्ता शिव कुमार शुक्ला ने बताया कि बकेवर थाना पुलिस ने क्षेत्र में आतंक के बल पर लोगों से धन उगाही करने पर अखिलेश कुमार राजपूत पुत्र बनवारी, निवासी अटसू औरैया, कालका प्रसाद पुत्र हीरालाल निवासी सहतू, अजीतमल, नीलेश जाटव पुत्र श्री कृष्ण निवासी नसीर पुर बकेवर, विजय नारायण उर्फ विजय पंडित पुत्र शिवनाथ तिवारी निवासी जगमोहन पुर बकेवर के खिलाफ वर्ष 2009 में गैंगस्टर की कार्रवाई की थी। बाद में पुलिस ने उन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने छानवीन के बाद उनके खिलाफ आरोपपत्र कोर्ट में पेश कर दिए थे। अभियोजन की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता कृष्ण सहाय शुक्ला ने पैरवी की। साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने अखिलेश राजपूत, कालका प्रसाद, नीलेश जाटव व विजय नारायण को तीन -तीन साल की सजा व छह छह हजार रुपये जुर्माने से दंडित किया।

## सपाइयों ने उत्पीड़न का लगाया आरोप

संवाददाता, चकरनगर

● **चकरनगर में सपा बूथ व सेक्टर प्रभारियों की बैठक**

**अमृत विचार।** कस्बा में समाजवादी पार्टी के सभी बूथ अध्यक्षों व सेक्टर प्रभारियों की बैठक हुई। इसमें मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य ने कहा कि देश इस समय भृष्टाचार की भेंट चढ़ा है। भाजपा सरकार में चीनी व मिट्टी के तेल देना बंद हो गया है।

जिला महासचिव वीरू भदौरिया ने कहा कि जो लोग पहले सपा के थे और आज भाजपा में चले गए ऐसे लोगों को पार्टी चिन्हित कर रही है। भविष्य में इन लोगों को वापस नहीं लिया जाएगा। पूर्व प्रत्यासी कमलेश कठेरिया ने कहा कि मुलायम सिंह ने जिनको नेता बनाया आज वो भाजपा में शामिल होकर सपा के लोगों का उत्पीड़न कर रहे है। ब्लॉक प्रमुख महेवा जितेंद्र दोहरे ने कहा कि बीहड़ी क्षेत्र चकरनगर में सड़कों से लेकर करोड़ों रुपये के पुलों को बनाने का कार्य सपा ने किया है।



बैठक को संबोधित करते सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य। अमृत विचार

बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष मुन्ना सिंह राजावत, छात्र नेता राजमणि यादव, राजेन्द्र यादव, पुराने समाजवादी रघुवीर सिंह यादव, सेक्टर प्रभारी सतीश यादव, नन्दकिशोर यादव,गब्बर गुर्जर, महेंद्र दोहरे प्रधान, लला गुर्जर, महात्मा यादव, गौरब जैन, अवधेश सिंह, अशोक पंडितजी, रामू राजावत, भूपेंद्र सिंह परिहार, जनबेद सिंह सेंगर, रामनरेश विश्वकर्मा, रबिन्द्र यादव, भरत यादव, युवा नेता सुरजीत यादव व छोटू गौतम मौजूद रहे।

## भंडारा शुरू

**इटावा।** अमरनाथ बर्फानी सेवा मंडल की ओर से कांवड़ियों के लिए भंडारे का आयोजन बुधवार को भगवान भोले नाथ का रुद्राभिषेक कर शुरू किया गया। पंडित पुली महाराज ने पूजा-अर्चना की। अध्यक्ष ओमरतन कश्यप ने कहा कि कांवड़ियों के लिए विश्राम करने करने के साथ ही फलाहारी भंडारे व दवाइयों की समुचित व्यवस्था की गई है। उपाध्यक्ष जय सिंह चौहान आनंद अग्निहोत्री, महामंत्री देवेंद्र शर्मा रविपाल, पंछी कश्यप सुदीप जैन,के. के. कश्यप, संतोष पाल रोहित गुप्ता श्याम सिंह, राघव यादव राजीव पाल शामिल रहे।

Form No.5
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL
(9/2-A Panna Lal Road Allahabad-211002, U.P.)
(Areas of Jurisdiction, Part of Uttar Pradesh)
SUMMONS FOR FILING REPLY & APPEARANCE BY PUBLICATION

No. Dated:- 22.02.2024

(Summons to defendant under Section 19(4) of the Recovery of debts due to Banks and Financial Institution Act 1993 read with rules 12 and 13 of the Debts Recovery Tribunal (Procedure Rules 1993)

Original Application No. 812 of 2023
UCO BANK
....Applicant
VERSUS
M/s Ajhar Fruit Company & Others
....Defendant

To,
1. **M/s Ajhar Fruit Company,** through its proprietor Shri Mohd. Idrish. Address- Naveen Mandi, Farrukhabad Road, Distt- Etawah - 206001.
2. Shri Mohd. Idrish @ Shri Mohd. Idrish Raien S/O Md. Baks ILahi Address- Naveen Mandi, Farrukhabad Road, Distt- Etawah - 206001. Also at:- House No. 135, Katra, Sewakali, City & Distt- Etawah -206001.
3. Mrs. Salma Begum W/O Shri Mohd. Idrish, R/o: Azad Nagar Teela, Distt- Etawah -206001.
Also at:- Naveen Mandi, Farrukhabad Road, Distt- Etawah - 206001.
Also at:- House No. 135, Katra, Sewakali, City & Distt- Etawah - 206001.
....Defendant

In the above noted application, you are required to file reply/ evidence in Paper Book form in four sets along with documents and affidavits (if any) personally or through your duly authorized agent or legal practitioner in this Tribunal, after serving copy of the same on the applicant or his counsel/duly authorized agent after publication of the summons and thereafter to appear before the Tribunal on **06.06.2024** at 10.30 A.M. failing which the application shall be heard and decided in your absence.

REGISTRAR
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL
ALLAHABAD

## मकान के ताले तोड़ 22 लाख की चोरी

संवाददाता बकेवर, इटावा

● **परिवार के लोग शादी में गए थे ग्वालियर, तभी हुई वारदात**

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के नगर लखना में नवादा मार्ग पर एक सूने मकान को चोरों ने निशाना बनाया। घर के ताले तोड़कर मकान में प्रवेश किया और कमरों में रखी अलमारी व बक्सों से नगदी जेवर के अलावा अन्य सामान चुरा ले गए। पड़ोसियों को भी वारदात की भनक नहीं लग सकी। वापस लौटने पर परिवार को चोरी की जानकारी हुई। मामले में पुलिस को तहरीर दी गई है।

लवेदी थाना क्षेत्र के गांव नवादा खुर्द निवासी अनिल सिंह चौहान ने पांच साल पहले घर बनवाया था और उसी में परिवार के साथ रह रहे हैं। वह एक कंपनी में नौकरी करते हैं। सोमवार को ग्वालियर पुलिस में हवलदार अपने भाई सुशील की बेटी की शादी में परिवार सहित शामिल होने गए थे। चोरों ने घर सूना पाकर मुख्य दरवाजे के ताले तोडकर मकान में प्रवेश किया और कमरों में रखी अलमारी व बक्सों के ताले तोड़कर जेवर नगदी चुरा ले गए।

गृहस्वामी अनिल परिवार सहित मंगलवार की शाम को वापस घर आए तो मुख्य दरवाजा सहित अंदर के कमरों के ताले टूटे मिले। अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा पडा था तथा उसमें रखे जेवर, नगदी के अलावा सामान गायब था। सूचना पुलिस को दी गई जिस पर पुलिस ने जांच शुरू की।

पीड़ित ने बताया कि चोर दो लाख की नगदी के साथ अलमारी में रखे तीन सोने के हार, आठ सोने की चूड़ियां, दो मंगलसूत्र, दो बेसर, बृजबाला अंगूठी सहित बीस लाख रुपए की कीमत के सोने चांदी के आभूषण चुरा ले गए। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि चोरी की घटना का जल्द खुलासा किया जाएगा।

## दौड़ में असित व शिल्पी ने बाजी मारी

**बकेवर।** नेहरू युवा केंद्र की ओर से महेवा में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन जनता कॉलेज बकेवर के खेल मैदान किया गया। प्रतियोगिता में असित, शिल्पी ने पहला स्थान प्राप्त किया। कबड्डी में जनता कालेज बकेवर, वालीबॉल में लखना व फुटबाल में बकेवर ए टीम विजेता रही।

प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य जनता कॉलेज बकेवर डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी व थानाध्यक्ष बकेवर आर के शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। ओपन खेलकूद प्रतियोगिताओ की श्रृंखला में युवा वर्ग की 100 मीटर रेस में असित यादव प्रथम, आशीष भदौरिया द्वितीय, दीपक यादव तृतीय स्थान पर रहे। 400 मीटर युवती वर्ग की रेस में शिल्पी प्रथम, कीर्ति द्वितीय, मुस्कान तृतीय स्थान पर रही। युवती वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में जनता कॉलेज बकेवर टीम ए और जनता कॉलेज बकेवर टीम बी के मध्य मुकाबला हुआ जिसमें जनता कॉलेज बकेवर टीम ए सात अंक लेकर विजेता बनी। कबड्डी प्रतियोगिता में जनता कॉलेज बकेवर टीम बी लगभग 50 अंक के साथ विजयी हुई। वालीबॉल प्रतियोगिता में लखना की टीम विजेता बनी। फुटबॉल प्रतियोगिता में बकेवर फुटबॉल टीम ए ने बाजी मारी।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम सुहैल अहमद था। अब मेरा नाम बदल कर सुहैल अहमद खान हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।– **सुहैल अहमद खान हुजूर आलम खान, पता – फ्लैट नंबर 1, तीसरी मंजिल, अवध पैलेस, 55 माथुर कंपाउंड, जगत नारायण रोड, लखनऊ**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं अपने पुत्र मोहम्मद जावेद व उसकी पत्नी नाजरीन के चाल– चलन ठीक न होने और गलत– व्यवहार के चलते चल–अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबंध विच्छेद करता हूं। मेरे पुत्र व उसकी पत्नी की ओर से किये गये। किसी भी अच्छे–बुरे कार्य से मेरा व मेरे परिवार का किसी तरह से वास्ता नहीं है। वह लोग स्वयं ही जिम्मेदार होंगे। –**मोहम्मद इलियास पुत्र मुख्त्यार, निवासी कुसुमखोर, थाना कोतवाली व जिला कन्नौज।**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **अंशुमान पाण्डेय पुत्र श्री वेंकटेश्वर प्रसाद पाण्डेय मूल निवासी ग्रा0– सोनापार (देवरहना) पो0– रेहरा बाजार, तह0 – उतरौला जनपद– बलरामपुर,** मेरा हाईस्कूल मूल अंक पत्र सह प्रमाणपत्र जिसका अनुक्रमांक 2381738 वर्ष – 2018, तथा इण्टरमीडिएट मूल अंकपत्र सह प्रमाण पत्र अनुक्रमांक – 2230530 वर्ष 2020 वास्तव में खो गया है।

**सूचना**
सूच्य हों कि मुझे पहले मोहम्मद आसिम के नाम से जाना जाता था । परन्तु अभिलेखानुसार मेरा सही नाम आसिम खान है । भविष्य में मुझे आसिम खान के नाम से जाना व पहचाना जाए। **– आसिम खान पुत्र मोहम्मद फारूक खान, निवासी– नि –ग्राम व पोस्ट असहन जगतपुर थाना शिवगढ़ –रायबरेली**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस (डी0एल0) में मेरे पिता का नाम त्रुटिवश सरफराज आलम अंकित है जो कि गलत लिख गया है, सही नाम मोहम्मद सरफराज आलम (MOHAMMAD SARFARAZ ALAM) पढ़ा व माना जाये। दोनो नाम एक ही व्यक्ति के हैं। निवासी- शमवील आलम पुत्र स्व0 मोहम्मद सरफराज आलम म0 नं0 19/113, इन्दिरानगर, लखनऊ, उ0प्र0, पिन-226016

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **फरमान अली पुत्र नौशाद अली, निवासी– मो0 आजाद नगर, कस्बा सौरिख, तहसील– छिबरामऊ, जनपद– कन्नौज,** मेरा हाईस्कूल जिसका अनुक्रमांक 1656865 वर्ष 2016 व इण्टरमीडिएट अनुक्रमांक 1277896 वर्ष 2018 की मार्कशीट वास्तव में खो गयी है।

आक्रोश | यूथ कांग्रेस ने इलेक्टोरल बांड की तारीख बढ़ाने की मांग का किया विरोध

## एसबीआई शाखा पर किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** सुप्रीम कोर्ट से इलेक्टोरल बांड की डीटेल चुनाव आयोग को देने की तारीख बढ़ाए जाने की मांग का यूथ कांग्रेस ने विरोध किया है। इसी को लेकर बुधवार को स्टेट बैंक, शास्त्री चौराहा पर प्रदर्शन किया गया।

यूथ कांग्रेस के पदाधिकारियों ने कहा कि इलेक्टोरल बांड की तारीख 6 मार्च से 30 जून करने की मांग की गई है। इसी के विरोध में यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष शोजब रिजवी के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने शास्त्री चौराहा स्थित स्टेट बैंक की मुख्य शाखा पर विरोध प्रदर्शन किया।

रिजवी ने कहा देश में स्टेट बैंक के 48 करोड़ से ज़्यादा खाते हैं, 22 हजार से ज्यादा ब्रांच हैं, फिर भी मात्र 22,217 बांड के लिए 30 जून तक का समय अतिरिक्त समय क्यों मांगा गया है। इससे लगता है कि दाल में कुछ काला है। इसीलिए यूथ कांग्रेस की सुप्रीम कोर्ट से अपील है कि चुनाव से पहले ये बात सार्वजनिक की जाए कि किस राजनैतिक पार्टी को किन किन व्यक्तियों ने बांड दिए। प्रदर्शन में पूर्व प्रदेश सचिव सचिन शंखवार, विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष नरेंद्र यादव, अनसार अहमद, रामजी गुप्ता, बाबू अली, अश्वनी यादव, मोहसिन अली रहे।




प्रदर्शन करते यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता। अमृत विचार

## विवाहिता की मौत पर पति समेत पांच पर केस दर्ज

कार्यालय संवाददाता, इटावा

● **लुकटपुरा में महिला के फंदे पर लटकने का मामला**

**अमृत विचार।** चौबिया थाना क्षेत्र के गांव लुकटपुरा में मंगलवार देर शाम एक महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। मामले में पति सहित पांच लोगों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

मंगलवार देर शाम गांव लुकटपुरा निवासी टिंकू कुमार की 25 वर्षीय पत्नी गीता देवी का शव घर के कमरे में फंदे पर लटका मिला था। परिवार के लोग फरार हो गए थे। मृतका के पिता अरविंद कुमार निवासी जरैला, थाना अछल्दा पहुंचे और घटना की जानकारी चौबिया थाना पुलिस को दी। इसके बाद चौबिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतका के पिता का आरोप है कि गीता देवी के ससुराल वाले दहेज के लिए उसका उत्पीड़न करते थे। मांग पूरी न होने पर ससुरालीजनों ने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी और शव को फंदे पर लटका दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति, सास, ससुर, देवर व ननद के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### शव की शिनाख्त नहीं

**इकदिल।** दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर ट्रेन की चपेट में आने से मंगलवार सुबह 10 बजे एक बुजुर्ग की थाना क्षेत्र में निचली गंग नहर लोहिया पुल के पास मौत हो गई थी। थाना प्रभारी अमित मिश्रा ने बताया कि व्यक्ति के शव की दूसरे दिन भी शिनाख्त नहीं हो सकी।

## शिक्षक को किया गया निलंबित

**इटावा।** बीएसए ने प्राथमिक विद्यालय नगला खादर विकासखंड बढ़पुरा के इंचार्ज प्रधानाध्यापक विपिन कुमार मिश्रा को निलंबित किया है। निलंबन आदेश में कहा गया है कि प्राथमिक विद्यालय मढैया सिलायता में कार्यरत प्रधानाध्यापक रामवीर सिंह को अभद्र आचरण करने के आरोप में निलंबित किया गया था। उसके बाद में रामवीर सिंह को अग्रिम जमानत मिलने के बाद एक वेतन वृद्धि अवरुद्ध करते हुए उन्हें प्राथमिक विद्यालय नगला खादर विकासखंड बढ़पूरा में पदस्थापित किया गया था और कार्यवाहक ग्रहण करने के रामवीर सिंह के प्रार्थना पत्र पर बीईओ बढ़पुरा ने 27 फरवरी को आदेश किया था लेकिन प्रधानाध्यापक ने कार्यभार ग्रहण नहीं कराया।

## एक नजर

### तीन दिवसीय पावर एंजिल प्रशिक्षण का समापन

**अछल्दा,औरैया।** बीआरसी परिसर में चल रहे मीना मंच के तीन दिवसीय पावर एंजिल के प्रशिक्षण का समापन बुधवार को हो गया। सन्दर्भदाता मनीष मिश्रा ने मंच के गठन का इतिहास, औचित्य, उद्देश्य व प्रक्रिया के बारे में छात्राओं को विस्तार से बताया। उन्होंने पावर एंजिल के कर्तव्य व दायित्व पर भी प्रकाश डाला। प्रशिक्षण में ब्लाक के विभिन्न जूनियर विद्यालयों से आई पावर एंजिल्स ने बड़े ही उत्साह से भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए। खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश श्रीवास्तव ने पावर एंजिल्स का शाब्दिक अर्थ बताते हुए उसमें नेतृत्व के गुणों के विकास पर जोर दिया। उन्होंने संविधान प्रदत्त मूल अधिकारों पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं और बच्चियों के समता व स्वतंत्रता के अधिकारों सहित शोषण के विरुद्ध अधिकार और धार्मिक व सांस्कृतिक आजादी की महत्ता पर बल दिया। निशुल्क व अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के तहत प्राप्त बाल अधिकारों और निश्शुल्क शिक्षा के बारे में भी बताया।

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह 10 मार्च को

**औरैया।** डीएम नेहा प्रकाश के निर्देशन में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 10 मार्च को कलेक्ट्रेट स्थित तिरंगा मैदान में लगभग 300 जोड़ों के सामूहिक विवाह का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी निर्धारित की गई हैं। मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह द्वारा कार्यक्रम को सफलतापूर्वक भव्यता के साथ संपन्न कराने के लिए विभिन्न विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वह अपनी जिम्मेदारी के निर्वहन के लिए अपने सहयोगियों की ड्यूटी निर्धारित कर दें, जिससे कार्यक्रम में किसी प्रकार की कोई अव्यवस्था न होने पाये।

### शपथ ग्रहण 9 मार्च को

**औरैया।** जिला बार एसोसिएशन औरैया की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 9 मार्च को जनपद न्यायालय परिसर में होगा। अधिवक्ता शिवम शर्मा ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश गिरीश कुमार वैश्य मौजूद रहेंगे, वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता एवं एल्डर कमेटी के अध्यक्ष हृदय नारायण पांडे करेंगे। निर्वाचित कार्यकारिणी के अध्यक्ष संजीव कुमार चतुर्वेदी व महामंत्री शैलेश चतुर्वेदी सहित 23 पदाधिकारी शपथ ग्रहण करेंगे। समारोह में सभी न्यायिक अधिकारियों को भी कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया। यहां भंडारे की भी व्यवस्था की गई है।

### बैटरी के फर्मा चोरी

**अछल्दा,औरैया.** घसारा रेलवे स्टेशन पर अप व डॉउन रेल लाइन की दोनों ओर बाउंड्री वॉल के चल रहे निर्माण में लगे हाइड्रा की बैटरी व लोहे के पांच फर्मा बीती रात चोरी हो गये हैं। घटना की जानकारी पर आरपीएफ मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। दिल्ली हावड़ा रेल लाइन के घसारा रेलवे स्टेशन पर अप व डाउन लाइन के दोनों और चल रहे बाउंड्री वॉल के निर्माण में लगे हाइड्रा की बैटरी व पांच लोहे के फर्मा बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिए हैं। घटना की शिकायत हिमांशु पुत्र बालकराम निवासी दिबियापुर ने आरपीएफ थाना फफूंद के उपनिरीक्षक मुकेश कुमार को फोन पर भी जिस पर उप निरीक्षक द्वारा मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

### युवजन सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा में हुए शामिल

औरैया। युवजन सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष पूर्व जिला पंचायत प्रत्यासी सुधीर यादव (कल्लू) ने बुधवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की, औरैया जिले में कल्लू यादव समाजवादी पार्टी के दिग्गज नेताओं में गिने जाते थे, योगी आदित्यनाथ व प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों में अपनी आस्था व्यक्ति की है।

# पंचायत भवनों में बनेंगे डिजिटल पुस्तकालय

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** बीहड़ क्षेत्र के ग्रामीणों व प्रतियोगी समेत अन्य परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए शासन से एक और सुविधा मिलने जा रही है। सरकार उनके लिए पंचायत स्तर पर डिजिटल पुस्तकालय बनाने जा रही है। इसके लिए ग्राम पंचायतों में स्थित पंचायत भवन पर ही डिजिटल पुस्तकालय बनाने का फैसला किया गया है। अब इन पुस्तकालय के लिए संसाधन जिला प्रशासन जुटा रहा है।

गांवों में रहकर ही युवा प्रतियोगी व अन्य परीक्षाओं की तैयारी कर सकें और इसके लिए उन्हें बेहतर सामग्री मिल सके। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार ने ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल पुस्तकालय बनाए जाने की योजना तैयार की है। इसके खुलने से गांव के युवकों को परीक्षाओं की तैयारी करने में आसानी होगी। उन्हें शहर के चक्कर नहीं लगाने होंगे। जिले में पंचायत स्तर पर पंचायत भवन में ही 286 पुस्तकालय बनाने जा रही है। जिसको लेकर जगह को चिन्हित कर लिया गया है। अब प्रशासन की तरफ से आगे की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। जिसमें कंप्यूटर लगाए जाएंगे, उसमें अलग-अलग तरह के एप होंगे, साथ ही एलईडी आदि लगाई जाएंगी।



- ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने में मिलेगी मदद

### आधुनिक सुविधाओं से युक्त होंगी लाइब्रेरी

- डिजिटल पुस्तकालय में प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित सभी तरह की पठनीय सामग्री होगी। इसमें वाई-फाई समेत कई अन्य सुविधाएं व भी होंगी। इसके अलावा कई प्रकार की डाक्यूमेंट्री, साहित्यिक किताबें भी प रहेंगी। जिनको विद्यार्थी आनलाइन क पढ़ सकेंगे। हालांकि अभी शासन स्तर त डिजिटल पुस्तकालय की रूपरेखा मी बनाई जा रही है।

### बोले अधिकारी

- डिजिटल पुस्तकालय को लेकर तैयारियां चल रही हैं, पंचायत भवन में बनाया जाएगा। जल्द ही यह सुविधा शुरू होंगी।

-अनिल कुमार सिंह, सीडीओ

# मत्स्य बाहुल्य गांवों में लगेंगी सोलर लाइटें

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश मत्स्य पालक कल्याण कोष योजना की डीएम नेहा प्रकाश ने बैठक ली। बैठक में जिला स्तरीय समिति में मत्स्य विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई। मत्स्य पालक कल्याण कोष योजना के अंतर्गत एकल मछुआ आवास एवं मत्स्य बाहुल्य ग्रामों में 10 सोलर स्ट्रीट लाइट व 2-2 हाई मास्ट लाइट, 8 गांवों में लगाने की स्वीकृति प्रदान की। डीएम ने कहा कि मत्स्य विभाग की संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत पात्रों का नियमानुसार चयन करते हुए लाभान्वित कराएं, जिससे सरकार की मंशा एवं योजनाओं की उद्देश्य पूर्ति सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि योजनाओं के संचालन में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए और यदि कहीं भी किसी के द्वारा नियम विरुद्ध कार्य किए जाने की जानकारी प्राप्त होती है तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह, मुख्य कोषाधिकारी प्रदीप कुमार, सहायक निदेशक, मत्स्य /मुख्य कार्यकारी अधिकारी गायत्री पांडे तथा मत्स्य निरीक्षक हिमांशु सहित अन्य मौजूद रहे।



बैठक में चर्चा करतीं जिलाधिकारी नेहा प्रकाश। अमृत विचार

# भाजपा सरकार में महिलाओं को पूरा सम्मान मिला

## नारी शक्ति वंदन अभियान: मोदी सरकार में महिलाएं स्वावलंबी बनीं: गीता

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** केन्द्र सरकार के नारी शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम के समापन के अवसर पर जिले की तीनों विधानसभा के ब्लाक सभागार में प्रधानमंत्री का वर्चुअल संबोधन लाइव देखा गया। इस अवसर पर विभिन्न ब्लाकों में भाजपा के जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, योजना की लाभान्वित नारी शक्ति भी मौजूद रहीं।

कार्यक्रम के समापन पर औरैया ब्लाक में आयोजित कार्यकम में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद गीता शाक्य ने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाओं को पूरा सम्मान मिल रहा है। सरकार की योजनाओं से महिलाएं स्वावलंबी बनीं हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ने कहा कि नारी सशक्तिकरण के लिए जो काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया है, वह पिछले 70 सालों में भी नहीं हुआ था। कार्यकम को ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि एवं भाजयुमो प्रदेश मंत्री सौरभ भूषण शर्मा,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजू सिंह चौहान, बीडीओ बब्बन मौर्य,अभियान के जिला संयोजक अनिल तोमर,औरैया मंडल अध्यक्ष राम जी बाजपेई, मुरादगंज मंडल प्रभारी आशाराम राजपूत, मुरादगंज मंडल अध्यक्ष अरविंद सेंगर,सोनू सोनी आदि ने संबोधित किया। संचालन विद्या सिंह सेंगर ने किया। इस अवसर पर औरैया सदर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सौरभ भूषण शर्मा ने मुख्य अतिथियों का मालार्पण एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।वही अछल्दा ब्लाक सभागार में पूर्व राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत ने मंडल प्रभारी प्रेम कुमार गुप्ता,मंडल अध्यक्ष अछल्दा राज्यवर्धन सिंह की उपस्थिति में व अजीतमल ब्लाक में लोकसभा प्रभारी नीरज चतुर्वेदी,लोकसभा संयोजक एवम अजीतमल ब्लाक प्रमुख रजनीश पांडेय ने , एरवाकटरा ब्लाक में जिला प्रभारी आनंद सिंह ने संबोधित कर प्रधानमंत्री की लाइव देखी। सभी ब्लाक सभागार में प्रधानमंत्री के संबोधन के लाइव प्रसारण के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। पीएम मोदी के संबोधन के बाद योजना के लाभार्थियों को सम्मानित भी किया गया।



राज्यसभा सदस्य गीता शाक्य को समानित करते जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता व सौरभ भूषण शर्मा। अमृत विचार

### राज्यसभा सदस्य ने सदर ब्लाक के मीटिंग हॉल का किया लोकार्पण

**औरैया।** औरैया विकासखंड परिसर में मीटिंग हॉल का सौन्दरीकरण का लोकार्पण बुधवार को राज्यसभा सांसद गीता शाक्य ने भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता,भाजयुमो प्रदेश मंत्री एवं सदर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सौरभ भूषण शर्मा,बीडीओ बब्बन मौर्या ,मंडल प्रभारी आशाराम राजपूत की उपस्थित में पूजन व फीता काटकर लोकार्पण किया। राज्यसभा सांसद गीता शाक्य ने कहा कि क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे है। केंद्र में मोदी व राज्य सरकार में योगी की सरकार जनता के साथ जो वादा किया था, उसे पूरा किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी जो कहती है वह पूरा करती है। भाजपा की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। भारतीय जनता पार्टी हर वर्ग के साथ खड़ी हुई है। वही राज्यसभा सांसद नगर के प्रमुख व्यापारी रमन पोरवाल व रजत दीक्षित के आवास पर पहुंचकर कार्यकर्ताओ से मुलाकात कर हाल चाल पूछे और पार्टी के विभिन्न अभितानो पर चर्चा की। सभी से होने वाले लोकसभा चुनाव में मेहनत कर तीसरी बार मोदी जी को प्रधानमंत्री बनवाने का संकल्प दिलाया।

## देश को विकसित, आत्मनिर्भर बनाने में मातृशक्ति का बड़ा हाथ

संवाददाता फफूँद औरैया

- भाग्यनगर ब्लाक सभागार में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम
- कहा-पीएम मोदी ने महिलाओं का सम्मान बढ़ाया

**अमृत विचार।** भाग्यनगर ब्लॉक सभागार में नारी शक्ति वंदन के महिला सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव प्रसारण सुना गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे एवं इस कार्यक्रम की अध्यक्षता गोविंद मिश्रा ने की तथा जिला पंचायत अध्यक्ष कमल सिंह दोहरे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है। निशुल्क एलपीजी कनेक्शन और सिलेंडर के साथ ही आवास योजना में बेटियों को संयुक्त भागीदारी का हक दिया। मातृत्व बंधन योजना के तहत गर्भ में बच्चों को पौष्टिक आहार देने की योजना, बेटियां स्कूल न छोड़ें, शौचालय बनाने का अभियान चलाकर बेटियों को सशक्त किया। नारी शक्ति को देश की मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से ही नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पारित कराकर घर की चहारदीवारी में कैद माता और बेटियों को देश को विकसित बनाने के लिए प्रथम पंक्ति पर लाने प्रयास किया गया इस मौके पर मंडल अध्यक्ष गोविंद मिश्रा, जिला मंत्री भाजपा इंद्रपाल सिंह पाल, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष मिथिलेश राजपूत ,युवा मोर्चा जिला महामंत्री अंकुर तिवारी, कंचन अग्निहोत्री, दिव्या भारती मंडल उपाध्यक्ष, कंचन श्रीवास्तव,विष्णु दत्त शुक्ला मंडल उपाध्यक्ष, विधानसभा संयोजक आईटी सेल प्रदीप पांडे ,ए डी ओ पंचायत संतोष तिवारी, आदि लोग उपस्थित रहे।

## क्राफ्ट प्रतियोगिता में झलका उत्साह

**अजीतमल औरैया।** कस्बा बाबरपुर के नवीन नगर स्थित एक्सिस पब्लिक स्कूल में बुधवार को आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें बच्चों ने पानी की खाली बोतल व कलरफूल पेपर एवं माचिस की तीलियों आदि के द्वारा सूरज, दिल, गुलदस्ता व तितली आदि को बनाकर अपनी प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया।तितली प्रतियोगता में प्रथम स्थान पर कक्षा पी.जी. के आयुष, दूसरे स्थान पर अविका,कक्षा एल. के. जी. के छात्र नायरा मायरा ने तीसरे स्थान पर रहे।कक्षा दो के विद्यार्थी वैष्णवी, यश कुमार , पीयूष ने भी अच्छा योगदान कर स्थान प्राप्त किया। सूरज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कक्षा तीन के प्रतीक और शौर्य ,आर्यन दूसरे स्थान पर कक्षा 2 की छात्र इल्तिज़ा तीसरे स्थान पर कक्षा 4 की तृषा ने भी अच्छा योगदान कर स्थान प्राप्त किया तथा बोतल का गुलदस्ता प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कक्षा यूकेजी कार्तिक, अहद फरहान दुसरे स्थान पर कक्षा एल के जी अलीना, तीसरे स्थान पर कक्षा 4 पल्लवी, पियूष अभय आदि ने भी स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एनके मिश्रा सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



दुर्घटना में छतिग्रस्त कार व मौके पर जांच करती पुलिस। अमृत विचार

## अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकराई, छह लोग घायल

संवाददाता अजीतमल,औरैया

- मित्र की शादी समारोह में सम्मिलित होने जा रहे थे

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कस्बा अजीतमल एनएच 19 गढ़िया ओवर ब्रिज के बीचों बीच तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा गई। कार में सवार छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया।

किशन कुमार ने बताया कि मित्र अमन सिंह पुत्र रजनीश सिंह की शादी समारोह कानपुर में सम्मिलित होने का रहे कुचेला गांव मैनपुरी निवासी सक्षम चौरसिया पुत्र विनोद निवासी लाल बंगला कानपुर ,आयुष सोनकर पुत्र अजय निवासी लाल बंगला कानपुर, अनिकेत पुत्र गोरेलाल निवासी लाल बंगला कानपुर, हर्षित पुत्र श्याम कुमार उम्र लाल बंगला कानपुर, अंशुल सिंह पुत्र संजू सिंह निवासी कुचेला जनपद मैनपुरी ,आर्यन पुत्र संजू सिंह निवासी कुचेला जनपद मैनपुरी की तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई जिससे कार सवार छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

# स्कूल से गायब छात्र ट्रेन में मिला

संवाददाता कंचौसी,औरैया

**अमृत विचार।** कंचौसी कस्बा के एक स्कूल से कल दोपहर को गायब हुए छात्र को दिवियापुर थाना पुलिस और जीआरपी शिकोहाबाद ने तत्परता से सर्च अभियान चला कर सकुशल परिजनों को सौंप दिया। बालक के सकुशल मिलने पर जीआरपी और जिला पुलिस की चारों ओर प्रशंसा हो रही हैं।

मालूम हो कि दिवियापुर थाने के कंचौसी कस्बा के डॉल्स डिलाइट्स स्कूल से दोपहर घसा पुरवा गांव के भानु प्रताप का 11 वर्षीय पुत्र टॉयलेट गया और वहीं से गायब हो गया था। काफी देर कक्षा में वापस न आने पर स्कूल प्रबंधक ने परिजनों को सूचना दी।जिस पर परिजन और प्रबंधक ने कंचौसी पुलिस चौकी और थाना पुलिस को तहरीर देकर बच्चे की खोजबीन का आग्रह किया। थाना पुलिस ने तत्काल स्कूल पहुंच कर विद्यालय स्टाफ और पूरे कस्बे में सघन जांच पड़ताल की और कस्बे में लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज खगाले फिर भी छात्र का कोई पता नही चला। इसकी सूचना जिले के पुलिस कंट्रोल रूम,मीडिया सेल,और रेलवे सुरक्षा बल जीआरपी और आरपीएफ को देकर अलॉर्ट कर जांच पड़ताल के निर्देश दिए गए। जिस पर पुलिस और जीआरपी ने फफूंद इटावा,सिकोहाबाद,आदि रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों की सघन तलाशी ली।

जिसमें शिकोहाबाद जीआरपी को जल्द ही सफलता मिल गई। जीआरपी को कानपुर टुडला पेशिजार ट्रेन में अकेला सोते हुए धैर्यांश मिल गया। इसकी सूचना जीआरपी इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह ने दिवियापुर पुलिस को दी। दिवियापुर पुलिस ने परिजनों को बताया और रात को ही पुलिस और परिजन बच्चे को लेने शिकोहाबाद पहुंचे। उससे पूर्व जानकारी होने पर फिरोजाबाद जिले में दिव्यांग विभाग में तैनात कंचौसी हीरानगर गांव के राजीव यादव और उनकी पत्नी बैंक कर्मी रीनू यादव ने रेलवे थाने पहुंच कर बच्चे से मुलाकात की। तब तक देर रात गांव से परिजन और दिवियापुर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची।



धैर्यांश को परिजनों को सौंपती जीआरपी। अमृत विचार

- जीआरपी और जिला पुलिस की हो रही सराहना
- पुलिस और जीआरपी ने ट्रेनों में चलाया था अभियान

## सार-संक्षेप

### तृतीय बूढ़ादाना महोत्सव कल से

**ककोर।** जिला मुख्यालय के निकट आदर्श ग्राम पंचायत बूढ़ादाना में भव्य रामलीला कार्यक्रम का आयोजन दस मई को किया जाएगा ।जानकारी देते हुए ग्राम प्रधान मोहित सिकरवार ने बताया इस वर्ष तृतीय बूढ़ा दाना महोत्सव का आयोजन भव्य तरीके से पिछले वर्ष की भांति मनाया जायेगा। जिसमें 8 मार्च को गांव में मेले का आयोजन व शिव पूजन होगा। इसके बाद 9 तारीख को गीत संगीत का कार्यक्रम भक्ति मय किया जाएगा। जिसमें मेले में आए हुए दुकानदारों को रहना खाना की फ्री बेहतर व्यवस्था की जाएगी। साथ ही 10 मई को विशाल भंडारे के साथ दोपहर में विशाल दंगल का भी आयोजन किया जाएगा। इस दंगल में अन्य जिलों से पहलवान भी पधार रहे हैं इसके बाद उत्तर प्रदेश के जाने-माने कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन होगा जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी नेहा प्रकाश पुलिस अधीक्षक चारू निगम अपर जिला अधिकारी एमपी सिंह मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह होंगे। ग्राम प्रधान मोहित सिंह सिकर वार ने अपने समस्त पंचायत वासी और क्षेत्रवासियों से मेले का आनंद लेने तथा रामलीला को देखने का अनुरोध किया है।



जानकारी देते प्रधान मोहित सिकरवार।



पांडाल में कथा सुनते श्रद्धालु । अमृत विचार

### राम-सीता स्वयंवर में गूंजीं बधाइयां, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**अछल्दा,औरैया।** विकास खण्ड के खुमानपुर गांव में चल रही भागवत कथा में चौथे दिन आचार्य अवधेश नारायण शास्त्री द्वारा राम सीता स्वयंवर की कथा सुनाई इस दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। राम-सीता स्वयंवर प्रसंग सुन कर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए और भजनों पर झूम उठे। प्रभु श्री राम और सीता के जयकारे गूंजे। भक्ति का माहौल बन गया। कथा व्यास आचार्य अवदेश नारायण शास्त्री ने कथा को आगे बढ़ाते हुए अपने प्रवचन में कहा कि धनुष भंग के बाद सीता ने श्री राम को जयमाला पहनाई। कथा व्यास ने कहा कि जहां लक्ष्य प्राप्ति से पूर्व ही युद्ध की भावना है वहां जन कल्याण कैसे होगा। जब भक्ति साधक का वरण करती है तो निकटवर्ती समाज उसका विरोध करता है। लोक का स्वभाव है कि स्वयं तो ऊंचाई तक नहीं पहुंच पाते। दूसरे की परछाईं को पकड़ते हैं। कथा व्यास से लक्ष्मण-परशुराम संवाद और राम-सीता विवाह का मनोहारी वर्णन किया। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

### बिजली विभाग टीम ने की चेकिंग

**अजीतमल औरैया।** विद्युत उपखंड अजीतमल में मुख्य अभियंता कानपुर रामप्रकाश, एक्सईएन लेखराज सहित अजीतमल उपखंड में मिल रही निरंतर शिकायतों के बाद बाबरपुर अजीतमल कस्बा और मुरादगंज में सघन चेकिंग अभियान किया। एक सैकड़ा से अधिक विद्युत कनेक्शन चेक किये और बिल निकाल कर दिए। 20 कनेक्शन को घरेलू से कमर्शियल में कन्वर्ट किया। बाबरपुर कस्बे में एक उपभोक्ता अरविंद सिंह पुत्र श्रीराम निवासी विद्यानगर बाबरपुर पर विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया। लोगों की माने तो जेई धीरेंद्र प्रताप के खिलाफ नगर में काफी विरोध होने के बावजूद भी अजीतमल उपखंड में मौजूद है। अजीतमल उपखंड में नगर पंचायत सभासद और भाजपा जिला अध्यक्ष सहित अन्य लोगों ने लिखित शिकायत भी दी। विद्युत विभाग की रूटीन चेकिंग में कई दलालों को भी साथ देखा गया, लोगों के विरोध करने के बाद दलालों को एक्सईएन ने जाने के लिए कहा। रूटीन चेकिंग अभियान में राहुल कुमार एसडीओ अजीतमल, धीरेंद्र प्रताप जेई अजीतमल, मीटर रीडर ठेकेदार पंकज मिश्रा ,सहित विद्युत विभाग का स्टाफ और लाइनमैन साथ रहे।

**हादसा** सबहद कटरा गांव की घटना, परिवार गया था रिश्तेदार के यहां समारोह में, ग्रामीणों ने बुझाई आग

# सूने घर में लगी आग, नकदी के साथ सामान जला

संवाददाता बिधूना औरैया

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के सबहद कटरा गांव में अज्ञात कारणों के चलते एक घर में अचानक आग लग गई, जिसमें हजारों रुपए का घर गृहस्थी का सामान जलकर नष्ट हो गया। ग्रामीणों के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया जा सका। घर के लोग रिश्तेदारी के कार्यक्रम में शामिल होने गए हुए थे। जबकि कुछ लोग खेतों पर काम कर रहे थे। ग्रामीणों ने किसी तरह आप पर काबू पाया लेकिन तब तक घर गृहस्थी का सामान और नगदी जलकर खाक हो गई।

मंगलवार को क्षेत्र के सबहद कटरा गांव निवासी कुलदीप कुमार पुत्र जनवेद सिंह ने बताया है कि वह अपने ससुर की तेरहवीं संस्कार में शामिल होने के लिए पत्नी और बच्चों के साथ अपनी ससुराल इकदिल गया हुआ था। जब कि उसके पिता व घर के अन्य सदस्य खेतों पर काम करने गये थे। इसी दौरान अचानक अज्ञात कारणों के चलते घर में आग लग गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन खेतों से घर पहुंचे। जहां ग्रामीणों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। लेकिन तबतक घर में डबल बेड, वाशिंग मशीन, ड्रेसिंग टेबल, टीवी, कुर्सी आदि तथा ऑपरेशन के लिए रखे 45 हजार रुपए और जरूरी कागजात समेत लाखों रुपयों का सामान जलकर खाक हो गया। क्षेत्रीय लेखपाल ने घटना में क्षति का आंकलन किया तथा अग्नि पीड़ित को यथा सम्भव शासन से आर्थिक मदद दिलाये जाने का भरोसा दिलाया।



आग लगने से हुआ नुकसान। अमृत विचार

### शार्ट-सर्किट से लगी आग, साठ हजार का सामान खाक

**अछल्दा,औरैया।** कस्बा के हरीगंज बाजार में बुधवार सुबह एक मकान में शार्ट सर्किट से आग लग गई। इस घटना में नगदी समेत लगभग 60 हजार रुपए का सामान जल कर राख हो गया। कस्बा निवासी कमलेश कुमारी पत्नी स्व0 राम सिंह व मेरा पुत्र अनुज किसी काम से मकान का दरवाजा बंद करके मोहल्ले में गए थी। इसी बीच किचिन के पास बोर्ड बिजली के तार से शार्ट सर्किट होते ही धुंआ निकलने पर आसपास के लोगो ने शोर मचाया और विधुत सप्लाई बंद करा कर केबिल काटकर मोहल्ले के लोगो के साथ आग पर काबू पा लिया है। पीड़िता के पुत्र अनुज कुमार ने बताया कि आग लगने से दो मोबाइल फोन 20 हजार की नगदी, एटीएम कार्ड, फर्नीचर, दैनिक उपयोग की वस्तुओं समेत 60हजार करीब का नुकसान होना बताया है। सूचना पर पहुंचे कस्बा इंचार्ज सुरेश कुमार ने घटना की जानकारी ली और क्षेत्रीय लेखपाल को अवगत कराया। लेखपाल सत्येंद्र कुमार ने बताया कि जांच की गई है फाइल बनाकर शासन को भेजी जाएगी मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मार्च को

**औरैया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 9 मार्च को औरैया में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। अधिवक्ता शिवम शर्मा ने बताया कि 9 मार्च को जिला जज ग्रीश कुमार वैश्य की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सुलह समझौते के आधार पर विभिन्न प्रकार के वादों का निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने बताया है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव स्वांति चंद्रा द्वारा बैंकों व बीमा कंपनियों के अधिकारियों व संबंधित प्रतिनिधियों की बैठकें की पहले ही की जा चुकी है। शिविर में बैंकों के साथ विभिन्न विभागों के शिविर इस राष्ट्रीय लोक अदालत में लगाए जाएंगे।

## एक नजर

### आज औद्योगिक आपदा से बचाव पर विशेषज्ञ करेंगे मंथन

**अमृत विचार, लखनऊ :** राहत विभाग की ओर से गुरुवार को मॉल एवेन्यू स्थित एक होटल कांफ्रेंस का आयोजन किया गया है। इसमें विषय विशेषज्ञ बढ़ते शहरीकरण और औद्योगिकीकरण के कारण प्रदेश में केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल, न्यूक्लियर (सीबीआरएनआई) तथा औद्योगिक आपदाओं से निपटने के लिए मंथन करेंगे। यह जानकारी देते हुए प्रमुख सचिव राजस्व पी गुरु प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर एक दिवसीय औद्योगिक आपदाओं के न्यूनीकरण एवं प्रबंधन पर कांफ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में इण्डस्ट्रियल, केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल तथा न्यूक्लियर आपदाएं घटित होने की संभावनाओं को कम करने एवं आकस्मिक स्थिति में बचाव कार्य पर मंथन किया जाएगा। इसमें विभाग के लोग, कई संस्थाओं के वरिष्ठ प्रतिनिधि, औद्योगिक संगठन तथा अन्य स्टेकहोल्डर्स सहित तमाम विशेषज्ञ शामिल होंगे।

### लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता हुए सक्रिय

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव को लेकर जिला कांग्रेस श्रम प्रकोष्ठ ने बुधवार को बैठक की। बैठक में श्रम प्रकोष्ठ के चेयरमैन नरेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता एकजुट होकर चुनाव की तैयारियों में जुट गए है। कार्यकर्ताओं को हर वार्ड में जाकर लोगों की जानकारी एकजुट करने को कहा गया है। चेयरमैन ने कहा कि कार्यकर्ता प्रत्येक वार्ड में जाकर लोगों की समस्यायें सुनेंगे और उन्हें निस्तारित करने का प्रयास करेंगे।

# आगरा मेट्रो की शुरुआत बना अनोखा रिकार्ड

## तय समय से नौ महीने पहले ही ट्रैक पर दौड़ने लगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/आगरा


मेट्रो में यात्रा करते मुख्यमंत्री योगी, केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर व अन्य। अमृत विचार

- प्रधानमंत्री ने कोलकाता से वर्चुअली दिखाई हरी झंडी
- योगी ने बच्चों के साथ किया सफर
- होली से पहले मेट्रो ट्रेन की मिली सौगात: योगी

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बुधवार को कोलकाता से आगरा मेट्रो ट्रेन को वर्चुअली हरी झंडी दिखाते ही एक अनोखा रिकॉर्ड दर्ज हो गया। यह देश की पहली मेट्रो बन गई है, जो तय समय से नौ महीने पहले ही ट्रैक पर दौड़ने लगी। मेट्रो ट्रेन में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय एक के चुने गए 32 बच्चों संग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी सफर किया। गुरुवार से पहले चरण के छह स्टेशनों के बीच आम जनता के लिए यात्री सेवा आरंभ हो जाएगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शिवाजी महाराज के गौरव से जुड़े आगरा शहर को होली से पहले मेट्रो ट्रेन की सौगात मिली है। आधुनिक सुविधाओं का केंद्र यह शहर बने इसके लिए मेट्रो आवश्यक थी। पीएम का आभार जताते हुए कहा कि मेट्रो के साथ आगरा में अन्य सुविधाएं जैसे आगरा के पास अपना एयरपोर्ट हो, उसके सिविल टर्मिनल का कार्य भी तेजी के साथ आगे बढ़ाने का कार्य हो रहा है। यहां पर जायका प्रोजेक्ट के अंतर्गत गंगाजल की उपलब्धता पेयजल के लिए उपलब्ध हो। आईटी सेक्टर के रूप में भी इस सिटी को डेवलप करने के लिए तेजी के साथ उन कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने का कार्य भी सरकार प्राथमिकता के आधार पर कर रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरी झंडी दिखाने के बाद ताजमहल स्टेशन से ताज पूर्वी स्टेशन तक मेट्रो ट्रेन में सफर किया। उनके साथ जनप्रतिनिधि भी शामिल रहे। उन्होंने विजिटर बुक में अपने अनुभव सांझा करते हुए लिखा कि आगरा मेट्रो का प्रधानमंत्री ने वर्चुअली शुभारंभ किया। प्रोजेक्ट की क्वालिटी के साथ ही समयबद्धता महत्व रखती है। आगरा मेट्रो ने इस मानक को बनाये रखा है।

इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर, केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, स्थानीय सांसद, विधायक व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# भाजपा में शामिल हुए सपा-बसपा के पूर्व विधायक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में ग्रहण की सदस्यता

**अमृत विचार:** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के समक्ष बुधवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर सपा के पूर्व विधायक संजय गर्ग (सहारनपुर), बसपा के पूर्व विधायक रामकुमार गौतम (गाजीपुर) और पूर्व विधायक सुरेंद्र नाथ सिंह (बलिया) समेत कई नगर निकाय व पंचायत प्रतिनिधिनियों ने हजारों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान भूपेंद्र और ब्रजेश पाठक ने उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि पूरा देश मोदी के साथ है, इसबार चार सौ से अधिक लोकसभा सीटें जीतकर तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे।

भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द यादव (जालौन), सपा से नगर पंचायत अध्यक्ष राजकिशोरी (महोबा), नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिमा गौतम (लखीमपुर), नगर पंचायत अध्यक्ष प्रिंस कुमार वर्मा (बलरामपुर), नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता मलिक (बागपत), ब्लाक प्रमुख मजहरून्निशां (संतकबीर नगर), जिला पंचायत सदस्य लीलाधर दुबे 'कुल्लू' (ललितपुर), प्रेमाबाई अहिरवार (ललितपुर), नरेन्द्र झा (ललितपुर), हिमांशु त्रिपाठी (फतेहपुर), अमरेन्द्र भारद्वाज (लखनऊ), पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वंदना पाठक (झांसी), सपा की पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नीरू पटेल (बरेली), पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मधु शिवहरे (हमीरपुर), बसपा के पूर्व झांसी कमीश्नरी अध्यक्ष व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रहे मूलशरण कुशवाहा, कांग्रेस के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी डा. चन्द्रेश कुमार उपाध्याय (सिद्धार्थनगर), सपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी केशव बाबू शिवहरे (हमीरपुर), सपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना लाल रजक (ललितपुर), सपा के पूर्व विधान परिषद प्रत्याशी प्रमोद कुमार सिंह पटेल (मीरजापुर), बसपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डा. पीयूष कुमार यादव (आजमगढ़), पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत गिरधारी लाल सोनकर (गोरखपुर) बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ भाजपा परिवार में शामिल हुए।

इसके साथ ही आप की प्रदेश सचिव राजकुमारी वर्मा (कानपुर), यूथ कांग्रेस प्रदेश महासचिव अभिनव तिवारी (कानपुर), सपा के नेता सोनू त्यागी (सहारनपुर), प्रवीण सैनी(सहारनपुर), नागेन्द्र राणा (सहारनपुर), आजम शाह(सहारनपुर), पवन गुप्ता (मुरादाबाद), महेन्द्र सिंह (बरेली), देवेन्द्र सिंह (बरेली), मुकेश राजपूत (झांसी), प्रवल प्रताप सिंह (जालौन), मनोज शुक्ला (कानपुर), रवि पाण्डेय (कानपुर), आशीष कुमार (कानपुर), तुषार मिश्रा (कानपुर), दीपक कुमार (कानपुर), अमित सिंह (कानपुर), सुधीर यादव (औरैया), आशीष चर्तुवेदी (कन्नौज), भरत बाधवानी (लखनऊ), धनज्ज्य सिंह 'झब्बू' (मऊ) ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

## चुनाव से पहले 101.25 करोड़ का अस्त्र-शस्त्र खरीदेगी पुलिस

**अमृत विचार, लखनऊः** लोकसभा चुनाव से पहले पुलिस विभाग ने भी अत्याधुनिक अस्त्र-शस्त्र के जखीरे से लैस होने की तैयारी शुरू कर दी है। शासन ने पिस्टल, रायफल, मशीनगन समेत गोला-बारुद और आंसू धुआं हथियार खरीदने के लिए 101.25 करोड़ से अधिक धनराशि स्वीकृति की है।

चुनाव की तैयारी में जुटे पुलिस अफसरों और जवानों को हथियारों की खासी जरूरत थी। गृह विभाग की स्वीकृति के बाद अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय की ओर से हथियार, गोला-बारूद और और आंसू धुआं हथियार खरीद का रास्ता साफ हो गया है। 9एमएम की 5600 पिस्टल 83 हजार 700 की दर से 46 करोड़ 87 लाख 20 हजार रुपये का भुगतान स्वीकृत हुआ है, 24 करोड़ 20 लाख 4 हजार रुपये से दो हजार 5.56 एमएम राइफल और 3 करोड़ 96 लाख 27 हजार रुपये से तीन सौ 9एमएम सब मशीनगन खरीदी जाएगी। गोला बारूद के लिए 22 करोड़ 52 लाख 35 हजार की धनराशि स्वीकृति हुई है। आंसू धुआं हथियार के लिए 3 करोड़ 69 लाख 83 हजार 300 रुपये पुलिस विभाग को शासन ने भेजा है। शासन ने कहा है कि खरीद में किसी तरह की अनियमितता या आडिट आपत्ति के लिए उप्र पुलिस मुख्यालय जिम्मेदार होगा।

# जिलों में भेजी गई मुआवजा राशि, बांटने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से सभी मंडलायुक्तों व जिलाधिकारियों को दिए निर्देश

**अमृत विचारः** बारिश एवं ओलावृष्टि से हुई फसल क्षति से प्रभावित किसानों को मुआवजा राशि देने के लिये धनराशि सम्बन्धित जिलों को उपलब्ध करा दी गई। ऐसे में फसल क्षति का आकलन कराकर प्रभावित किसानों को अविलम्ब मुआवजा राशि का वितरण सुनिश्चित कराए जाने की मंशा शासन ने प्रकट की है। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को रबी सीजन की ई-खसरा पड़ताल के कार्य को आगामी 7 दिवस में पूरा कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि सर्वे कार्य की दैनिक समीक्षा की जानी चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि इजराइल जाने के लिए चयनित भारतीय श्रमिकों की आवश्यक औपचारिकतायें पूरी होने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिये। नये पंजीकरण के लिये आनलाइन व्यवस्था की जाये। यह प्रक्रिया सरल होनी चाहिये।

लोकभवन में हुई बैठक में अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी, प्रमुख सचिव श्रम अनिल कुमार, सचिव नियोजन अनुराग यादव, सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि मौजूद रहे।

### प्रियंका रायबरेली और राहुल अमेठी से लड़ सकते हैं चुनाव

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस की उत्तर प्रदेश में दो महत्वपूर्ण सीटों अमेठी और रायबरेली पर गांधी परिवार के ही चुनावी मैदान में उतरने का फैसला संभव है। सूत्रों के मुताबिक, प्रियंका गांधी रायबरेली से चुनाव लड़ेंगी जबकि राहुल गांधी अपनी पुरानी सीट अमेठी से चुनाव लड़ेंगे। हालांकि इसका आधिकारिक फैसला गुरुवार को होने वाली कांग्रेस की चुनाव समिति की बैठक में होगा। दरअसल, दोनों महत्वपूर्ण सीटों पर गांधी परिवार से चुनाव लड़ने को लेकर उप्र. में कांग्रेस के कार्यकर्ता निरंतर मांग कर रहे हैं। पार्टी से जुड़े नेता मानते हैं कि अगर राहुल और प्रियंका अमेठी और रायबरेली से लड़ते हैं, तो इसका राजनीतिक फायदा पार्टी को अन्य सीटों पर भी होगा।माना जा रहा है कि, सोनिया गांधी के चुनाव न लड़ने से खाली हुई रायबरेली की सीट पर प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने की बात तय हुई है। सूत्रों के मुताबिक सोनिया गांधी ने रायबरेली के लोगों को जो चिट्ठी लिखी थी, उसमें इशारों में जिसका जिक्र किया था, वो प्रियंका गांधी ही थीं। कांग्रेस पार्टी के बड़े नेताओं के साथ प्रियंका गांधी की हुई व्यक्तिगत बैठकों में उनको रायबरेली से प्रत्याशी बनाने की बात कही जा चुकी है।

# हेल्थ टूरिज्म सेक्टर में असीम संभावनाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आयुष विभाग की 238 करोड़ की 271 विकास परियोजनाओं का योगी ने किया लोकार्पण

**अमृत विचारः** उप्र. में आयुष पद्धति के जरिए हेल्थ टूरिज्म के सेक्टर में सबसे अधिक संभावनाएं हैं। आयुष से जुड़ी सभी पद्धतियों को प्रोफेशनल तरीके से लागू कर दें तो पूरी दुनिया हमारे पारंपरिक चिकित्सा पद्धति का अनुसरण करेगी। इससे न केवल संपूर्ण आरोग्यता के लक्ष्य को प्राप्त करने में, बल्कि बड़े स्तर पर नौकरी ओर रोजगार के अवसरों के सृजन में भी मदद मिलेगी। इतना ही नहीं आयुष चिकित्सा पद्धति के जरिए अन्नदाताओं की आमदनी को भी कई गुना तक बढ़ाया जा सकेगा। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोकभवन सभागार में आयोजित आयुष विभाग के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

इस मौके पर उन्होंने 238 करोड़ रु. से बस्ती, बलिया, जालौन और रायबरेली में 50 शैय्या वाले एकीकृत आयुष चिकित्सालय, 226 आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्रयागराज और झांसी में छात्राओं के लिए छात्रावासों का निर्माण, पांच ई-लाइब्रेरी, प्रदेश के अलग-अलग 19 होम्योपैथिक एवं 14 आयुर्वेदिक विभागों में हुए निर्माण कार्य सहित 271 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण भी किया।

इस मौके पर आयुष विभाग के राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र ''दयालु'', मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, आयुष विभाग की प्रमुख सचिव लीना जोहरी, विधायक नीरज वोहरा, योगेश शुक्ल, जय देवी कौशल, एमएलसी मोहसिन रजा, लाल जी निर्मल, रामचंद्र प्रधान, आयुष विभाग के डायरेक्टर महेन्द्र वर्मा, शिक्षकगण, डॉक्टर आदि मौजूद रहे।

### आयुष निदेशालय बनेगा महानिदेशक होंगे तैनात

मुख्यमंत्री ने बताया कि आयुष विभाग की ओर से नई पहल की जा रही है। विभाग जल्द एक निदेशालय के गठन की कार्रवाई को मूर्तरूप देने जा रहा है। इसके तहत आयुष की सभी विधाओं के लिए अबतक अलग अलग निदेशक होते थे, अब इन सब के बीच परस्पर समन्वय बनाने के लिए महानिदेशक भी होंगे।

### किसानों के लिए कृषि मंत्री ने की नई व्यवस्था की शुरुआत

**अमृत विचार, लखनऊ :** किसानों को कृषि निवेशों (बीज एवं जिप्सम) की खरीदारी के वक्त तत्काल सब्सिडी प्रदान करने के लिए राज्य सरकार ने एक और नई पहल की है। इसके तहत कृषि विभाग ने बुधवार को कृषि निवेशों को पॉइंट ऑफ सेल (पीओएस) मशीन के माध्यम से वितरित कराकर सब्सिडी एट सोर्स की व्यवस्था को लागू कर दिया है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बटन दबाकर इस नई व्यवस्था की शुरुआत की। नई सुविधा से अब कृषि विभाग के दर्शन पोर्टल पर पंजीकृत किसानों को राजकीय कृषि बीज भंडार से बीज एवं जिप्सम क्रय करते समय ही अनुदान एट सोर्स प्रदान कर दिया जाएगा। इससे किसानों को केवल कृषक अंश का ही भुगतान करना होगा। इस अवसर पर लाभार्थी किसानों को कृषि मंत्री ने पीओएस मशीन के द्वारा सब्सिडी एट सोर्स भी प्रदान की।

## वर्ग पहेली-2

**बाएं से दाएं**

1. 1. बादशाह, महाराज, राजा 2. पाकिस्तान सीमा से सटे क्षेत्र तथा पंजाब के मुसलमानों की एक सम्मानजनक उपाधि, मुसलमानों की एक जाति 3. पंजाब में रहने वाले हिंदुओं की एक जाति 4. एक कुलनाम या सरनेम।

2. 1. उजाड़ने वाला 2. बर्बाद करने वाला।

4. 1. बचाव 2. बख़्तर 3. ढाल 4. रथ का घेरा 5. समूह 6. फ़ौज, सेना।

5. 1. कार्तिक मास की अमावस्या को मनाया जाने वाला दीपों का त्योहार, दीवाली 2. दीपों की पंक्ति, श्रेणी।

6. मुख, मुंह, मुखड़ा, चेहरा, सूरत, शक्ल।

8. बल्ला, क्रिकेट का बल्ला।

9. सितार की तरह का एक प्रकार का वाद्ययंत्र।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. छोटा मठ 2. एक प्रकार की चूड़ी।

2. किसी काम को जल्द करने की हड़बड़ी, बेचैनी, अधीरता, जल्दबाज़ी।

3. 1. कुआं, कूप 2. पशुओं के जल पीने के लिए कुएं के समीप निर्मित हौज 3. जल एकत्र करने के निमित निर्मित गड्ढा 4. दूध दुहने का बरतन 5. आश्रय स्थल 6. इस प्रकार पीना कि कुछ शेष न रहे, नि:शेष (अशेष)।

5. 1. जिसे धर्म पर विश्वास हो, धार्मिक, धर्माचारी 2. जिसमें विनम्रता हो 3. नमाज़गुज़ार।

7. 1. दो वस्तुओं का आपस में मिलना, पास आना 2. चिपकना, छूना 3. साथ होना 4. जुड़ना, भिड़ना 5. मारपीट होना।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | ■ | 2 | | |
| | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ |
| | ■ | 3 | ■ | 4 | | |
| ■ | 5 | | | | ■ | ■ |
| 6 | | | ■ | ■ | ■ | 7 |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | 8 | |
| 9 | | | | | ■ | |

### वर्ग पहेली - 1 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 प | प | री | ■ | 2 झु | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 3 वि | रा | ग | ■ |
| ■ | 4 तु | न | क | ना | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ल | ■ | ■ | 5 अ |
| ■ | 6 ह | रि | ता | 7 भ | ■ | व |
| ■ | रा | ■ | ■ | रे | ■ | ले |
| 8 सा | ठा | ■ | 9 मा | या | मो | ह |

# मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना में सीतापुर पीछे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री (ग्रामीण) आवास योजना में सीतापुर पीछे है। मंडलीय समीक्षा में अन्य जिलों की अपेक्षा कम प्रगति पर डी ग्रेड मिला है। जबकि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना में बी ग्रेड मिला है। मंडलायुक्त ने सभी जिलों में 15 मार्च तक आवास पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने 23 फरवरी को लखनऊ, रायबरेली, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, उन्नाव व हरदोई के विकास कार्यों की समीक्षा की थी। हरदोई में स्वीकृत आवास 2262 के सापेक्ष 2160 पूर्ण (95.49 प्रतशित), लखीमपुर खीरी में 7862 आवास में 7091 पूर्ण (90.19 प्रतिशत), लखनऊ में 884 में 824 आवास पूर्ण (93.21 प्रतिशत), रायबरेली में 3046 आवास के सापेक्ष 2931 पूर्ण (96.23 प्रतिशत), सीतापुर में 2812 में 1743 आवास पूर्ण (61.98 प्रतशित) व उन्नाव में 3046 आवास में 2819 (92.55 प्रतिशत) पूर्ण मिले। इस प्रगति पर हरदोई, लखनऊ, रायबरेली व उन्नाव को ए ग्रेड, जबकि लखीमपुर खीरी को बी व सीतापुर को डी ग्रेड मिला। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना में हरदोई में 93,648 के सापेक्ष 90,106 पूर्ण (96.22 प्रतिशत), लखीमपुर खीरी में 1,60,283 के सापेक्ष 1,55,684 (97.13 प्रतिशत), सीतापुर में 2,40,886 में 2,30,691 आवास (95.77 प्रतिशत) पूर्ण पाए।

# 61 हजार से अधिक विद्यार्थी बने प्रवीण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- माध्यमिक शिक्षा और कौशल विकास मिशन के प्रोजेक्ट प्रवीण का दिखा असर

**अमृत विचारः** छात्र- छात्राओं को पढ़ाई के दौरान ही कौशल विकास से जोड़ने के लिए राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रोजेक्ट प्रवीण का असर दिखने लगा है। कक्षी 9वीं से 12वीं तक के 61 हजार से ज्यादा विद्यार्थियों निःशुल्क स्किल ट्रेनिंग और नए जमाने के कोर्स के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने के लिए तैयार किया गया है।

व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि प्रोजेक्ट प्रवीण'' माध्यमिक शिक्षा और उप्र कौशल विकास मिशन के बीच हुए एक एमओयू के तहत संचालित किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य राज्य के एजुकेशन सिस्टम और करिकुलम को नया रूप देना है। प्रोजेक्ट प्रवीण की शुरुआत वर्ष 2022-23 में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू की गई है। इस दौरान प्रदेश के 150 राजकीय माध्यमिक बालक एवं बालिका विद्यालयों में 20,582 छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय भी इस योजना से जोड़े गए हैं, जिनमें 3,450 छात्राओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसी तरह, वर्ष 2023-24 में प्रोजेक्ट प्रवीण के अंतर्गत कुल 315 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों को शामिल किया गया है। इन संस्थानों के जरिए अब तक 61,400 विद्यार्थियों को उनकी रुचि के अनुसार चुने हुए ट्रेड्स में जैसे आईटी सेक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स, ब्यूटीशियन, हेल्थकेयर, अपैरल, अकाउंटिंग आदि में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया गया।

### माध्यमिक स्कूल का विद्यार्थी होना अनिवार्य

प्रोजेक्ट प्रवीण के तहत ट्रेनिंग करने वाले विद्यार्थियों को प्राइवेट ट्रेनिंग सेंटर द्वारा स्कूल में ही ट्रेनिंग दी जाती है। अगर किसी कारणवश स्टूडेंट्स 10वीं या 12वीं के बाद अपनी पढ़ाई को बीच में छोड़ते हैं तो वह प्रोजेक्ट प्रवीण के प्रशिक्षण से जुड़े सर्टिफिकेट के द्वारा नौकरी या रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। इसके माध्यम से आवेदन करने वालों को सरकारी माध्यमिक स्कूल का विद्यार्थी होना अनिवार्य है। साथ ही छात्र का 10वीं एवं 12वीं कक्षा में अध्यनरत होना आवश्यक है, तभी योजना के अंतर्गत पात्र हो सकते हैं।

## सुडोकू-81

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 8 | | | 4 | | 5 |
| | | 8 | | 7 | | | 6 | |
| | 1 | | 2 | | | 3 | | |
| 3 | 9 | | 1 | | | 6 | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | 6 | | | 5 | | 2 | |
| | 8 | | | | 4 | | 5 | |
| | 5 | | | 6 | | 7 | | |
| 7 | | 9 | | | 3 | | | |

### सुडोकू - 80 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 8 | 1 | 4 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 3 | 6 | 8 | 1 | 2 |
| 7 | 3 | 2 | 5 | 1 | 8 | 9 | 6 | 4 |
| 5 | 7 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 6 | 9 | 5 | 1 | 4 | 3 | 7 |
| 3 | 1 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 9 |
| 1 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 4 | 8 |
| 4 | 9 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 6 | 8 | 1 | 7 | 4 | 3 | 9 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 मार्च, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वादशी 01.19 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 13.03 तक तत्पश्चात श्रवण।

**मेष:** आज व्यवसाय में उन्नति काफी अच्छी रहेगी। काफी मजबूती के साथ निर्णय लेंगे। वैवाहिक जीवन मे परेशानियां बढ़ सकती है। गूढ़ विषयों के अध्ययन के प्रति रुचि जागृत होगी। धन से जुड़ी समस्याओं का निवारण होगा।

**वृष:** आज अविवाहित लोगों के विवाह की चर्चा हो सकती है। भाग्य पूरी तरह से आपका साथ देगा। किसी मित्र के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं। पिता की सलाह से लाभ मिल सकता है। दूसरों के सामने अपने मन की बातें शेयर न करें।

**मिथुन:** आज आप अपनी कार्यशैली से संतुष्ट नहीं रहेंगे। कार्यक्षेत्र में अधिकारियों का व्यवहार भी थोड़ा अपमानजनक हो सकता है। आज लोग आपके विरुद्ध कड़वी बात बोल सकते हैं। अनैतिक माध्यम से धन अर्जित करने से बचें।

**कर्क:** आज व्यापार में बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर बेहद सन्जीदा रहेंगे। अपने कार्यों को लेकर काफी आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पुराने गिले-शिकवे भूलने की कोशिश करेंगे। नया काम करने में आपको लाभ होगा।

**सिंह:** आज आपका मनोबल मजबूत रहेगा। धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। घर का माहौल थोड़ा अशान्त हो सकता है। भागदौड़ ज्यादा करनी पड़ेगी। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निदान ढूंढने का प्रयास करेंगे। जीवनसाथी को उपहार दे सकते हैं।

**कन्या:** आज प्रिय मित्रों से फोन पर बात होगी। बौद्धिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। आर्थिक लाभ होने के योग बन रहे हैं। दांपत्य जीवन की समस्याओं का निदान होगा। प्रेम सम्बन्धों में मधुरता बढ़ेगी। संतान की उन्नति से उत्साहित रहेंगे।

**तुला:** आज परिवार के लोगों का खास ख्याल करना पड़ेगा। कफ संबंधी परेशानियों के कारण स्वास्थ्य कमजोर होगा। मौसम में बदलाव के कारण शरीर में थकान की अनुभूति होगी। गुस्से पर नियंत्रण रखें। सम्पति से जुड़े मामलों में जल्दबाजी करने से बचें।

**वृश्चिक:** आज धर्म-कर्म में अच्छी ख़ासी रुचि लेंगे। लोग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। आत्मविश्वास और पराक्रम मे वृद्धि होगी। जॉब मे आपका सम्मान बढ़ेगा। स्वास्थ्य काफी अच्छा रहने वाला है। सोशल मीडिया में आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी।

**धनु:** आज आप किसी से वायदा करने से बचें। नौकरी पेशा लोगों को अपमानजनक स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। महिलाओं से अच्छी तरह से बात करें। धन के कारण परिवार में कलह हो सकती है। उच्च शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों के लिए दिन बहुत अच्छा है।

**मकर:** आज आर्थिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। नौकरीपेशा लोगों के वेतन में बढ़ोत्तरी होगी। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहने वाली है। इसके बावजूद आप बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। मनोरञ्जन के कार्यों में रुचि लेंगे। जीवनसाथी का व्यवहार काफी अच्छा रहेगा।

**कुंभ:** आज वैवाहिक संबंधों में परस्पर विश्वास की कमी रहेगी। अनजाने में की हुई पुरानी गलती भारी पड़ सकती है। अनुभवी लोगों से सलाह लेकर कोई फैसले लें। कार्यक्षेत्र में आपको अचानक निर्णय लेने से बचना चाहिए। उधार धन के लेन-देन में सावधानी रखें।

**मीन:** आज सरकारी कार्यों में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। भोग-विलास में वृद्धि होगी। धन के लेन-देन में सावधानी रखें। आध्यात्मिक गतिविधियों जैसे योग और ध्यान आदि में रुचि लेंगे। धैर्य और मेहनत दोनों का अच्छा संयोजन रहेगा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
कर्मा
सुबह : 09.00
रूप की रानी चोरों का राजा
शाम : 06.00

SONY MAX
अफवाह
सुबह : 11.24
यारियां 2
शाम : 06.59

SONY PIX
अल्फा
सुबह : 11.00
जर्नी 2
शाम : 05.02

ZEE CINEMA
गुंजन सक्सेना
सुबह : 08.30
बाजीगर
दोपहर : 03.35

colors CINEPLEX
गब्बर इज बैक
सुबह : 09.26
बुड्ढा होगा तेरा बाप
शाम : 06.58

### आज की सुपरहिट फिल्म



सोनी मैक्स पर शाम 06.59 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी (पति से)- कुछ साल पहले मेरा फिगर पेप्सी की बोतल की तरह था।
पति- वो तो तुम्हारा अब भी है
पत्नी- सच में!
पति- हां पहले बोतल 300ml की थी अब 2 लीटर की है।

पत्नी ने पति से पूछा पत्नी- अच्छा यह बताओ कि तुम मूर्ख हो या मैं?
पति- (शान्त मन से) प्रिये ये बात तो सब लोग जानते हैं कि तुम अत्यन्त तीव्र बुद्धि की स्वामिनी हो इसलिए यह कभी हो ही नहीं सकता कि तुम किसी मूर्ख व्यक्ति से शादी करो पति का नाम राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए भेजा गया है।

# श्री अन्न से व्यंजन बनाने वालों का किया सम्मान

## दो दिवसीय मिलेट्स महोत्सव का हुआ समापन, 443 से अधिक कृषकों ने हिस्सा लिया, उन्हें बताई गई महत्ता

कार्यालय संवाददाता, औरैया



मिलेट्स महोत्सव में दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत करते सीडीओ अनिल कुमार सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजनान्तर्गत आयोजित दो दिवसीय मिलेट्स महोत्सव एवं यूपी मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के तहत महोत्सव का आयोजन बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में नुमाइस मैदान में किया गया। महोत्सव में जनपद के विभिन्न विकास खण्डों से 443 से अधिक कृषकों, महिला कृषकों द्वारा प्रतिभाग कर कृषि से सम्बन्धित विभिन्न तकनीकी बिन्दुओं की जानकारी मेले में लगाये गये स्टालों एवं कृषि वैज्ञानिकों के व्याख्यानों द्वारा प्राप्त की गयी। इस अवसर पर कृषि एवं कृषि से सम्बन्धित विभिन्न विभागों के 60 से अधिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। किसान मेला महोत्सव में कृषि एवं कृषि से से सम्बन्धित 8 विभागों द्वारा एवं 15 निजी कम्पनियों, लाइसेंस धारक विक्रेताओं द्वारा स्टाल लगाये गये तथा अपने-अपने विभागों से सम्बन्धित जानकारी कृषकों को उपलब्ध करायी गयी। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी ने मेला में लगाये गये प्रत्येक स्टाल का बारीकी से अवलोकन किया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कृषकों को अवगत कराया कि पहले उन्नत बीज और न ही सिंचाई के संसाधन सीमित होने के कारण उपज कम प्राप्त हो पाती थी। जिसे बढाने हेतु उर्वरक की आवश्यकता पडी, किन्तु आज उर्वरक का अत्यधिक प्रयोग करने से हमारी जमींन बजर एवं घर-घर बीमारियाँ बढ रही है। अतः आज हमे पुनः धीरे-2 जैविक खेती की ओर बढना होगा। सरकार श्री अन्न (मोटा अनाज) को बढ़ावा दे रही है। कृषक इसका जैविक तरीके से उत्पादन करके अच्छा उत्पादन प्राप्त कर सकते है तथा अपने आहार में सामिल करके अपने स्वास्थ को सही रख सकते है। उप कृषि निदेशक प्रदीप कुमार ने कृषकों को श्री अन्न के बारे में जागरूक करते हुये अवगत कराया गया कि इस मिलेट्स मेला का मुख्य उद्देश्य श्री अन्न एवं उसके पोषक तत्वों के बारे में आपको जानकारी प्रदान करना है, जिससे आपके माध्यम से अन्य व्यक्तियों व कृषकों में जानकारी पहुंचाकर श्री अन्न के प्रति रुचि पैदा की जा सके। श्री अन्न की फसल को कम पानी, उर्वरक व कीटनाशकों की न्यूनतम आवश्यकता होती है। यह स्वास्थवर्धक व पोष्टिकता से भरपूर होता है तथा इसके सेवन से बहुत सी बीमारियों से से बचाया जा सकता है। जिला कृषि अधिकारी शैलेन्द्र कुमार वर्मा द्वारा कृषकों को जैविक खेती करने हेतु प्रोत्साहित किया गया तथा अवगत कराया कि बुधवार को अपराहन 3 बजे के बाद से कृषकों को बीज मूल्य पर प्राप्त होने वाली सब्सिडी का लाभ तुरन्त दिया जायेगा। किसी कृषक को कृषि से सम्बन्धित कोई समस्या है तो तुरन्त अवगत कराये, जिससे उनकी समस्या का समाधान किया जा सके। ओम नरायन पाल द्वारा कृषकों को कृषि विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं से अवगत कराते हुये तकनीकी जानकारी प्रदान करते हुये अन्न भण्डारण में आने वाली समस्याए जैसे-घुन व पई आदि समस्याओं के निदान हेतु जानकारी दी गयी। दिनोश कुमार तिवारी पूर्व विषय वस्तु विशेषज्ञ द्वारा कृषकों कृषि यंत्रीकरण योजनाओं के बारे अवगत कराते उसकी उपयोगिता के बारे में अवगत कराया गया। कृषकों को रसायनिक उर्वरकों की जगह जैविक खाद का प्रयोग करने हेतु सलाह दी गयी। महोत्सव / मेला में श्री अन्न से बनने वाले व्यंजनों को बनाने हेतु विवेक कुमार बालाजी स्वीट्स हाउस, अखिलेश कुमार गुरू चेला स्वीट्स हाउस एवं अपेक्षा महिला एवं बाल विकास समिति की सदस्य महिलाए मैसूर, ममता, अनीता एवं सुनीता देवी को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सील्ड देकर सम्मानित किया गया।

### इनकी रही मौजूदगी

मेला में प्रदीप कुमार उप कृषि निदेशक औरैया, शैलेन्द्र कुमार वर्मा जिला कृषि अधिकारी औरैया, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी, औरैया हिमांशु रंजन श्रीवास्तव, एन0एफ0एस0एम0 सलाहकार विवेक मोहन त्रिवेद्वी, विजय कुमार भूमि संरक्षण अधिकारी औरैया स्थान दिबियापुर, राजेश कुमार गुप्ता रेशम विभाग, ओम नरायन पाल इत्यादि अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त महोत्सव / मेला का सफल संचालन रमेशबाबू पाल सहायक विकास अधिकारी (कृषि) भाग्यनगर द्वारा किया गया।

# सब्जियों की महंगाई बिगाड़ रही खाने का जायका

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- टमाटर की कीमत 50, मटर 60, मिर्च 100, अदरक 150 रुपये प्रति किलो के पार

**अमृत विचार।** सब्जियों पर बेतहाशा महंगाई की मार से खाने का जायका बिगड़ गया है। अदरक 150 रुपये प्रति किलो, टमाटर 50 रुपये प्रति किलो के पार पहुंचने के साथ ही साधारण सब्जियां भी आम लोगों की थाली से दूर हो गईं हैं। सब्जियों पर महंगाई के तड़के से आम आदमी का बजट गड़बड़ा गया है, वहीं 1 किलो सब्जी खरीदने वाले सिर्फ आधा किलो, सब्जी खरीदते दिख रहे हैं। इन दिनों सब्जियों की भीषण महंगाई से मध्यम वर्ग व गरीब तबके के लोग बेहद परेशान हैं।

सब्जियों की महंगाई की हालत यह है अदरक 150 रुपए प्रति किलो, टमाटर 30 रुपए, फूल गोभी 30 रुपए नग, भिंडी 80 रुपए प्रति किलो, परवल 100 रुपए प्रति किलो, हरी मेथी 50 रुपए प्रति किलो, लौकी 50 रुपए प्रति किलो, शिमला मिर्च 100 रुपए प्रति किलो, बैंगन 60 रुपए प्रति किलो, कटहल 60 रुपये प्रति किलो, आलू 15 रुपये प्रति किलो, प्याज 40 रुपए, मिर्च 100 रुपये व कद्दू 50 रुपये प्रति किलो बिक रहा। सब्जियों की बेतहाशा मूल्य वृद्धि से हालत यह है कि जो लोग 1 किलोग्राम सब्जी खरीदते थे। वह अब 250 से आधा किलोग्राम ग्राम सब्जी खरीदते ही दिख रहे हैं। जिले के सब्जी उत्पादकों का कहना है कि बारिश के चलते खेतों में पानी भर जाने से सब्जियां बुरी तरह बर्बाद हो गई हैं जिसके चलते उन लोगों को भारी नुकसान हुआ है। उनका कहना है कि मंडियों में सब्जियों की आमद कम होने और महंगाई बढ़ने के कारण सब्जी खरीदने के लिए ग्राहक नहीं पहुंच रहे हैं ऐसे में कई कई दिन तक सब्जी ना बिक पाने के कारण महंगी सब्जी भी खराब होकर बर्बाद हो जाती है जिससे सब्जी विक्रेताओं को भारी नुकसान पहुंच रहा है। सब्जी कि महंगाई के चलते भले ही धन्नासेठ महंगी सब्जी का पर्याप्त स्वाद ले रहे हो लेकिन मध्यम वर्ग व गरीबों का सब्जी का भाव सुनकर ही जायका बिगड़ जाता है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत पिलखिनी विकासखंड पहाड़ी चित्रकूट**

**निविदा**

विकासखंड पहाड़ी अंतर्गत ग्राम पंचायत पिलखनी में गौशाला योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत के गौशाला में प्रयुक्त होने वाले भूषा हेतु (वित्तीय वर्ष 2024) पंजीकृत फर्मो एवं सप्लायरों से दिनांक 10 मार्च को अपराह्न 2:00 बजे निम्न विवरणों के अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती हैं जो कि उसी दिन अपराह्न साढे तीन बजे तक ग्राम पंचायत में उपस्थित सचिव ग्राम प्रधान व समिति के सदस्यों के समक्ष निविदा दाताओं की निविदाएं खोली जाएगी निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 7/03/24 से 10/3/2024 को 12:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा प्रपत्र लिए जा सकते हैं ।

कार्य – ग्राम पंचायत के गौशाला में भूसा सप्लाई का कार्य

ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत पिलखिनी, विकासखंड पहाड़ी चित्रकूट

ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम पंचायत पिलखिनी, विकासखंड पहाड़ी चित्रकूट

# लोकसभा चुनाव में रणनीति बनाकर वोट देगा ब्राह्मण समाजः बृज किशोर

संवाददाता ककोर, औरैया

- अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद उत्तर प्रदेश के सचिव हैं बृजकिशोर तिवारी



वार्ता करते प्रदेश सचिव बृज किशोर।

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के प्रत्याशी की घोषणा होते ही बुधवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद उत्तर प्रदेश के सचिव पंडित बृजकिशोर तिवारी ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर ब्राह्मण समाज एकजुट होकर मतदान करेगा। इटावा लोकसभा चुनाव के बारे में चर्चा करते हुए प्रदेश सचिव ने कहा कि सभी पार्टियों के प्रत्याशी घोषित हो जाने के बाद ब्राह्मण समाज की एक मीटिंग की जाएगी, जिसमें प्रदेश संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ सुशील कुमार दुबे एवं प्रदेश संयोजक शिक्षा प्रकोष्ठ राजेश कुमार अग्निहोत्री प्रधानाचार्य इटावा औरैया और कानपुर देहात के अन्य जिला अध्यक्षों एवं संबंधित जिले के तहसील और ब्लाक संयोजकों के साथ बैठकर लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाएंगे। इसमें ब्राह्मण समाज को एकजुट करके एक पार्टी के पक्ष में वोट करने की चर्चा करेंगे और उस पार्टी या प्रत्याशी के पक्ष में सामूहिक वोट डालने की अपील करेंगे। जो ब्राह्मण समाज का सम्मान और हित करेगा। जिले में इस समय हरिजन एक्ट की संख्या में तेजी से जाता हुआ है। उस पर भी विस्तृत रूप से चर्चा की जाएगी।प्रदेश सचिव ने कहा कि इटावा लोकसभा सीट ब्राह्मण बाहुल्य है जिसमें करीब ढाई लाख से अधिक ब्राह्मण वोटर हैं, और इतनी संख्या में वोटर होने के कारण इस सीट पर ब्राह्मण निर्णायक भूमिका में है। अतः एक भी ब्राह्मण वोट न बंटे इसके लिए संगठन के पदाधिकारी प्रत्येक गांव गांव जाकर जनजागरण अभियान चलायेंगे। जिससे ब्राह्मण की हिट और चिंतन व सम्मान सुरक्षित हो जिस भी पार्टी को वोट देंगे।

# साक्षात्कार के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी का हुआ गठन

**औरैया।** विकास भवन ककोर मुख्यालय के सभागार में डीएम नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन करने वाले आवेदकों का ग्राम पंचायत/ नगर पंचायत के द्वारा सत्यापन किये गये आवेदकों का चयन करने हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी के द्वारा साक्षात्कार लिया जायेगा। उपायुक्त जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र अरविन्द कुमार भास्कर ने बताया कि विश्वकर्मा योजना के समस्त ट्रेंडों में ऑनलाइन आवेदन करने वाले समस्त अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन पत्र एवं अपने मूल प्रमाण पत्र सहित 7 मार्च को उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

# पिता के हत्यारोपी बेटे ने फांसी लगाकर जान दी

संवाददाता ककोर, औरैया

- 18 साल जेल काटकर जमानत पर आया था आरोपी

**अमृत विचार।** पिता की हत्या में जेल में बंद युवक 18 साल बाद जेल से जमानत पर बाहर आया तो युवक ने खेत पर फांसी लगाकर जान दे दी। युवक कानपुर के शिवराजपुर का रहने वाला है। ककोर चौकी क्षेत्र के ककोर गांव में आकर फांसी लगाकर जान देने के मामले में कई प्रकार की चर्चा रही। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पहचान होने पर परिजनों को सूचना दी। कानपुर के शिवराजपुर के गांव मुक्ता निवासी वीरेंद्र ने अपने पिता रामेश्वर की रुपयों के विवाद में हत्या कर दी थी। पिता की हत्या के आरोप में उसे जेल हो गई। वीरेंद्र पिता की हत्या के आरोप में 18 साल जेल काटकर बीते महीने जमानत पर बाहर आया था। बुधवार की सुबह वीरेंद्र का शव ककोर पेट्रोल पंप के पास खेत के पास खड़े शहतूत के पेड़ पर मफलर के फंदे से फांसी पर झूलता मिला। ग्रामीणों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पहचान होने पर मृतक की बहन की सूचना दी। बहन गीता शुक्लागंज उन्नाव में रहती है। बहन ने बताया कि वीरेंद्र नशे का आदी था।जेल के साथियों से उससे रुपये मांगता रहता था।

**VARUN ARJUN UNIVERSITY**
NH-2, Banthra, Shahjahanpur
Direct Admission Open for Session-2024-25
D. Pharm | B. Pharm | DMLT | X-Ray
Special Features
100% Placement, Qualified Faculty, Wi-Fi Campus
24 Hrs. Security, Light, Water, AC & Non AC Hostels
For any query Contact : Mr. Rajendra Gupta
Contact No. : 9455113105 (Calling Time - 10 AM to 6 PM)

# पहले प्रयास में ही साक्षी को सीएस में मिली सफलता



साक्षी मिश्रा।

**फफूंद औरैया।** मां आरके देवी महाविद्यालय टीकमपुर फफूंद, औरैया की छात्रा बीकॉम की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने के बाद साक्षी सीएस की तैयारी में जुट गई और पहले प्रयास में ही उसे सफलता मिल गई। साक्षी मिश्रा के पिता आलोक चंद्र मिश्रा उत्तर प्रदेश सचिवालय में समीक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। साक्षी ने यह उपलब्धि अपने पहले ही प्रयास में हासिल की है। महाविद्यालय परिवार ने साक्षी मिश्रा की इस सफलता पर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# प्राथमिक विद्यालय की दीवार गिरी, अधिकारी नहीं ले रहे सुधि

**ककोर, औरैया।** जिला मुख्यालय के निकट ग्राम पंचायत हरराजपुर के मजरा मेरखपुर में प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्रीवॉल गिर गई। इसकी सूचना बेसिक शिक्षा अधिकारी ने तुरंत दी लेकिन, उसके बाद भी आज तक बाउंड्रीवाल नहीं बनाई जा सकी। इसे विभाग की उदासीनता कहें या लाचारी बाउंड्रीवाल न होने से कक्षा 1 से 5 तक संचालित प्राथमिक विद्यालय के साथ छोटे बच्चों का आंगनबाड़ी विद्यालय भी संचालित है। बाउंड्रीवाल गिरने के पास ही शौचालय बना हुआ है। यदि कोई छोटा बच्चा शौचालय जाता है और धोखे से ही तालाब में गिर गया तो बढ़ा हादसा होने का खतरा है। विगत साल 13 वर्ष की बच्ची तालाब में डूब कर काल का शिकार हो गई थी। जानकारी के बावजूद भी शिक्षा विभाग अनजान बना हुआ है और आज तक प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्री वालों का निर्माण नहीं कराया गया। प्राथमिक विद्यालय की ठीक बगल में अमृत सरोवर तालाब है जिसमें हर समय 6 फीट पानी भरा रहता है ।इस स्थिति में यदि कोई छोटा से छात्र को समस्या होती है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद–राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 2005/न0पा0प0–राठ/म्यु0सू0/2023–24/ दिनांक 02/03/2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक /आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण/नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण/ नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती केशकली पत्नी धूराम | श्री कमलेन्द्र मिश्रा पुत्र स्व0 प्रभुदयाल मिश्रा | सिकन्दरपुरा–2 | 04 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद राठ–हमीरपुर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद–राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 2004/न0पा0प0–राठ/म्यु0सू0/2023–24/ दिनांक 02/03/2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक /आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण/नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण/ नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती रेखा पत्नी विजय कुमार | श्री अमर सिंह पुत्र कल्लू यादव | सिकन्दरपुरा–2 | 04 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद राठ–हमीरपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत –सलुवा, विकास खण्ड–चरखारी (महोबा)**

पताकं : मेमो मनरेगा / निविदा/2023–24 दिनांकः 06/03/24

निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा 2023–24 के अन्तर्गत ग्रा0प0 महोबा की स्वीकृत कार्य योजना 2023–24 में निम्नलिखित कार्य हेतु सामग्री सन्दर्भित कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक–07.03.2024 से 11.03.2024 को समय प्रातः 11.00 बजे से 3.00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के पंचायत भवन में निविदा पेटी में डाली जायेगी। दिनांक 11.03.2024 को शांय 04:00 बजे समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क0सं0 | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार लागत रू लाख में | धरोहर धनराशि | सामग्री आपूर्ति किये जाने की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत सलुवा में विश्वनाथ कुशवाहा के घर से सुम्मा कुशवाहा के घर तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | मोरम, 40 एम0एम0 जी0एस0बी0, 20 एम0एम0 स्टोन ग्रिट, सीमेंट, फाइन सैण्डजोन IV, हायर चार्ज ऑफ कंकरीट मिक्चर 0.25 से 0.40, ब्रिक्स एम0–150, कोर्स सैण्ड जोन III, 80 एम0एम0 थिक इण्टरलॉक, सैण्ड जोन (V जमुना) आदि। | 318672.00 | 4321.00 | 60 दिन |

नियम/शर्ते :–

1– आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार को आयकर एवं व्यापार कर विभाग में अनिवार्य रूप से पंजीकृत होना चाहिए, जिसकी प्रति निविदा के साथ संलग्न की जायेगी।
2– आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार द्वारा उपरोक्त धरोहर राशि एनएससी/केवीपी/डाकघर पासबुक/टीडीआर गाम पंचायत के पक्ष में बंधक कराकर निविदा के साथ संलग्न करनी होगी।
3– आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार को कार्य स्थल पर सामग्री की पहुंचता दरें निविदा प्रपत्र पर अंकित करनी होगी।
4– आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार को निर्धारित अवधि में कार्य स्थल पर सामग्री की आपूर्ति करनी होगी, अन्यथा धरोहर राशि जपत करने की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।
5– निविदाओं को बिना कारण बतायें निरस्त करने अथवा स्वीकार करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार समिति का होगा।

**ग्राम पंचायत विकास अधिकारी,** सलुवा,(चरखारी) महोबा

**वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल**

एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession




**मेडिसिन विभाग :-** सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख–रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।

**सर्जरी विभाग :-** पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग,बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :-** बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार–बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**बाल रोग विभाग :-** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी–पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।

**कैंसर विभाग :-** स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।

**नेत्र रोग विभाग :-** काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्में के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।

**हड्डी रोग विभाग :-** स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।

**मानसिक रोग विभाग :-** उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।

**चर्म रोग विभाग :-** सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

**नाक कान एवं गला रोग विभाग :-** कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।

**छाती व श्वास रोग :-** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई–पैप (BIPAP), सी–पैप (CPAP), सी.बी–नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**डायलिसिस विभाग :-** डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**ब्लड बैंक: -** ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

**डेंटल विभाग :-** समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।

**न्यूरो सर्जरी विभाग -** सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन टयूमर , स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका,दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।

**प्लास्टिक सर्जरी विभाग -** जन्मजात कटे–फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।

**स्किन विभाग -** लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

**उपलब्ध सुविधायें:-**

★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

**परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/– रु में एक साल के लिए उपलब्ध**

**मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।**

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1110 डीएमओ 885 बोल्ड 1150, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1120 बोल्ड 1145 डीएमओ 900।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2525-2550 |
| आरआर 21 | 2700-2750 |
| गेहूंफारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2600-4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000-2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5600-5800 |
| अरहर | 7500-8000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3900-4000 |
| उड़दहरा | 10000-10200 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 14500-14700 |
| अरहरस्पेशल1 | 12000-12200 |
| चनादाल | 7150-7250 |
| मटरदाल | 5050-5150 |
| मसूरमलका | 6950-7050 |
| मसूरदाल | 7050-7150 |
| उड़ददाल | 9000- 12000 |
| उड़द धोवा | 10500- 13000 |
| मूँगदाल | 8800-10300 |
| मूँग धोवा | 9800-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000 - 2300 |
| बासमती नं.1 | 8500 - 10000 |
| सेला | 2500 - 3000 |
| बासमती नं.2 | 6500 - 7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1490-1550 |
| मैदा | 1475-1520 |
| सूजी | 1500-1550 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1430-1475 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 4900-4950 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# 6.8% की दर से बढ़ेगी भारत की जीडीपी

## अगले वर्ष के लिए रेटिंग एजेंसी ने जताया अनुमान, 2031 तक उच्च-मध्यम आय वाला बनेगा देश

नई दिल्ली, एजेंसी

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने अगले वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाते हुए बुधवार को कहा कि यह 2031 तक उच्च-मध्यम आय वाला देश बन जाएगा और अर्थव्यवस्था भी दोगुनी होकर सात लाख करोड़ डॉलर हो जाएगी। क्रिसिल रेटिंग्स ने इंडिया आउटलुक रिपोर्ट में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था को घरेलू संरचनात्मक सुधारों और चक्रीय स्थितियों से समर्थन मिलेगा और यह वर्ष 2031 तक तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए अपनी वृद्धि संभावनाओं को बरकरार रखने के साथ उसमें सुधार भी कर सकती है।

इस रिपोर्ट के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में उम्मीद से बेहतर 7.6 प्रतिशत



वृद्धि रहने के बाद भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि वित्त वर्ष 2024-25 में थोड़ा मध्यम होकर 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रिपोर्ट कहती है कि अगले सात वित्त वर्षों (2024-25 से 2030-31) में भारतीय अर्थव्यवस्था पांच लाख करोड़ डॉलर का आंकड़ा पार कर सात लाख करोड़ डॉलर के करीब पहुंच जाएगी। क्रिसिल ने कहा-इस अवधि में 6.7 प्रतिशत की अनुमानित औसत वृद्धि भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बना देगी और 2030-31 तक इसकी प्रति व्यक्ति आय भी उच्च-मध्यम आय समूह तक पहुंच जाएगी। भारत फिलहाल 3.6 लाख करोड़ डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के साथ दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसके आगे अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी हैं। क्रिसिल को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2030-31 तक भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 6.7 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा। उस समय तक देश की प्रति व्यक्ति आय बढ़ेगी और भारत उच्च-मध्यम आय वाले देशों के समूह में शामिल हो जाएगा।

### घरेलू हवाई यात्रियों के आंकड़ों में होगी बढ़ोत्तरी

**मुंबई।** क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इक्रा ने बुधवार को कहा कि घरेलू हवाई यात्री यातायात के चालू वित्त वर्ष में आठ-13 प्रतिशत बढ़कर कोविड-पूर्व स्तर से आगे 15-15.5 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है। महामारी से पहले घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 14.12 करोड़ थी। रेटिंग एजेंसी ने अगले दो वित्त वर्षों में विमानन उद्योग के शुद्ध घाटे में खासी गिरावट का अनुमान जताने के साथ ही कहा है कि आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ी चुनौतियां और इंजन से जुड़े मसले निकट अवधि में प्रतिकूल साबित हो सकते हैं। घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय हवाई यात्री यातायात में निरंतर सुधार और अपेक्षाकृत स्थिर लागत वातावरण के बीच इक्रा ने घरेलू विमानन उद्योग को लेकर 'स्थिर' दृष्टिकोण कायम रखा है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि भारतीय एयरलाइंस के लिए अंतरराष्ट्रीय यात्री यातायात वित्त वर्ष 2022-23 में कोविड-पूर्व स्तर को पार कर गया था लेकिन यह वर्ष 2018-19 में दर्ज 2.59 करोड़ के उच्चतम स्तर से पीछे था। चालू वित्त वर्ष में अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों की संख्या 2.5-2.7 करोड़ रहने की उम्मीद है।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना: शाह

मुंबई, एजेंसी

- सहकारिता मंत्री ने मुंबई में एक सम्मेलन को संबोधित किया

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत पांच 'नाजुक अर्थव्यवस्थाओं की श्रेणी से दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। शाह ने यहां 'इंडिया ग्लोबल फोरम' के वार्षिक निवेश शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 से पहले भारतीय अर्थव्यवस्था की हालत नाजुक थी, मुद्रास्फीति ऊंचे स्तर पर थी और राजकोषीय घाटा भी नियंत्रण से बाहर था। उन्होंने कहा कि आज भारत एक नीति-संचालित देश के रूप में उभरा है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि इस साल के अंत तक भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार चार लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा।



शाह ने कहा-हमने 2025 तक अंतरिक्ष में स्टेशन स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। इसके अलावा 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी और 2040 तक एक व्यक्ति को चंद्रमा पर भेजने की योजना भी है। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव के संदर्भ में कहा-हम अपनी सरकार के पिछले 10 वर्षों के प्रदर्शन और अगले 25 साल की रूपरेखा के साथ चुनाव में उतर रहे हैं। शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'दूरदर्शी प्रधानमंत्री' बताते हुए कहा कि वर्ष 2047 में आजादी के सौ साल पूरा होने तक भारत पूरी तरह से विकसित व आत्मनिर्भर होगा।

### भारत आत्मविश्वास से भरा और आत्मनिर्भर देश

गृह मंत्री ने कहा कि भारत आत्मविश्वास से भरा और आत्मनिर्भर देश है। इसने खुद को एक निष्क्रिय सरकार से एक गतिशील सरकार में, प्रतिगामी से प्रगतिशील विकास में और एक नाजुक अर्थव्यवस्था से शीर्ष अर्थव्यवस्था में बदल दिया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हुई प्रगति की तुलना संप्रग सरकार के शासनकाल से की जानी चाहिए।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,200 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 66,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 49,150-49,350 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,600 |
| चांदी पक्की | 728 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,750 |
| चांदी आभूषण | 73,000। |

## फसल बीमा योजना में 23 करोड़ किसानों के दावों का हुआ भुगतान

**नई दिल्ली।** पिछले आठ वर्षों में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में 56 करोड 80 लाख किसानों के आवेदन पंजीकृत किए गए और 23 करोड़ 22 लाख से अधिक किसानों को उनके दावों का भुगतान किया गया। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने बताया कि इस दौरान किसानों ने प्रीमियम के अपने हिस्से के रूप में लगभग 31 हजार 139 करोड़ रुपये चुकता किए, जिसके आधार पर उन्हें 1,55,977 करोड़ से अधिक का भुगतान किया गया। इस प्रकार, किसानों द्वारा भुगतान किए गए प्रत्येक 100 रुपये के प्रीमियम के लिए उन्हें लगभग 500 रुपये दावे के रूप में दिए गए।

# सोना 150 रुपये चढ़कर 65,150 रुपये के नए रिकॉर्ड पर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

- चांदी की कीमत में 400 रुपये की आई गिरावट

मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 150 रुपये की बढ़त के साथ 65,150 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी।

लगातार दूसरे दिन बढ़त हासिल करते हुए सोना 65,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चस्तर पर पहुंच गया। पिछले कारोबार में सोने की कीमत 65,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। हालांकि, चांदी की कीमत 400 रुपये की गिरावट के साथ 74,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। बीते कारोबारी सत्र में यह 74,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ''दिल्ली के बाजार में सोना (24 कैरेट) 65,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के हाजिर भाव पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 150 रुपये की तेजी को दर्शाता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कॉमेक्स (जिंस बाजार) में सोना हाजिर मजबूती के साथ 2,122 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

## बैंक कार्ड जारी करते समय ग्राहक को नेटवर्क चुनने का विकल्प दें

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ने बैंकों को निर्देश दिया है कि वे पात्र ग्राहकों को क्रेडिट या डेबिट कार्ड जारी करते समय कई कार्ड नेटवर्क में से एक को चुनने का विकल्प मुहैया कराएं। केंद्रीय बैंक ने क्रेडिट कार्ड जारीकर्ताओं से यह भी कहा है कि वे कार्ड नेटवर्क के साथ कोई भी ऐसा समझौता या व्यवस्था न करें जो ग्राहकों को दूसरे नेटवर्क की सेवाएं लेने से रोकता हो। आरबीआई ने कहा, समीक्षा करने पर यह पाया गया कि कार्ड नेटवर्क और कार्ड जारीकर्ताओं के बीच मौजूद कुछ व्यवस्थाएं ग्राहकों के लिए विकल्प उपलब्ध कराने के लिहाज से अनुकूल नहीं हैं।

# पेटीएम वॉलेट उपयोग करने वाले लोगों को नहीं होगी कोई समस्या: दास

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बुधवार को कहा कि पेटीएम वॉलेट का उपयोग करने वाले 80-85 प्रतिशत उपयोगकर्ताओं को नियामकीय कार्रवाई के कारण किसी भी बाधा का सामना नहीं करना पड़ेगा।

वहीं शेष उपयोगकर्ताओं को अपने ऐप को अन्य बैंकों से जोड़ने की सलाह दी गई है। रिजर्व बैंक ने 31 जनवरी को पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. (पीपीबीएल) को किसी भी ग्राहक खाते में जमा या 'टॉप-अप' स्वीकार करने से रोक दिया। दास ने



कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक से जुड़े वॉलेट को अन्य बैंकों के साथ जोड़ने की समयसीमा 15 मार्च तय की गई है। उन्होंने समयसीमा आगे बढ़ाये जाने की संभावना से इनकार किया। उन्होंने कहा कि 15 मार्च तक का दिया गया समय पर्याप्त है और इसे आगे बढ़ाने की कोई जरूरत नहीं है।

## राष्ट्रीय

# लालू और उनका परिवार सबसे बड़ा गुनहगार

## प्रधानमंत्री ने बिहार में राजद-कांग्रेस गठबंधन पर जंगल राज कायम करने का लगाया आरोप

बेतिया (बिहार), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद और उनका परिवार बिहार का सबसे बड़ा गुनहगार है और उन पर एक दशक से अधिक के कार्यकाल के दौरान राज्य में जंगल राज कायम करने का आरोप लगाया।

पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने आरोप लगाया कि राजद-कांग्रेस गठबंधन के कुशासन के परिणामस्वरूप बिहार के युवा बड़ी संख्या में पलायन करने के लिए मजबूर हुए और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सत्ता संभालने के बाद ही राज्य में चीजें बेहतर दिखने लगीं। उन्होंने कहा-जंगल राज के लिए जिम्मेदार परिवार...वे बिहार



के सबसे बड़े गुनहगार हैं। उनके कुशासन ने एक पूरी पीढ़ी के भविष्य को खतरे में डाल दिया। युवाओं को देश के अन्य हिस्सों में पलायन करने के लिए मजबूर होना पड़ा, जबकि केवल एक परिवार समृद्ध हुआ।

मोदी ने प्रसाद के उनका ''कोई परिवार नहीं होने'' के कटाक्ष पर पलटवार करते हुए कहा-जयप्रकाश नारायण, राम मनोहर लोहिया, बाबासाहेब आंबेडकर और कर्पूरी ठाकुर जैसे लोग जीवित होते तो ये लोग अपने स्वयं के परिवारों को बढ़ावा न देने के लिए उन पर भी हमला करते। उन्होंने कहा-मुझसे उनकी शिकायत यह है कि मेरा कोई परिवार नहीं है। मेरे लिए पूरा देश मेरा परिवार है और आज पूरा देश कह रहा है कि वह खुद को मोदी के परिवार के रूप में देखता है। राजद प्रमुख की टिप्पणी पर भाजपा नेताओं और समर्थकों ने प्रधानमंत्री के प्रति एकजुटता प्रकट करने के लिए अपने सोशल मीडिया खाते के नाम के साथ ''मोदी का परिवार'' भी जोड़ दिया।

### अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद पहली बार प्रधानमंत्री मोदी आज करेंगे श्रीनगर का दौरा

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर को विशेष अधिकार देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को खत्म किये जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बृहस्पतिवार को अपनी पहली कश्मीर यात्रा के दौरान श्रीनगर में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे तथा एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मोदी श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में 'विकसित भारत, विकसित जम्मू कश्मीर' कार्यक्रम में शामिल होंगे और केंद्र शासित प्रदेश में कृषि अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए लगभग 5,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। लोकसभा चुनाव नजदीक आने और विपक्षी दलों द्वारा जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा की मांग के मद्देनजर सबकी नजरें इस बात पर टिकी होंगी कि प्रधानमंत्री इन मुद्दों पर क्या कहते हैं।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीकांत जेना की कांग्रेस में वापसी

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीकांत जेना बुधवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। यह जेना की पार्टी में वापसी है। उन्हें 2019 में पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में कांग्रेस से निष्कासित कर दिया गया था। कांग्रेस के ओडिशा प्रभारी अजय कुमार ने पार्टी मुख्यालय में 73 वर्षीय जेना का पार्टी में स्वागत किया। जेना ने कहा-मैं शुरू से ही कांग्रेसी हूं। कुछ गलतफहमियां थीं, वो दूर हो गईं। मैंने कांग्रेस नेतृत्व के साथ बातचीत की और अब वापसी कर रहा हूं। उन्होंने बीजू जनता दल और भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा-ओडिशा में एक चुनौती है। बीजू जनता दल (बीजद) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अब खुलकर साथ आ गए हैं। मुझे भरोसा है कि कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन बीजद-भाजपा का सामना करेगा तथा उन्हें पराजित करेगा।

# भाजपा मुख्यालय में देर रात तक जारी रहा चुनावी मंथन

नई दिल्ली, ब्यूरो

- उत्तर प्रदेश की कानपुर सुल्तानपुर व गोंडा सहित 29 सीटों पर चर्चा

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय में बुधवार को बिहार एवं उत्तर प्रदेश के टिकट दावेदारों की सर्वाधिक चहलकदमी रही। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अलग-अलग कई बैठकों में दावेदारों के साथ चुनावी मंथन किया। बैठकों का सिलसिला देर रात तक जारी रहा।

सर्वाधिक चर्चा बिहार, उत्तर प्रदेश की शेष 29 सीटों को लेकर हुई। बिहार में सीटों के बंटवारे को लेकर बीजेपी नेताओं के साथ जनता दल यूनाइटेड, लोक जनशक्ति, राष्ट्रीय लोक मोर्चा एवं हिंदुस्तानी आवामी मोर्चा के नेताओं में गतिरोध जारी है। बुधवार को भाजपा मुख्यालय में बिहार के टिकट दावेदारों का जमावड़ा लगा रहा। बीजेपी ने अपने कोटे की 17 सीटों के नाम लगभग तय कर दिए हैं। सूत्रों के मुताबिक बिहार से लौटने के बाद देर रात तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन नाम का अवलोकन करेंगे और गुरुवार को बिहार से भाजपा उम्मीदवारों की सूची जारी हो सकती है। लोक जनशक्ति पार्टी को लेकर बीजेपी में चर्चा हुई है जिसमें चिराग पासवान और उनके चाचा के बीच तनाव की बात सामने आई है। बीजेपी ने दोनों गुटों को 6 सीटें देना तय किया है। केंद्रीय मंत्री पशुपतिनाथ एवं चिराग पासवान के बीच 6 सीटों में बंटवारा होना है। जनता दल यूनाइटेड ने 17 सीटों पर दावा किया है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के उपेंद्र कुशवाहा एवं हिंदुस्तानी आवामी मोर्चा के जीतन राम मांझी ने भी एक-एक सीट पर दावा किया है। बिहार में इस समय बीजेपी के 17, जनता दल यूनाइटेड के 16 एवं लोक जनशक्ति पार्टी के 6 सांसद हैं।

उत्तर प्रदेश की भी कुछ सीटों के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा से कई नेताओं की मुलाकात हुई है। अभी कानपुर, सुल्तानपुर व गोंडा की सीटों पर फैसला नहीं हुआ है। वहीं अकबरपुर संसदीय क्षेत्र से वर्तमान सांसद देवेंद्र सिंह भोले का टिकट फाइनल होने के बाद कानपुर संसदीय क्षेत्र से उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना की दावेदारी कमजोर हो गई है। भाजपा हाई कमान कानपुर से किसी ब्राह्मण उम्मीदवार की खोज में है। कानपुर के सांसद सत्यदेव पचौरी अपनी बेटी के लिए टिकट मांग रहे हैं। गोंडा से सांसद बृजभूषण शरण सिंह का भी टिकट विवादों में है। सुल्तानपुर से मेनका गांधी की जगह किसी नए चेहरे पर विचार किया जा रहा है जिसमें प्रवर्तन निदेशालय के पूर्व संयुक्त निदेशक एवं लखनऊ के विधायक राजेश्वर सिंह के नाम पर भी चर्चा हुई है। उत्तर प्रदेश में 29 उम्मीदवारों की सूची जारी होना है।

## एक नजर

### दिल्ली विधानसभा से सात भाजपा विधायकों का निलंबन रद

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने विधानसभा में बजट सत्र के प्रारंभ में उपराज्यपाल वी के सक्सेना के अभिभाषण में व्यवधान डालने को लेकर सदन से निलंबित कर दिए भाजपा के सात विधायकों के निलंबन को रद कर दिया। सात भाजपा विधायकों- मोहन सिंह बिष्ट, अजय महावर, ओ पी शर्मा, अभय वर्मा, अनिल बाजपेयी, जितेंद्र महाजन और विजेंद्र गुप्ता ने अपने निलंबन को चुनौती देते हुए पिछले महीने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

### दक्षिणी दिल्ली में व्यक्ति ने खुद को मारी गोली

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के नेब सराय इलाके में 38 वर्षीय व्यक्ति ने अपने दोस्त के घर कथित तौर पर खुद को गोली मार ली, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मामले की हत्या समेत सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। पुलिस ने कहा कि मृतक की पहचान भरत सचदेवा के रूप में हुई है जो पेशे से एक ऑटो-रिक्शा चालक था। हाल ही में उसकी नौकरी छूट गई थी। भरत के पिता ने हालांकि आरोप लगाया है कि उनके बेटे की हत्या की गई है।

## स्पेनिश महिला से सामूहिक दुष्कर्म मामले में फरार अन्य पांच आरोपी गिरफ्तार

**दुमका।** झारखंड में दुमका जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र में बीते दिन स्पेन की रहने वाली महिला की लज्जा भंग करने के मामले में पुलिस ने मंगलवार को पांच अन्य फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दुमका के पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह खैरवार ने मंगलवार देर शाम को संवाददाताओं को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस शर्मसार कर देने वाली इस घटना पर त्वरित कार्रवाई कर पुलिस ने संलिप्त सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस मामले की गंभीररता को देखते हुए गहन छानबीन कर रही है।

# शरद पवार ने सीबीआई जांच संबंधी याचिका को दी चुनौती

मुंबई, एजेंसी

**निर्माण करने की अवैध अनुमति देने का मामला**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के संस्थापक शरद पवार ने पुणे के लवासा में एक निजी हिल स्टेशन का निर्माण करने की कथित अवैध अनुमति देने के लिए उनके, उनकी बेटी सुप्रिया सुले और महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार के खिलाफ सीबीआई जांच की मांग वाली जनहित याचिका को बंबई उच्च न्यायालय में चुनौती दी है।

राकांपा (शरदचंद्र पवार) अध्यक्ष ने अधिवक्ता जोएल कार्लोस के माध्यम से दायर आवेदन में एक वकील की जनहित याचिका में प्रतिवादी बनाये जाने की मांग की है ताकि वह याचिका के खिलाफ अपनी दलील पेश कर सकें। अधिवक्ता नानासाहेब जाधव ने पिछले साल पीआईएल दायर कर अनुरोध किया था कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को कथित अनियमितताओं के मामले में तीनों के खिलाफ और राज्य सरकार के कुछ अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश दिया जाए।

# मुख्य संदिग्ध के बारे में जानकारी देने पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी

- एनआईए ने कैफे विस्फोट के मामले में की घोषणा

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में एक मार्च को हुए विस्फोट के मामले में संदिग्ध बम हमलावर की जानकारी देने पर 10 लाख रुपये के नकद इनाम की बुधवार को घोषणा की। एनआईए ने 'एक्स' पर संदिग्ध बम हमलावर की तस्वीर पोस्ट की जिसमें वह टोपी, मास्क और चश्मा लगाकर कैफे के अंदर दाखिल होते हुए दिख रहा है।

एनआईए ने फोन नंबर और ईमेल आईडी साझा करते हुए कहा है कि इनके माध्यम से लोग इस अज्ञात व्यक्ति के बारे में सूचना भेज सकते हैं। यह अज्ञात व्यक्ति को हमले को अंजाम देने वाला माना जा रहा है। एनआईए ने आश्वासन दिया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। कैफे में विस्फोट की जांच इस सप्ताह के प्रारंभ में एनआईए को सौंपी गयी थी। एक मार्च को पूर्वी बेंगलुरु के ब्रुकफील्ड में रामेश्वरम कैफे के अंदर विस्फोट होने से कम से कम दस लोग घायल हो गये थे। संदेह है कि आईईडी के माध्यम से यह विस्फोट किया गया। धमाके के





शीघ्र बाद कर्नाटक पुलिस ने कठोर गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था।

**गृह मंत्री परमेश्वर बोले- पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले :** कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने बुधवार को कहा कि एक मार्च को रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट मामले में पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं और वह गुत्थी सुलझाने के करीब पहुंच रही है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि पुलिस को पिछले दो दिन में कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। परमेश्वर ने कहा कि हमारे अधिकारी (मामले को सुलझाने के लिए) करीब पहुंच रहे हैं। कल और परसों कुछ महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई, जिसे हमने बहुत गंभीरता से लिया है।

# निर्वाचन आयोग ने राहुल को दी सतर्क रहने की सलाह

नई दिल्ली, एजेंसी

**प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ टिप्पणी का मामला**

- जारी हालिया परामर्श का सही तरीके से पालन करने का निर्देश

निर्वाचन आयोग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए 'पनौती' और 'जेबकतरा' संबंधी बयानों के मद्देनजर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अपने सार्वजनिक बयानों में अधिक सावधानी बरतने और सतर्क रहने को कहा है। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पिछले साल दिसंबर में दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए आयोग ने गांधी से कहा कि वह स्टार प्रचारकों और राजनीतिक नेताओं के लिए जारी हालिया परामर्श का सही तरीके से पालन करें। एक मार्च को जारी परामर्श में आयोग ने चेतावनी दी थी कि दलों, उम्मीदवारों और स्टार प्रचारकों को आदर्श आचार संहिता के किसी भी उल्लंघन के लिए सिर्फ 'नैतिक निंदा' के बजाय कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। इसमें यह भी कहा गया है कि जिन स्टार प्रचारकों और उम्मीदवारों को पूर्व में नोटिस मिल चुके हैं, उन्हें बार-बार आचार संहिता का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। कांग्रेस नेता की ओर से प्रधानमंत्री के लिए 'पनौती' और 'जेबकतरा' जैसे शब्दों का इस्तेमाल किए जाने पर आयोग ने पिछले साल गांधी को नोटिस जारी किया था। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 21 दिसंबर को आयोग से इन टिप्पणियों के लिए गांधी को जारी किए गए नोटिस पर फैसला करने के लिए भी कहा था, जिसमें कहा गया था कि नवंबर 2023 में दिए गए एक भाषण के दौरान कांग्रेस नेता द्वारा दिया गया बयान 'अरुचिकर' (नॉट इन गुड टेस्ट) था।

### आदिवासियों को वनवासी कहना उनका सबसे बड़ा अपमान



**बदनावर (धार)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आज आदिवासियों के बीच बिना किसी का नाम लिए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लोगों ने आदिवासियों को वनवासी कहना शुरु कर दिया है और ये आदिवासियों का सबसे बड़ा अपमान है। श्री गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तहत मध्यप्रदेश के धार जिले के बदनावर में आमसभा को संबोधित किया। इस दौरान पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी उपस्थित रहे। सभा में बड़ी संख्या में मौजूद आदिवासियों को संबोधित करते हुए श्री गांधी ने अपने संबोधन की शुरुआत राज्य के सीधी कांड का संदर्भ देते हुए की। उन्होंने कहा कि भाजपा की विचारधारा ऐसी ही है। भाजपा सिर्फ आदिवासियों के साथ नहीं, दलितों और गरीब पिछड़ों के साथ भी ऐसा ही व्यवहार करती है। भाजपा के लोग सभी जगह कमजोरों का अपमान करते हैं।

## स्टालिन, शेखर बाबू और ए राजा के खिलाफ याचिकाएं खारिज

**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने तमिलनाडु के मंत्रियों- उदयनिधि स्टालिन और पी के शेखर बाबू एवं सांसद ए राजा के खिलाफ एक हिंदू राष्ट्रवादी संगठन के सदस्यों की ओर दायर की गईं याचिकाओं पर 'अधिकार पृच्छा' रिट जारी करने से इनकार कर दिया। एक हिंदू राष्ट्रवादी संगठन के सदस्यों ने इन नेताओं द्वारा सनातन धर्म के विरुद्ध कथित रूप से टिप्पणी करने के बाद पद पर बने रहने पर सवाल उठाए थे। याचिकाओं में सवाल किया गया था कि किस अधिकार से वे सरकारी पदों पर बने हुए हैं। न्यायमूर्ति अनीता सुमंत ने हिंदू मुन्नानी के दो पदाधिकारियों तथा एक अन्य व्यक्ति की ओर से दायर याचिकाओं का निस्तारण कर दिया।

## एक नजर

### रूस में भारतीय नागरिक की मौत भारतीय दूतावास ने दी जानकारी

**मॉस्को।** रूस में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई है। भारतीय दूतावास ने बताया है कि मृतक की पहचान मोहम्मद असफान के रूप में हुई है। हालांकि दूतावास ने उसकी मौत की परिस्थितियों के बारे में कोई विवरण नहीं दिया। फिलाहल दूतावास अधिकारी भारत भेजने की तैयारी कर रहें है। दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारतीय नागरिक असफान की मृत्यु के बारे में पता चला है। हम परिवार और रूसी अधिकारियों के संपर्क में हैं। मिशन उनके शव को भारत भेजने का प्रयास करेगा। मीडिया में आईं खबरों मुताबिक रूसी सेना में सुरक्षा सहायक के रूप में भर्ती किए गए कई सीमावर्ती क्षेत्रों में लड़ने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

### रूस-चीन चंद्रमा पर परमाणु ऊर्जा संयंत्र लगाने की बना रहे योजना

मॉस्को। रूस और चीन अगले दशक में चंद्रमा पर परमाणु रिएक्टर स्थापित करने की परियोजना पर विचार कर रहे हैं। अंतरिक्ष उड़ानों और अनुसंधान के लिए जिम्मेदार रोस्कोस्मोस के सीईओ यूरी बोरिसोव ने कहा कि इस तरह के मिशन को स्वचालित रूप से अंजाम दिया जाएगा। इसके लिए आवश्यक तकनीकी समाधान लगभग तैयार हैं। बोरिसोव ने कहा कि हम 2033 और 2035 के बीच अपने चीनी भागीदार के साथ संयुक्त रूप से चंद्रमा तक पहुंचने और वहां एक परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की परियोजना पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं।

### नेपाल के त्रिशूली नदी में गिरी यात्री बस, सात की मौत

काठमांडू। नेपाल के बागमती प्रांत में बुधवार तड़के एक यात्री बस के नदी में गिर गई। घटना में महिला समेत सात लोगों की मौत हुई है, जबकि 30 अन्य घायल हुए हैं। नेपाल की मीडिया के मुताबिक काठमांडू जा रही यात्री बस पर घाटबेसी इलाके में चालक नियंत्रण नहीं रख सका, बस त्रिशूली नदी में गिर गई। धाडिंग जिला पुलिस कार्यालय के पुलिस अधीक्षक (एसपी) गौतम केसी ने कहा दुर्घटना में सशस्त्र पुलिस बल और नेपाल सेना के साथ स्थानीय लोगों ने बचाया। घायलों को बचा लिया गया और स्थानीय स्वास्थ्य सुविधा में प्राथमिक उपचार के बाद आगे के इलाज के लिए काठमांडू ले जाया गया।

### छत्तीसगढ़ सरकार एनआईए की तर्ज पर एसआईए का गठन करेगी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में कृषक उन्नति योजना शुरू करने,मीसा बन्दियों को दी जाने वाली सम्मान निधि को फिर से बहाल करने तथा एनआईए की तर्ज पर राज्य इनवेस्टिगेशन एजेंसी (एसआईए) के गठन का निर्णय लिया हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में राज्य मंत्रि परिषद की बैठक में राज्य के किसानों की आय, फसल उत्पादन एवं उत्पादकता को बढ़ाने तथा फसल की कास्त लागत में कमी करने के उद्देश्य से कृषक उन्नति योजना को मंजूरी दी गई।

# सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में द. कोरिया के साथ भारत में हो विस्तार: एस जयशंकर

सियोल, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत दक्षिण कोरिया के साथ महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों, सेमीकंडक्टर और हरित हाइड्रोजन जैसे नए क्षेत्रों में अपनी रणनीतिक साझेदारी का विस्तार करना चाहता है ताकि द्विपक्षीय संबंधों को और समकालीन बनाया जा सके।

जयशंकर ने अपने समकक्ष चो ताइ युल के साथ 10वीं भारत-दक्षिण कोरिया संयुक्त आयोग बैठक (जेसीएम) की सह अध्यक्षता करने के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 2015 में दक्षिण कोरिया यात्रा के दौरान द्विपक्षीय संबंधों को विशेष रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया गया। बता दें, जयशंकर दक्षिण कोरिया और जापान की अपनी चार दिवसीय यात्रा के पहले चरण में सोल में हैं। मंत्री ने कहा, 'यह महत्वपूर्ण है कि हम उस पर खरा उतरें। हम बीते वर्षों में मजबूती से आगे बढ़े हैं। हम एक दूसरे के लिए वास्तव में महत्वपूर्ण भागीदार बन गए हैं। हमारे द्विपक्षीय आदान-प्रदान, व्यापार, निवेश, रक्षा और विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहयोग सभी ने सहयोग के पारंपरिक क्षेत्रों में गति बनाए रखते हुए एक स्थिर विकास देखा है।



दक्षिण कोरिया के सियोल में राष्ट्रीय संग्रहालय में भारत की बौद्ध कला प्रदर्शनी को देखते जयशंकर।

### हमारे बीच काफी अच्छे रिश्ते

जयशंकर ने कहा, मैंने बहुत उम्मीदों के साथ संयुक्त आयोग से संपर्क किया था। मैं जानता हूं कि हमारे बीच काफी अच्छे रिश्ते हैं। हमारी चुनौती इसे व्यावहारिक परिणामों में बदलना है। उन्होंने कहा, हमारे नेताओं ने पिछले साल हिरोशिमा और नई दिल्ली में दो बार मुलाकात की। मुझे लगता है कि उनकी चर्चा ने हमें आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन दिया है।

# राष्ट्रपति चुनाव: ट्रंप और बाइडन की भिड़ंत तय, दौड़ से बाहर हुईं निक्की हेली

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में एक बार फिर से डोनाल्ड ट्रंप और जो बाइडन के बीच सीधा मुकाबला होगा। बता दें कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी 52 वर्षीय निक्की हेली को चुनावी दौड़ से बाहर कर दिया है, लेकिन वह किसी भी अन्य रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी की तुलना में लंबे समय तक 77 वर्षीय ट्रंप के सामने टिकी रहीं।

### पार्टी के समर्थक एकजुट: ट्रंप



डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार रात को घोषणा की कि रिपब्लिकन के समर्थक उनके पीछे एकजुट है, लेकिन कुछ ही समय बाद एक बयान में हेली के प्रवक्ता ओलिविया पेरेज-क्यूबास ने कहा, केवल यह दावा करने से एकता हासिल नहीं होती है, हम एकजुट हैं। सुपर ट्यूजडे के चुनाव बाद ट्रंप के पास 893 डेलीगेट हो गए हैं, जबकि हेली को 66 डेलीगेट का समर्थन है। पार्टी उम्मीदवारी के लिए कम से कम 1215 डेलीगेट की जरूरत होती है। परेज क्यूबास ने कहा कि आज एक के बाद एक राज्य में रिपब्लिकन प्राथमिक मतदाताओं का एक बड़ा समूह बना हुआ है, जो डोनाल्ड ट्रंप के बारे में गहरी चिंता व्यक्त कर रहे हैं।

### डेमोक्रेट प्राइमरी चुनावों में राष्ट्रपति बाइडन की बल्ले-बल्ले



जो बाइडन को प्राइमरी चुनाव में किसी भी चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा और उन्होंने अभी तक सभी डेमोक्रेट प्राइमरी चुनावों में कामयाबी हासिल की। जिसका मतलब साफ है कि डेमोक्रेटिक नामांकन के लिए बाइडन के सामने अन्य नेता मैदान में नहीं है। ऐसे में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में बाइडन के सामने ट्रंप एक बार फिर से देखे जा सकेंगे।

### किसने कितना फंड जुटाया

राष्ट्रपति बाइडन ने प्रचार फंड में सितंबर तक 590 करोड़ रुपये जुटाए हैं। उनका औसतन दान 40 डॉलर (3324 रुपये) का था और 97% दानदाताओं ने 200 डॉलर (16621 रुपये) से कम पैसे दिए थे। वहीं, ट्रंप ने पिछले 9 महीनों में 598 करोड़ रुपये जुटाए हैं। दूसरी तरफ निक्की हेली का फंड 340 करोड़ रुपये तक पहुंच गया।

### हेली राष्ट्रपति उम्मीदवार बनने की रेस से पीछे हटी



हेली के करीबी ने बताया है कि, उन्होंने फैसले की पुष्टि की कि राष्ट्रपति पद के लिए अपना नाम वापस ले रहीं है। हेली उदारवादी रिपब्लिकन और स्वतंत्र मतदाताओं के गठबंधन का समर्थन अर्जित करने के लिए प्रोत्साहित करेंगी। बता दें फरवरी 2023 में रिपब्लिकन पार्टी से राष्ट्रपति बनने की रेस में ट्रंप के खिलाफ वह सामने आई थी। गौरतलब है कि निक्की हेली के पीछे हटने की चर्चाओं के बाद ट्रंप का रिपब्लिकन से राष्ट्रपति उम्मीदवार बनने का रास्ता साफ हो गया है।

# भारत के साथ हाइड्रोग्राफिक सर्वे नवीनीकरण नहीं करेगा मालदीव

## मुइज्जू बोले-जलीय सीमा में खुद ही सर्वेक्षण करेंगे, सरकार इसके लिए बना रही योजना

माले, एजेंसी

भारत और मालदीव के बीच राजनयिक तनाव बना हुआ है। ऐसे में माले ने नई दिल्ली को एक और झटका देते हुए मालदीव हाइड्रोग्राफिक सर्वे को समाप्त करने का मन बनाया है। राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कहा कि मालदीव हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण समझौते को रिन्यू नहीं किया जाएगा।

राष्ट्रपति मुइज्जू ने एलान किया कि भारत के साथ मालदीव हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण समझौते को रिन्यू नहीं किया जाएगा और इस अभ्यास के लिए आवश्यक सुविधाओं और मशीनों को हासिल करने की योजना नहीं बना रहा है। उन्होंने कहा, पिछले साल चीन समर्थक मोहम्मद मुइज्जू के सत्ता संभालने के बाद से भारत-मालदीव संबंधों को झटका लगा है। नवंबर 2023 में शपथ लेने के कुछ घंटों बाद ही मुइज्जू ने मालदीव की संप्रभुता सुनिश्चित करने की कसम खाई और पहला कदम उठाते हुए भारत से अपने सभी सैनिकों को वापस लेने की मांग करने लगा। मुइज्जू ने यह एलान एक चीनी रिसर्च जहाज 'जियांग यांग होंग 03' माले के आसपास तकरीबन एक सप्ताह का वक्त गुजारने के कुछ दिनों बाद किया। मुइज्जू ने सोमवार को जिन द्वीपों का दौरा किया था उनमें से एक पर एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मालदीव का रक्षा मंत्रालय स्वयं ही हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण करने के लिए जरूरी सुविधाएं हासिल करने की कोशिशों में जुटा हुआ है। गौरतलब है कि मुइज्जू की हालिया घोषणा को चीनी अनुसंधान पोत की गतिविधि से भी जोड़ा जा रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण मामले में मुइज्जू का बयान चीनी पोत के माले के आसपास लगभग एक सप्ताह और मालदीव के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) के ठीक बाहर एक महीने से अधिक समय बिताने के कुछ दिनों बाद आई है।

### पूर्ववर्ती सरकार ने किया था भारत से समझौता



तत्कालीन राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह के नेतृत्व में प्रशासन ने मालदीव के पानी के नीचे की विशेषताओं का हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण कराने के लिए भारत सरकार के साथ एक समझौत पर दस्तखत किए थे, लेकिन मौजूदा राष्ट्रपति ने इस समझौते को रिन्यू करने से इनकार करते हुए कहा कि हम अपने पानी के भीतर की विशेषताओं के बारे में खुद ही सभी जानकारियां हासिल करेंगे और चार्ट तैयार करेंगे।

### जरूरी मशीन अपने स्तर से हासिल कर रही मालदीव सरकार

खबरों के मुताबिक मालदीव का रक्षा मंत्रालय हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण करने के लिए जरूरी मशीन और सुविधाएं अपने स्तर पर हासिल करने के प्रयास कर रहा है। मालदीव की मीडिया ने राष्ट्रपति के हवाले से बयान जारी किया गया। इसके मुताबिक राष्ट्रपति मुइज्जू ने कहा कि मालदीव को अपनी जलीय सीमा के भीतर खुद ही सर्वेक्षण की अनुमति मिल जाएगी। इसके बाद सरकार समुद्र के भीतर की विशेषताओं के बारे में सभी जानकारियां हासिल कर सकेगी। जानकारी जुटाने के बाद चार्ट तैयार किया जाएगा।

## फांसी से पहले पूर्व पीएम जुल्फिकार भुट्टो का ट्रायल निष्पक्ष नहीं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को फैसला सुनाया कि पूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो, जिन्हें 44 साल पहले हत्या का दोषी ठहराए जाने के बाद फांसी दी गई थी, को निष्पक्ष सुनवाई नहीं मिली। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के संस्थापक भुट्टो, जो अब उनके पोते और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी द्वारा संचालित हैं, को 1979 में दिवंगत जनरल जिया-उल-हक के सैन्य शासन के तहत एक मुकदमे के बाद फांसी दे दी गई थी।

मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा ने फैसले का सीधा प्रसारण करते हुए कहा, हमने नहीं पाया कि निष्पक्ष सुनवाई और उचित प्रक्रिया की आवश्यकताएं पूरी की गईं। उन्होंने कहा कि यह उनकी अध्यक्षता वाली नौ सदस्यीय पीठ का सर्वसम्मत निर्णय था। यह फैसला भुट्टो जरदारी के पिता आसिफ अली जरदारी द्वारा 2011 में राष्ट्रपति के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान दायर एक न्यायिक संदर्भ के जवाब में आया था। इसमें पीपीपी संस्थापक को दी गई मौत की सजा पर फिर से विचार करने पर शीर्ष अदालत से राय मांगी गई थी।

# सिंगापुर शीर्ष कोर्ट की जज संविधान पीठ में हुई शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी



- बतौर मेहमान जूडिथ प्रकाश खनिज-खनन पर रॉयल्टी टैक्स को लेकर करेंगी सुनवाई

सिंगापुर सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश जूडिथ प्रकाश को बुधवार को भारतीय सुप्रीम कोर्ट की नौ जजों की संविधान पीठ में शामिल किया गया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में नौ जजों की ये पीठ इस मामले पर सुनवाई कर रही है कि क्या केंद्र सरकार द्वारा खनिज-खनन पर ली जाने वाली रॉयल्टी को टैक्स माना जा सकता है या नहीं।

जस्टिस जूडिथ प्रकाश संविधान पीठ में बतौर मेहमान जज शामिल की गई हैं। जूडिथ प्रकाश दिल्ली आर्बिट्रेशन वीकेंड में शामिल होने के लिए भारत आई हुई हैं। बुधवार को जस्टिस जूडिथ प्रकाश का स्वागत करते हुए मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि कुछ महीने पहले सिंगापुर के मुख्य न्यायाधीश सुंदरेश मेनन हमारे साथ थे और जस्टिस जूडिथ प्रकाश हमारे बीच हैं। वे दिल्ली आर्बिट्रेशन वीक में शामिल होने आई हैं, जहां वे संबोधन देंगी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और खनिज-खनन पर रॉयल्टी मामले में दलीलें रख रहे वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे ने भी जस्टिस जूडिथ प्रकाश का स्वागत किया।

### महिलाओं को बड़े पदों पर बढ़ावा देना अहम कदम

महिलाओं से जुड़े एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश हिमा कोहली ने कहा कि महिलाओं को बड़े पदों पर बढ़ावा देना और सम्मेलनों में मुख्य वक्ताओं के रूप में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करना, पैनलों में उनका प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना अचेतन पूर्वाग्रह पर काबू पाने की दिशा में अहम कदम है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को बढ़ावा देने से वास्तविक मूल्य को पहचान मिलेगी। न्यायाधीश हिमा कोहली ने कहा कि युवा महिला वकीलों को इंटर्नशिप देने, कानूनी विभागों और सरकारी क्षेत्रों में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने के दरवाजे खोलने से कानून फर्मों, न्यायाधीशों और न्यायाधिकरणों और आयोगों के सदस्यों के रूप में उनके भविष्य में शामिल होने का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। कोहली ने कहा कि निष्पक्षता को बढ़ावा देने के लिए मध्यस्थों के बीच लिंग आधारित विविधता अनिवार्य है।

### पीएम के स्वागत के लिए तैयार घाटी...



**श्रीनगर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सात मार्च को घाटी दौरे पर हैं। पूरे जम्मू-कश्मीर में असाधारण सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पीएम के दौरे से एक दिन पहले झेलम नदी पर गश्त करते मरीन कमांडो। घाटी प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए तैयार है। पांच अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद पीएम मोदी की ये घाटी की पहली यात्रा होगी। ● एजेंसी

# अमेरिकी युद्धक जहाजों पर हूती विद्रोहियों का हमला

दुबई, एजेंसी



- लाल सागर में बढ़ा तनाव, हूती संगठन के प्रवक्ता ने दी जानकारी

ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने अमेरिका के दो युद्धक जहाजों को लाल सागर में निशाना बनाने का दावा किया है। हूती संगठन के प्रवक्ता याहया सरेया ने टेलीविजन पर जारी किए गए बयान में ये बड़ा दावा किया है। हूती विद्रोहियों का कहना है कि उन्होंने लाल सागर में अमेरिका के दो युद्धक जहाजों पर मिसाइलों और ड्रोन से हमला किया। हालांकि अभी तक अमेरिका की तरफ से इसे लेकर कोई बयान सामने नहीं आया है।

इजराइल हमास युद्ध शुरू होने के बाद से ही हूती विद्रोही फिलिस्तीन के समर्थन में अंतर्राष्ट्रीय शिपिंग रूट पर लाल सागर, अदन की खाड़ी में व्यापारिक जहाजों को निशाना बना रहे हैं। इन हमलों के चलते कई व्यापारिक फर्म ने अंतरराष्ट्रीय शिपिंग रूट की बजाय अपने जहाजों को दक्षिण अफ्रीका के लंबे रूट से भेजना शुरू कर दिया है। इसके चलते दुनिया में महंगाई बढ़ने की आशंका है। साथ ही हूती विद्रोहियों के हमले से इस्राइल हमास युद्ध के पूरे अरब क्षेत्र में फैलने का खतरा बढ़ गया है। अंतर्राष्ट्रीय शिपिंग रूट की सुरक्षा के लिए अमेरिका ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर निगरानी बढ़ा दी है।

# प्राकृतिक कारणों से हुई थी एलेक्सी नवलनी की मौत

मॉस्को, एजेंसी



- मौत पर उपजे अंतर्राष्ट्रीय आक्रोश पर विदेशी खुफिया के निदेशक ने दिया बयान

रूस की विदेशी खुफिया सेवा के प्रमुख ने मंगलवार को कहा कि नेता एलेक्सी नवलनी की मौत प्राकृतिक कारणों से हुई। उनका यह बयान राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के धुर विरोधी की मौत पर उपजे अंतर्राष्ट्रीय आक्रोश को शांत करने के क्रेमलिन के प्रयासों को दर्शाता है।

विदेशी खुफिया सेवा के निदेशक सर्गेई नारीश्किन ने एक साक्षात्कार में यह बयान दिया। उन्होंने जेल में नवलनी की मौत का कारण नहीं बताया। लेकिन उन्होंने कहा कि देर-सबेर जीवन समाप्त हो जाता है और लोग मर जाते हैं। उसी तरह नवलनी की मृत्यु भी प्राकृतिक कारणों से हुई है। उन्होंने कहा, नवलनी की 16 फरवरी को मास्को से लगभग 1,900 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित एक जेल में मौत हो गई थी। वह चरमपंथ के आरोप में 19 साल की सजा काट रहे थे।

रूसी अधिकारियों ने अब तक उनकी मौत के कारण की घोषणा नहीं की है और कई पश्चिमी नेताओं ने इसके लिए पुतिन को जिम्मेदार ठहराया है। हालांकि, क्रेमलिन ने आरोप को खारिज कर दिया। नवलनी को शुक्रवार को मास्को में दफनाया गया।

## छत्तीसगढ़ में नक्सलियों ने की भाजपा नेता की हत्या

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में संदिग्ध नक्सलियों ने भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या कर दी है। बता दें, पिछले एक साल में प्रभावित इलाकों में भाजपा नेता की यह आठवीं हत्या है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के जांगला थाना क्षेत्र के अंतर्गत भुर्रीपानी गांव के निकट संदिग्ध नक्सलियों ने कैलाश नाग (40) की हत्या कर दी है। पुलिस ने बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर वहां से फरार हो गए। जानकारी मिलने पर पुलिस के दल को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। नाग भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के मंडल उपाध्यक्ष थे। पुलिस ने कहा आगे की जांच की जा रही है।

# गुजरात दंगों के 22 साल बाद गुलबर्ग सोसाइटी में लौटी रौनक

अहमदाबाद, एजेंसी

- गोधरा कांड के बाद एक परिवार में हुई शादी, सेरेमनी में शामिल हुए स्थानीय लोग

गुजरात में गोधरा कांड के बाद फैले दंगे के दौरान अहमदाबाद की गुलबर्ग सोसाइटी में हिंसा भड़क गई थी। दंगों में 69 लोगों की मौत हुई थी। हिंसा के बाद अधिकतर लोग गुलबर्ग सोसाइटी छोड़कर चले गए थे और यह इलाका वीरान सा हो गया था। अब गुजरात दंगों के 22 साल बाद गुलबर्ग सोसाइटी में पहली बार जश्न मना।

दरअसल यहां एक परिवार में शादी हुई, जिसका हल्दी का कार्यक्रम गुलबर्ग सोसाइटी में आयोजित किया गया। गुलबर्ग सोसाइटी के रहने वाले रफीक मंसूरी की 19 साल की बेटी मिसबाह की बुधवार को शादी है। शादी से पहले रफीक मंसूरी, उनके दोस्त और परिवार के अन्य लोग गुलबर्ग सोसाइटी में इकट्ठा हुए और मिसबाह की हल्दी सेरेमनी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान फिल्मी गानों पर लोगों ने डांस किया और खाना-पीना खाया। रफीक मंसूरी ने बताया कि बीते 22 वर्षों में पहली बार गुलबर्ग सोसाइटी में जश्न मनाया गया, जो कि 2002 के दंगों के बाद से लगभग वीरान पड़ी हुई थी। शादी का समारोह मध्य प्रदेश के बड़वानी में हो रहा है।

रफीक मंसूरी ने बताया कि दंगों के दौरान उन्होंने अपने परिवार को 19 लोगों को खोया था। दंगों के बाद यहां रहने वाले लोग पलायन कर गए थे, जिसकी वजह से गुलबर्ग सोसाइटी वीरान हो गई थी। मंसूरी ने बताया कि जब 2002 में दंगे हुए तो उस वक्त वे 30 साल के थे।

**विज्ञान** जीवन की तलाश की राह महासागरीय बर्फीले ग्रहों की ओर बढ़ी

# शनि व बृहस्पति के उपग्रहों पर मिल सकता है जीवन

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** ऐसा कैसे संभव है कि ब्रह्मांड में इकलौता जीवन पृथ्वी पर ही मौजूद है। खगोल वैज्ञानिक ऐसा सोचते हैं। जिस कारण पिछले कई दशकों से ब्रह्मांड में जीवन की तलाश में वैज्ञानिकों का बड़ा समूह जुटा हुआ है।

तलाश की यह राह अब महासागरीय बर्फीले उपग्रहों की ओर बढ़ चली है। शनि का उपग्रह एन्सेलेडस , बृहस्पति का यूरोपा और गेनीमेड पर वैज्ञानिको को यकीन है कि यह तीन उपग्रह बर्फ से ढके हुए हैं और इनकी सतह में महासागर समाए हुए हैं। इन महासागरों में जीवित जीवों के उद्भव की अनुकूल परिस्थितियाँ हो सकती हैं। इन चंद्रमाओं पर जीवन के संकेत मिले है। जिस कारण खगोलविद इन ग्रहों पर खुदाई कर जीवन तलाशने की योजना बना रहे हैं।

पृथ्वी से करोड़ों किलोमीटर दूर इन ग्रहों पर खुदाई का काम बेहद जटिल तकनीकी चुनौती है। इस खोज का आधार अंटार्कटिका की संरचना को बनाया गया है। अमेरिका के कॉर्नेल विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने हालही में कई किमी में फैली अंटार्कटिका की विशाल बर्फ की सिल्लियों का अध्ययन किया है।

जिससे पता चला कि हमारी पृथ्वी पर मौजूद अंटार्कटिका की बर्फ की संरचना शनि व बृहस्पति के उपग्रहों से कई मायनों में समान हैं। जिस कारण इन ग्रहों पर जीवन की संभावना प्रबल नजर आती है और इस दिशा में कड़ी मेहनत के जरिए सफलता हासिल की जा सकती है। वैज्ञानिक इस खोज में लगें हुए है।



बर्फ से ढके बृहस्पति के उपग्रह यूरोपा की तस्वीर।

### आधुनिक तकनीक के जरिए संभव है जीवन की खोज

खगोलविदों का मानना है कि पिछ्ले पांच दशकों में दिनपरदिन तकनीक में सुधार आते रहे हैं। जिसके चलते ब्रह्मांड में खोज की दिशा में अद्वितीय सफलता हासिल कर चुके हैं। बृहस्पति व शनिग्रह हमसे बहुत दूर नही हैं। इन ग्रहों तक हमारी पहुच है और आधुनिक तकनीक के जरिए मंजिल तक पहुच सकते हैं और एक मुकाम हासिल कर सकते हैं।

# कम बीमार पड़ रहे लॉकडाउन में जन्में बच्चे, शोध में हुई पुष्टि

डबलिन, एजेंसी

- आयरलैंड की विवि के शोधकर्ताओं ने किया अध्ययन, बच्चों के पेट में अलग तरह के जीवाणु मिले



लॉकडाउन में पैदा हुए बच्चों का इम्यून सिस्टम पहले पैदा हुए बच्चों से बेहतर है। आयरलैंड की यूनिवर्सिटी कॉलेज कॉर्क के शोधकर्ताओं द्वारा किए अध्ययन में पाया गया कि जो बच्चे लॉकडाउन में पैदा हुए थे, उनके पेट के माइक्रोबायोम दूसरों से अलग हैं। इससे कोविड में जन्में बच्चों में पहले के बच्चों की तुलना में एलर्जी में कमी आई।

अध्ययन में पाया गया कि कोविड में पैदा हुए बच्चों में सिर्फ 5 फीसदी बच्चों को ही एलर्जी हुई, जबकि पहले ये दर लगभग चार गुना यानी 22.8 फीसदी थी। वहीं सिर्फ 17 फीसदी बच्चों को एक साल के अंदर किसी एंटीबायोटिक्स की जरूरत पड़ी। इससे पहले 1 साल तक 80 फीसदी बच्चों ने एंटीबायोटिक्स ली थी। मां के साथ पर्यावरण ने भी दिए एंटीबायोटिक गुणः गर्भवस्था में माताओं ने बच्चों को एंटीबायोटिक गुण दिए। बच्चों के जन्म के बाद उन्हें वातावरण से अतिरिक्त गुण मिले। लॉकडाउन के दौरान पर्यावरण में प्रदूषण कम होने से बच्चों में संक्रमण कम था क्योंकि वे कीटाणुओं-बैक्टीरिया के संपर्क में नहीं थे।